that day come that I shall be able to shake off the karmans by being alone, by giving up hypocricy, by being calm, by using my hands as a vessel, and by being Digambara?" Nakedness is no nakedness to those who have forgot to be naked. We also read that in a certain pool of water some ladies were bathing naked. Shukacharya passed by and they did not hide their nakedness. When Vyasa passed by they at once hid their nakedness. Why was this, enquired Vyasa of the ladies? Because Vyasa saw and knew nakedness, while Shuka did not, was the reply, because Vyasa's eyes fell on their nakedness, but Shuka's didnot, and because Vyasa was observing things around him, while Shuka did not. We also read that when Hanuman went to Lanka as a spy, he saw at night some ladies sleeeping naked in the palace of Ravana. He had incurred a great sin, thought he. But no, he was innocent, again thought he, because he was pure, and nakedness and nakedlessness were identical to him.

Peculiar are those men whose eyes fall on the nakedness of the monks, and who find fault with them for not wearing clothes and for not having the same knowledge of good and evil as they do. Our eyes should fall on the qualities of the monks. What have we to do with their nakedness? Do you know, gentlemen, the reply the Prime-minister of Raja Ranjita Singh made to a man who had asked him if the Raja was a one-eyed man. He replied he did not know. Why not, asked the other? The minister replied, "Who dare look at the face of the Raja? All eyes fall on his feet.

How could then one know if the Raja was a one-eyed man?" Our eyes too always fall on the qualities of the monks. What have we to do with their body ?

This will also explain why we worship naked images. Because the images were of those who were naked. When we go to the temple, we never look to the body of the images. We look totheir Dhyana. We contemplate that we ought to be like those Tirthankaras whose images they are, and we ought to absorb ourselves in self as those images are suggesting. We look to the Dhyana of the image and not to the body. One who understands our images will find them absorbed in meditation as it were. We worship this meditation. We worship the image to be reminded of this meditation. There is no idol-worship among us. We have ideal-worship. These images are only a means to remind us of our ideals just as lovers have rings to look at them to be reminded of their sweethearts. We never worship stony idols. We worship ideals. We pay reverence to these stony images simply because they are representatives of our ideals. And why should we not pay respect to the images of our beloved ideals who forgot good and evil, who forgetting nakedness obtained salvation, and who leaving behind them for our guidance their example that we might make our lives as sublime as theirs, verified the truth of what Longfellow says :

> Lives of great men all remind us
> We can make our lives sublime,
> And, departing, leave behind us
> Footprints on the sands of time?

What harm is there in worshipping the naked images of our saviours, the Tirthankaras, for our spiritual good, when we find in them represented the Dhyana of our ideals, and when they serve every morning to remind us of our ideals?

Gentlemen, I hope this will serve as a sufficient answer to those who ask, why the Jains worship naked images? Gentlemen, remember, that our images are naked, that our monks are naked, is another proof of our antiquity. Jainism took rise in days when men were children, when they could be naked like pure and innocent children, and when for their nakedness they were loved as we love our children now. There was not yet such a thing as "idea of nakedness."

Winding up.

Gentlemen, now I wind up. Now I have done with my lecture on Jainism which appears to me one of the noblest religions in the world. Gentlemen, I am proud that I was born a Jain. Jainism is my pride in life and it will be my salvation in death. I wish there were at least half a dozen Jainisms in this world. I wish every religion might save the slaughter of poor animals, the goats, the sheep, the lamb, the cows, the bullocks, &c., whose necks are daily cut to provide flesh-eaters with food. I wish every religion might stop the hunting of the poor deer, the poor peacocks, and other beasts and birds. I wish every religion might save animals from being killed on the oc

casion of Dashehra and other festivals. Ah! how many buffaloes and sheep are killed for sacrifices? Gentlemen, I am convinced that if this slaughter goes on, if this cutting the throat continues, we, Hindus, who totally abstain from flesh, whose strength mainly depends upon ghee and milk, will be rendered powerless and helpless. Just see how dear ghee and milk are now! and how cheap they once were! We should save this slaughter then. We should take up the cause of the poor animals, who, if saved, will certainly be grateful to us, if not for our own interest at least for pity's sake. Gentlemen, have pity over the poor creatures. Just see how innocence is killed for nothing. To-day there is a goat, a sheep, or a cow. To-morrow it is no more. Where have they gone? They are reduced to nothing for the sake of the flesh-eaters. Life ceases to exist for the sake of the flesh-eaters. Gentlemen, kindly tell me for my sake if the poor animals dream that they are to be cut the next day. Do the animals that live at this moment know that their time has come, and that they are to be no more to-morrow morning? Gentlemen, also tell me if the cruel animal-killers do not know that life is dear to all, that agony is felt by all. Pity! Pity! Pity! I appeal to nothing but pity. If we have pity let us side with the poor creatures. See in England A. F. Hills, Esqr., D. L., and other gentlemen like Prof. Mayor and Dr. Josiah Oldfield have been leading on a movement whose sole object is to save slaughter and to spread vegeterianism. Let us have a branch of

this movement in India. Let us have an Indian Vegeterian Federal Union and let us save

> "The lamb thy riot dooms to bleed to-day,
> Had he thy reason, would he skip and play?
> Pleased to the last, he crops the flow'ry food
> And licks the hand just raised to shed his blood."

Gentlemen, remember we are Hindus. We are the descendants of those who were Hindus or from *whom him* or *himsa* was *du* or *dur*, *i. e.*, away; (him=himsa and du=dur, *i. e.*, away.) Hindus were not those who originally lived on the banks of the river Indus. Hindus were those from whom *himsa* was away. Let us not mis-understand words. Let us interpret them correctly. It is those men who are the slaves of taste who say that Hindus were those who lived on the banks of the Indus. We, Jains, call Hindus those from whom *him* or *himsa* is *du* or *dur*, *i. e.*, away. And gentlemen, are we not correct? Certainly we are. Pity says we are correct. Animals cry we are correct. Let us then be what we are. Let us not be pretenders. Let us be true Hindus or Jains. The two mean the same thing. Let us advocate the cause of the noble principle of the Daya Maya Dharma, and let us proclaim from the Himalaya to Cape Comorin and from Gujerat to Behar, nay, even in foreign countries, as did the Jain Asoka, Ahimsa Paramo Dharmah! Destroy no life, injure no life, this is the supreme religion! Let us engrave in

golden letters on rocks and pillars that no animals should be slaughtered for food, sacrifice, or hunting, or any other purpose whatsoever.

Gentlemen, before I resume my seat, I thank you very much for the kind patience with which you have heard me.

SANGAMASHRAM.

POONA,
29th September, 1901.

SIR,

The later commentators on Amara Kosa explain *Gautama* as "pupil of Gotama" but Rayamukuta as "pupil of Kapila who was a descendant of Gotama" and Kshira as "born in the Gotra of Gotama." The last appears to be the correct Etymology and if so, Gotama must be the name of an old Rishi. Rayamukuta was probably guided by a tradition which made Buddha or Sakyasinha a pupil of Kapila, and the explanation of later commentators who had no specific information on the point is conjectural. Vamanacharya makes Amara a Jaina as in common with most of the uncritical Pandits or Satris of the day he confounded the Jainas and Buddhists.

Yours truly,
R. G. BHANDARKAR.

SANSKRIT COLLEGE,
CALCUTTA,
19th October 1901,

DEAR SIR,

In reply to your letter of the 25th ultimo I have to state as follows :—

1. In Amarakosh Buddha is represented as being the son of Suddhodana, relative of Arka (the sun). born of Maya Devi, and belonging to the clan of

Gautama. It is nowhere stated that Buddha was pupil of Gotama. He was born in Gautama gotra, so belonged to the clan of Goutama.

2. There are frequent references to Jainism in books of Tibet and China. Some Jaina Sastras are to be found in Chinese translations made in the early Centuries of Christ.

3. I have published several papers on Buddha's life in Bengali. Professor Oldenberg or Rockhilt's life of Buddha is admirable.

As regards the life of Buddha, spread and fall of Buddhism, several Buddhist sects, &c., I have collected immense materials. I shall publish a book in English soon on the subject.

Yours sincerely,
SATIS CHANDRA, ACHARYYA.

Vidyabhusan, M. A., Professor, Sanskrit College, and Secretary, Buddhist Text Society, Calcutta.

P. S.—The Mahaparinibhana Sutta, one of the earliest books of the Buddhists composed in the Pali language before 543 B. C., mentions Nirgrantha Natha Putra as being one of the six religious teachers of the time. This Nirgrantha Natha Putra is believed to have been the founder of Jainism.

Sankaracharyya, the Reformer of the 8th century A. D., criticises at length the doctrine of Jainism in his Vedanta Sutra.

There is a celebrated Jaina temple in Calcutta called Parsva Natha temple.

The word Jaina is derived from Jina. The term *Jina* means one who conquered his passions ; a subduer, victor or conqueror.

Vishnu Sarma, the author of Panchatantra, in the 4th B. C., speaks highly of Jina and his followers. Many of the Jainas entered into the Vaishnava and Saiva sects of the Hindus and lost their independence. I am at present very busy. I shall be able to give you more information in December next.

Yours truly,
SATIS CHANDRA, ACHARYYA.

LHASA VILLA,
DARJEELING,
19th November 1901.

DEAR SIR,

I must apologise for allowing your first letter to remain unreplied so long. I have read in a Tibetan work the mention of Jain School of Philosophy. A few years ago late Professor Bühler, Ph. D., C. I. E., of Vienna wrote to me to say that the Jains had a profound Scholar in Acharya Kamalasila in the 8th century A. D., and if it was not this eminent Philosopher who was invited to Tibet by King Thisrong-de-hu-tsan to hold a controversy with a Chinese Buddhist Philosopher named Hoshang Mahayana? This Tibetan King ruled in Tibet about the middle of the

8th century and found Kamalasila's Logic to be more powerful than that of the Chinese Philosopher. He accordingly placed the garland of victory in the Indian Philosopher's neck. From that time the Tibetans became the followers of Kamalasila. Kindly inquire what works Kamalasila wrote so that I may verify the same. I do not know if Jainism flourished in China and if it was taken there.

Acharya Kamalasila's are said to exist in the Jeypore Library and the Bhoswals know of it.

Yours sincerely,

SARAT CHANDRA DAS.

DARJEELING,
8th January 1902.

MY DEAR SIR,

I beg to acknowledge your favour of the 12th December with your printed Circular. Very few people can and will answer the queries which you have drawn from one and single Journal, the Oriental. The books of the Northern Buddhists are replete with references to the six Tirthika Teachers. I am glad to notice from the Circular that the Oriental has also noticed the same from the Southern Buddhist works. The attention of the Jain Itihas Society of which you seem to be the prime-mover should be drawn to the investigation of the historical developments of Jain Dharma. What was it in Buddha's time? Why do the Brahmans speak so adversely of Jainism?

What were the grounds on which Jainism was condemned by Brahmanical Teachers? What are the points of differences in the tenets of Buddhism and Jainism?

I should like to know if you have got in your Library all the published works on Jainism and also the researches made by European Scholars. You should during your College holidays visit Calcutta and study Jain researches contained in its Library. I am quite willing to join your Society as you propose but should like to know that its organization is good and that it will not varnish like a bubble after a few years' existence. You must have co-operators in the great work and also funds. Let me know the constitution and the resources of your Society.

Believe me,
Very sincerely yours,
SARAT CHANDRA DASS.

DARJEELING,
3rd March 1902.

MY DEAR SIR,

I simply rejoice that you have been able to organize a Society which will endure and bring to light the wisdom of the sages of old belonging to Jaina persuation. This will benefit more the members of that creed than the outsiders who will only wonder how persistently life has been valued by the Jainas. The most characteristic difference between the members

of Mahavira and Goutama Buddha creed will be found in not taking life. The Jain will not kill and will not eat animal food in any shape. A Buddhist be he of the Southern School or of the Northern School while holding the doctrine of not-killing will not scruple to eat meat when it has been offered to him by a householder. I shall not go further in the comparison of these two ancient creeds of India, but only wish every success to your noble endeavours in matters Jain. I only wish I were free and not a Government servant otherwise I should have run to your meeting. With best regards,

I remain,
yours sincerely,
SARAT CHANDRA DASS.
(B. Sarat Chandra Dass, C. I. E., in the Secretary of the Buddhist Text Society of India.)

SHANTI KUNJA,
BENARES CITY,
February 14th, 1902.

DEAR SIR,

It will give me great pleasure to be an Hon. Member of the Jain Itihasa. I see you take the same view of the antiquity of your noble religion as I put forward in a recent lecture.

Sincerely yours,
ANNIE BESANT.

I am not well enough to attend your conference, I am sorry to say.

Office-holders and other workers of the Jain Itihas Society.

PATRONS—*To be elected.*

PRESIDENT—*Elective.*

Vice-Presidents:—

BENGAL ...	1. Babu Deva Kumar, Rais, Arrah. 2. „ Gulab Chand, Hony. Magistrate, Chapra. 3. „ Pooran Chand Nahar, B. A., Svetambara Jain, Ain Mahal, Azimgunj, District Murshidabad.
C. P. ...	4. Shrimant Seth Mohan Lal, Khurai, District Saugor. 5. Shrimant Seth Pooran Sah, Rais, Seoni, Chapra. 6 Rai Bahadur Seth Lakshmi Chand, Svetambara Jain, Katangi, District Balaghat.
U. P. OF AGRA AND OUDH.	7. Lala Hulas Rai, Rais, Saharanpore. 8. „ Salekha Chand Kirori Mal, Rais, Najeebabad, District Bijnor. 9. Babu Dharma Chand, Rais, Lucknow.
PUNJAB ...	10. Lala Ishvari Prasad, Treasurer, Rais, Delhi. 11. „ Banvari Lal, President, Provincial Jain Sabha, Rawal Pindi.
RAJPUTANA ...	12. Seth Chand Mal, Jeypore.
DECCAN ..	13. „ Hira Chand Nemi Chand, Hony. Magistrate, Sholapur. 14. „ Manik Chand Pana Chand, Johary, Bombay. 15. „ Natha Rangji, Aklooj.

Secretaries:—

GWALIOR STATE...	1. Babu Benarsi Dass, M. A., Head Master, Victoria College, Lashkar. 2. Pandit Lakshmi Chand, Lashkar, Gwalior.

Joint-Secretary:—

PUNJAB ..	1. Babu Devi Sahai, Nahan.

Prantika Secretaries :—

BENGAL ...	1. Babu M. Shri Mal Svetambara
C. P. ...	2. ,, Manik Chand, Khandva.
PUNJAB ...	3. ,, Kishore Chand, Secretary, Jain Sabha, Rawal Pindi 4. ,, Munshi Ram, Secy., Atmanandi Jain Sabha, Umbala.
RAJPUTANA ...	5. Mr. Jain Vaidya, Jeypore. 6. Babu Chiranji Lal, B. A., Alwar.
DECCAN ...	7. Annapa P. Chogley, B. A., L. L. B., Belgaum,
C. I. ...	8. L. Munna Lal, Chhawara, Indore.
AJMERE ...	9. Pandit Javahar Lal Shastri.
U. P. OF AGRA & OUDH.	10. Babu Bisheshwar Dayal Munsarim, Judge's Court, Sitapore. 11. ,, Govind Prasad, Secretary, Jain Sabha, Lucknow. 13. ,, Chetan Dass, Science Teacher, High School. Mozaffarnagar.

TREASURER—*To be elected.*

At the first Meeting of the Itihas Society held at Seoni, Chapara, C. P., the work of the Itihas was distributed as follows :—

No.	Names of Workers.	Nature of work entrusted.	Amount of money sanctioned for the workers.
1 2	Seth Hira Chand Nemi Chand, Hony. Magistrate, Sholapur. Lala Hulas Rai, Rais, Saharanpore.	To collect ancient Jain Shastras.	Rs. 1,000
1 2	Pandit Lakshmi Chand, Lashkar " Mewa Ram, Khurja ...	To collect references to the Jains in Hindu Shastras.	1,000
1 2	Babu M. Shri Mal, Calcutta ... " Pooran Chand, Nahar, B.A., Azimgunj, Bengal.	To collect references to the Jains in Buddhist Texts.	300
1 2 3	Rai Bahadur Seth Lakshmi Chand, Katangi, Dist. Balaghat Babu Munshi Ram, Umbala ... Seth Bridhi Chand Oswal, Seoni, Chapara.	To collect and study Svetambara Jain Shastras.	300
1 2	Pandit Rishabha Dass, Chhindwara. Babu Behari Lal, Bulandshahar.	To collect references to the Jains in Mahomedan works.	200
1 2 3 4	Babu Khushal Chand, Seoni ... " Mitra Sen, Hoshagabad... Mr. Jain Vaidya, Jeypore ... Babu Bisheshwar Dayal Munsarim, Sitapore.	To collect coins of ancient Jain Rajas.	150
1 2 3	Babu Pooran Chand, Nahar ... Mr. Annapa P. Chogley, Belgaum Babu Deva Kumar, Rais, Arrah.	To collect ancient Jain Inscriptions.	30

No.	Names of Workers.	Nature of work entrusted.	Amount of money sanctioned for the workers.
			Rs.
1	Seth Hazari Lal, Chhingwara ...	To collect Samvats on ancient Jain images.	200
2	Babu Chiranji Lal, Alwar ...		
1	Babu Chetan Dass, Muzzafarnagar.	To collect references to the Jains in works of European Scholars.	500
2	Babu Devi Sahai		
1	Babu Jugal Kishore, Sirsawa, District Saharanpore.	To collect Pattawalis.	200
2	Babu Panna Lal Bakliwal, Bombay.		
3	Pandit Shiva Chandra Sharma, Vaidyaraj, Delhi.		
4	Mitthan Lal Chaudhari, Kivalau, District Seoni.		
1	Pandit Balmukand, Kamathi, Central Provinces.	To collect information regarding Jain sects.	100
2	Babu Kishore Chand, Rawalpindi.		
3	Babu Hukam Chand, Seoni, Chapara.		
1	Seth Lal Chand, Chhindwara ...	To collect information regarding Jain Tirthsthans.	100
2	Babu Govind Prasad, Lucknow.		
3	Babu Kishore Chand, Rawal Pindi.		
1	Pt. Javahar Lal, Shastri, Ajmere	To prepare abstracts of Digambara Jain Shastras.	50
2	Babu Jugal Kishore, Sirsawa ...		
3	Pt. Rishabha Dass, Chhindwara.		
1	Babu Munna Lal Chhawara, Indore.	To collect Jain Shastras which are regarded as an authority by the Hindus.	200
2	Pandit Panjab Rai, Adhyapaka, Muttra.		
1	B. Benarsi Dass, M. A., Lashkar	In charge of Updeshakas.	1,000
2	Lala Nihal Chand, Rais, Nakur, Saharanpore.		

No.	Names of Workers.	Nature of work entrusted.	Amount of money sanctioned for the workers
1	Babu Manik Chand, Khandwa.	To collect information regarding Jain castes.	200
2	Hakim Kalyan Rai, Updeshak.		
3	Babu Hukam Chand, Seoni ...		
1	Babu Sudarshan Dayal, Nakur.	To collect traditions regarding the hostility shown by the Hindus & the Bhuddhists towards the Jains. To prove how the British Government has been a great boon to the Jains.	100
2	Babu Sumer Chand, Sherkot ..		
3	Babu Ajit Prasad, M. A., L. L. B. Lucknow		

MY WISH.

I wish that on this occasion when under the benign rule of the British Government we have every facility to prepare a Jain Itihas, I had the hearty co-operation and support of both the Digambaras and the Svetambaras. I wish my Digambara and Svetambara brethren might unite for the time being to help me in preparing a History of the Jains. I can promise that if my wish be realized we shall soon have a Jain Itihas. I hope my brethren will listen to my prayer and help me in the work.

B. D.

ॐ

श्रीवीतरागाय नमः

जैनइतिहाससोसाइटी.

जैनइतिहाससेरीज नं० १

अर्थात्

जैनधर्मपर अंग्रेजीका व्याख्यान.

जो कि

बाबू बनारसीदास एम्. ए. एल्. एल्. बी. एम्. आर्. ए. एस्.
हेडमास्तर विक्टोरिया कॉलेज लश्करने २९ दिसेम्बर
१९०६ को मथुराके धर्ममहामहोत्सवमें दिया था.

जिसको

रिवाड़ीनिवासी बाबू देवीसहाय हेडक्लार्के अकौंट ऑफिस
नाहन ज्वाइंट सेक्रेटरी जैनइतिहास सोसाइटीने हिन्दीमें
विस्तार पूर्वक उल्था किया;

और

आकलूजनिवासी शेठ नाथारंगजी गांधीके प्रबंधसे
मुंबईके

"जगदीश्वर" छापाखानामें छपाकर प्रसिद्ध किया.
संवत् १९६१ सन १९०४ ईसवी.

जैन मतको बाबू बनारसीदास एम् ए. एल्. एल्. बी. एम्. आर.
ए. एस्. ने बड़ी लियाकतके साथ दर्शाया है—(पायोनियर.)

ॐ

श्रीवीतरागाय नमः

जैनइतिहाससोसाइटी.

जैनइतिहाससेरीज नं० १

अर्थात्

जैनधर्मपर अंग्रेजीका व्याख्यान.

जो कि

बाबू बनारसीदास एम्. ए. एल्. एल्. बी. एम. आर. ए. एस्.
हेडमास्टर विक्टोरिया कॉलेज लश्करने २९ दिसेम्बर
१९०१ को मथुराके धर्ममहामहोत्सवमें दिया था.

जिसको

रिवाड़ीनिवासी बाबू देवीसहाय हेडक्लार्क अकौंट ऑफिस
नाहन ज्यॉइंट सेक्रेटरी जैनइतिहास सोसाइटीने हिन्दीमें
विस्तार पूर्वक उल्था किया;

और

आकलूजनिवासी शेठ नाथारंगजी गांधीके प्रबंधसे
मुंबईके
"जगदीश्वर" छापाखानामें छपाकर प्रसिद्ध किया.

संवत् १९६१ सन १९०४ ईसवी.

जैन मतको बाबू बनारसीदास एम ए. एल. एल. बी. एम्. आर.
ए. एस. ने बड़ी लियाकतके साथ दर्शाया है—(पायोनियर.)

भूमिका.

महाशयगण !

जब हम अपनी जैनजाति और जैनधर्मकी पहली अवस्थाको वर्तमान काल की अवस्थासे तुलना करते है तो हृदयमें अत्यंत शोकका उदय होता है. एक वह समय था कि हर जगह जैनधर्मका डंका बज रहा था. राजासे लेकर प्रजातक सब इसी मतपर चलते थे. आज वह समय है कि जैनियों की कुछ संख्या केवल १३३४१४८ रहगई है. संस्कृत विद्याका तो प्रायः इस जातिसे लोपही हो चला है यही कारण है कि आजकल अन्यमतावलम्बी इस जातिपर अनेक प्रकारके झूटे कलंक लगाने लग गये, कोई कहता है कि जैनी ईश्वरको नहीं मानते, वे नास्तिक होते हैं, कोई कहता है कि ये बौद्धोंसे निकले हैं कोई कहता है कि ये स्नान और दन्तधावन नहीं करते सदा अपवित्र रहते हैं और कोई तो अपनी स्वाभाविक द्वेषबुद्धिके कारण जैनियोंपर अश्लील और अकथनीय कलंक लगाते भी लज्जा नहीं करते। ऐसी २ बातें जैनियोंके विषयमें मूर्ख लोग ही नहीं कहते, बल्कि पंडित लोग भी जहां जैनियोंका जिकर आता है ऐसे २ श्लोक कह-देनेमें कुछ संकोच नहीं करते जिनको कहकर एक छोटासा न्यायवान् पुरुष भी अपनी जिव्हाको भ्रष्ट करनेकी इच्छा नहीं कर सक्ता। सं० १९५८ के कार्तिक मासमें जो भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभाका अधिवेशन स्थान चौरासी मथुरामें हुवा उसमें बाबू बनारसीदासजी एम्. ए. हेडमास्टर विक्टोरिया कालेज ग्वालियर ने ये सब बातें सभासदोंके सामने भलेप्रकार प्रगट कीं, जिसपर सब उपस्थित भाइयोंकी यह सम्मति हुई कि एक जैन इतिहास बनाया जावे जिसकेद्वारा लोगोंका भ्रमांधकार दूर होवे। फिर जब दिसम्बर १९०१ को मथुरामें धर्म महा महोत्सवका जलसा हुआ तो उसमें प्रायः सब मतोंके लोगोंने अपने २ धर्मके विषयमें व्याख्यान दिये। जैनियोंकी तरफसे भी बाबू बनारसीदासजी इस धर्म महोत्सवमें पधारे और अंग्रेजीमें व्याख्यान देकर जैन, हिंदु, और बौद्ध शास्त्रोंद्वारा इस बातको सिद्ध किया कि जैनियोंके विषयमें जो लोगोंका ख्याल है वह बिल्कुल मिथ्या है और अंतमें जैनियोंका मंतव्य भी दर्शाया। इस व्याख्यानको रायल एशियाटिक सोसाइटी (Royal Asiatic Society) और अन्य विद्वानोंने बहुत पसंत किया। अब में बाबू बनारसीदासजीकी आज्ञानुसार उसका हिंदीमें उल्था करके पेश करता हूं। अंग्रेजीके व्याख्यानमें बहुत स्थानमें शास्त्रोंके हवाले नहीं दिये थे बरन् उनकी तरफ या तो केवल इशारा करदिया था या थोड़ासा हवाला दे दिया था अब मैंने इस पुस्तकमें हरएक स्थानपर पूरा २ श्लोक अर्थसहित लिखदिया है और यह भी लिखदिया है कि वह किस पुस्तकमें किस जगहँ आया है और उचित स्थान पर सूत्रादिका भाष्य भी लिखदिया है जो प्रमाण छोटे थे और तत्काल मिल गये वे तो उसही जगह लिख दिये हैं और जो प्रमाण बडे और पीछेसे मिले वे व्याख्यानमें जहां तहां (१) (२) ऐसे काउंसमें नंबर डालकर व्याख्यानके अंतमें '**परिशिष्ट**' के हेडिंगके नीचे नंबरवार लिखे हैं। आशा है कि न्यायवान् पुरुष इस पुस्तकको ध्यानसे पढेंगे और पक्षपात छोडकर विचार करेंगे कि जैनियोंपर कितना भारी अन्याय हो रहा है और जो मिथ्या ख्यालात उनके दिलोंमें जैनियोंके विषयमें हैं उनको दूर करेंगे। अंतमें मैं पंडित शिवराम शास्त्रीजी और बाबू बनारसी दासजीका हृदयतलसे कोटिशः धन्यवाद देता हूं जिन्होंने कृपा करके मुझको इस काममें सहायता दी और अपने अमूल्य समयका बहुत भाग इस पुस्तकके शोधनेमें व्यतीत किया इत्यलम्।

देवी सहाय.

सूचीपत्र.

शुद्धिपत्र.

पहिले इस शुद्धिपत्रसे पुस्तक शुद्ध करलें तब इसको पढना प्रारंभ करें.

पृष्ठ.	पंक्ति	अशुद्ध पाठ.	शुद्ध पाठ.
१	१७	कष्टी	... कष्ट
२	१२	मालून	... मालूम
२	१८	(१)	... देखो परिशिष्टमें लेख नं. १ का.
२	२१	(२)	... देखो परिशिष्टमें लेख नं. २ का.
२	२७	सक्ता र	... सक्ता।
२	२८	औ-...	... और
३	२	बतलाते हैं-	... बतलाते हैं और
३	२०	कहता है	... कहता है कि
४	१८	गई	... हुई
४	२७	चार्वाकोंके	... चार्वाकोंके
५	२	यह छोड	... यह विषय छोड
५	१५	Elplimatone ...	... Elhinstone
५	१ टि० में	Histowg	History
६	३	(keth bridge)	(Lethbridge)
६	१८	Relgions of india 1892	Religions of India 1892
६	२९	Diterature	... Literature
७	२	कदापि नहीं...	... कदापि नहीं ऐसे विद्वानोंकी राय
७	२४	शालिम	... शामिल
८	१५	यदि पृथिवी नीचेको जाती है......	यदि पृथिवी नीचेको जाती है तो ऊपरको फेंकाहुवा तीर वगैर: फिर पृथिवी पर नहीं आना चाहिये क्योंकि पृथिवी और तीर दोनों नीचेको जाते हैं.
८	२२	तस्यास्तमयकाले ...	... तस्यास्तसमयकाले
१०	१३	(७)	... देखो परिशिष्टमें लेख नं० ७ का

ॐ

श्रीवीतरागाय नमः

जैनधर्मपर व्याख्यान.

भूमिका

महाशयगण ! मैं आज मध्याह्नके समय आपके सामने एक ऐसे धर्मपर व्याख्यान देनेकेवास्ते खड़ा हुआ हूं जिसका उपदेश इस भारतवर्षमें प्राचीनकालमें क्षत्रियोंने किया था. वह धर्म जिसका उपदेश न तो ब्राह्मणोंने किया न वैश्योंने और न शूद्रोंने बल्कि मैं कहता हूं कि क्षत्रियोंनें। मैं आपके सन्मुख ऐसे मतपर बोलनेके अर्थ खड़ा हुआ हूं जिसका उपदेश ऐसे क्षत्रियोंने नहीं किया जो जीवोंका शिकार करते हैं जो यज्ञमें जीवोंकी हिंसा करते हैं अथवा जो जीवोंका भक्षण करते हैं बल्कि जिसका उपदेश ऐसे क्षत्रियोंने किया था कि जिन्होंने जगतभरमें यह ढंढोरा पिटवा दिया था कि,

अहिंसा परमो धर्मः–

अर्थात्–किसी जीवका वध मत करो, किसी जीवको दुःख मत दो, यही परम धर्म है. और जिन्होंने इसप्रकार कहा है, बतलाया है, प्रगट कियाहै, और समझाया है कि– " जैसा दुःख हमको होता है जब कोई हमको धक्का देता है, पीटता है, धमकाता है, अधिक मार देता है, जलाता है, दुःख देता है वा जीवरहित करता है. और जैसी पीड़ा और कष्टी हमको मृत्युसे लेकर एक रोम तकके उखाड़नेमें होते हैं. निश्चय समझो कि इसीप्रकारसे ऐसी ही पीड़ा और दुःख सर्वप्रकारके जीवोंको भी होते हैं जब कि उनके साथ वैसा ही अनुचित व्यवहार किया जाय. जैसाकि हमारे साथ। इसकारण किसी जीवको मारना नहीं चाहिये, न उसके साथ सख्ती करनी चाहिये, न उसको गाली देनी चाहिये, न उसको कष्ट देना चाहिये और न उसका वध करना चाहिये. "

महाशयो ! मैं इस मध्याह्नके समय आपके सन्मुख एक ऐसे धर्मके विषयमें कहनेके अभिप्रायसे खड़ा हुआ हूं जिसकी कीर्तिको गूंगे जानवर गौ, भेड़, बकरी, मुर्गी, कबूतर और अन्य समस्त जीवधारी पशु और पक्षी आदि अपनी गूंगी जिह्वासे गाते हैं ! यही अकेला धर्म है. जो हजारो वर्षोंसे गूंगे जानवरोंका पक्ष ले रहा है. यही अकेला धर्म है जिसने बलिदान, आहार, शिकार या किसी और मतलबके वास्ते चाहे वह कुछ ही क्यों न हो, जीवहिंसाको बुरा बतलाया है. और यही अकेला धर्म है जिसनेः–

अहिंसा परमो धर्मः के नियमका पूरा २ साधन किया है और सत्यता और दृढ़ भक्तिसे इसको अंत तक पहुँचाया है और जिसने सैकड़ों मनुष्योंको अपना साथी बनाकर असंख्यात जीवोंके प्राण बचाये हैं. जो कि अगर यह लोग मांसभक्षी होते तो उनके खानेके वास्ते अवश्य मारे जाते. और जो कि अगर यह लोग बलिदान या शिकार करते होते तो भी अवश्य बध किये जाते।

प्रियश्रोतृगण ! मैं आपके सामने उस दयामय धर्म अर्थात् जैनधर्मके विषयमें व्याख्यान देनेको खड़ा हुआ हूं जिसने उस समयसे लेकर जब ऋषीश्वर ऋषभदेवने इस अवसार्पिणी कालमें प्रथमही इसका उपदेश किया था- इस समयतक केवल सहस्रों मनुष्योंको अपना साथी बनाकर ही जीवरक्षा नहीं कीं बल्कि जिसने दूसरे मतके राजाओं और बादशाहोंके हृदयमें भी दया उत्पन्न करदी, जिन्होंने उन स्थानोंमें जहां जैनी रहते थे जीवहिंसा रोकनेकेलिये फरमान और आज्ञापत्र जारी किये। हमको पुस्तकोंके पढ़ने से केवल इतना ही नहीं मालून हुआ है कि जगत विख्यात अशोक जैसे जैन राजाने जो कि राजतरंगिणी आईनेअकबरी, अशोकअवदान, गिरनारके शिला लेख, और जैनकथाओंके अनुसार बौद्धमत स्वीकारकरनेसे पहले जैनी था, हिमालयके तुषारमय पर्वतोंसे लेकर रामेश्वर अन्तरीप तक और गुजरातसे लेकर बिहारतक यह ढौंडी पिटवादी थी कि किसी जीवका किसी मतलबके वास्ते भी बध न किया जाय, बल्कि हम यह भी पढ़ते हैं कि बलवान और पक्षपातरहित अकबर जैसे मुसल मान बादशाहोंने भी फरमान(१)जारी किये थे कि उन स्थानोंमें जहां जैनी रहते हैं पंजूसणके दिनोंमे कोई जानवर न मारा जाय । मेवाड़के दश हजार ग्रामके अधिपति महाराज श्रीराजसिंह जैसे हिंदूराजाओंने भी अपने मंत्री, अमीर, पटेल और पटवारियोंको यह आज्ञा (२) दीथी कि प्राचीन कालसे जैनियोंके मन्दिर और स्थानोंको अधिकार मिला हुआ है इसकारण कोई मनुष्य उनकी हदमे जीवबध न करे. यह उनका पुराना हक है. तथा जो जीव नर हो या मादा बध होनेके अभिप्रायसे इनके स्थानसे गुजरता है वह अमर हो जाता है अर्थात् उसका जीव बच जाता है। आजकल भी हम देखते हैं कि बहुतसे स्थानोंमे जैनियोंको इसप्रकारके अधिकार मिले हुए हैं कि पंचमी, अष्टमी और चतुर्दशीके दिन उनस्थानोंमें जहां जैनी रहते हैं जीवहिंसा नहीं की जाती, इतना ही नहीं बल्कि इन पवित्र दिनोंमें भड़भूजा भी अपना भाड़ नहीं जला सक्ता र मेरी जन्मभूमिमें कसाई मांसका टोकरा लेकर जैनियोंकी गलीमेंसे नहीं जा सक्ता। औ-

हे महाशयगण! आपको यह याद रखनाचाहिये कि इस दयामय जैनधर्मका उपदेश क्षत्रियोंने किया था- न ब्राह्मणोंने, न वैश्योंने और न शूद्रोंने। बहुतसे लोग जो इस विषयमें अज्ञानतारूपी अंधकारमें भटक रहे हैं कहते हैं कि जैनमत बनियोंका मत है वा सरावगियों।

का धर्म है अथवा यह वैश्योंका मत है परन्तु ऐसा कहना ठीक नहीं है, यह उनकी भूल है, यह उनकी अज्ञानता है, और इसविषयमें उनको ठीक २ हाल मालूम नहीं हुआ है जो ऐसा कहते हैं, ऐसा बतलाते हैं, ऐसी बातें करते हैं। जैनमत क्षत्रियोंका धर्म है दिगम्बरऋषीश्वरऋषभसे लेकर दिगम्बर ऋषीश्वरवर्द्धमानतक समस्त तीर्थंकर क्षत्रियों और क्षत्रियोंके ऐसे उज्वल कुलोंमें पैदा हुये थे, जैसे कि इक्ष्वाकु वंश और हरिवंश इत्यादि।

महाशयो! आपको यह भी याद रखना चाहिये कि जैनमत ही एक ऐसा धर्म है कि जिसकी कीर्तिको गूगे जानवर अपनी वाणी रहित जिह्वासे गाते हैं क्यौंकि महाशयो! आप लोग मुझको बतलाइयेकि दूसरा कौनसा ऐसा धर्म है जिसने कि चाहे कुछ ही मतलब क्यों न हो, जीवहिंसाके बिल्कुल रोकनेकी आज्ञा दी है; और कौनसा ऐसा दूसरा धर्म है जो कार्योंके करनेमें जीवोंकी रक्षाका इतना अधिक ध्यान रखता हो? पस ऐ महाशयो इस समयमें आपके सामने उस जैनमतके विषयमें व्याख्यान देनेको खडा हुआहूं जिसकी क्षत्रियोंने नींम डाली और जिसका प्रचार क्षत्रियोंने किया और जोकि उनमतोंकी नामावलीमें अव्वल नम्बरपर रहनेका दावा कर सक्ता है जो "अहिंसा परमो धर्मः" के नियमको पालनेका दम भरते हैं॥

लोगोंनें जैन धर्मको यथार्थ नहीं जाना.

ऐमहाशयो! लोगोंने बहुत निर्दयहोकर इस जैनधर्मको मिथ्या समझा है. किसीने इसकी उत्पत्तिको मिथ्या समझा है किसीने इसके फिलासफ़ेको मिथ्या समझा है. किसीने इसके सिद्धांतोंको मिथ्या समझा है. किसीने इसकी प्राचीनताको मिथ्या समझा है. निदान इसको सर्वथा मिथ्या समझा है किसी २ ने इसको मिथ्या ही नहीं समझा बल्कि द्वेष और बैरभावके कारण इसपर दोष भी लगाये हैं। कोई इसको नास्तिक मत बतलाता है कोई कहता है यह बनियों वा सरावगियोंका मत है, कोई इसको बौद्धमतकी शाखा बतलाता है, कोई कहता है कि यह मत उस समय निकला जबकि शंकराचार्यनें ब्राह्मणोंके मतकी उन्नति की, कोई इसको ब्राह्मणोंके मतसे निकला हुआ बताता है, कोई कहता है कि महावीरस्वामीने इस मतको चलाया था, कोई पार्श्वनाथको इस मतका प्रचलित करनेवाला बतलाता है कोई इसको मलीन आचरणोंका समूह समझता है, कोई कहता है कि जैनी कभी स्नान नहीं करते, और न कभी दाँतोंन करते हैं, कोई जैनियोंपर नग्नमूर्ति पूजनेके कारण दोष लगाता है, कोई कहता है कि जैनियोंका कोई न्याय दर्शन ही नहीं है, इतना ही नहीं बल्कि कोई २ दुष्ट, दुराचारी, मिथ्यापवादी तो बुराईकी अंतिम सीमातक पहुँच गये हैं और कहते हैं॥

"न पठेद्यावनीं भाषां प्राणैः कण्ठगतैरपि।
हस्तिना पीड्यमानोऽपि न गच्छेज्जिनमन्दिरम्" ॥ १ ॥

अर्थ–प्राण भी जाते हों तो भी म्लेच्छोंकी भाषा नहीं पढ़नी चाहिये और हाथी पांवके नीचे कुचलकर मार डाले तो कुछ चिन्ता नहीं परंतु अपनी रक्षाके निमित्त जैनियोंके मंदिरमें नहीं जाना चाहिये ॥

मिथ्या ज्ञान होनेके कारण

इन सब बातोंके मुख्य तीन कारण हैं ! (१) तुच्छ समझना (२) नम्रता और (३) द्रोह; अर्थात् योरूपके विद्वानोंका इस विषयको तुच्छ समझना, जैनियोंकी नम्रता और हिन्दुओं और जैनीयोंका परस्पर द्रोह। मुल्क योरूपके विद्वानोंसे हमको बहुत लाभ हुआ. है उन्होंने वैदिक और बौद्धमतके साहित्यको बहुत कुछ प्रगट किया है और बहुतसी आश्चर्य दायक बातें दर्याफ़्त की हैं. इन सबकेलिये हम उनको धन्य वाद देते हैं परन्तु ये सब मुझको अपने इस विश्वासके प्रगट करनेसे नहीं रोक सकतीं कि, वे मतोंके विषयको तुच्छ समझते हैं, वे मतोंके विषयमें खेल और किलोलें करते हैं, यह बात आप जैनमतके विषयमें तो अति सुगमतासे देख सकते हैं। जब कि, एक विद्वान् कहता है कि, जैनमत १२०० वर्षसे चला है, दूसरेकी राय है कि यह बौद्ध मतकी शाखा है और तीसरा इसको ब्राह्मणोंके मतसे निकला हुआ बतलाता है। कोई महावीरको इसका प्रचलित करनेवाला कहता है. कोई पार्श्वनाथको इसका स्थापन करनेवाला बतलाता है। धर्म ऐसी वस्तु नहीं है कि, उसके साथ इसप्रकार हास्य किया जाय ? उसके चारों ओर पवित्रतारूपी मंडल होता है, मानो वह किसी जादूसे घिरा हुआ है और इस प्रकारसे प्रगट की गई ऐसी २ विरुद्ध रायें इस जादूकी मायाको तोड़ डालती हैं और धर्मकी प्राचीनता और समीचीनता और पवित्रताको नष्ट कर देती हैं। हमको धर्मके विषयमें आदरसे कथन करना उचित है ॥

महाशयो ! आपने बालकों और मेंढकोंकी कथा सुनी होंगी. कुछ बालक मेंढकों पर पत्थर फेंक रहे थे. एक वृद्ध मेंढक अपना मस्तक उठाकर कहने लगा ऐ बालको ! जो तुम्हारा खेल है वह हमारे लिये मौत है। इसी प्रकार बूढा जैनधर्म कहसकता है कि हे विद्वानो ! जो तुम्हारेलिये खेल है वह मेरे लिये मौत है। इसमें कुछ संदेह नहीं कि, एक विद्वानकेलिये किसी मतके विषयमें अपनी राय दे देना एक तुच्छ बात है परन्तु वह उस मतकी प्राचीनता और पवित्रताके नाशका कारण हो सक्ती है। जैनी भी अत्यंत नम्रता जाहिर कर रहे हैं वे देख रहे हैं कि, उनके धर्मके साथ बडी निर्दयतासे बर्ताव हो रहा है. वे देख रहे हैं कि उनको बौद्धों और चार्वाकोंके साथ मिला दिया हैं. वे यह भी देख रहे हैं कि सब प्रकारकी अनिष्ट कल्पनायें उनके विषयमें प्रगट की जाती हैं परन्तु वे इन सबका संतोषसें सहन कर रहे हैं और कभी अपने बचावमें

एक अक्षरतक बोलनेकी परवाह नहीं करते। हिन्दू जैन और बौद्धोंमें जो परस्पर शत्रुता है उसका भी बहुत कुछ दोष है परन्तु मुझको इस स्थानपर यह छोड देना उचित है बल्कि मुझको प्रसन्न होना चाहिये कि अंग्रेजोंके दयामय राज्यमें हम सब हिन्दू, जैन और बौद्धोंको इस महा मंडलमें एक सायबानके नीचे एकत्र होनेका अवसर मिला है जिससे हम अपने २ धर्मकी रक्षा करसकते हैं, और यह बात ठीक २ समझा सके हैं कि यह धर्म क्या है। निस्सन्देह मैं इसस्थानको पवित्र और इस समयको भाग्यवान समझता हूं जो हमको यहां इस समय अपने २ धर्मके विषयमें कहने और सुननेका अवसर प्राप्त हुवा है.

महाशयो! मैं पहले कह चुका हूं कि लोगोंको हमारे धर्मके विषयमे बड़ा मिथ्या बोध हुआ और इसपर बहुतसे न्याय विरुद्ध कलंक और दूषण लगाये गये हैं। अब मैं उनमेंसे कुछ विपरीत ज्ञानको दूर करने और कलंकोंके धोनेका संक्षेपसे यत्न करूंगा।

जैनियोंकी प्राचीनता, जैनमत शंकराचार्यके पीछे नहीं चला।

पहिलेसे जैनियोंकी प्राचीनताकी ओर ध्यान दीजिये। जैन धर्म शंकराचार्यके पीछे प्रचलित नहीं हुआ. लेथब्रिज (Lethbridge) और मौंटस्टुआर्ट एल फिंस्टोन (Mount stuart Elplimatone) जैसे अंग्रेज लेखकोंकी बड़ी भूल है जो कहते हैं कि बौद्ध मतकी अवनति होनेपर जैनमत ६०० ई० में निकला और १२०० ई० में नाशको प्राप्त होगया. यद्यपि अब भी कुछ जैन पाये जाते हैं। ऐसा कहनेसे वह केवल जैन शास्त्रोंहींसे अपनी अज्ञानता प्रगट नहीं करते वल्कि हिन्दू और बौद्धोंके पवित्र ग्रंथोंसे भी। इन विद्वानोंको मालूम होना चाहिये था कि शंकराचार्यने स्वयं उज्जैनसे वाल्हीक देशमें जाकर जैनियोंके साथ शास्त्रार्थ कियाथा (३) जैसा कि माधव और आनन्दगिरिने अपनी शंकरदिग्विजय नामक पुस्तकमें और सदानंदनें अपने शंकरविजयसार नामक ग्रंथमें लिखा है. सिर्फ इतनाही नहीं बल्कि शंकरने स्वयं लिखा है कि जैनमत बहुत पूर्वकालमें विद्यमान था क्योंकि व्यासकृत वेदांतसूत्रपर अपने भाष्यमें शंकरने लिखा है कि दूसरे अध्यायमें जो दूसरा पाद है उसके सूत्र ३३ से ३६ तक जैनमतसे सम्बध रखते हैं, रामानुजने भी जो व्यास ऋषिके शारीरक मीमांसा नामक ग्रंथके भाष्यकार हैं, अपने श्रीभाष्यमें यही राय लिखी हैं॥

१–हिन्दुस्तानका इतिहास (Histowg of India) p. 27
२–हिंदुस्तानका इनिहास (History of India.) p. 122

अब देखना चाहिये कि जब शंकराचार्य जैनियोंके विषयमें ऐसा लिखते हैं तो यह कैसें संभव हो सक्ता है कि जैनमत उनके पीछे प्रचलित हुआ हो. मैं उम्मेद करता हूं कि लेथब्रिज (Kethbridge) और मौंट स्टुआर्ट एलफिस्टन (Mountstuart Elphinstone) अंग्रेज लेखक आइन्दा जैनमतको छटी सदीमें प्रचलित होनेवाला कभी नहीं समझेंगे । जैनियोंको बडा हर्ष होगा यदि इन विद्वानोंकी पुस्तकोंमेंसे वह बातें निकाल दी जायँ जो वहकानेवाली हैं क्योंकि उनसे बहुत भ्रम हो रहा है । लेथब्रिज साहबका बनाया हुआ इतिहास मदर्सोंमें पढ़ाया जाता है और इस पुस्तकसे बालकोंके चित्तमें जैनमतके विषयमें मिथ्या ज्ञान बैठ जाता है ।

जैनमत बौद्ध मतकी शाखा नहीं है

अब हम देखते हैं कि प्रोफेसर विल्सन Wilson जैनमत बौद्ध मतकी लेसन Lassen बार्थ Barth और वेबर weber आदि अंग्रेज विद्वान जैनियों को बौद्धोंकी शाखा बतलातेहैं सो यह सत्य है या नहीं, परन्तु इससे पहले हमको यह जान लेना चाहिये कि यद्यपि वे कहते हैं कि जैनमत बौद्धमतसे उसके प्रचलित होनेके शुरूमें ही निकला परन्तु वे यह कुछ नहीं बतलाते कि किस प्रकार, कब, और किस अवस्थामें निकला और उसकी उत्पत्तिके क्या कारण थे. यही नहीं वल्कि इनमेंसे कई तो स्वयं यह भी अंगीकार करते हैं कि उनको अपनी राय देनेके समय जैनमतका बहुत ही कम हाल मालूम था. जैसे बार्थ Barth साहब अपनी पुस्तक 'भारतके धर्म' (Rehgions ofIudia1892) मेंलिखते हैं कि "पुराने जमानेमें भारत वर्षमें जो ऐसे धर्म थे कि जिन्होंने बडे २ काम किये हैं उनमें से जैनधर्म एक ऐसा मत है जिसका हाल हमको सबसे कम मालूम है(४)हमको अभी तक इसका एक प्रकारका साधारण ज्ञान है और इसकी इतिहास सम्बंधी उन्नतिके विषयमें हम कुछ नहीं जानते" (५)

फिर वह यह भी अपनी उदारतासे मानते हैं कि (६)"इस प्रश्नका उत्तर देनेकेलिये कि किस समयमें यह मत सचमुच स्वतंत्र हुआ हमको पहिले पुराने जैनधर्मकी दशा जाननी उचित है और इस कामके करनेके लायक हम केवल उस वक्त हो सक्ते हैं जब हमको इस मतके शास्त्र मिलैं, इस समयतक जो कुछ हाल हमको इस मतके विषयमें मालूम हुआ है सब इधर उधरके सुबूतों पर निर्भर है" वेबर (Weber) साहब भी अपनी पुस्तक "भारत वर्षके साहित्यका इतिहास" (History of "Indian Diterature 1892) में कहते हैं कि "जो कुछ हाल हमको जैनमतका मालूम हुआ वह केवल ब्राह्मणोंकी ही पुस्तकोंसे मालूम हुआ है" ऐसी हालतोंमें क्या हम इन विद्वा-

नोंकी राय जो जैनधर्मके बाबत करीब २ कुछ नहीं जानते जरूर गलत होगी. मान सक्ते हैं कदापि नहीं. विशेषकर जब उनकी राय पुष्टकरनेकेलिये इस हेतुके सिवाय और कोई सबूत नहीं है कि यह मत एक दूसरेसें मिलते हैं। इन विद्वानोंको यह देखकर कि जैनधर्म बौद्धमतसे मिलता हैं ऐसा आश्चर्य हुआ कि वे एक को दूसरेकी नकल समझने लगे और चूंकि उनको जैनधर्मका बहुत कम हाल मालूम हुआ था, इसलिये उन्होंने इसका ज्यादा हाल जाननेके पहिले ही इसको बौद्धमतकी शाखा समझ लिया।

यह युक्ति स्वयं अनुचित्त है, एक मत दूसरेकी सर्वथा नकलकर सक्ता है परन्तु इससे इस बातके कहनेका कोई अधिकार नहीं है कि पहिला दूसरेसे निकला वा दूसरा पहले सें, लेकिन हमको केवल इसीबातपर संतोष नहीं करना चाहिये बल्कि हमको देखना चाहिये कि हिन्दू, बौद्ध और जैनियोंके धर्मशास्त्रोंमें भी कहीं जैनियोंको बौद्धोंकी शाखा बतलाया है या नहीं।

हिन्दू आचार्योंने जैनियोंको बौद्धोंकी शाखा कहीं नहीं बतलाया है. वे सदा इनको दो स्वतंत्रमतावलम्बी बतलाते रहे हैं। माधवके शंकरदिग्विजय नामक पुस्तकमें लिखा है कि शंकरका उज्जैनके समीप जैनियों ही से शास्त्रार्थ नहीं हुआ बल्कि काशीमें बौद्धोंसे भी हुआ था. यही आनन्दगिरिके शंकरदिग्विजय पुस्तक और सदानन्दके शंकरविजयसार ग्रंथमें लिखा हैं, माधव अपने सर्वदर्शनसंग्रह ग्रंथमें जैनदर्शनोंकी बौद्धदर्शनसे अलग उन १६ दर्शनोंमें गणना करता है जो १४ वीं सदीमें दक्षिणमें प्रचलित थे.

हिन्दू शास्त्र

सदानन्द काश्मीरवाला अपने अद्वैतब्रह्मसिद्धि नामक पुस्तकमें जैनियों और बौद्धों दोनोंके दर्शनोंका कथन करता है. यह बात विचारके योग्य है कि वह बौद्धोंके चार भाग करता है (१) वैभाषिक (२) सौत्रान्तिक (३) योगाचार और (४) माध्यमिक, परन्तु वह इनमें जैनियोंको शामिल नहीं करता.

माधव भी अपने सर्वदर्शनसंग्रह नामक ग्रंथमें जैनियोंको बौद्धोंकी चार शाखाओंमें शालिम नहीं करता.

ते च बौद्धाश्चतुर्विधया भावनया परमपुरुषार्थं कथयन्ति। ते च माध्यमिकयोगाचारसौत्रान्तिकवैभाषिकसंज्ञाभिः प्रसिद्धा बौद्धाश्च यथाक्रमं सर्वशून्यत्वबाह्यशून्यत्व बाह्यर्थानुमेयत्व बाह्यर्थप्रत्यक्षत्ववादाना तिष्ठंन्ते"

अर्थ—वह बौद्ध चारप्रकारकी भावनासे परमपुरुषार्थको बयान करते हैं. वे माध्यमिक योगाचार, सौत्रान्तिक और वैभाषिक नामोंसे प्रसिद्ध हैं. माध्यमिक कहते हैं कि सारा

जगत शून्य है. योगाचार मानते हैं कि बाह्य पदार्थ ही शून्य हैं। सौत्रान्तिक कहते हैं कि बाह्यपदार्थ अनुमानसे सिद्ध होते हैं और वैभाषिक कहते हैं कि बाह्यवस्तु प्रत्यक्षसे जानी जा सकती है।

बौद्धोंकी इन चारों शाखाओंका बहुधा कथन आता है और भलेप्रकार विदित है परन्तु जैनमत इनमें कभी भी शामिल नहीं किया गया।

सिद्धांतशिरोमणिका बनानेवाला जैन और बौद्धोंकी ज्योतिषका अलग २ कथन करता है और उनमें दोष निकालता है:--

" भूः खेऽधःखलुयातीति बुद्धिर्बौद्धमुधा कथम्।
जातायातं तु दृष्ट्वापि खेयतक्षिप्तं गुरुक्षितिम् ॥ "

(सिद्धांतशिरोमणिगोलाध्याय श्लोक ९)

यदि भूरधो याति तदा शरादिकमूर्ध्वं क्षिप्तं पुनर्भुवं नैष्यति। उभयोरधोगमनात्। अथ भूमेर्मन्दा गतिः शरादेः शीघ्रा। तदपि न। यतो गुरुतरं शीघ्रं पतति। उर्व्येति गुर्वी। शरादिरिति लघुः। रे बौद्धैवं दृष्ट्वापि भूरधो यातीति बुद्धिः कथमियं तव वृथोत्पन्ना। (टीकाश्रीपति)

अर्थ—यदि पृथ्वी नीचेको जाती है। यदि यह कहो कि पृथ्वी की मंदगति (चाल) है और बाणकी शीघ्र, इसकारण पृथ्वीपर आता है तो ऐसा भी नहीं हो सक्ता क्योंकि भारी वस्तु जल्दी गिरती है पृथ्वी भारी है और बाण हलका है ऐसा देखकर भी हे बौद्ध तेरी ऐसी मति वृथा क्यों हुई कि पृथ्वी नीचे जाती है"

किं गण्यं तव वैगुण्यं द्वैगुण्यं यो वृथा कृथाः।
मार्केन्दूनां विलोक्याह्न ध्रुवमत्स्यपरिभ्रमम् ॥
(श्लोक १०)

यदा भरणीस्थो रविर्भवति। तदा तस्यास्तमयकाले ध्रुवमत्स्यस्तिर्यक्स्थो भवति। तस्य मुखतारा पश्चिमतः। पुच्छतारा पूर्वतः। तदा मुखतारा सूत्रे रविरित्यर्थः। अथ निशावसाने मुखतारा परिवर्त्य पूर्वतो याति। पुच्छतारा पश्चिमतो याति। ततो मुखतारासूत्रगतस्यैवार्कस्योदयो दृश्यते। अतो द्वौ द्वौ सूर्यावित्यनुपपन्नम्। अत उक्तं किं किमेकं तव वैगुण्यं गण्यम्। येन ध्रुवमत्स्यपरिभ्रमं दृष्ट्वापि मार्केन्दूनां द्वैगुण्यमङ्गीकृतम्। (टीका श्रीपति)

अर्थ—जब सूर्य भरणीनक्षत्रमें होता है उस समय उसके अस्त होनेके वक्त ध्रुवमत्स्य टेढा होता है, उसके मुखकी तारा पश्चिममें होती है और पूंछकी तारा पूर्वमें होती है. उस समय मुखताराऊपी सूत्रमें सूर्य होता है। फिर रात्रिके अंतमें मुखकी तारा फिरकर पूर्वमें आ जाती है और पूंछकी तारा पश्चिमको चली जाती है इस प्रकार सूर्यका उदय मुखकी ताराऊपी सूत्रमें नजर आता है. इस कारण दो दो सूर्यका मानना ठीक नहीं है। इसलिये यहां यह कहा कि तेरी मूर्खता कहां तक समझें कि ध्रुवमत्स्यके फिरनेको देखकर भी तारा सूर्य और चन्द्रमा दो २ मानलिये ॥

बराहमिहिर जो डाक्टरकर्न (Dr. Kern) आदिके कहनेके मुताबिक ६०० ई० में हुआ अपनी बृहत्संहिता पुस्तकमें जैन और बौद्ध दोनों का बडा जरूरी कथन करता है वह कहता है कि नग्न वा जैन 'जिन' को पूजते हैं और शाक्य वा बौद्ध 'बुद्ध' को पूजते हैं.

शाक्यान् सर्वहितस्य शान्तमनसो नग्नां जिनानां विदुः

(श्लोक० १९ अ० ६१)

अर्थ—बुद्धदेवके उपासक शाक्य कहलाते हैं और जिनदेवके उपासक नग्न वा जैन कहलाते है ॥

महाशयो! ध्यान दीजिये कि बराहमिहिरने छठी सदीमें कहा था कि इन दोनों मतोंके इष्टदेव बिल्कुल न्यारे २ हैं। हनुमान नाटकमें भी ऐसा ही कथन किया है उसमें कहा है कि राम जैनियोंका अर्हत भी था और बौद्धोंका बुद्ध भी यथा—

"यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः। अर्हन्नित्यथजैनशासनरताः कर्मेति मीमांसकाः सोऽयं वो विदधातु वाञ्छितफलं त्रैलोक्यनाथः प्रभुः"

(श्लोक ३ अ० १)

अर्थ—जिसकी शैवलोग महादेव कहकर उपासना करते हैं और जिसको वेदांती लोग ब्रह्म कहकर, बौद्ध लोग बुद्धदेव कहकर, युक्तिशास्त्रमें चतुर नैयायिक लोग जिसे कर्त्ता कहकर और जैनमतवाले जिसको अर्हन् कहकर मानते हैं और मीमांसक जिसको कर्म रूप वर्णन करते हैं वह तीनलोकका स्वामी तुमारे वांछित फलको देवै ॥

आगे चलकर बाराहमिहिर कहता है कि बुद्धकी मूर्ति और अर्हत् अर्थात् जैनियोंके देवताओंकी मूर्तियोंकी बनावट अलग २ है—

आजानुलम्बबाहुःश्रीवत्सांकः प्रशान्तमूर्तिश्च।
दिग्वासास्तरुणो रूपवांश्च कार्योऽर्हतां देवः ॥

(श्लोक ४५ अ० ५८)

अर्थ—घुटनों तक लम्बी भुजा और छातीमें श्रीवत्सका चिन्ह शांतमूर्ति, नग्न तरुण अवस्था, और रूपवान् ऐसी मूर्ति जैनियोंके देवोंकी बनानी चाहिये।

पद्मांकितचरणः प्रसन्नमूर्तिःसुनीचकेशश्च ।
पद्मासनोपविष्टः पितेव जगतो भवेद्‌बुद्धः ॥
(श्लोक ४४ अ० ५८)

अर्थ—जिसके चरणोंमें कमलका चिन्ह है, प्रसन्न जिसकी मूर्ति है जिसके केश सुंदर और नीचे लटके हुये हैं और जो पद्मासन लगाये हुये हैं ऐसी जगतके पिताके समान बुद्धकी मूर्ति होती है।

भागवतमें कहा है कि बुद्ध बौद्धमतका चलानेवाला था और दिगम्बरऋषि 'ऋषभ' जैन मतके प्रचलित करनेवाले थे—

परंतु इस बातकी कि जैन और बौद्ध अलग २ हैं सबसे बड़ी साक्षी ऋषि व्यास वा बादरायणकी है, जिन्होंने शारीरक मीमांसा और महाभारत रचा है. जैसा कि मैं पहिले कहआया हूं इस ऋषिने ब्रह्मसूत्रके दूसरे अध्यायके दूसरे पादमें ३३ से ३६ सूत्र तक जैनियोंका खंडन किया है (७) और बौद्धोंपर भी १८ से ३२ सूत्रतक दूषण लगाये हैं।

महाभारतमें भी जैनियों और बौद्धोंका अलग २ कथन आया है. इस पुराने इतिहासके अश्वमेधपर्वकी अणुगीतामें कई मतोंका जिकर आया है और उनमेंसे जैनधर्म और बौद्ध मत दो हैं (देखो अनुगीता अध्याय ४८ श्लोक २ से बारह तक) मेक्स मूलर (Max muller)साहबने जो एक अंग्रेज हैं उनका जो अनुवाद किया है मैं वही नकल करता हूं

" हम कईप्रकारके धर्म एक दूसरेके विरुद्ध देखते हैं कोई कहता है कि शरीरके नाश होनेके पीछे धर्म रहता है, कोई कहता है कि ऐसा नहीं है, कोई कहता है कि हरएक वस्तुमें सन्देह है और कोई कहता है कि किसी वस्तुमें नहीं है, कोई कहता है कि जो नियम सर्वदा कायमरहने वाला है वह सदा कायम नहीं रहता कोई यह भी कहता है कि कोई वस्तु मौजूद रहती है, और कोई मानता है कि रहती भी है और नहीं भी " इत्यादि।

इस पर नीलकंठ अपनी राय देता है—

" कुछ लोग कहते हैं कि शरीरके नाशहोनेके पीछे भी जीव रहता है, और कुछ लोग जैसे कि लोकाथ तथा चार्वाक इसकेप्रतिकूल मानते हैं, हर एक वस्तुमें संदेह है यह स्याद्वादियोंका (जैनियोंका) मत हैं और किसी वस्तुमें सन्देह नहीं है यह तीर्थकों अर्थात् बड़े उपदेशकों की राय है, तीर्थक कहते हैं कि हरएक वस्तु सर्वदा स्थिर नहीं रहती, मीमांसक नाशरहित बताते हैं, शून्यवादी कहते हैं कि कोई वस्तुही नहीं है सर्व

शून्य है संयोक्ता वा बौद्धमती कहते हैं कि वस्तु मौजूद तो रहती है परंतु केवल क्षण भर " इत्यादि—

मैक्समूलर (Max muller) साहबके किये हुये तर्जूमेमें शब्द स्याद्वादी जैनियोंके लिये आया है. जैनसम्बंधी मूल श्लोकोंपर नीलकंठकी टीका इस प्रकार है

" सर्वं संशयितमिति स्याद्वादिनः सप्तभङ्गीनयज्ञाः "

(श्लोक २ अ ४८)

अर्थ—हरएक वस्तुमें संदेह है यह उन स्याद्वादियोंका मत है जो सप्तभंगी न्याय जानते हैं।

यह साफ तौरपर जैनियोंकेलिये आया है स्याद्वादी जैनी होते हैं जैसा कि बार्थ (Barth) साहब अपनी पुस्तक "भारत वर्षके धर्म" (Relegions of India) के कोष्ठक १४८ पर स्वीकार करते हैं और जैसा कि अमरकोषके एक क्षेपक श्लोकमें लिखा है।

"नैयायिकस्त्वक्षपादः स्यात्स्याद्वादिक आर्हकः।"

(२ कांड—ब्रह्मवर्ग, ६ और ७ के बीचमें)

अर्थ—नैयानिक अक्षपाद होते हैं और स्याद्वादी आर्हक अर्थात् जैनी होते हैं जैनी सप्तभंगी नयज्ञ होते हैं इस कारण सप्तभंगी नय बहुधा ब्राह्मणोंके लिये खंडन करनेका विषय है. यदि उनको जैनमतमें खंडन करनेके लिये कोई बात मिलती है तो वह सप्तभंगी नयही है सप्तभंगीनय पर ही बादरायण वा व्यास मुनिने ३३ वें सूत्रमें दोष निकाले हैं. इसी नयके सबबसे शंकर उज्जैनके समीप जैनियोंसे जीता, ऐसा माधवने अपने शंकर दिग्विजय नामक ग्रंथमें लिखा है.

मुझको एक पंडितसे हालहीमें मालूम हुआ है कि इसी सप्तभंगीनयका ' स्वाराज्य सिद्धिग्रंथमें ' खंडन किया है।

अब महाशयो ! मैं आपसे पूंछता हूं कि जब जैन और बौद्धोंका उस समय से जब महाभारत और वेदान्तसूत्र बनाये गये थे. अलग २ कथन है. तो जैनी बौद्धोंकी शाखा किसप्रकार समझे जा सक्ते हैं?

ब्राह्मणोंके ग्रंथोंमें यदि जैनियोंका और कथन देखना हो तो महाभारतके आदि पर्व अध्याय ३ के श्लोक २६ से २७ तक देखिये जहां शेष नाग नग्न क्षपणकके भेषमें उ-त्तंकके कुंडलको चुरा ले जाता है—

साधयामस्तावदित्युक्त्वा प्रातिष्ठतोत्तङ्कस्ते कुण्डले गृहीत्वा सोऽपश्यदथ पथि नग्नं क्षपणकमागच्छन्तं मुहुर्मुहुर्दृश्यमानमदृश्यमानं च ॥ २६ ॥

अथोत्तंकस्ते कुंडले सन्यस्य भूमावुदकार्थं प्रचक्रमे । एतस्मिन्नन्तरे स क्षपणकस्त्वरमाण उपसृत्य ते कुंडले गृहीत्वाप्राद्रवत् ॥ २७ ॥

अर्थ–मैं यत्न से जाऊंगा ऐसा कह कर उत्तंकने उन कुंडलोंको लेकर चलदिया. उसने रास्ते में नग्न क्षपणक को आते हुये देखा ॥ २६ ॥ इसके पश्चात उत्तंक उन कुंडलोंको पृथ्वीमें रखकर पानी पीनेकेलिये गया, इस अवसरमें वह क्षपणक जल्दीसे आकर कुंडल लेकर भागगया ॥ २७ ॥

नीलकंठ क्षपणक शब्द की टीका पाषंड भिक्षुक करता है और नग्न पाषंड भिक्षुकका अर्थ दिगंबरजैनसाधु ही हो सक्ता है । यह बडे अफसोस की बात है कि ब्राह्मण लोग जैन साधुओंका ऐसे समय पर ही कथन करते हैं जब कोई बुरा काम कराना होता है उदाहरणकेलिये मुद्राराक्षस नाटक को भी देखिये जिसमें एक जैन साधुको गुप्त होकर घृणा योग्य काम करना पड़ा है ।

अद्वैतब्रह्मसिद्धिका बनानेवाला क्षपणक को जैनसाधु लिखता है–

"क्षपणका जैनमार्गसिद्धान्तप्रवर्तका इति केचित"

(पृष्ठ १६७ कलकत्ते की छपीहुई Calcutta Edition)

अर्थ–क्षपणक जैनमतके सिद्धांत को चलाने वाले कोई होते हैं ।

शांतिपर्व में मोक्ष धर्म के अ० २३८ श्लोक ६ में जैनियों के सप्तभंगीनय का जिक्र आया है. मूल श्लोक इस प्रकार है–

एतदेवं च नैवं च न चोभयेनानुभे तथा ।
कर्मस्याविषयं ब्रूयुः सत्वस्थाः समदर्शिनः ॥ ६ ॥

टीका नीलकंठ–आर्हतमतमाह एतदिति तेहि स्यादस्तिस्यान्नास्यिादस्तिचनास्तिचावक्तव्यः स्यादवक्तव्य इति सप्तभंगीनयः सर्वत्रयोज्यते अतएतदेवमिति स्यादस्त्युक्तंचातएतन्नएवंचनेतिसंबंधेनस्यान्नास्तिस्यादवक्तव्यइतिचोक्तंनचोभेत्यनेनस्यादस्तिचनास्तिचस्यादस्ति चनास्तिचावक्तव्यइति चोक्तं कर्मस्याआर्हताविषयघटादि एतदेवमस्तीत्यादि ब्रूयुरिति सम्बधःएतेषु पक्षेषु कृतहानाकृताभ्यागमप्रसंगात्स्वभावमात्रपक्षस्तुच्छःबंधमोक्षादिवस्तुमात्रस्वरूपस्यास्तिनास्तीत्यादिविकल्पग्रस्तत्वेनानवधारणात्मकआर्हतपक्षोपि तुच्छएवपरिशेषात्समुच्चयपक्षएवश्रेयान्व्यवहारेपरमार्थेस्तुसत्वस्थायोगिनःसमदर्शिनोब्रह्मैवकारणत्वेनपश्यंति ॥ ६ ॥

श्लोकार्थ–परमार्थ में लगे हुये योगी आर्हत् अर्थात् जैनी इस प्रकार घटादि पदार्थों का कथन करते हैं यह वस्तु ऐसी है, यह ऐसी नहीं है, यह वस्तु ऐसी है भी और नही भी, यह वस्तु है ऐसा नहीं कह सक्ते और यह वस्तु ऐसी नहीं है ऐसा भी नहीं कह सक्ते ॥

शांतिपर्व मोक्ष धर्म अध्याय २६४ श्लोक २ में जाजुली तुलाधार को नास्तिक कहता है--

"नास्तिक्यमपि जल्पसि"

अर्थ--नास्तिक्य भी बकवाद करता है। इसकी टीका नीलकंठ ने इस प्रकार की है कि नास्तिक्य वह है जो वैदिक यज्ञकी हिंसा के विरुद्ध हो--

"नास्तिक्यं हिंसात्मकत्वेन यज्ञनिन्दा"

अर्थ--नास्तिकपणा हिंसा होने के कारण यज्ञ की निन्दा करना है।

इस से प्रकट होता है कि उस समय में जब महाभारत बनाई गई थी वा इस से भी पहिले नास्तिक थे. जो वैदिक यज्ञों की निन्दा करते थे. वे सांख्य मती नहीं हो सके क्योंकि वे नास्तिक नहीं हैं. वे अवश्य जैनियोंके सदृश अन्य संप्रदाय होंगे।

योगवाशिष्ठ के वैराग्य प्रकरण में राम ने 'जिन के सदृश शांत होने की इच्छा की है श्लोक इस प्रकार है--

नाहं रामो न मे वाञ्छा भावेषु न च मे मनः।
शान्तमास्थातुमिच्छामि स्वात्मनीव जिनो यथा॥
(अध्याय १५ श्लोक ८)

अर्थ--मैं राम नहीं हूं मुझ को किसी प्रकार की इच्छा नहीं हैं विषयोंमें मेरा दिल लगता नहीं है. 'जिन' के सदृश अपने माफिक सब प्राणियोंपर समदृष्टी रख कर शांत रहना चाहता हूं॥

रामायण के बालकांड सर्ग १४ श्लोक २२ में दशरथ का श्रमणों को भोजन देना लिखा है--

दशरथयज्ञे--ब्राह्मणाभुञ्जते नित्यं नाथवन्तश्चभुञ्जते।
तापसा भुञ्जते चापि श्रमणाश्चैव भुञ्जते॥

अर्थ--दशरथ के यज्ञ में द्विजलोग (ब्राह्मण, क्षत्री और वैश्य) और शूद्रनित्य भोजन करते हैं। तापस अर्थात् शैवमार्गी और श्रमण भी भोजन करते हैं।

श्रमण शब्द का अर्थ भूषण टीका में दिगम्बर किया है

"श्रमणा दिगम्बरा श्रमणा वातवसना इति निघंटुः"।

तिलक की बनाई टीका में श्रमणों का अर्थ बौद्ध सन्यासी लिखा है और यह प्रायः जैन साधुओंकी अपेक्षा बौद्धों के लिये ही आता है. इसलिये हमको इस शब्द पर अधिक ध्यान नहीं देना चाहिये, यह संभव है कि दशरथने जैन और बौद्ध दोनों

साधुओंको भोजन दिया हो । शाकटायन के बनाये हुये उणादि सूत्र में शब्द जिन, आया है इण्सिञ्जिदीङुष्यविभ्योनक् (सूत्र २८९ पाद ३)

सिद्धांतकौमुदी के कर्ता ने इसका अर्थ अर्हन् किया है (जिनोऽर्हन्) जो शब्द कि जैनमत के प्रचलित करनेवाले के लिये आता है ।

यह सत्य है कि अमरकोष में शब्द 'जिन' और 'बुद्ध'का अर्थ एकही कहा है और मेदिनी कोषमें 'जिन'का अर्थ (१) बुद्ध अर्थात् बौद्धमतको चलानेवाला (२) अर्हन् अर्थात् जैनमतका प्रचलित करने वाला लिखा है-

जिनोऽर्हति च बुद्धे च पुंसि स्यात्रिषु जित्वरे ।

अर्थ-जिन पुल्लिंगमें अर्हत के लिये आता है और बुद्धकेलिये, जीतनेवालेके लिये तीनो लिंगो में आता है ।

परंतु जहां कहीं 'जिन' शब्द आवे उसका अर्थ उसमतका प्रचलितकरनेवाला समझना चाहिये कि जिसका नाम इस शब्द से बना है न कि उसमत का चलानेवाला जिसका नाम बुद्ध से संबंध रखता है विशेषकर यह अर्थ उस स्थानपर लेना चाहिये जहां वृत्तिकार 'जिन' का अर्थ अर्हन् बतलाता है जैसा कि उणादि सूत्रमें जिसका कथन ऊपर आचुका है जहांकि सिद्धांतकौमुदीके कर्त्ता ने इसके माने अर्हत्के लिये हैं. जो शब्द कि जैनमतके प्रचलित करनेवालेके लिये आता है. सारांश (नतीजा) इसका यह है कि शब्द 'जिन' उणादिसूत्रमें जैनमतके प्रचलित करनेवालेके लिये आया है

अब देखिये कि शाकटायन किस समयमें हुआ यास्कने अपने निरुक्त नामक ग्रंथमें उसका प्रमाण दिया है—

'सर्वाणि नामान्याख्यातजानीतिशाकटायनो नैरुक्तसमयश्च'

(अध्याय १)

अर्थ-सब नाम धातु से पैदा होते हैं यह शाकटायन मत और नैरुक्तसिद्धांत है ॥

यास्क पाणिनी से कईसौ वर्ष पहले हुआ और पाणिनि महाभाष्यकार पतञ्जलिके पूर्व हुआ और कहते हैं कि पतञ्जलि ईस्वी संवत से दो सौ वर्ष पहले हुआ ।

मुझको यह बात भी नहीं छोड़नी चाहिये कि ब्राह्मणोंकी पुस्तकों में 'जिन और 'अर्हत्' दोनों शब्द जैनमत के प्रचलित करने वालेके लिये आते हैं यद्यपि 'जिन' शब्दकी अपेक्षा 'अर्हत् शब्द अधिक आता है, दृष्टांतके लिये वराहमिहिरकी वृहत् संहिता पुस्तक देखिये जिसमें नग्नको जिनअनुयायी (जिनका पीछा करनेवाला) कहा है ।

१ यह शाकटायन ऋषि दिगम्बरजैनाचार्य हुये हैं जिसका नाम पाणिनिने अपनी अष्टाध्यायीमें तीन जगहँ ग्रहण किया है.

राजतरंगिणी में लिखा है कि अशोक राजाने जैनमत स्वीकार किया था इसमें भी जिन शब्द आया है यथा–

"प्रपौत्रः शकुनेस्तस्य भूपतेः प्रपितृव्यजः।
अथावहदशोकाख्यः सत्यसंधोवसुंधराम् ॥ १०१ ॥
यः शान्तवृजिनो राजा प्रपन्नो जिनशासनम्।
शुष्कलेत्रवितस्तात्रौ तस्तारस्तूपमण्डले" ॥ १०२ ॥

(प्रथमस्तरंगः)

अर्थ–तपश्चात् सत्यप्रतिज्ञ अशोक जो कि शकुनिका पोता और उस राजाके चचेरे भाईका लड़काथा, पृथ्वीका मालिक हुवा ॥ १०१ ॥

पापरहित जिसने जिनमतका स्वीकार किया और जनसमूहमें शुष्कलेत्र और वितस्तात्र नामके दो विहार रचे ॥ १०२ ॥

इसी जिन शब्दसे हम जैनी कहलाते हैं,

शब्द अर्हन् हनूमान नाटक, गणेश पुराण और भागवत आदि पुस्तकोंमें आया है

शैवं पाशुपतं कालमुखं भैरवशासनम्।
शाक्तं वैं नायकं सौरो जैनमार्हतसंहिता ॥

(अ० ४७ श्लो० ३३ गणेश पुराण)

अर्थ—शैव, पाशुपत, कालमुख, भैरव शासन, शाक्त, वैनायक, सौर, जैन आर्हतशासन,, ये गणपति सहस्रनाममें गणपतिके नाम हैं

यस्य किलानुचरितमुपाकर्ण्यकोंकवेंककुटकानां राजार्हन्नामोपशिक्ष्य
कलावधर्म उत्कृष्यमाणोभवितव्य न विमोहितः स्वधर्मपथमकुतोभयमप
हायकुपथपाखंडपथमसमजसं निजमनीषया मन्यसंप्रवर्तयिष्यते ॥

(भागवत पंचमस्कंध, अ० ६ श्लो० ९)

अर्थ–जिनका चरित्र सुनकर कोंक, वेंक, कुटकदेशनका राजाश्री अर्हन्नामक उनकी (श्रीऋषभदेवकी) शिक्षा लेकर पूर्वकर्मके कारण कलियुग में जब अधर्म बहुत होजायगा, तब अपने धर्मके मार्गको जिसमें किसीका भय नहीं है छोडकर सबके विरुद्ध पाखण्डमत अपनी बुद्धिसे चलावेगा।

इस शब्दसे ही जैनियोंको आर्हताः कहते हैं।

अब हम बौद्धमतके ग्रंथ देखते हैं। उनमें यह वर्णन है कि महावीर जो जैनियोंके २४ वें तीर्थकर हैं बुद्धके समयमें हुये और उसके ६ विरुद्ध उपदेशकोंमें से एक थे। कल्पसूत्र आचारांगसूत्र, उत्तराध्ययन सूत्रकृतांग और अन्य स्वेतांम्बर ग्रंथोमें महावीरको ज्ञातपुत्र लिखा है। "ज्ञात" क्षत्रियोंकी वह जाति

बौद्धमतके ग्रंथ

है जिसमें महावीर पैदा हुये थे। ऊपर लिखेहुये जैनग्रंथ और अन्यग्रंथोंमें ज्ञातका वर्णन आया है।

महावीरको वैशालिक अर्थात् वैशालीनिवासी देह अर्थात् विदेहका राजकुमार और कश्यप अर्थात् इसगोत्रवाला भी कहा है परन्तु जैनशास्त्रों में अक्सर ज्ञातपुत्रके नामसे कथन किया है। बौद्धग्रंथोंमें उनको नातपुत्त कहा है अर्थात् प्राकृत नात संकृत ज्ञात और प्राकृत पुत्त=संस्कृत पुत्र। बौद्धग्रंथोंमें ज्ञातको नादिका वा नातिका भी लिखा है जैननिर्गंथ वा प्राकृतनिर्गंथोंका भी बहुधा बौद्धग्रंथोंमें कथन किया है और उनको निगंथ नातपुत्त अर्थात् महावीरका अनुयायी कहा है. बौद्धग्रंथोमें हमारे मतकी कई बड़ी बातोंका भी कथन आया है जैसे दिग्व्रत, साधुओंका ठंढे जलको काममें नहीं लाना कर्मका विषय और क्रियावादी इत्यादिका उसूल। उनपुस्तकों में ऐसा लिखा है कि इन सब बातोंका वर्णन नातपुत्त (जिसको हम महावीर कहते हैं) वा निग्रंथ हमारे जैनगुरुओंने किया है कई स्थानोंमें शब्द स्रावक वा श्रावक भी 'गृहस्थ जैनी' के अर्थ में आया है॥

यह आश्चर्यकारी तहकीकात बुल्हर (Buhler) और जैकोबी (Jacobi) साहबन की है। मैंने स्वयं 'पूर्वके पवित्रग्रंथो' (Sacred Books of the East) नामक पुस्तकमें महावग्ग और महा परिनिब्बानसुत्त पढ़े हैं और उन वाक्यों का तर्जुमा भी देखा है जिनमें हमारे ज्ञातपुत्र या निग्रंथ अथवा उनका मत वा शब्द श्रावक आये हैं। जैकोबी (Jacobi) साहबने 'पूर्वकी पवित्र पुस्तकोंकी ४५ वें जिल्दमें' (Sacred Books of the East Vol XLV) उनका कथन किया है। महावग्ग और महापरिनिब्बानसुत्तके सिवाय और बौद्धग्रंथ जिनसे यह वाक्य लिये गये हैं अनुगुतरनिकाय दिघनिकायका सामान्नफलसुत्त, सुमंगलविलासिनी, दिघनिकायके ब्रह्मगाल सूत्र पर बुद्धगोपकी टिप्पणी और माधिमनिकाय भी हैं। ओरियंटल (Oriental) पत्र ललितविस्तरग्रंथका भी नाम बतलाता है ये सबग्रंथ ईसाके जन्मसे पहले रचेगये थे। मैक्समूलर (Max müller) साहबने दो पुस्तकें बनाई हैं जिनका नाम षट्दर्शन और स्वाभाविक धर्म (Six systems of Philosophy & Natural Religion) हैं और ओल्डनबर्ग (Oldenberg) ने जो अजीबपुस्तक बनाई है उसकानाम 'दि बुद्ध (The Buddha) है. इन पुस्तकोंमें लिखा है कि नातपुत्त और महावीरगे जो बुद्धके समयमें हुये और जो छह तीर्थंक उपदेशकोंमेंसे एक थे कुछ भेद नहीं है परन्तु उनमें यह भी लिखा है कि नातपुत्त जैन अथवा निर्ग्रंथमतका चलानेवाला था जो किसीप्रकार नहीं हो सकता परंतु मैं क्यों उनका प्रमाण दूं? महावग्ग और महापरिनिब्बानसुत्त और अन्यवाक्यों के तर्जुमेमें जो जैकोबी (Jacobi) ने बुद्धमतकी किताबोंसे किये हैं

जिनको मैने पढ़ा है उनसे मै बेखटके जैनियोंकी तरफसे जिनका मैं यहां प्रतिनिधि हूं, यह कहसक्ता हूं कि नातपुत्त, निगंथ, उनका मत और श्रावक जिनका कथन बौद्धग्रंथोमें आया है जैन हैं. केवल इतना ही नहीं वल्कि बौद्धोंकी पुस्तकोंमें चातुर्यामधर्म वा पार्श्वनाथके चार महाव्रतोंका भी जिकर आया हैं और भूलसे इनको महावीर अथवा नातपुत्तके मुखसे वर्णन किया हुआ बतलाया है। सुधर्माचार्यका गोत्र और महावीरके निर्वाणका स्थान भी बौद्धोंने लिखा है। मुझको यह बात भी नहीं छोड़नी चाहिये कि निर्ग्रंथ शब्दका इस्तेमाल केवल जैनसाधुओंकेलिये ही होता है। श्रमण और ब्राह्मण शब्दोंको जैनी और बौद्ध दोनो अपने २ साधुओंके लिये इस्तेमाल करते हैं। यह बात भी विचारके योग्य है कि बार्थ (Barth) साहब जो जैनियों को बौद्धों की शाखा समझते हैं निर्ग्रंथोंको जिनका जिकर अशोकके आज्ञापत्रोंमें आया है जैनियोंके पुरखा बतलाते हैं। उनको जैकोबी (Jacobi) और बुहलर (Bühler) दोनों अंगरेजोंकी तहकीकात से आश्चर्य भी हुआ है. यद्यपि वह कहते हैं कि जबतक और प्रमाण नहीं मिले तबतक ठहरना चाहिये। यह उन्होंनें सन् १८८२ ई० में लिखा था और जैकोबी (Jacobi) साहबने 'पूर्वकी पवित्र पुस्तकोंकी जिल्द नं० ४५, (Sacred Books of the East Vol. XLV) नामक पुस्तकमें सन् १८९५ ई० में इसके विशेष प्रमाण दिये हैं।

अब महाशयो! विचार कीजिये कि जब ईस्वी संवत से तीनचारसौ वर्ष पहलेके बौद्धग्रंथोमें जैनियोंका इस प्रकार कथन आया है तो वे कैसे बौद्धमतकी शाखा समझे जासकते हैं।

जैनशास्त्र.

अब हम जैनशास्त्रोंको देखते हैं। दर्शनसारग्रंथमें जो संवत् ९९० में देवनन्दि आचार्यने उज्जैनमें रचा था, लिखा है कि—पार्श्वनाथके तीर्थमें (अर्थात् पार्श्वनाथ और महावीरके अर्हत होनेके बीचके समयमें) बुद्धिकीर्ति नामक साधु शास्त्रवेत्ता और पिहिताश्रवका शिष्य था. यह पलाशनगरमें सरयूनदीके तटपर तप कररहा था. उसने कुछ मरीहुई मछलियां अपने पास बहती हुई देखी. उसनें सोचा कि मरी हुई मछलियोंका मांस खानेमें कुछ दोष नहीं है क्योंकि इनमें जीव नहीं है. ऐसा समझकर उसने तप छोड़दिया और लालवस्त्र पहनकर बौद्धमतका प्रचार किया—

सिरि पासणाहतित्थे सरउतीरे पलासणयरत्थे ॥
पिहिआसवस्स सीहे महालुद्धो बुद्धकीत्ति मुणी ॥ ६ ॥
तिमि पूरणासणेया अहिगयपव्वज्जावओपरमभट्ठे
रत्तंबरंधरित्ता पवट्ठियं तेण एयत्तं ॥ ७ ॥

मंसस्स णत्थि जीवो जहा फलेदहियदुद्धसक्कराए ॥
तह्मा तं हि मुणित्ता भक्खंतो णत्थि पाविट्ठो ॥ ८ ॥
मज्जं णवज्जणिज्जं दव्वदवंजहजलंतहएदं ॥
इति लोए घोसित्ता पव्वतियं संघसावज्जं ॥ ९ ॥
अण्णोकरेदिकम्मं अण्णो तं भुंजदीदि सिद्धंतं ॥
परिकप्पिऊणणूणं वसिकिच्चाणिरयमुववण्णो ॥ १० ॥

अर्थ–श्रीपार्श्वनाथके तीर्थमें, सरयूनदीके कांठे ऊपर पलास नामा नगरमें रहा हुआ पिहिताश्रव नामा मुनिका शिष्य, बुद्धकीर्ति जिसका नाम था, सो एकसमय सरयूनदीमें बहुत पानीका पूर चढ़आया तिस नदीके प्रवाहमें बहुतसे मरे हुये मच्छ बहते २ कांठे ऊपर आ लगे, तिनको देखके तिस बुद्धकीर्त्तिने अपने मनमें ऐसा निश्चय किया कि स्वतः अपने आप जो जीव मरजावे तिसके मांस खानेमें क्या पाप है ? ऐसा विचार करके उसने अंगीकारकी हुई प्रव्रज्याव्रतरूप छोड़दी अर्थात् पहले अंगीकार कियेहुये धर्मसे भ्रष्ट होकर मांसभक्षण करा और लोकोंके आगे ऐसा अनुमान कथन करा. मांसमें जीव नहीं है, इसवास्ते इसके खानेमें पाप नहीं लगता है. फल दही दूध मिसरी सक्कर की तरह तथा मदिरा पीनेमें भी पाप नहीं है. ढीला द्रव्य होनेसे जलकी तरह. इसतरह-की प्ररूपणाकरके उसने बौद्धमत चलाया और यह भी कथन करा. कि–सर्वपदार्थ क्षणिक हैं, इसवास्ते पापपुण्यका कर्त्ता और है और भोक्ता और है यह सिद्धांत कथन करा. स्वामी आत्माराम स्वेताम्बरी साधु अपने बनाये अज्ञानतिमिरभास्कर और अन्य-पुस्तकोंमें, और पंडित शिवचन्द्रदिगम्बरी अपनी प्रश्नोत्तरदीपिकामें बौद्धधर्मके विषयमें दर्शनसारकी इस कथाका पमाण देते हैं और इस समयके प्रायः अन्य सब पंडित भी इसमत (खयाल) को पुष्ट करनेके लिये इसी कथाका प्रमाण देते हैं और कहते हैं कि बुद्ध वास्तवमें जैनसाधु था, जिसने ज्ञानभ्रष्ट होकर मांसकी प्रशंसा की और रक्तांबर (लालवस्त्र) पहनकर अपना मत चलाया ॥

अब महाशयो ! आप देखें कि ब्राह्मणोंके ग्रंथोंमें व्यासमुनिके समयतक जैनियोको बौद्धमतकी शाखा कहीं भी नहीं बतलाया और यह वह समय था जब बुद्ध स्वयं विद्यमान था. बौद्धोंके शास्त्रोंमें जैनियोंको बुद्धके समयमें रहनेवाले अथवा ऐसा फिर्का लिखा है जो नवीन बुद्धोंसे बहुत पुराना है और जैनशास्त्रोंके अनुसार बुद्ध एक जैनसाधु पिहिताश्रवका शिष्य था. फिर क्योंकर जैनी बौद्धोंकी शाखा समझे जासक्ते हैं वेबर (Weber), विल्सन (Wilson) और अन्य अंग्रेज विद्वानोंने हमको बौद्धोंकी शाखा बतलाया है तो क्या उन्होंने हमारे साथ अन्याय नहीं किया ? अवश्य कियाहै.

फिर भी हम जैनी उनकी इस भूलकी उपेक्षा करसक्के हैं क्योंकि वे जल्दीमें ऐसा लिख गये. अतएव वे बडे विद्वान हैं हमको चाहियेकि जो कुछ उन्होंनें हमारे विषयमें कहा है वा लिखा उसको हम भूल जांय. यद्यपि जो कुछ उन्होंने लिखा है उसमें उनका कुछ दोष नहीं है क्योंकि उन्होंने जल्दीमें ऐसा लिख दिया और इसकी जांच न कर पाये परन्तु तो भी लोग इन अंग्रेज विद्वानोंके लेखानुसार हमको बौद्धोंकी शाखा समझने लगगये हैं। ज्ञात होता है कि उन्होंने जैनमतकी प्राचीनता जाननेके लिये न तो जैनशास्त्र देखे न बौद्धोंके ग्रंथ पढे और न ब्राह्मणोंकी धर्मपुस्तके ही देखीं ॥

महाशयो ! मैं आपको एक बात और बतलाता हूं वह यह है कि हंटर (Hunter) साहब और कई अन्य महाशय बुद्धको महावीरस्वामीका चेला बतलाते हैं परन्तु जैनशास्त्रोंके अनुसार बुद्ध महावीरस्वामीका चेला नहीं था। जैनी उसको पिहिताश्रवका शिष्य बतलाते हैं. गौतमबुद्धके सिवाय एक गौतम इंद्रभुति था जो महावीरस्वामीका मुख्य गणधर और उनका चेला था. कई अंग्रेज विद्वानोंने जैसे कि कोलब्रूक (Colebrooke), स्टीवन्सन (Stevenson) मेजर डिलेवन (Major Delamaine) और डाक्टर हेमिल्टन (Dr, Hamilton) आदिनें इनदोनों गौतम बुद्ध और गौतम इंद्रभूतिको एक समझ लिया और चूंकि गौतम इन्द्रभुति महावीरस्वामीका शिष्य था. इसकारण उन्होंनें गौतमबुद्धको भी महावीर का चेला समझ लिया। जैनीलोग ऐसा कभी नहीं कहते उन्हीं लोगोंने ऐसा कहा है जिन्होंने गौतमबुद्ध और गौतमइन्द्रभूतिको एक समझ लिया फिर नहीं मालूम क्यों लोग यह जैनियोंकी ही गलती बतलाते हैं। जैनी तो यह कहते हैं कि बुद्ध पिहिताश्रवका चेला था।

बुद्ध महावीरस्वामीका शिष्य नहीं था.

महाशयो ! एकबात और है जिससे यह मालूम होता है कि जो कुछ जैनशास्त्रोंमें लिखा है, वह बौद्धग्रंथोंमें एकतरह पर ऐसा मिलता है कि आश्चर्य होता है। मैं उपर कहचुका हूं कि बौद्धग्रंथोंमें लिखा है कि महावीरस्वामी उन छह तीर्थक उपदेशकोंमेंसे एक थे जो बुद्धके विरुद्ध उपदेश करते थे अर्थात् बौद्धमतके लोगकहते हैं कि बुद्ध और महावीर एकही समयमें हुए जैन शास्त्रोंमेंभी ऐसा ही लिखा है।

बुद्ध, महावीर स्वामीके समयमें हुवा.

ऊपर यह कहा गया है कि बुद्धकीर्त्ति पिहिताश्रवका चेला था और पिहिताश्रव पार्श्वनाथके तीर्थमें हुआ। स्वामी आत्मारामजी कवलागच्छकी पट्टावलीका पता स्वामी पार्श्वनाथसे लेकर नीचे लिखीहुई भांति लगाते हैं.

श्रीपार्श्वनाथ.
श्रीशुभदत्तगणधर

श्रीहरिदत्तजी.
श्रीआर्यसमुद्र.
श्रीस्वामीप्रभसूर्य.
श्रीकेशीस्वामी.

फिर वे हमको यह भी बतलाते हैं कि पिहिताश्रव स्वामीप्रभसूर्यके साधुओंमें से एक था। उत्तराध्ययनसूत्र और दूसरे स्वेताम्बरीय जैनग्रंथोंसे हमको मालूम होता है कि केशी पार्श्वनाथकी मंडलीमें से था और महावीरस्वामीके समयमें विद्यमान था. चूं कि बुद्धकीर्ति पिहिताश्रवका चेला था. और पिहिताश्रव प्रभस्वामीका चेला था इसकारणसे बुद्धकीर्ति महावीरस्वामीके समयमें हुआ होगा ॥

धर्मपरीक्षासे, जो स्वामी अमितगत्याचार्यने सम्वत् १०७० में बनाई हमको मालूम होता है कि पार्श्वनाथ के चेले मौंडिलायनने महावीरस्वामीके साथ वैर रखनेके कारण बौद्धमत चलाया। उसने शुद्धोदनपुत्र बुद्धको परमात्मा समझा. यह सब कालदोषके कारण हुआ।

रुष्टः श्रीवीरनाथस्य तपस्वी मौंडिलायनः। शिष्य श्रीपार्श्वनाथस्य विदधे बुद्ध दर्शनम् ॥ ६८ ॥

शुद्धोदनसुतं बुद्धं परमात्मानमब्रवीत्। प्राणिनः कुर्वते किं न कोपवैरिपराजिताः ॥ ६९ ॥

(धर्मपरीक्षा अ० १८)

अर्थः—पार्श्वनाथभगवानका शिष्य एक मौंडिलायननाम तपस्वी था. उसने महावीरस्वामीसे बिगड़कर बौद्धमतको प्रगट किया। उसने शुद्धोदन राजाके पुत्रको बुद्धपरमात्मा मानलिया सो ठीक ही है कोपरूपीवैरीसे पराजित होकर संसारीजीव क्या २ नहीं करते।

यहां प्रथमश्लोकमें जो शिष्यशब्द आया है उसका अर्थ शिष्यका शिष्य कहना चाहिये। महावग्ग (पूर्वकी पवित्रपुस्तकोंकी जिल्द १३, पृष्ठ १४१–१५० Sacred Books of the East Vol. XIII pp 141—150) में लिखा है कि मौंडिलायन और सारिपुत्त संगयपरिव्राजक (घूमनेवाले तपस्वी) के साथी थे। यद्यपि संगयने उनको रोका परन्तु उन्होंने न माना और बुद्धके पास जाकर उसके चेले होगये। चूंकि धर्मपरीक्षामें ऐसा लिखा है कि मौडिलायन पार्श्वनाथके चेलेका चेला था. इसलिये यह संगय जो मौंडिलायनका गुरु था अवश्य जैनी होगा और केशीकी तरह पार्श्वनाथकी मंडलीमें होगा. अब चूंकि मौंडिलायन महावीरस्वामीके समयमें था और उनसे वैर रखता था और स्वयं बुद्धका चेला भी था. इसलिये महावीर और बुद्ध

दोनों अवश्य एक ही समयमें मौजूद होंगे परन्तु ऊपर लिखे हुये दो जैनशास्त्र और श्रेणिकचरित्रके देखनेसे ऐसा मत मालूम होता है कि जब महावीर स्वामी अर्हंत हुये उसके पहिले ही बुद्धनें अपने नये मतका उपदेश देना शुरू करदिया था। चूंकि हमको मालूम है कि मौडिलायनने बौद्धमत कदापि नहीं चलाया. इस लिये धर्मपरीक्षाके श्लोकका यह अर्थ करना चाहिये कि मौडिलायनने बुद्धको बौद्धमतका प्रचार करनेमें दूसरोंसे अधिक सहायतादी, इस बातकी सचाई बौद्धग्रंथोंसे भी जाहिर होती है क्योंकि मौडिलायन और सारिपुत्त बुद्धके दो बडे शिष्य थे ॥

जैनियोंकी विशेष प्राचीनता.

अब हम जैनियोंकी प्राचीनताका और भी पता लगाते हैं। कई अंग्रेज विद्वान् जैसे कि कोलब्रुक (Colebrooke), बुहलर (Bühler), और जैकोबी (Jacobi) इत्यादि कहते हैं कि जैनमत ब्राह्मणोके मतसे निकला है और इसको स्वामीपार्श्वनाथने चलाया है. अब हम देखते हैं कि यह बात सत्य है या नहीं। हम इन विद्वानोंको और खासकर बुहलर और जैकोबी (Buhler & Jacobi) को धन्यवाद देते हैं; उन्होंने हालमें जो अद्‌भुत और आश्चर्य पैदा करनेवाली बातें प्रगट की हैं उन सबकेलिये हम उनके कृतज्ञ हैं. परन्तु जब हम देखते हैं कि वे जैनमतको ब्राह्मणोंके मतमे निकलाहुआ और पार्श्वनाथका चलाया हुआ बतलाते हैं तो हमको बड़े दुःखसे यह भी कहना पड़ता हे कि वे हमारे साथमें बड़ा अन्याय करते हैं। उनका ऐसा कहनेसे केवल यह समझा जायगा कि वे नीचे लिखी कहावतके अनुसार काम करते हैं कि "भाड़मेंसे निकालकर भट्टीमें डाल दिया" क्योंकि वे हमको एक दुःखसे निकालते हैं और दूसरेमें पटकते हैं, जैनमतके विषयमें वे वैसाही वर्ताव करतेहैं जैसा कि लेसन (Lassen), वेबर (Weber) बार्थ (Barth), और विलसन (Wilson) ने किया है, इन्होंको यह देखकर बडा आश्चर्य हुआ कि जैनमत बौद्धमतसे बहुत मिलता है और चूंकि वे जैनमतका हाल नहीं जानते थे. इसवास्ते वे यह समझने लगे कि जैनमत बौद्धमतकी एक शाखा है। बुहलर (Bühler) और जेकोबी (Jacobi), अंग्रेज विद्वानोंको भी यह बात देखकर कि जैनमत और ब्राह्मणमत एक दूसरेसे मिलते हैं. बड़ा आश्चर्य हुआ और चूंकि उनको भी जैन मतका पूरा २ हाल मालूम नहीं था. इसलिये उन्होंने भी यही समझलिया कि जैनमत ब्राह्मणमतकी शाखा है। परन्तु क्या हमको फिर यह न बतलाना चाहिये कि उन्होंने इस सम्मतिके देनेमें बहुत शीघ्रता की. उनको उचित था कि जबतक जैनमतका पूरा २ हाल न जान लेते तबतक अपनी राय न देते। ये दोनों विद्वान् जानते हैं कि उनको स्वयं बौद्धमतके ग्रंथोसे ही यह बात मालूम हुई है कि जैनमत बौद्धमतकी शाखा नहीं है, उनको मालूम है कि बौद्धमतके ग्रंथोंमें यह नहीं लिखा है कि जैनमत बौद्धमतके पीछेका है बल्कि यह लिखा है कि यह निर्ग्रंथोंका

मत है जो इससे भी पहले मौजूद था। उनको चाहिये कि वे हिन्दू शास्त्रोंको पढें और देखें कि जैनमतकी प्राचीनताके विषयमें उनको क्या २ प्रमाण मिलते हैं॥

अब हम इस बातकी जाच करते हैं कि जैनमत ब्राह्मणोंके मतसे निकला है या यह भी पुराने भारतवर्षमें इसी तरह पर पैदा हुआ जैसा कि ब्राह्मण मत.

जैनमत ब्राह्मणमतसे नहीं निकला बल्कि दोनों पुराने भारतवर्षके एकही वायुमंडलसे निकले हैं

महाशयो ! मुझको यहां यह कहनेकी आज्ञा दीजिये कि लोगोंको पुराने भारतवर्षका गलत हाल मालूम हुवा है। आप यह कदापि न समझें कि मैं यह बात इसतरहपर कहता हूं जैसे कि कोई अहंकारी विद्वान कहता हो। मैं न तो कोई विद्वान ही हूं और न विद्वान की परछांई। किंतु मैं एक तुच्छ विद्यार्थी हूं और इस विषयमें मेरा अभ्यास भी बहुत कम हुवा है। कप्तान सी.ई. लुआर्ड (Captain C. E. Luard) साहब मध्य प्रदेशकी मनुष्यगणनाके अफसर हैं. उन्होंने कुछ दिन हुये कि जे डब्ल्यू. डी. जोनस्टनसाहब बहादूर ऐफ आर जी. ऐस् (J. W. D. Johnstone, F. R. G. S.) की मार्फत (जो ग्वालियर रियासतके कुल विद्याके महकमेके मालिक हैं. और जो मर्दुमशुमारीके अफसर भी थे)कुछ सवालात मेरेपास भेजे. मैंने अपने मित्रोंकी सहायता से उन प्रश्नोंका उत्तर तो दिया परन्तु साथ ही मेरे मनमें यह इच्छा पैदा हुई कि जैनमतकी प्राचीनताका खोज लगाना चाहिये. उससमय से हमने इसविषय की ओर ध्यान दिया और जो कुछ हमने अबतक पढ़ा है उससे मैं कहता हूं कि पुराने भारतवर्षका हाल जाननेमें लोगोंने बहुत गलती की है। यह विमर्ष मेरे चित्तमें उत्पन्न हुआ है और मैं उसको छिपाना नहीं चाहता। मनुष्य बहुधा समझते हैं कि पुराने भारत वर्षमें ब्राह्मणोंके मतके सिवाय और कुछ नहीं था परन्तु वे यह नहीं बतलाते कि ब्राह्मणमत किसको कहते हैं। यदि उन लोगोंका यह मतलब है कि ब्राह्मणमत हरवस्तुको कहते हैं जो पुराने भारतवर्षमें प्राचीनकालमें मौजूद थी तो उनकी कल्पना सत्य होसक्ती है, परन्तु यदि उनका मतलब यह है कि ब्राह्मणमत वैदिकमतको या वैदिकयज्ञोंके मतको कहते हैं तो हम नहीं जानते कि वे इसबातके समझनेमें क्यों दोषी नहीं हैं कि पुराने भारतवर्षमें ब्राह्मणोंके मतके सिवाय और कुछ नहीं था। पुराने भारतवर्षमें केवल वैदिकयज्ञ ही नहीं थे। इसमें सन्देह नहीं कि उस समयमें ऐसे मनुष्य भी थे जो कहते थे कि—

लोगोंको पुराने भारतवर्षका यथार्थ हाल मालूम नहीं हुआ.

'अग्नीषोमीयं पशुं हिंस्यात्'

अर्थ—पुरुषको ऐसे पशुओंका वध करना चाहिये जिनके देव अग्नि और सोम हैं। परन्तु उसी समयमें ऐसे आदमी भी थे जो कहते थे कि—

'मा हिंस्यात्सर्वभूतानि.'

अर्थ-किसी जीवकी हिंसा मत करो. और ऐसे भी मनुष्य थे जो निम्नलिखित उपदेश देते थे किः—

न स्वर्गो नापवर्गो वा नैवात्मा पारलौकिकः ।
नैव वर्णाश्रमादीनां क्रियश्चफलदायिकाः ॥
अग्निहोत्रं त्रयो वेदास्त्रिदण्डं भस्मगुण्ठनम् ।
बुद्धिपौरुषहीनानां जीविका धातृनिर्मिता ॥
पशुश्चेन्निहतः स्वर्गं ज्योतिष्टोमे गमिष्यति ।
स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्न हिंस्यते ॥
मृतानामपि जन्तूनां श्राद्धं चेत् तृप्तिकारणम् ।
गच्छतामिह जन्तूनां व्यर्थं पाथेयकल्पनम् ॥
स्वर्गस्थिता यदा तृप्तिं गच्छेयुस्तत्र दानतः ।
प्रासादस्योपरिस्थानामन्नं कस्मान्न दीयते ॥
यावज्जीवेत् सुखंजीवेदृणंकृत्वा घृतं पिबेत् ।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः ॥
यदि गच्छेत् परंलोकं देहादेशविनिर्गतः ।
कस्माद्भूयो न चायाति बन्धुस्नेहसमाकुलः ॥
ततश्चजीवनोपायो ब्राह्मणैर्विहितस्त्विह ।
मृतानाप्रेतकार्याणि नत्वन्यद्विद्यते क्वचित् ॥
त्रयोवेदस्य कर्तारो भांडधूर्तनिशाचराः ।
जर्फरीतुर्फरीत्यादिपंडितानां वचःस्मृतम् ।
अश्वस्यात्रहिशिश्नं तु पत्नीग्राह्यं प्रकीर्तितम् ॥
भण्डैस्तद्वत्परश्चैव ग्राह्यंजातंप्रकीर्तितम् ॥
मांसानां स्वादनं तद्वन्निशाचरसमीरितमित्यादि ॥

अर्थ—न कोई स्वर्ग है न मोक्ष है और न परलोक है जिस्में फिर जन्म होता हो, और न चारों वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, और शूद्र) और आश्रमादि (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वाणप्रस्थ और सन्यास) का कोई सचमुचमें फल प्राप्त होता है। अग्निहोत्र, तीनवेद (ऋक, यजु और साम), (तीनदंड) और शरीरपर भस्मलगाना । ईश्वरने ऐसे मनुष्योंके लिये ही जीविका बनाई है जिनमे न तो बुद्धि है और न पौरुष (हिम्मत) हैं । यदि यह बात सत्य है कि जो पशु ज्योतिस्टोमयज्ञमें माराजाता है वह स्वयं स्वर्गमें चलाजाता है तो फिर क्या कारण है कि यज्ञकरनेवाला अपने पिता की बलि नहीं देवे जिससे वह भी स्वर्गमें चला जाय ? यदि मरेहुये मनुष्य की श्राद्धसे तृप्ति (तसल्ली) हो जाती है तो फिर मुसाफिरोंका रास्तेके वास्ते भोजन

लेजाना बिल्कुल बेफायदा है। यदि श्राद्धकरनेसे देव संतुष्ट होते हैं तो फिर जो मनुष्य मकानकी छतपर बैठे हैं उनको नीचेसे भोजन क्यों नहीं देते? मनुष्यको चाहिये कि जबतक शरीरमें प्राण रहे, तबतक सुखसे रहै और शरीरको घी दूध इत्यादि वस्तुओंसे पुष्ट रक्खै. चाहे ऋणी (कर्जदार) भले ही होजाय. जब एकबार शरीर भस्म होजाता है तो फिर वह कैसे मिलसक्ता है? अगर यह बात सत्य है कि देहसे निकलकर जीव परलोकमें जाता है तो वह भाईबन्धोंके स्नेहसे व्याकुल होकर फिर क्यों नहीं लौट आता? इसकारण ब्राह्मणोंने मरेहुये मनुष्योंकेलिये जो श्राद्धादि बना रक्खे हैं वह केवल अपनी जीविका पैदा करनेके लिये ही बनाये हैं. इनसे और कुछ मतलब नहीं है और न इनसे कहीं कोई दूसरा फलही प्राप्त होता है, तीनों वेदों के बनानेवाले भांड ठग और राक्षस थे और पंडितोंके ऐसे प्रतिष्ठित कुलमेंसे थे जैसे कि जर्फरी तुर्फरी इत्यादि। अश्वमेधमें जिन २ बुरे काम करने की आज्ञा रानीको दी है वे सब और पुरोहितोंको कई प्रकारकी दक्षिणा देना भांडोंने चलाई है और मांसभक्षणकी निशाचरों [राक्षसों] ने आज्ञा दी है.

[सर्वदर्शन संग्रहपृष्ठ ६–७ कलकत्तेकी छपी]

नये आराम तलब मनुष्य जो वेदकी निन्दा करते थे चार्वाक थे। डाक्टर राजेन्द्र लालमित्रने योगसूत्रपर एक पुस्तक बनाई हैं. उसकी भूमिकाके १० पृष्ठमें कहते हैं कि सामवेदमें एक सन्यासीका वर्णन आया है जिसने वेदकी निन्दा की थी और जिसका धन भृगुको देदिया गया था। वह यह भी कहते हैं कि ऐतरेय ब्राह्मण नामक पुस्तकमें लिखा है कि ऐसे कईयतियोंको यह दंड दिया गया था कि वे शृगाल अर्थात् गीदड़ोंके सामने फेंक दिये गये थे।

ऋग्वेदके तीसरे अष्टक अध्याय ३ वर्ग २१ ऋचा १४ में उन मनुष्योंका कथन आया है जो कीकट, वा मगधमें बसते थे और जो यज्ञ और दान आदिको बुरा बतलाते थे–

किंतेकृण्वंतिकीकटेषु गावोनाशिरंदुन्हेनतपन्तिधर्मम्।
आनोभरप्रमगन्दस्यवेदोनैचाशाखंमघवबंधयानः॥

सायनभाष्य–हे इन्द्रकीकटेषु अनार्यनिवासेषु जनपदेषु यज्ञा कृताभिर्यागदान होमलक्षणाभिः क्रियाभिः किं फलिष्यतीत्यश्रद्दधानाःप्रत्युतपिवतखादततायमेवलोकोनपरइतिवदन्तोनास्तिकाः कीकटास्तेषुगावस्तेतवकिं कृण्वंति नकचित्तवोपयोगं कुर्वंतीत्यर्थःअनुपयोगंदर्शयति आशिरं सोममिश्रणयोगं पयः न दुन्हेन दुहंति किंचधर्मं प्रवर्ग्याख्यकर्मोपयुक्तं महावीरपात्रं स्वयः प्रदानद्वारेण नतपन्तिनदीपयंति एतेनसात्रां व्याद्यर्थमपिनोपयुज्यन्तइत्यपिसूचितं भवति एवंकचिदपि वैदिककर्मणि अनुपयुक्ता-

स्ताः गाःनोस्मभ्यमाभरआहरनकेवलं ताएवकिंतर्हि प्रमगंदस्य द्वैगुण्यादिलक्षणपरिमा-णंगतोर्थामामेवगमिष्यतीतिबुद्ध्या परेषांददातीति प्रमगन्दोवार्धुषिकातस्यपित्र्यं पुत्रादिः प्रमनन्दःप्रस्कण्वादिवदपत्यार्थः प्रशब्देनद्योत्यते तस्यात्यन्तकुसीदिकुलस्य वेद्योधन माहर किंच हेमघवन्धनवन्निन्द्रनैचरशाखंनोचापुशूद्रयोनिषुउत्पादिताः शाखाःपुत्रपौत्रादिपरम्परायेनसचाशाखःशूद्रापत्यैश्चकेवलैः शूद्रावेदीपततयइति चर्चेपातकहेतुत्वेनस्मरणात् तस्य संबधिधनंनैचाशाखांतद्धनंनोऽस्मभ्यं रन्धयसाधयएतेषां यद्धनं तव नोपयुज्यतेऽस्मदायत्तं तु तद्धनं यागादिद्वारातवोपयुज्यते तस्मात्तदस्मभ्यं प्रयच्छेतिभावः (भाव) ॥

अर्थ—हे इन्द्र जिनमें अनार्य लोग रहते हैं ऐसे देशोंमें अथवा जो पुरुष ऐसा कहते हैं कि यज्ञादि दान करनेसे क्या फायदा होता है? अपनी इच्छानुसार आहार बिहार करना चाहिये. ऐसे नास्तिकोंके पास जो गायें हैं उनसे तुह्मारा क्या फायदा निकलता है क्योंकि वे लोग सोमरसमें मिलानेके योग्य उनका दूध कभी नही दुहते. इसकारण किसी वैदिक कर्ममें न आनेवाली गायें तुम हमको दो, और जो पैसा उधार देकर दुगुना पैसा करते हैं और तुमारे काममें उस पैसेको नहीं लाते उनके पैसेको भी तुम हमको दो इसी तरह नीच शाखाओंमें उत्पन्न हुये पुरुषोंका जो धन हैं, वह भी हमको दो. क्योंकि उनका धन तुम्हारे काममें नहीं आता. और हमारा धन यज्ञादि द्वारा तुम्हारे काममें आता है।

फिर महाशयो! पुराने भारत वर्षके सबलोग व्यासमुनिके न्यायके ही पक्षपाती नहीं थे, न वे सब एक नपुंसक ब्रह्मपर विश्वास करते थे. वल्कि उनमेंसे बहुतसे ऐसे भी थे जो कपिलकी तरह कहते थे—

"ईश्वरासिद्धेः" (सांख्यदर्शन अ० १ सूत्र ९२)

अर्थ—ईश्वर सिद्ध नहीं हुआ हैं.

ऋग्वेदमंडल ८ अध्याय १० सूक्त ८९ ऋचा ३ में भार्गवनामी ऋषि कहते हैं कि कोई इन्द्र नहीं है और न किसीने उसको देखा है, जब इन्द्र ही नहीं है तो हम किसकी स्तुति करें? यह केवल लोगोंका वृथा कहना है कि इन्द्र भी कोई है यथार्थमें कोई इन्द्र नहीं हैं—

"नेन्द्रोस्तीतिनेमउत्व आह कई ददर्शकमभिष्ट वाम" ॥ ३ ॥

सायनभाष्य—इन्द्रोऽस्तित्वेकः सन्देहः । तत्राह—नेमउभार्गवोनेम एवेन्द्रोमामत्वः कश्चिन्नास्तीत्याह । तत्र कारणं दर्शयति । कईमेनमिन्द्रं ददर्श अद्राक्षीत् । न कोप्यपश्यत् । अतः कस्यमभिष्टवाम अभिष्टुमः । तस्मादिन्द्रोनामकश्चिद्विद्यते इति ।

ऋचा ४ में इन्द्र अपनी सत्ताको (होनेको) प्रामाणिक करनेका उद्योग करता है। और कहता है कि मैं अपने शत्रुओंका नाश करता हूं.

"अयमस्मि जरितः पश्यमेह विश्वाजातान्यभ्यस्मिमहा
ऋतस्यमाप्रदिशोवर्धयन्त्यादर्दिरोभुवनादर्दरीमि" ॥ ४ ॥

सायनभाष्य—एवं नेमस्य ऋषेर्वचनमाकर्ण्य इन्द्रस्तस्य समीपमाजगाम। आगत्य चात्मानमनेनर्चेनस्तौति। हे जरितः हे स्तोतः अयमहमस्मिः इह तव समीपे स्थितं मां पश्य, विश्वा सर्वाणि जातानि भुवनानि महा महत्वेन अभ्यस्मि अहमभिभवामि। किंच मामां ऋतस्य सत्यस्य यज्ञस्य त्वामदिशः प्रदष्टारो विद्वांसः स्तोत्रैर्वर्धयन्ति अपि च आदर्दिरः आदारणशीलोऽहं भुवना भुवनानि शत्रुभूतानि दर्दरीमि भृशं विदारयामि।

अर्थ—हे नेम मैं यह हूं तु मुझको अपने पास खड़ा हुआ देख, मैं सब लोकोंको अपने तेजसे जीतता हूं, मुझको विद्वान् लोग स्तोत्रोंसे खुश करते हैं. मैं आदरके योग्य हूं और शत्रुओंका सब जगह नाश करता हूं।

मंडल २ अध्याय २ सुक्त १२ ऋचा ५ में गृत्समद ऋषि कहते हैं कि, ऐसे भी मनुष्य हैं जो कहते हैं कि कोई इन्द्र नहीं है. परंतु यथार्थमें इन्द्र है.

"यस्मापृच्छन्ति कुहसेति घोरं मुतें साहुर्नैषोअस्तीत्येनं सो अर्यः पुष्टीर्विज इवामिनातिश्रदस्मैधत्तसजना स इन्द्रः ॥ ५ ॥

सायनभाष्य—अपश्यन्तो जनाघोरं शत्रुणांघातकं यंपृच्छन्तिस्मकुहेसति, सइन्द्रः कुत्रवर्तत इति सेति "सोचिलोपेचेत्पादपूरणम्" इति सोर्लोपे गुणः। न क्वचिदसौ तिष्ठतीतिमन्यमानाजन एनमिन्द्रमाहुः "एष इन्द्रो नास्तीति" तथाच मंत्रे—नेन्द्रोअस्तीति नेमउत्वआहेति" ईमिति पूरणः। उज्ञापिच स इन्द्रो विजइव। इवशब्दसवार्थे। उद्वेजकएवसन्अर्योअरेः सम्बन्धिनीः पुष्टीः पोषकाणि गवाश्वादीनिधनानि आमिनातिसर्वतोहिनास्ति। मीङ हिंसायाम् " मीनातेर्निगमे " इति ह्रस्वः। तस्माच्छ्रदस्माइन्द्राय धत्त स इन्द्रोऽस्तीतिदृश्यते तथापि अस्तीतिविश्वासं कुरुतः एवं निर्धारण महिमोपेतः स इंद्रोनाह मिति०—

अर्थ—मूर्ख लोग यह समझकर कि "इंद्र कहां है और वह कहीं नहीं है" कहते हैं कि इंद्र नहीं है विचारवान् पुरुष कहते हैं कि वह शत्रुओंकी गाय आदि धनका नाश करता है. इसलिये उसका होना जाना जाता है. उसपर विश्वास करो वह इंद्र मैं नहीं हूं।

फिर पुराने भारतवर्षमें ऐसे मनुष्य थे जो यह विश्वास करते थे कि पुनर्जन्म अवश्य होता है, और ऐसे भी थे जो इसका खण्डन करते थे।

बार्थ (Barth) साहब कहते हैं कि ब्राह्मण ग्रंथमें कई स्थानपर इसबातकी चर्चा आई है, कि वास्तवमें दूसरा जन्म होता है या नहीं।

ऋग्वेद अष्टक ६ अध्याय ४, वर्ग ३२ ऋचा १० में अर्हद्दशवेंकनाट अर्थात् असुरोंका वर्णन है, जो इस जन्ममें सूर्य्यको देखते हैं परन्तु दूसरे जन्ममें ऐसे लोकमें जायंगे जहां अंधकार छाया हुआ है—

कदुमहीर धृष्टा अस्यत विषीः कदु वृत्रघ्नो अस्तृतम्।
इन्द्रा विश्वान्वेकनायं अर्हद्दशउतक्रत्वा पणी रंभा॥ १०॥

सायनभाष्य—कदु कदा खल्वस्येन्द्रस्यत विषीर्वलानि महीःमहान्ति अधृष्टाःअधृष्टान्य धर्ष काण्यासन् कदु कदा नु खलु वृत्रघ्नो वृत्रहन्तुरिन्द्रस्य हन्तव्य मस्तृतं अहिंसितं अभवत् न कदाचिदित्यर्थः। अथवास्य महान्ति बलानि सेना लक्षणानि कदाप्य धृष्टानि अन्य बलैरहिंसितानि तथा वृत्रघ्नः शारीरं बलं अस्तृत मन्यैरहिंस्यं ईदृशेन द्विविधेन बलेनेंद्रोविश्वानसर्वानवेंकनाटानअनेनकुसीदिनो वृद्धिजीविनोवार्धुषिकाउच्यन्ते कथंतद्युत्पत्तिः वे इति अपभ्रंशोद्विशब्दार्थं एकं कार्षापणमृणिकायप्रयच्छन्द्वौमह्यंदात ध्यौनपेनदर्शयति ततोद्विशब्देनैकशब्देनचनाटयंतीतिवेंकनाटाःतानहर्दृशःअहःशब्देन तदुत्पादक आदित्यो भिधेयो भवति तं पश्यन्तीत्यहर्दृशः। ननु सर्वे सूर्यं पश्यन्ति कोत्रातिशय इति उच्यते इहैव जन्मनिसूर्यं पश्यंन्ति न जन्मान्तरे लुब्धका अपष्टागेन्धेतमसि मज्जन्ति। अथवा लौकिकान्येवाहानि पश्यंति पारलौकिकान्यदृष्टानि दृष्टप्रधाना हि नास्तिकाः अतः ईदृशान् पणीन पणिसदृशान् शूद्रकल्पान् उतशब्द एवार्थेक्रत्वोतकर्मणैवताडनादि व्यापारेणैवाभिभवतीति शेषः। यद्वा पणी नुत पणीनेवाभि भवति नयष्टारं। पणीनानिन्दास्मर्यते—गोरक्षकानापणिकांस्तथाचकारुशीलकान्। प्रेष्यान्वाधुषिकांश्चैवविप्रान् शूद्रवदाचरेत् इति॥

अर्थ—इन्द्रकी बडीसेना अन्योको घर्षण न करनेवाली कब हुयी और वृत्रके मारनेवाले इन्द्रके मारने योग्य जो पुरुषथे वे उससे न मारेगये ऐसा भी कब हुवा अर्थात् कभी नही? अथवा इन्द्रकी सेनाका घर्षण कभी किसीसे भी नही कियागया, और इन्द्रके शारीरिक बलको भी कभी किसीने बाधित नही किया, ऐसे दोप्रकारके बलसे इन्द्रने सबवेंकनाटोंको (इससे व्याज बट्टेसे जीनेवाले लोग लिये जाते हैं. व्युत्पति इसप्रकार है. वे यह अपभ्रंश दो के अर्थमेंहै.एक कार्षापण उधारलेनेवालेकोदेकर दो मुझेदेना ऐसे उधारदेनेवाले लोग कहते है. तथाच द्विशब्दसे और एकशब्दसे जो व्यापार करते हैं,वे वेंकनाट कहलाते हैं) जो अहर्दश हैं। अहःशब्दसे दिनका करनेवाला सूर्य कहाजाता है, अर्थात् जो सूर्यको देखते हैं यहां शंका होती है कि सूर्यको तो सभी देखते हैं इस कहनेमें विशेष क्या हुवा इसके उत्तरमे कहते हैं—कि इसी जन्ममें सूर्यको देखते हैं दूसरे जन्ममें

नहीं सो भी यज्ञ न करनेवाले अन्धतमसमें गिरते हैं. अथवा लौकिक दिनोंको ही देखते हैं पारलौकिकोंको नहीं देखते क्योंकि नास्तिकोंके दृष्टप्रधान है और शूद्रतुल्य हैं ताड़नादि व्यापारसेही अभिभूत करता है।

ये नास्तिक थे जो परलोकको नहीं मानते थे क्योंकि वे कहते थे कि हमने उसको नहीं देखा है॥

जैनशास्त्रोंमें पुराने भारतवर्षकी दशा ठीक २ दर्शाई गई है, उनमें लिखा है कि जब दिगम्बर ऋषि ऋषभ पृथ्वीपर यह उपदेश कररहे थे कि 'अहिंसापरमो धर्मः' अर्थात् किसीजीवको न मारना यही परम धर्म है, और अपनी निरक्षरी वाणीसे मनुष्य, देव और पशुओंका उपकार कर रहे थे, उससमय ३६३ पाखण्डी गुरुभी थे जो अपने २ मतोंका उपदेश कर रहे थे, उनमेंसे एक शुक्र वा बृहस्पति था जिसने चार्वाक मत चलाया। निस्संदेह हमको पुराने भारतवर्षकी यही ठीक २ दशा मालूम होती है । प्राचीनसमयमें तीसरे कालके अन्ततक एकमतका एकही उपदेशक नहीं था बल्कि ३६३ थे इससे भी अधिक थे जो अपने २ सिद्धांतोंका उपदेश करते थे, और जैसा उनको समझमें आता था वैसा इसलोक और इसजन्मको बतलाते थे।

जैनशास्त्रोंमें पुराना भारतवर्ष

पुरानें भारतवर्षके विषयमें जो ऊपर लिखा है उसको प्रोफेसर मैक्समूलर (Max muller) साहब और प्रायः करीबकरीब अन्य सब विद्वान् मानते हैं। सन् १८९९ ईस्वीमें जब उनकी अवस्था ७६ वर्षकी थी और जब उनके नेत्रोंकी ज्योति और न यादकरनेकी शक्ति ही वैसी रही थी जैसी कि २६ वर्षकी अवस्थामें थी और जब वह अपनी सहायताके लिये युवापुरुषोंसे आशारखते थे जैसेकी वह खुद अपनी युवा अवस्थामें अपने गुरु और अध्यापकोंकी हर्षपूर्वक सहायता करते थे यह श्रेष्ट विद्वान मैक्समूलर (Max muller) साहब लिखते हैं कि–

मैक्समूलर साहबकी राय

"कई शब्दोंके अनेक अर्थ होते हैं जैसे कि प्रजापति ब्रह्म वा आत्मा। यह अर्थ या तो उनशब्दोंने ग्रहण करलिये हैं या उनके लिये ये अर्थ उपयुक्त करते हैं। यदि हम यह समझें कि इन अर्थोंमें बराबरउन्नति होती रही है तो यह हमारी भूल है। जो कुछ हमको ब्राह्मण और उपनिषदोंसे भारतवर्षकी विद्या और उसके विद्वानोंके विषयमें हाल मालूम हुआ है उसके मुताबिक हम यह मानसक्ते हैं कि इसदेशमें चारों तरफ विद्याके वे अंत केन्द्र (मरकज़) थे. जिनमें किसी न किसी मतके बलवान पक्ष लेनेवाले होते थे"

छहों दर्शनोंके सूत्र जो एक दूसरेसे भिन्न हैं किसी प्रकार इसबातका दावा नहीं करसकते, कि वे कायदेके मुताबिक व्यवहारके पहले उद्यमको प्रगट करते हैं, बल्कि

मक्स मुलर साहबका षट्दर्शन Max (Muller's six systems of Philosophy)

वे यह जाहिर करते हैं कि कई पीढ़ियोंमें अलग २ विद्वानोंनें जो बातें दर्याफ्त की हैं उनका ये अंतिमसंग्रह है " । " राजा हर्ष और बौद्ध यात्रियोंके समयसे लेकर महा भारतके बनाये जाने, यूनानी हमला करनेवालोंकी साक्षी बौद्धोंकी त्रिपताका खुलासा वर्णन और अंतमें उपनिषद् और वेदोंके मंत्रोंके समयतक जहां तक हम भारतवर्षके विचारका पता लगासके हैं. हमको हरस्थान पर एकही चित्र दिखाई देता है. अर्थात् एक समाज जिसमें आत्मसम्बंधी अनुराग प्रबल और तेज मालूम होता है, और जिसमें लौकिक पदार्थके तरफ प्रेमकी बहुत न्यूनता है । एक ऐसा समाज जो विचारशीलोंका भुवन और तत्त्ववेत्ताओंका राष्ट्र है " ।

" जिन न्यायसम्बंधी युक्तियोंका भारतवर्षके विचारशीलोंने उपदेश दिया था उनके बडे समूहके बीचमें इन षट्दर्शनोंने जो एक दूसरेसे अलग २ हैं. अपने स्वत्व (मौजूदगी) को कायम रक्खा है "

" इस बातसे भी कि कई सूत्र दूसरे सूत्रोंका खण्डन करते हैं, और प्रमाण देते हैं यह स्वीकार करना पड़ता है, कि उससमयमें जो उनकी अंतिम अवस्थासे पहले था पृथक२ न्यायकी शिक्षाओंके साथही साथ उन्नति होती जाती थी " ।

" यद्यपि उपनिषद और ब्राह्मणोंमें एकही प्रकारका वर्णन है तो भी उनमें बडा विस्तार, नियमका अभाव और भांति २ की कल्पनायें हैं, जिनको अनेक आचार्य और शिक्षा पुष्ट करती हैं । मंत्रोंमेंभी हम यह बात देखते हैं कि विचार अलग २ हैं, और एक दूसरेके स्वाधीन हैं. यहांतक कि कभी २ तो स्पष्ट रूपसे उनसे पूरी २ अश्रद्धा और नास्तिकता प्रगट होती है । यदि हम यह चाहते हैं कि हमको षट्दर्शनोंकी इतिहास सम्बंधी उत्पत्ति और उन्नतिका ठीक २ हाल मालूम हो तो हमको चाहिये कि इन सब बातोंकी तरफ ध्यान दें "

"ऐसी २ रायें कि चार्वाक पहले समयमें मौजूद थे, हम कई मंत्रोंमें देखसक्ते हैं जिनमें बहुत वर्ष पहले मैंने शुरूके नास्तिक मतके अद्भुतचिन्ह बतलाये थे । बृहस्पतिके मतपर चलनेवालोंके कई सूत्र ऐसे हैं जिनसे यह बात प्रगट होती है कि उनके साथसाथ और दर्शन भी मौजूद थे । बार्हस्पत्य (बृहस्पतिके मत वा चार्वाकपर चलनेवाले) यह कहते हैं कि गोया वे औरोंसे ऐसेही मुख्तलिफ हैं । जैसे और उनसे पृथक हैं । मंत्र, ब्राह्मण और सूत्रोंमें वैदिक (कौत्स) मतपर विरोधके चिन्ह दिखाई देते हैं, और उनका अनादर करनेसे हमको पुराने भारत वर्षके धर्म्म, न्याय, युद्ध और युद्धस्थानोंका बिल्कुल उलटा ज्ञान हो जावेगा" ॥

महाशयो! यह राय प्रोफेसर मैक्स मूलर (Prof.MaxMuller) साहबने उसवक्त दी थी जब उनकी उम्र ७६ वर्षकी थी । मुझे अफसोस है कि मेरे लिये इसवक्त इतना समय

नहीं है कि मैं इस विषयमें विस्तारपूर्वक वर्णन करसकूं परन्तु जो कुछ थोडासा मैंनें आपके सामने कहा उससे आप आसानीसे जान सक्ते हैं कि लोगोंको पुराने भारतवर्षका कैसा मिथ्या हाल मालूम हुआ है पुराने भारतवर्षमें एकही मत वा फिलासिफी (Philosophy) नहीं थी बलिक अनेक मत और अनेक प्रकारकी फिलासफी थी जिनकी संख्या ३६३ या इससे भी अधिक थी, ठीक २ संख्या तो कौन बता सक्ता है? ऐसी दशामें आप यह कैसे कह सकते हैं कि जैनमत ब्राह्मण मतसे निकला है और यह बात भी कैसे कहसक्ते हैं कि जैनियोंने कपिल, कणाद, पतंजली, गौतम वा और दूसरे महात्माओंकी नकल की है।

पुराने भारतवर्षमें नकलकरना नहीं हैं

क्या यह संभव नहीं है कि प्राचीन समयमें ऐसे अनेक मतोंके पक्षपाती थे जैसे कि वेदांत. सांख्य जैन और चार्वाक इत्यादि जिनमेंसे बहुतसे हमेशाके लिये नष्ट होगये हैं। नकल करनेका खयाल बहुत आश्चर्य कारी है। जो मनुष्य यह कहते हैं कि जैनियोंने नकल की. उनको यह साबित करना चाहिये कि कब, किस प्रकार और किसने नकल की? वे अपनी कल्पनाओं (खयालों) से लोगोंके दिलोंमें क्यों भ्रम पैदा करते हैं?। पुराने भारतवर्षमें किसी प्रकारका नकल करना नहीं था. इसबातको हमारे विद्वान् प्रोफेसर मॅक्समूलर Prof. Max Muller साहब इस तरहपर पुष्ट करते हैं:—

मॅक्समूलर Max Muller साहबकीराय

"हमने जो यह कथन किया है कि पुरानेभारतवर्षमें तत्त्व ज्ञानसंबंधी विचार अत्यंत उन्नतिपर थे और किसी प्रकारकी रोक उनके लिये नहीं थी अगर यह बात सत्य है तो दूसरोंसे नकल करनेका खयाल जो हमारे दिलमें स्वभावहीसे बैठाहुआ है बिल्कुल अनुचित मालूम होता है। सचमुचमें कल्पनाओंका अद्भुत समूह था और कोई रोकनेवाली शक्ति नहीं थी और जहांतक हमको मालूम है न कोई ऐसी आम राय ही थी जो उसमें कायदा उत्पन्न करती। इसलिये जैसे हमको इस बातके कहनेका अधिकार नहीं है कि कपिलने बुद्धसे नकल की. वैसे ही हमको यह कहनेका भी अधिकार नहीं है कि बुद्धने कपिलसे नकल की. कोई पुरुष यह नहीं कहेगा कि हिन्दुओंको जहाज बनानेका खयाल फिनीशियावालों (Phœnicians) के जहाजोंको देखकर हुआ और स्तूपोंके बनानेका खयाल मिश्रदेशवालोंके स्तूपोंको देखकर हुआ जब हम हिन्दुस्तानका वर्णन करते हैं तो एक ऐसी सृष्टिमें होते हैं जो उस सृष्टिसे अलग है, जिसको हम यूनान, रूम और यूरोप (Europe) के अन्य मुल्कोंमें देखते हैं और हमको यह उचित नहीं हैं कि झटपट यह नतीजा निकाललें, कि चूंकि बौद्धमत और कपिलके सांख्य दर्शनमें एकसी ही राये पाई जाती हैं. इसलिये बुद्धने अवश्य कपिलकी नकल की होगी. अथवा जैसा कि कुछलोग मानते हैं

कपिलने बुद्धकी नकल की होगी, " यहबात भी हम दृढतासे कह सकते हैं कि भारतवर्षमें तत्त्वज्ञानसंबंधी विचारकी एक बडी भारी सामान्य पूंजी थी जो भाषाकी तरह किसी खास मनुष्यकी नहीं थी और जिसका हरएक विचारशील पुरुष वायुकी तरह श्वासलेता था. केवल इसी बिनापर यह कहा जा सकताहै कि हमको भारतवर्षके करीब २ सब न्यायदर्शनोंमें ऐसे खयालात मिलते हैं जिनको सब तत्त्वजाननेवाले अंगीकार करते मालूम होते हैं और किसी एक खास पुरुषसे संबंध नही रखते" ।

" इस विश्वासके सिवाय कि दुःखका उसके स्वभाव और उत्पत्तिकी जांच करनेसे नाश होसक्ता है और भी अनेक विचार हैं जिनका उस बहुमूल्य खजानेसे पता लगाना चाहिये जो भारतवर्षके हरएक बिचारशीलपुरुषके लिये खुला हुआ था. निस्सन्देह इन सामान्यविचारोंने मतोंके पृथक २ भेष धारण करलिये हैं परन्तु इससे हमको धोखा नहीं खाना चाहिये थोड़ासा ध्यान देनेसे हमको इसका प्रधानकारण मालूम होसक्ता है " ।

" जितना ज्यादा मैंने अनेक दर्शनोंको पढा उतनाही अधिक मुझको विज्ञानभिक्षु और अन्यपुरुषोंकी रायकी सचाईका विश्वास हुआ कि षट्दर्शनोंके भेद होनेके पूर्वकालमें जातीय वा सर्व प्रियतत्त्वज्ञानकी (फिलासफी Philosophy की) सामान्य पूंजी थी अर्थात् तत्त्वज्ञान संबंधी विचार और भाषाका बहुत दूर उत्तरदिशामें और भूतकालमें (बीतेहुये जमानेमें) एक मानसरोवर था, जिसमेंसे हरएक विचारवान पुरुषको अपने २ मनोरथके वास्ते ग्रहणकरनेकी आज्ञा थी " ॥

महाशयो! यहकथन प्रोफेसर मैक्समूलर (Max muller) साहबने उस वक्त कियाथा जब उनकीउम्र ७६ वर्षकी थी। शोक है कि यह महाविद्वान् जैनमतको नहीं पढ़सके उनकी सब उम्र वैदिक और बौद्धमतकी विद्याको प्रगट करनेमें व्यतीत हुई और उनको गरीब जैनमतके पढ़नेकेलिये समय नहीं मिलसका। यदि उन्होंने कहा है कि जैनमतको निर्ग्रंथ नातपुत्तने चलाया तो मैं खयाल करता हूं कि यह उन्होंने इस सबबसे कहा कि उन्होंने इसरायके ग्रहण करनेमें कोई क्षति (विघ्न) नहीं देखी । यह राय उनकी जैनमतकी प्राचीनता पर विचार करनेका नतीजा नहीं है परन्तु मुझको प्रसंग नहीं छोडना चाहिये मुझे यहां केवल यह बतलाना है कि पुराने भारतवर्षमें किसी प्रकार की नकल नहीं करना थी । अनेक ऋषियोंकी जीवनके विषयमें अनेक रायें थीं और जो दर्शन आप देखते हैं वे उन ऋषियों की रायोंका संग्रह हैं ॥

महाशयो ! मेरा यहां यहभी निवेदन है कि शब्द हिन्दूमत और ब्राह्मणमत जो प्रायः वैदिकमतके लिये व्यवहारमें आते हैं मुझको ठीक नाम नहीं मालूम होते । हिन्दूमत किसको कहते हैं ? हिन्दूओंका मत है परन्तु हिन्दू कौन हैं ? कहते हैं कि वे आर्य जो सिंधु नदीके किनारेपर बसते थे हिन्दू कहलाते हैं परन्तु क्या यह सब आर्य वैदिकमतके माननेवाले थे ? क्या उनमें ऐसे आर्य नहीं थे जो वैदिकमतको बुरा बतलाते थे और क्या उनमें जैन, चार्वाक और अन्य कईमतोंके (जो अब गुप्त होगये हैं) मनुष्य नहीं थे ? क्या इस आशय से हम हिन्दू नहीं हैं ? फिर केवल वैदिकमतको ही क्यों हिन्दूमत कहना चाहिये ? अब देखिये कि ब्राह्मणमत किसको कहते हैं, कि ब्राह्मणोंका मत सो ब्राह्मण मत है. परन्तु ब्राह्मणोंके मतसे क्या मतलब है ? वह मत जिसको ब्राह्मणोंने चलाया, या ऐसा मत जिसको ब्राह्मण मानते हैं । पहली हालतमें कोई ऐसा मत नहीं है जिसको ब्राह्मणोंने चलाया हो । हम देखते हैं कि क्षत्री भी बडे उपदेशक थे. बल्कि कई हालतोंमें ब्राह्मणोंसे भी बढ चढकर थे और कौन बतलासकता है कि क्षत्रियोंने उसमतके चलानेमें जो सिर्फ ब्राह्मणोंका मत कहलाता है क्या २ काम किये ? हम जानते हैं कि कृष्णका उपदेश और रामचंद्रजीका नमूना इस संसारमें हरएक पुरुषको उसके जीवन में धीरज बंधासक्ते हैं । कौन बतलासक्ता है कि राम और कृष्णके समान किन २ क्षत्रियोंने पुराने भारतवर्षमें उसमतके चलानेमें क्या २ किया जो अब ब्राह्मणोंका मत कहलाता है ॥

हिन्दूमत औरब्राह्मणमत यह दोनो नाम ठीक नहीं है.

यदि आप कहें कि ब्राह्मणमतसे वह मत समझना चाहिये जिसको ब्राह्मण मानते हैं तो इस हालतमें भी यह वैदिकमतको जाहिर नहीं करसक्ता (वैदिकमत केवल ब्राह्मणोंकेलिये ही नहीं है बल्कि द्विजन्मों अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्योंके लिये है ।

यदि आप कहें कि ब्राह्मणमत वह मत है जो ब्रह्मको जानता है तो आप यह नाम ऐसे हिन्दूदर्शनों पर जैसे कि सांख्य और पूर्वमीमांसा जिनमें ब्रह्म नहीं है कैसे लगासक्ते हैं ? इस कारण हिन्दूमत और ब्राह्मणमत मुझको गलतनाम मालूम होते हैं यदि आप इनको वैदिक मत, या फिलासफी (Philosophy) के लिये भी इस्तेमालमें लावें । प्राचीनकालमें कोई हिन्दूमत वा ब्राह्मणमत नहीं था परन्तु निस्सन्देह वैदिकमत था और इस वैदिकमतसे जैनमत किसी प्रकार नहीं निकला ।

मुसल्मान हिन्दूके माने काफिरके बताते हैं । संस्कृतमें यह शब्द नहीं है ।

अब हम यह देखते हैं कि जैनमतको पार्श्वनाथने चलाया या नहीं और पार्श्वनाथको जैनमतका चलानेवाला किसी बौद्ध जैन वा हिंदु–शास्त्रोंमें लिखा है या नहीं।

जैनमतको पार्श्वनाथने नहीं चलाया वरन ऋष्यभ देवने

बौद्धमत इस विषयमें चुपचाप है और यही आशा कि जासक्ती थी क्यों कि बौद्धमत अंतिम तीर्थंकर महावीरके समयमें ही तो चला है। बौद्धशास्त्रोंमें महावीर स्वामीको केवल निर्ग्रंथोंका प्रधान (मुखिया) लिखा है उनमें यह नहीं लिखा कि महावीर निर्ग्रंथमतके चलानेवाले थे. जहांतक डाक्टर जेकोबी (Dr. jaeobi) शोध कर सके उन्होंने वैसा ही पाया है ॥

बौद्धमतके ग्रंथ

जैनशास्त्रोंमें लिखा है कि जब ऋषभदेवने दीक्षा ली तो चारहजार राजाओंने उनका साथ किया और दिगम्बर होगये परन्तु वे उनके कठिन चारित्र पर दृढ़ नहीं रह सके और उनमेंसे ३६३ ने पाखण्डमत चलाये। उनमें एक शुक्र और बृहस्पति भी था. यह कथन तीसरे कालके अंतका है. इसप्रकार जैनशास्त्रोंके अनुसार ऋषभदेव जैनमतके पहले उपदेशक थे. यह कथा कि ३६३ राजाओंने भ्रष्ट होकर ३६३ पाखण्डमत चलाये वह प्राचीन कालमें पुराने भारत वर्षकी ज्ञानसंबंधी दशाको प्रगट करती है जैसा कि मैं ऊपर कह आया हूं। उस समयमें ज्ञानसंबंधी बड़ा प्रचार था और ज्ञानसंबंधी विचारके अगणित केन्द्रस्थान सारे देशमें फैले हुये थे.

जैनशास्त्र.

अब देखिये कि ब्राह्मणोंके ग्रंथोंमें इस जैनकथाको पुष्ट करने लिये कोई बात है या नहीं। भागवत पुराणके पांचवें स्कंध, अध्याय २–६ में ऋषभकी चर्चा (१) आई है। इस पवित्र ग्रंथमें लिखा है कि १४ मनुओंमेंसे स्वयंभू मनु पहला था। जब ब्रह्माने देखा कि मनुष्य संख्या नहीं बढ़ी तो उसने स्वयंभू मनु और सत्यरूपाको पैदा किया और सत्यरूपा स्वयंभू मनुकी स्त्री हुई. उनके प्रियव्रत लड़का हुआ. जिसका पुत्र अग्नीध्र हुआ. अग्नीध्रके घर नाभिने जन्म लिया। नाभिने मेरुदेवीसे व्याह किया और उनसे ऋषभदेव उत्पन्न हुये यह वही ऋषभ हैं जिनको भागवतमें दिगम्बर और जैनमतका चलानेवाला लिखा है। अब देखिये कि ऋषभ कब पैदा हुये। सृष्टिके शुरूमें ही जब ब्रह्माने स्वयंभू मनु और सत्यरूपाको पैदा किया. वह उनसे पांचवीं पीढीमें थे और पहले सतयुगके अन्तमें हुये और २८ सतयुग इस अबतक व्यतीत होगये हैं। इन ऋषभने जैनमतका उपदेश दिया। छठे अध्यायके श्लोक ९ से ११ तक भागवतको रचनेवाला

हिंदुशास्त्र

(१) देखो आगे परिशिष्टका लेख नं. ८ का.

अर्हतका वर्णन करता है कि जो कोंका, वेंका और कुटकका राजा था. वह लिखता है कि अर्हत् अपने देशके लोगोंसे ऋषभका चरित्र सुनकर कलियुगमें जैनमत चलावेगा जिसके माननेवाले ब्राह्मणोंसे घृणा करेंगे और नरकमें जायंगे—

यस्य किलानुचरितमाश्रमातीतमुपाकर्ण्य कोंकवेंककुटकानां राजार्हन्नामोपशिक्ष्यकलावर्द्धे उत्कृष्यमाणे भवितव्येन विमोहितः स्वधर्मपथमकुतोभयमपहाय कुपथपाखंडमसमञ्जसं निजमनीषया मन्दः संप्रवर्तयिष्यते ॥ ९ ॥

येन हवावकलौ मनुजाप सदा देवमायामोहिताः स्वविधिनियोगशौचचारित्रविहीना देवहेलनान्यपव्रतानि निजनिजेच्छया गृह्णाना अस्नानां च मनाशौचकेशोलुञ्चनादतिकलिनाऽधर्मबहुले नोपहताधियो ब्रह्मब्राह्मणयज्ञपुरुषलोकविदूषकाः प्रायेण भविष्यन्ति ॥ १० ॥ ते च ह्यवक्तिलया निजलोकयात्रयान्धपरंपरयाश्वस्तास्तमस्यन्धं स्वयमेव प्रपतिष्यन्ति ॥ ११ ॥ (पंचमस्कंध अ॰ ६)

अर्थ—जिनके चरित्रको सुनकर कोंक, वेंक, कुटकदेशोंका राजा श्रीअर्हन् नामक उनकी (श्रीऋषभ देवकी) शिक्षालेकर पूर्वकर्मोंके कारण कलियुगमें जब अधर्म बहुत होजायगा तब अपने धर्मके मार्गको छोडकर अपनी बुद्धिसे कुपथ पाखण्डमतको जो सबके विरुद्ध होगा चलावेगा ॥ ९ ॥

जिसके द्वारा कलियुगमें प्रायः ऐसे निकृष्ट पुरुष होजावेंगे जो देवमायासे मोहित होकर अपनी विधि शौच और चारित्रसे हीन, देवताओंका निरादरता, जिनमें हो ऐसे कुत्सित व्रतों अर्थात् स्नान, आचमन और शौचका न करना और केशलुंचन इत्यादि व्रतोंको अपनी इच्छासे धारण करेंगे और जिसमें अधर्म अधिक है ऐसे कलियुगसे नष्टबुद्धिवाले वेद, ब्राह्मण, विष्णु और संसारके निन्दक होंगे ॥ १० ॥

जिनके मतका मूल वेद नहीं है ऐसे वे पुरुष अपनी इच्छानुसार चलनेसे और अंधपरम्परासे विश्वास करनेसे खुद ही घोर अंधकारमें पडेंगे ॥ ५१ ॥

ऐसा कभी भी कोई राजा नहीं हुआ और जहांतक मैं खोज करसका न किसी और ब्राह्मणोंके ग्रंथमें जहां शब्द अर्हत् आया है उसको कोंक, वेंक और कुटकका राजा लिखा है। अर्हत् शब्दका अर्थ प्रशंसनीय (तारीफके लायक) है यदि यह शब्द अर्ह धातुसे निकला है जिसका अर्थ स्तुति करना है। इसका अर्थ वैरियोंका नाशकरने वाला भी हो सक्ता है यदि यह शब्द अरिहंत हो तो । यह शब्द अरिहन् शिवपुराणमें आया है—

अरिहन्निति तन्नामधेयं पापप्रणाशनम् ।
भवद्भिश्चैवकर्तव्यं कार्यं लोकसुखावहम् ॥ ३१ ॥

अर्थ—पापका नाश करनेवाला अरिहन् यह उसका नाम है आपको भी वह कार्य करना चाहिये जिससे कि लोगोंको सुख होवे.

अर्हत् नामका कोई राजा नहीं था। ऋषभ स्वयं अर्हत् वा अरिहंत थे. क्योंकि वे स्तुति योग्य थे। और कर्मरूपी वैरियोंका नाशकरने वाले भी थे. अगर अर्हत्राजाने कलियुगमें जैनमत चलाया होता तो ऋषभको वाचस्पतिकोषमें जिनदेव और शब्दार्थ चिन्तामणिमें आदिजिनदेव क्यों कहा होता जैसे ऋषभ भगवद्वतार भेदे आदिजिने ४२३ (शब्दार्थ चिंतामणि)

मैंने सुना है कि कई उपनिषदोंमें ऋषभ को ही अर्हत् लिखा है। अर्हत् नामका कोई राजा नहीं था. ऋषभ खुद अर्हत् थे. परस्पर द्वेषके कारण भागवतका कर्ता कहता है कि अर्हत् कलियुगमें ऋषभके चरित्रपर चलेगा और जैनमतका उपदेश करेगा. शायद उसने जैनमतको ज्यादा प्राचीन बनाना नहीं चाहा परंतु उसके कहनेके मुताबिक भी अगर अर्हतने ऋषभके चरित्रकी नकल की तो यह वह चरित्र था जिसपर जैनमत चलाया गया! इस आशयसे भी ऋषभने ही जैनमतका बीज बोया था ऐसा साबित होता है।

नीलकंठ महाभारतका प्रतिष्ठित टीकाकार है ऊपरकी रायकी पुष्टिमें उसका भी प्रमाण है. महाभारतके शांतिपर्व मोक्षधर्म अध्याय २६३ श्लोक २० की टीकामें नीलकंठ कहता है कि अर्हत् वा जैन वृषभके शुभ आचरणको देखकर मोहित होगये थे—

" ऋषभादीनां महायोगिनामाचारं दृष्ट्वा अर्हतादयो मोहिताः "

महाशयो! यह अध्याय पढनेके लायक है। इसमें तुलाधार और जाजलिका संवाद है. तुलाधार अहिंसाका पक्ष लेता है और वैदिक यज्ञोंके कुल हेतुओंका खण्डन करता है और जाजलि यज्ञमें जो जीवहिंसा होती है उसको पुष्ट करता है।

इस प्रकार ब्राह्मणोंकी पुस्तकोंके मुताबिक ऋषभ जैनमतके चलानेवाले थे। उन्होंनें पहले पहले उन सिद्धांतोंका उपदेश किया जिनसे जैन मतकी नींव जमी. जहां तक मैं खोज करसका किसी भी हिन्दू शास्त्रमें पार्श्वनाथको जैनमतका चलानेवाला नहीं बतलाया। इस विषयमें मेरी कई विद्वान् शास्त्रियोंसे बातचीत हुई और उन सबने मुझसे यही कहा कि ऋषभ ही जैनमतके चलाने वाले थे॥

इस तरह महाशयो! आप देखसक्ते हैं कि जैन और ब्राह्मण ग्रंथोंके मुताबिक ऋषभ ही जैनमतके चलानेवाले थे फिर क्या यह आश्चर्यकी बात नहीं है कि कोलब्रुक (Colebrooke) बुहलर (Buhler) और जैकोबी (Jacobi) जैसे विद्वान् अंग्रेज अपनी मनघड़त कल्पनाओंको प्रगट करें और पार्श्वनाथको जैनमतका चलानेवाला बतावें।

धर्मके विषयमें उनको चाहिये कि वे हमारे शास्त्रोंसे काम लें न कि वे अनुमान ही पर विश्वास कर बैठें ॥

आप जानते हैं कि धर्म, धर्म ही है. यह मनुष्यको उसके जीवनसे भी अधिक प्यारा होता है और मेरी तुच्छ रायमें विद्वानोंको धर्मका विषय तुच्छ नहीं समझना चाहिये क्यों कि उनका लेख कानून होता है. और उनकी रायप्रमाण होती है इसलिये उनको धर्मके विषयमें अपनी राय देनेमें जल्दी नहीं करनी चाहिये बल्कि दूसरेके शास्त्रोंपर ध्यान देना चाहिये और उनके भावोंका आदर करना चाहिये ॥

मथुराके शिला लेख.

महाशयो ! इस बातका भी ध्यान रखना चाहिये कि केवल हिन्दू और जैनशास्त्रोंकी कथाओंके अनुसार ही हम ऋषभको जैनमतका चलानेवाला नहिं बतलाते बल्कि इन कथाओंके पुष्ट करनेमें और भी पक्का सुबूत है जो डाक्टर फुहरर (Fuhrer) ने मथुरामें खोज किया था और जो करीब दोहजार वर्षका है । आप जानते हैं कि प्रोफेसर बुहलर (Buhler) ने एक किताब छापी है जिसका नाम एपीग्रेफिया इन्डिका (Epigraphia Indica) है इस किताबकी पहली और दूसरी जिल्दमें जैनियोंके बहुतसे शिलालेख प्रकाशित किये हैं । यह लेख दोहजार वर्षके पुराने हैं और इनपर इन्डोसिथियन (Indo—Sythian) राजा कनिष्क, हुवष्क, और वसुदेवका संवत् है । इनसे हमको मालूम होता है कि गृहस्थी जैनी ऋषभकी मूर्तियां बनाते थे. दृष्टांतके लिये निम्न लिखित शिलालेख देखो—

नं० ८

(अ A) सिद्धम् म (हा) रा (ज) स्य र (। जा) तिराजस्य देवपुत्रस्य हुवष्कस्य स ४० (६०?) हेमंतमासे ४ दि १० एतस्यां पूर्व्वायां कोटिये गणे स्थानिकीये कुले अटय (वेरि) याण शाखायावाचकस्यार्य्यवृद्धहस्ति (स्य) (ब B) शिष्यस्य गणिस्य आर्य्यख (णं) स्य पुय्यम (न)

(स्य) (व) तकस्य

(क)—सकस्यकुटुम्बिनींयेदत्ताये—नधर्म्मो महाभोगताय प्रीयताम्भगवानृषभश्रीः

अर्थ—जय ! प्रसिद्ध राजा और महाराजाधिराज देवपुत्र हुवस्कके सम्वत ४० (६० ?) में हेमंत (शीतकाल) के चतुर्थमासकी दशमीको इस ऊपर लिखीहुई मिति को यह उत्कृष्ट दान व्रतनिवासी, का   पासककी स्त्री दत्ताने पूज्य वृद्धहस्ति आचार्य जो कोत्तियगण, शानिकीयकुल, और आर्य वेरियाओं (आर्यवज्रके अनुयायी) की शाखामें से था, उसके शिष्य माननीयस्वरत्न गणिनकी प्रार्थनापर किया था भगवान तेजस्वी ऋषभ प्रसन्न हों   (पृष्ठ ३८६ जिल्द पहली)

नं० १४

(अ A) १ सिद्धम् ॥ कोट्टियातो गणातो ब्रह्मदासिकात (ो) कुलातो
२ उ (चे) नागरितो शाखातो—रिनातोसं (भ) ो (गातो) अ (र्य्य—
(ब B) १ जेष्ठ हस्ति (स्य) शि (ष्या) अर्य महलोअर्य जेष्ठ (हस्तिस)
(शिशो) अर्य्य (गा) ढक (ो) (त) स्य शिशिनि (अर्य्य) २ शामयेनिवर्तना
ढ (स)—प्रतिमावर्मयेधीतु (गुल्हा) ये जय दासस्य कुटुंबिनिये दानं

अर्थ—जय ! पूज्यजेष्ठहस्ति (जेष्ठ हस्तिन्) जो कोत्तियगण, ब्रह्मदासिककुल, उच्च नागरीशाखा, और आरिनसंभोगमें था उसका शिष्य माननीय महल था । आदरके योग्य जेष्ठ हस्ति (जेष्ठ हस्तिन्) का शिष्य मान्य गाधक था उसकी चेली पूजनीय सामाकी प्रार्थनापर वर्माकी पुत्री और जयदासकी स्त्री गुलहानें उषम (ऋषभ) की मूर्तिकी प्रतिष्ठा कराई ॥

(पृष्ठ ३८९ जिल्द पहली)

नं० २८

(अ A)—भगवतो उसभस वारणेगणें नाडिके कुले सा (यं)

(ब B) तुकसवायकसमिसिनिए्सादिनाए्नि—

अर्थ—भगवान उषम (ऋषभ) की जय हो मादिताकी प्रार्थनापर जो वारणगणके उपदेश, नांदिककूल और शाखाके धुककी चेलीथी—

(पृष्ठ २७६—२०७ जिल्द २ री)

अब आप देखसक्ते हैं कि करीब दोहजार वर्षके हुये कि ऋषभ प्रथम जैन तीर्थंकर समझे जाते थे । अब महावीर और पार्श्वनाथ कब हुये महावीर स्वामीने संवत् विक्रमसे ४७० वर्ष पहले मोक्ष पाया और पार्श्वनाथ का निर्वाण इससे २५० वर्ष पहले हुआ । पस शिलालेख जो इन दो तीर्थकरोंके चन्द (कई) सौ वर्ष पीछे लिखेगये थे, इसबातका सुबूत देते हैं कि ऋषभ जैन तीर्थंकर थे । यदि महावीर और पार्श्वनाथ जैनमतके चलाने वाले होते तो मनुष्य जिनको दोहजार वर्ष हो चुके हैं ऋषभ की मूर्तियां क्यों बनाते ॥

महाशयो ! आज दोपहरके वक्त मुझे आपके सामने इस बातके कहनेमें बड़ा खेद होता है कि लोगोंने हमारे पवित्रधर्मको बहुत ही तुच्छ समझ रक्खा है कई लेखकोंने इसको छठीसदीमें निकला हुआ समझा है । कई इसको बौद्धमतकी शाखा बतलाते हैं कइयोंने इसको चार्वाक मतके साथ मिला दिया है कई महावीरको इसका प्रचलित करनेवाला बतलाते हैं और कइयोंकी राय है कि पार्श्वनाथ इसका चलानेवाला था. हम

विद्वानोंसे ऐसे बुरे सलूककी आशा कभी नहीं करते थे। हम यह कभी नहीं समझते थे कि विद्वान् ऐसे धर्मको हानि पहुचावेंगे जो कि सबके लिये दयालू है परन्तु इस दुष्टसंसारमें नेकी बहुधा विपत्तिमें होती है ॥

महाशयो! मैं अपने व्याख्यानके इस भागको पूरा करनेसे पहले एकबार फिर भी पुराने भारतवर्षकी तरफ लौटता हूं। मैं आपको इसबातका विश्वास दिलाता हूं कि प्राचीन कालमें इस श्रेष्ठ देशमें केवल ऐसे ही मनुष्य नहीं थे जो कहते थे कि–

पुराने भारतवर्षका विशेष वर्णन

"स्वर्गकामो यजेत्"

अर्थ–जो मनुष्य स्वर्गमें जाना चाहता है उसको यज्ञ करना चाहिये।

परन्तु ऐसे भी बहुत धर्म व सम्प्रदाय थे जो इन यज्ञोंका कुछ भी गौरव नहीं करते थे और इनको बुरा समझते थे। शोककी बात है कि वे सब सम्प्रदाय हमारे समयतक विद्यमान नहीं रहे हैं और उनमेंसे बहुतसे हमेशाकेलिये नष्ट होगये हैं परन्तु अब भी कुछ ऐसे हैं जिनके तत्त्वशास्त्र हमारे साथ लगे हैं और मैं ख्याल करता हूं कि ये सम्प्रदाय इस बातको सिद्धकरनेकेलिये काफी हैं कि प्राचीन समयमें भारतवर्षके वैदिक यज्ञ और यज्ञमें जीवहिंसा ही स्वर्ग और मुक्तिके कारण नहीं थे, बल्कि लोग इन्हीं मनोरथोंको सिद्ध करनेकेलिये हिंसासे विरुद्ध कारणोंको भी काममें लाते थे और जब कि एक मतवाले कहतेथे कि हम संसाररूपी समुद्रको हिंसासे पारकरसक्ते हैं दूसरे मतवाले कहते थे कि सिर्फ अहिंसा ही निर्वाणका (मोक्षका) कारण है ॥

प्रथम ही प्राचीन योगियोंके तत्त्वशास्त्रको देखिये जिसको पतंजलि ऋषिने हमारे लिये तरतीबवार संग्रह किया है। हमारे पास जैनाचार्य हेमचन्द्रका (जो हेमचन्द्रकोषके एक प्रसिद्ध ग्रंथकर्ता हैं) बनाया हुआ योगशास्त्र भी है परन्तु चूंकि पतंजलिके योगसूत्र अच्छीतरहसे मालूम हैं हमें उनको पढ़ना चाहिये और देखना चाहिये कि उनमें अविनाशी सुखकी प्राप्तिकेलिये वैदिकयज्ञोंको सहायक बताया है या नहीं।

योगशास्त्र.

महाशयो! पतंजलिके सूत्रोंमें यह कहीं भी नहीं लिखा कि वैदिकयज्ञ किसीप्रकारकी सहायता देते हैं बल्कि इसके विपरीति पाद २ सूत्र ३० में 'यम' का कथन किया है और अहिंसा सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रहको उसमें सामिल किया है:–

अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ॥ ३० ॥

टीका–तत्र प्राणवियोगप्रयोजनव्यापारो हिंसा सा च सर्वानर्थहेतुःतदभावःअहिंसा। हिंसायाः सर्वकालमेव परिहार्यत्वात् प्रथमं तदभावरूपाया अहिंसाया निर्देशः। सत्यं वा

ङ्मनसोर्यथार्थत्वं । स्तेयं परस्वापहरणं तदभावः 'अस्तेयं' । ब्रह्मचर्यं उपस्थसंयमः। अपरिग्रहःभोगसाधनानामस्वीकरणं । त एते अहिंसादयः पंचयमशब्दवाच्या योगाङ्गत्वेन निर्दिष्टाः ॥ ३० ॥ (इति राजमार्तंडः)

अर्थ भाषा—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रहका नाम 'यम' अर्थात् बंधन है। जिस काममें किसी जीवके प्राणोंका नाश हो वह हिंसा है. यह सब पापोंकी मूल है. इसका न होना अहिंसा कहलाती है । चूंकि हिंसाका सबकालमें त्याग करना चाहिये इस कारण उसके अभावरूप अहिंसाका सबसे पहले कथन किया है । यथार्थ बातको कहना और मनमें शोचना सत्य कहलाता है । पराये धनका हरलेना स्तेय अर्थात् चोरी है उसका अभाव अस्तेय है । ब्रह्मचर्य्य स्त्रीसे भोगकरनेकी इच्छाको रोकनेका नाम है । अपरिग्रह विषयभोगके पदार्थोंको न रखनेको कहते हैं । इन पांच (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य्य और अपरिग्रह) को 'यम' शब्दसे जाहिर किया है. इस यमको योगका सहायक बतलाया है ॥

३१ वें सूत्रमें इन पांचो बंधनोंको जिनका नाम 'यम' है महाव्रत कहा है यदि मनकी समस्त दशाओंमें उनका ध्यान रक्खा जाय:—

एते जातिदेशकालसमयानवच्छिन्नाः सार्वभौममहाव्रतम् ॥ ३१ ॥

टीका— 'जाति' ब्राम्हणत्वादिः । 'देशः' तीर्थादिः । 'कालः' चतुर्दश्यादिः 'समयः' ब्राह्मणप्रयोजनादिः । एतैश्चतुर्भिः 'अनवच्छिन्नाः' पूर्वोक्ता अहिंसादयो यमाः सर्वासु क्षित्यादिषु चित्तभूमिषु भवाः 'महाव्रतं' इत्युच्यते । तद् यथा ब्राह्मणं न हनिष्यामि, तीर्थे कंचन न हनिष्यामि, चतुर्दश्यां न हनिष्यामि, देवब्राह्मणाद्यर्थव्यतिरेकेण हनिष्यामीत्येवं चतुर्विधावच्छेदव्यतिरेकेण कंचित् क्वचित् कदाचित् कस्मिंश्चिदप्यर्थे न हनिष्यामीत्यवच्छिन्नाः एवं सत्यादिषु यथायोगं योज्यं । इत्थमनियतीभूताः सामान्ये नैव प्रवृत्ताः महाव्रतमित्युच्यते, न पुनः परिच्छिन्नावधारणं॥३१॥

[इति राजमार्त्तण्डः]

अर्थ भाषा—ये सर्व साधारणकेलिये जाति, देश, काल और समयकी अपेक्षा (लिहाज) विना बड़े तप हैं. जाति आदि इन चार सूरतोंके भेदसे रहित चित्तवृत्तिकी समस्त दशा और हालतोंमें इनका आदेश है अर्थात् इसका यह मतलब नहीं है कि मैं ब्राह्मणका नहीं वध करूंगा बल्कि इसका यह मतलब है कि मैं किसी कारण भी किसी जगहँ में और किसी समयमें भी किसी भी जीवकी हिंसा नहीं करूंगा।इसीप्रकार और यमोंका भी अर्थ करना चाहिये । इसतरह जब इन आचरणोंका विनाभेदके सबकेलिये व्यवहार

होता है तो ये महाव्रत कहलाते हैं। जब उनके साधनमें किसी प्रकारका विच्छेद (छोडना) लगता है तो उनको महाव्रत नहीं कहते ॥

जिसप्रकार योगीको यह प्रतिज्ञा करनी पड़ती है कि मैं किसी स्थानमें किसीसमयमें किसी भी जीवकी हिंसा किसी भी मतलबकेवास्ते नहीं करूंगा। इसी प्रकार सत्य,अस्तेय आदिको भी समझना चाहिये क्योंकी इस प्रकारकी प्रतिज्ञायें महाव्रत कहलाती हैं ॥

३५ वें सूत्रमें कहा है:-

अहिंसाप्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैरत्यागः ॥ ३५ ॥

टीका-तस्याहिंसां भावयतः 'सन्निधौ'सहजविरोधिनामप्यहितकुलादीनां 'वैरत्यागः' निर्मत्सरतयावस्थानं भवति। हिंसारता हिंस्रत्वं परित्यजन्तीत्यर्थः ॥

भाषार्थ-जिसका अहिंसामें पूरा २ प्रण है उसके पाश वैरभाव नामको भी नहीं रहता अर्थात् स्वाभाविक निर्दय जीव जैसे सर्प, नौला इत्यादि भी कुछ हानि नहिं पहुंचाते। तात्पर्य यह है कि जिन जीवोंका स्वभाव हानि पहुंचानेका है वे भी अपने हानिकारक स्वभावको त्याग देते हैं ॥

इसतरह महाशयो ! आप देखसक्ते हैं कि योगदर्शनमें अहिंसाको कैसा मुख्य समझा है। योगीको अपना मनोरथ सिद्धकरनेकेलिये सर्वदा सब स्थानोंमें और सबप्रकारके मतलबकेवास्ते चाहे वह कुछ हो क्यों न हो सर्व प्रकारकी हिंसाका अवश्य ही त्याग करना चाहिये।ऐसा करनेसे उसका ऐसा प्रभाव होजाता है कि जिन जीवोंमें परस्पर वैर होताहै यदि वे उसके पास आते हैं तो वे तुरन्त अपना वैरभाव छोड देते हैं। योगसूत्रोंमें आद्योपांत यह कहीं नहीं कहा कि यज्ञ भी योगीको सहायता देते हैं. सिर्फ अहिंसा सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह ही उसके सहायक होते हैं ॥

३६ वें सूत्रमें कहा है:-

सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाः फलाश्रयत्वम् ॥ ३६ ॥

टीका-क्रिया मारणादि'क्रियाः'योगादिकाः'फलं, स्वर्गादिकं प्रयच्छन्ति। तस्य तु सत्याभ्यासवतो योगिनः तथा सत्यं प्रकृष्यते यथा अकृतायामपि क्रियायां योगी फलमाप्नोति। तद्वचनाद् यस्य कस्यचित् क्रियांकुर्वतोऽपि क्रियाफलं भवतीत्यर्थः ॥३६॥

अर्थ-जो पुरुष सत्यमें दृढ़ है वह कर्मोंके फलका आश्रय स्थान है। क्रिया यज्ञ है जिनको यदि किया जावेतो स्वर्गादिफलकी प्राप्ति होती है। जो योगी सत्यका अभ्यास करता है ऐसे महात्म्यको प्राप्त होता है कि उसको उन कर्मोंके किये विना ही वे फल मिल जाते हैं और उनकी आज्ञासे हरकोई पुरुष भी उनकर्मोंके किये विना वे फल पा सक्ता है ॥

सत्य अर्थात् झूठ बोलनेके त्यागको यहां ऐसा उत्तम बतलाया है जैसा कि यज्ञोंको वेदमें कहा है अर्थात् अविचल विश्वासके साथ सत्य बोलनेसे मनुष्यको वही फल प्राप्त होते हैं जो यज्ञोंके करनेसे होते हैं और सत्यबोलनेवाला उस निर्दयताके पातकसे बचा-रहता है जो यज्ञोंमें होती है ॥

महाशयो ! यह सूत्र बड़ा अर्थ सूचक है । इससे यह बात साफ २ जाहिर होती है कि योग करनेवाले वैदिकयज्ञोंको नहीं मानतेथे । विशेषकर यह उस पुरुषकेलिये एक बड़ा जबाब है जो वैदिक यज्ञोंका पक्ष लेता है

सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्

अर्थ–जो सत्यमें दृढ है वह कर्मोंके फलका आश्रयस्थान है ॥

योगी कहता है "हमको यज्ञ नहीं करने चाहिये क्यों कि वे निर्दयतासे दूषित हैं. हमको उनके बदले सत्य बोलना चाहिये और सत्यवादी बनना चाहिये जो वस्तु मनुष्योंके ख्यालमें यज्ञोंसे प्राप्त होती हैं, वे सब हमको सत्य बोलनेसे प्राप्त होंगी. केवल इतना ही नहीं बल्कि अगर हम सत्यका अभ्यास करें तो हमारा ऐसा माहात्म्य होजायगा कि हमारी आज्ञासे यज्ञोंके कल्पित फल हर किसीको मिल सके हैं" ॥

महाशयो ! शायद आप कहें कि ऊपर लिखा हुआ सूत्र वैदिक यज्ञोंके फलका-खंडन नहीं करता है अगर ऐसा ही है तो योगदर्शन क्यों जीव हिंसाका बिल्कुल निषेध करता है और क्यों सर्वदा सब स्थानोंमें और चित्तकी सब अवस्थाओंमें वह अहिंसाकी तारीफ़ करता है? यदि यज्ञ गुणकारी होते तो वे योगके सहायक भी समझे जाते परन्तु आश्चर्यकी बात है कि वे सहायक नहीं समझे गये ॥

महाशयो ! प्राचीन समयमें जो सम्प्रदाय योगका अभ्यास करते थे, वे अवश्य ही वैदिकयज्ञ और जीवहिंसाके विरुद्ध होंगे, चाहे वे किसी मतलबके वास्ते भी क्यों न किये जाँय । इस बातकी सही आप कमसे कम योगियोंकी एक सम्प्रादाय अर्थात् जैनियोंके विषयमें तो स्पष्ट रूपसे देखसक्ते हैं । यह बात आपको अवश्य याद रखनी चाहिये कि जैनी बड़े योगी हुये हैं । समस्त जैनतीर्थंकर बड़े योगीश्वर थे ! कोई जैनी बिना योग किये मोक्ष नहीं पा सक्ता. कर्मोंके नाश करने और मोक्ष पानेकेलिये योग एक जरूरी बात है. आप हमारे मंदिरोंमें हमारी मूर्तियोंको देखिये ऐसा मालूम होता है कि वे योगाभ्यास कर रहीं हैं । उनके आसन और ध्यानको देखिये और विचार कीजिये कि वे समाधिमें कैसी मग्न हो रहीं हैं यह जैनमूर्तियोंमें ही विशेष बात है । यदि आपको योगाभ्यास करती हुई कोई

मूर्ति मिलैगी तो वह अवश्य जैनमूर्ति ही होगी। हिन्दुओंकी मूर्तियोंमें यह बात नहीं हैं. यह बडे शोककी बात है कि बहुत लोग जैनमतके रसको नहीं समझते हैं. वे नग्न मूर्तियां पूजनेपर जैनियोंकी निन्दा करते हैं परन्तु वे उन मूर्तियोंके आसन और ध्यानको कभी नहीं देखते वे यह कभी नहीं सोचते कि ऋषि ध्यानमें मग्न होनेके कारण वस्त्र धारण करनेकी कुछ चिन्ता वा फिकर नहीं कर सक्के थे।

पस! महाशयो! जैनऋषि महान् योगी थे और आप जानते हैं कि उनका धर्म "**अहिंसा परमो धर्मः**" है॥

महाशयो! मुझे यहां एक बातसे आश्चर्य हुआ है. वह यह है कि योगियोंको पंचमहाव्रत करने पडते हैं। क्या यहां जैनियोंके पंचमहाव्रत नहीं है? जैनियोंके मुनि बडे योगीश्वर थे और उनको और योगियोंके मानिन्द पंचमहाव्रत पालन करने पडते थे॥

अब कपिल मुनिके सांख्य दर्शनको देखिये छठे सूत्रमें कहा है–

सांख्यदर्शन. "**अविशेषश्चोभयोः**" ॥ अ० १ सूत्र ६॥

भाष्य–उभयोरेव दृष्टादृष्टयोरत्यन्तदुःखनिवृत्यसाधकत्वे यथोक्त तद्धेतुत्वे चाविशेष एव मन्तव्य इत्यर्थः॥

अर्थ–दृष्ट और अदृष्ट दोनों साधन अत्यन्त दुःख निवृत्तिके साधक न होनेसे और दोनोंमें यथोक्त वे ही हेतु (अविशुद्धि इत्यादि) होनेसे दोनोंमें कुछ विशेष नहीं यही मानना चाहिये।

दोनोंमें कुछ भेद नहीं है अर्थात् दुःख नाश करनेके प्रत्यक्ष उपाय और वैदिक उपायोंमें कुछ भेद नहीं है दोनों बराबर हैं और क्यों? इसवास्ते कि वैदिक यज्ञोंमें निर्दयताका पातक लगता है। यज्ञमें जीवहिंसा होती है उसका अवश्य बुरा फल होगा और पुरुषको वह दुःख उठाना पडैगा॥

निश्चयमें कपिल मुनिके मतपर चलनेवाला इस नीचे लिखी हुई श्रुतिका सच्चा माननेवाला है:–

"**मा हिंस्यात् सर्वाभूतानि**"

अर्थ–किसी जीवको हिंसा नहीं करनी चाहिये।

वह इस मतको नहिं मानता कि श्रुतिः–

"**अग्नीषोमीयं पशुमालभेत्**"

अर्थ–मनुष्योंको ऐसे पशुओंका वध करना चाहिये जिनके देवता अग्नि और सोम हैं॥

ऊपरवाली श्रुतिः–

१ देखो आगे परिशिष्टमें लेख नं. ९ क.

"मा हिंस्यात् सर्वभूतानि"

का अपवाद है. वह इस बात पर विश्वास नहीं करता कि यज्ञकी हिंसाको छोडकर और सब हिंसा हिंसा होती है बल्कि इसके विरुद्ध वह इस बात को मानता है कि सब प्रकारकी हिंसा हिंसा होती है और वैदिक यज्ञ जो हिंसाके दोषसे भरे हुए हैं पुरुषको दुःखसे नहीं छुडा सक्के. वह कहता है कि यदि वेदविहित हिंसा हिंसा नहीं समझी जाती तो युधिष्ठिरको युद्धकी हिंसाके कारण प्रायश्चित्त करनेकी कोई जरूरत न होती क्यों कि इसको वेदोंमें क्षत्रियोंका धर्म बतलाया है.

[१] युधिष्ठिरादीनांस्वधर्मेपियुद्धादौज्ञातिवधादिप्रत्यवायपरिहारायप्रायश्चित्तश्रवणाच्च ।

(सांख्यसूत्र ६ अ० १ के विज्ञानभिक्षुकृतभाष्यमें)

अर्थ–युधिष्ठिरादि राजाओंको अपने धर्मरूपी युद्धमें भी जातिवधके पापको दूर करनेकेलिये प्रायश्चित्त करना सुना गया है।

फिर सांख्यकारिका २ में लिखा है:–

दृष्टवदानुश्रविकः सह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः ॥

सांख्यतत्त्वकौमुदी–गुरुपाठादनुश्रूयतइत्यनुश्रवोवेदः । एतदुक्तंभवति । श्रूयत एव परंनकेनापिक्रियतइत्यनुश्रवोवेदः तत्रभवआनुश्रविकः । तत्रप्राप्तोज्ञातइतियावत् । आनुश्रविकोपिकर्मकलापोदृष्टेनतुल्योवर्तत इति ऐकान्तिकात्यन्तिकदुःखप्रतीकारानुपायत्वस्योभयत्रापितुल्यत्वात्-अस्यां प्रतिज्ञायां हेतुमाह–सह्यविशुद्धक्षयातिशययुक्तः । अविशुद्धिःसोमादियागस्यपशुबीजादिवधसाधनता क्षयातिशयौचफलगतावप्युपायेउपचरितौ क्षयित्वंचस्वर्गादिः सत्वेसतिकार्यत्वादनुमितम् । ज्योतिष्टोमादयःस्वर्गमात्रसाधनंवाजपेयादयस्तुस्वाराज्यसाधनमित्यतिशययुक्तत्वम् । परसम्पदुत्कर्षोहिहीनसम्पदंपुरुषंदुःखाकरोति ।

यहां भी हम फिर वही बात देखते हैं कि कपिलके मतपर चलनेवाला यह नहीं मानता है कि:–

"अग्नीषोमीयं पशुमालभेत्" क्योंकि इस श्रुति की

"मा हिंस्यात् सर्वाभूतानि" एक अपवादभूत है।

गौडपादने सांख्यकारिका भाष्य बनाया है उसमें वह कपिल मुनिके मतको पुष्ट करता है और इसकी पुष्टिमें महाभारतका प्रमाण देता है वह पिता पुत्रके सम्वादसे एक श्लोकका प्रमाण देता है जिसमें पुत्र कहता है:–

तातैतद्बहुशोभ्यस्तं जन्मजन्मान्तरेष्वपि ।
त्रयीधर्ममधर्माढ्यं न सम्यक्प्रतिभाति मे ॥

---

१ देखो परिशिष्टमें लेख नं० १० का.

अर्थ–हे पिता मैंने जन्मजन्मांतरमें (अर्थात् इस भव और पर भावोंमें) वैदिक धर्मका बहुत अभ्यास किया है मैं इस वैदिक धर्मको नहीं पसन्द करता जो अधर्मसे भराहुआ है। विज्ञान भिक्षुने कपिलके सूत्रोंका जो भाष्य किया है उसमें वह भी इसी विषयपर मार्कंडेयपुराणका प्रमाण देता है:–

तस्माद्यास्याम्यहं तात दृष्ट्वेमं दुःखसन्निधम्।
त्रयीधर्ममधर्माढ्यं किंपाकफलसन्निभम्॥

अर्थ–हे तात यह देखकर कि वैदिक धर्ममें महादुःख है मैं इस अधर्मसे भरे हुए वैदिक मत पर क्यों चलूं। यह वैदिक धर्म किंपाक फलके समान है जो अगर्चि देखनेमें सुहावना और सुन्दर मालूम होता है परन्तु जहरसे भरा हुआ है॥ महाशयो! आपको यह प्रसिद्ध कथा मालूम है जिसमें यह लिखा है कि कपिल मुनिने स्यूमरश्मिसे शास्त्रार्थ किया था. कहते हैं कि एक विद्यार्थी अपने विद्याध्ययनको समाप्त करके अपने घर आया। उस समयमें ऐसी रीति थी कि जब कोई विद्यार्थी वेद पढ़कर घर आता था तो उसके आदरसत्कारमें एक गायका बलिदान दिया जाता था कपिलने इसको रोका फिर-स्यूमरश्मिने गायके पेटमें घुसकर कपिलसे शास्त्रार्थ किया.

निस्सन्देह यह बात बतलानेकेलिये यह एक बहुमूल्य कथा है कि कपिलमुनि उन प्राचीन ऋषियोंमें से एक थे जो यज्ञ या किसी और मतलबकेलिये चाहे वह कुछ भी क्यों न हो जीव हिंसाका निषेध करते थे, और जो अहिंसाको सत्यधर्मकी मुख्य जड़ बतलाते थे॥

सांख्यकारिकामें केवल यज्ञकी जीव हिंसाका ही निषेध नहीं किया है बल्कि अग्निमें बीज डालनेको भी बुरा बतलाया है:-

सह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः (सांख्यकारिका २)

टीका–अविशुद्धिः सोमादियागस्य पशुबीजादिवधसाधनता॥

अर्थ–सोम आदि यज्ञ पशु और बीजादिकोंकी हिंसा करनेसे सिद्ध होते हैं॥ इस कारण वे अशुद्ध हैं

ऐसा मालूम होता है कि सांख्य मतके माननेवालोंने भी जैनियोंके समान बीजोंके नाश करनेका निषेध किया है॥

महाभारतमें भी बहुतसे स्थानोंमें लिखा है कि प्राचीन ऋषियोंकी यह राय थी कि अहिंसा धर्म ही सत्यधर्म है। इस पवित्र ग्रंथसे अहिंसा धर्मका अत्यावश्यक कथन शांतिपर्वके मोक्षधर्ममें तुलाधार नामक एक बणिक्पुत्र और जाजलिनामक एक ब्राह्मणका सम्वाद है। जाजलीने बहुत समयतक तप किया था और बड़ा

महाभारत

१ देखो महाभारत शांतिपर्वमें कपिलगो सम्वाद.

अभिमानी हो गया था। राक्षस और पिशाचोंने उससे कहा कि तुलाधार भी जो तुझसे ज्यादा तपस्वी है ऐसा अहंकारी नहीं है जैसा कि तू है। जाजली तुलाधारसे शास्त्रार्थ करनेकेलिये बनारस अर्थात् काशीमें गया। तुलाधारने उससे कहा "हे जाजलि! तूने बहुत समयतक तप किया है, और तो भी तू यह नहीं जानता कि सच्चा धर्म क्या है" फिर उसने अहिंसाको सत्य धर्मका सार बतलाया और कहा "यदि जाजलीको इसमें सन्देह है तो वह अपनी जूड़ा अर्थात् जटाके पक्षियोंसे पूछले कि सत्य क्या है" जाजलीके इस प्रश्नके पूछने पर सब पक्षी एकस्वर होकर बोल उठे कि "अहिंसा सत्य धर्मकी मूल है और इस लोक और परलोकमें शुभफल देती है हिंसा करनेवाले मनुष्यका सब विश्वास जाता रहता है और उसका नाश हो जाता है। जो पुरुष किसी जीवको भय नहीं पहुंचाता वह सबसे निःशंक (निडर) रहता है परन्तु जो मनुष्य घरमें सर्पकी तरह भय उत्पन्न करता है उसको न तो इस लोकमें धर्म मिलता है और न परलोकमें" फिर तुलाधारने कहा कि "राजा नहुषनें एक बैलका बध किया था जिसका परिणाम यह हुआ कि उसके राज्यमें सब ऋषियोंको दुःख सहना पड़ा इन ऋषियोंने १०१ अग्निष्टोंको जो उनपर हिंसाके कारण पड़े थे दूर किया और उनको संसारमे रोगरूपसे फैला दिया। जीव हिंसाका परिणाम भयानक होता है."

महाशयो! यह इसी सम्बादकी टीका है जिसमें नीलकंठ कहता है कि ऋषभके शुभ आचरणसे जिसने दयामयी धर्मका उपदेश किया था आर्हत (जैनी) मोहित हो गये थे यह ऋषभ उस बामदेवके विरुद्ध थे जो कहता था कि दुःखमें मनुष्य कुत्तेका मांस भी खा सक्ता है—

आवर्त्याशुनआन्त्राणि पेचे यः पूजयितुं पितृदेवमनुष्यान् ये च आन्त्राणि शुनः इति श्रुतिस्मृतिभ्यां वामदेवस्य श्रेष्टतमस्यापि बीभत्स आचार आपदिश्वमांसभक्षणरूपः प्रदर्शितः ॥

पुराणे वा—ऋषभादीनां महायोगिनामाचारं दृष्ट्वा आर्हतादयो मोहिताः पाखंण्डमार्गमनुगता इत्युक्तम् ॥

अर्थ—कुत्तेकी आँतोंको (अर्थात् मांसको) पकाया। जिसने पितृदेव मनुष्योंकी पूजाके लिये (अर्थात् तृप्तिके लिये) कुत्तेकी आंतें पकाई। इन श्रुतिस्मृतियोंसे अतिश्रेष्ठ भी वामदेवऋषिका आपत्तिमें कुत्तेका मांसभक्षणरूप बीभत्स आचरण दिखलाया है। अथवा पुराणमें "ऋषभादिक महायोगियोंका आचरण देखकर आर्हतादिक मोहित होकर पाखण्डमार्गका अनुसरण करनेलगे" ऐसा कहा है। इसी जगहपर नीलकंठ एक स्मृतिका प्रमाण देकर कहता है—

महोक्षं वा महाजं वा श्रोत्रियायोपकल्पयेत् ॥

अर्थ—हमको वैदिकब्राह्मणकेलिये एक मोटे बैल वा बकरेकी बलि देनी चाहिये ॥

फिर वह एक श्रुतिका प्रमाण देकर कहता है:—

मागामनागामदितिंवधिष्ठाः

अर्थ—निरपराध गौको मत मारो ॥

इस जगह नीलकंठ कहता है कि स्मृतिसे श्रुति बलवान् है क्योंकि उसमें " निरपराध " शब्द आया है ॥

चार्वाक भी जीवहिंसाके विरोधी थे क्योंकि वे यह उपदेश करतेथे—

चार्वाक दर्शन

पशुश्चेन्निहतः स्वर्गं ज्योतिष्टोमे गमिष्यति ॥
स्वपिता यजमानेन तत्र कस्मान्नहिंस्यते ॥ १ ॥

अर्थ—" यदि ज्योतिष्टोमयज्ञमें मारा हुवा पशु स्वयं स्वर्गमें चला जाता है तो यज्ञकरनेवाला अपने पिताकी ही बलि क्यों नहीं देता "

फिर वे कहते हैं—

मांसानां खादनं तद्वन्निशाचरसमीरितम् ।

अर्थ—" जब कि मांसभक्षणकी आज्ञा इसी प्रकार निशाचरोंने दी थी "

महाशयो ! शोकका विषय है कि विद्वानोंने पुराने भारतवर्षके वैदिक मतका इतिहास तो लिखा परन्तु किसीने भी दूसरे मतोंका और विशेषकर उन मतोंका जो कहते हैं कि:—

" मा हिंस्यात् सर्वाभूतानि "

इतिहास बनानेकेलिये हालात और कथायें इकट्ठी नहीं कियीं और किसीने अबतक इस बातका निश्चय नहीं किया कि कौन २ सम्प्रदाय तो वैदिक मतको मानते थे और कौन २ दूसरे मतोंको और हरएक मतपर चलनेवालोंकी संख्या कितनी २ थी । यह कह देना बिल्कुल विचारके विरुद्ध है कि पुराने भारतवर्षमें केवल वैदिकमत ही था । ऐसी २ बातोंका मानना भयकारी है । यह सम्भव है कि वैदिक और वेदविरुद्ध मतोंका समान प्रचार हो या यह भी कौन कहसक्ता है कि वेदको न माननेवालोंकी संख्या वैदिकमतपर चलनेवालोंसे अधिक न थी । परन्तु साक्षीके न होनेसे हमको किसी नतीजेके निकालनेका अधिकार नहीं है । आप जानते हैं कि भारतवर्षमें अब बौद्धमत प्रायः नष्ट होगया है परन्तु इससे क्या आप यह भी कह सके हैं कि बौद्धमत भारतवर्षकी एक सीमासे दूसरी सीमातक कभी नहीं फैला था ?

यथार्थमें यह बात कि इस समयमें कोई मत भारतवर्षमें नहीं है इसबातको मानलेनेकेलिये ठीक हेतु नहीं है कि निश्चयमें उस मतका प्राचीन समयमें कभी प्रचार नहीं

हुआ हम जानते हैं कि बार्हस्पत्य लोकायत कह लाते हैं यद्यपि उनका मत अब बिल्कुल नष्ट होगया है परन्तु यह सम्भव है कि मनभावना होनेके कारण उसको पुराने भारतवर्षमें सबने स्वीकार कर लिया हो ॥

महाशयो ! इस बातको सब जानते हैं कि पुराने भारतवर्षमें मनुष्य विद्याको कंठ याद रखते थे । उसका बहुतभाग नष्ट होगया है । बार्हस्पत्यसूत्र एक समयमें विद्यमान थे अब वे नष्ट होगये हैं और अन्य बहुत दर्शनोंके सूत्र नष्ट होगये हैं और इसी कारण हम उनके विषयमें कुछ नहीं जानते. पुराने भारतवर्षकी केवल वैदिकविद्या ही ऐसी है जिसका बहुतभाग सावधान ब्राह्मणोंने बचाये रक्खा परंतु यदि अन्य सम्प्रदायोंकी विद्या हमको नहीं मिलती है और ब्राह्मणोंके ग्रंथोंमें उनका कभी २ कथन आनेके सिवाय हम उनके विषयमें और कुछ नहीं जानते हैं तो हमको यह अधिकार नहीं है कि प्राचीनसमयमें जितना उन सम्प्रदायोंका प्रचार था उसके विषयमें हम अपनी ही कल्पनायें कर बैठें । हम अपने विषयमें देखते हैं कि हमारे शास्त्र अशोकके समयसे पीछे लिखेगये हैं परन्तु इसमें कुछ सन्देह नहीं कि हमारी विद्या उससे पहले विद्यमान थी जो कंठ याद थी । जैन अपने शास्त्रोंकी रक्षा करनेमें ब्राह्मणोंके तुल्य सावधान नहीं थे, इसकारण उनकी प्राचीन विद्या बहुत नष्ट हो गई या यह भी संभव है कि हम उन शास्त्रोंको मालूम करसकें कि जिनका अभीतक पता नहीं लगा और जिनसे हमारा प्राचीन इतिहास प्रगट हो जाय परन्तु यह बात कि हमारे शास्त्र अशोकके पीछे बने वा लिखेगये यह माननेकेलिये कोई हेतु नहीं है कि जैनियोंकी कोई विद्या नहीं थी जिससे यह शास्त्र बने या इस बातको माननेके लिये भी कोई हेतु नहीं है कि उनका कोई प्राचीन इतिहास नहीं था । यह सम्भव है और जैनशास्त्रोंके अनुसार निश्चय है कि चौथे कालमें जो महावीर स्वामीके मोक्षके समय समाप्त हुआ जैनमत जैसा अब है उससे बहुत ज्यादा प्रबल था ॥

अब मैं जैनियोंके मन्तव्य और उनकी फिलासफीका कुछ कथन करता हूं । जैनी मानते हैं कि यह सृष्टि, अनादिसे है, इसका कोई कर्ता नहीं है और इसमें लोक और अलोक हैं लोकमें उर्द्धलोक वा स्वर्ग, मध्यलोक या पृथ्वी और पाताललोक या नरक हैं। इस लोकमें जीव और अजीव दो द्रव्य हैं. जीव छह प्रकारके हैं पृथ्वीकाय, अग्निकाय, वायुकाय, जलकाय, वनस्पतिकाय और त्रस अर्थात् चलने फिरनेवाले जीव । त्रसजीव द्वीन्द्रिय (दो इन्द्रियवाले) त्रीद्रिय (तीन इंद्रियवाले) चतुरिंद्रिय (चार इन्द्रियवाले) और पंचेंद्रिय (पांच इंद्रियवाले) होते हैं । पंचेंद्रिय जीवोंके दो भाग हैं, अर्थात् संज्ञी वा मनवाले जीव और असंज्ञी वा मनरहित जीव । इनमें मनुष्य

जैनियोंका मन्तव्य

सबसे ज्यादा गौरवके योग्य है क्योंकि यहीं निर्वाण पा सक्ता है सबसे ऊंचे स्वर्गका देव भी मोक्षको प्राप्त नहीं हो सक्ता क्योंकि उसको जिन अर्थात् अर्हत् सदृश बनकर मोक्ष पानेकेलिये मनुष्य जातिमें अवश्य जन्म लेना पड़ैगा। अजीव पांच प्रकारके हैं पुद्गल (प्रकृति वा माद्दा), धर्म, अधर्म, काल, और आकाश ॥

जीवित प्राणीमें आत्माका पुद्गलसे मेल होता है. आत्माका पुद्गलसे इसप्रकारका संयोग अनादि है कर्म भी पुद्गल हैं. कर्मोंके बंधनके कारण आत्मा जन्मोंके चक्करमें फिरता रहता है नये कर्मोंके आनेका नाम आस्रव है, उनका आत्मासे संबंध (मिलाप) होनेका नाम बंध है, नये कर्मोंके द्वारका रोकना संवर कहलाता है और पिछले कर्मोंका फल भोगकर खिरजानेका नाम निर्जरा है । इससे अगला दर्जा मोक्षका है ।

यह जैनियोंके सात तत्त्व हैं जिनमें यदि पुण्य और पाप और मिलादिये जांय तो नौ पदार्थ होजाते हैं. यह जीव वा आत्मा सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् और अनादि है और इसमें और भी असंख्यात गुण हैं. कर्म जड़ (पुद्गल) हैं. उनका आत्मासे सम्बंध होनेके कारण आत्माके सब गुण छिप जाते हे । कर्मोंके बन्धनमें जीव अपना स्वरूप भूल गया है और जो स्वरूप इसका यथार्थमें है उससे विरुद्ध प्रायः अपने आपको समझता है । ऐसे आत्माको बहिरात्मा कहते हैं । कर्म आठ प्रकारके हैं अर्थात् १ ज्ञानावरण २ दर्शनावरण ३ मोहनीय ४ अंतराय ५ आयु ६ वेदनीय ७ नाम और ८ गोत्र । ज्ञानावरणकर्म ज्ञानको रोकता है और दर्शनावरण दर्शनको इत्यादि । इन कर्मोंमें से जो आयु कर्म है सो जन्म और मृत्यु है. एक आयुकर्मके अंत होने और दूसरे आयुकर्मके शुरू होनेके सिवाय और कुछ नहीं है । जब किसीजीवका आयुकर्म समाप्त होजाता है तो उसकी आत्मा शरीरसे निकल जाती है जिसको लोग कहते हैं कि उसकी मृत्यु हो गई । जब उसकी आत्मा दूसरे शरीरमें प्रवेश करती है तो लोग उसको जन्म कहते हैं । इसप्रकार जीव कर्मोंके बंधनके कारण एक शरीरसे दूसरे शरीरमें फिरता रहता है जबतक कि वह समय न आजाय कि वह अपने कर्मोंका नाश करके और असली गुणोंको फिर पाकर जिन वा अर्हत् बनजाय और मोक्षकी प्राप्तिकरके अपने स्वरूपमें अविनाशी सुखका अनुभव करे ॥

महाशयो ! ऊपर लिखाहुआ जैनमतका कुल सार इस गूढप्रश्नका उत्तर है कि मैं कौन हूं? यह संसार क्या है ? मैं कहांसे आया हूं? कहां जाऊंगा? और इन सब वस्तुओंका क्या परिणाम होगा ? इस प्रश्नका उत्तर अनेक महान् पुरुषोंने अनेक देश और अनेक समयमें अनेकप्रकारसे दिया है कोई भी दो उत्तर एक दूसरेसे नहीं मिलते यही मतों और धर्मोंमें भेदका कारण है । जैन तीर्थंकर अर्थात् प्राचीनसमयके क्षत्रिय

महर्षियोंने भी ऊपर लिखी भांति इस विषयको हल किया है, उन्होंने भी हमको बतलाया है कि आत्मा अनादि है । कर्म अनादि है और संसार अनादि है । न इसका कोई कर्त्ता है न हर्ता. आत्मा जैसा बीज बोता है वैसा ही काटता है, हमारा भाग्य हमारे ही आधीन है और महाशयो ! तीर्थंकरोंका यह (उपर्युक्त) उत्तर मुझको सबसे श्रेष्ठ मालूम होता है और सबसे उत्कृष्ट सदाचारसे भरा हुवा प्रतीत होता है और शुभ आचरण करनेके लिये मुझको सबसे ज्यादह प्रेरक भी मालूम होता है क्योंकि हम अपने स्वर्गको परमेश्वर वा उसके पुत्र और प्रतिनिधियोंकी पूजाके क्यों आधीन करें? उसको अपने ही कर्मोंके आधीन क्यों न करे? ऐसा ईश्वर अवश्य अनोखा देव है जो केवल भक्ति करनेसे प्रसन्न होता है। हम ईश्वरको अपने कर्मोंका न्यायाधीश भी नहीं मानते हैं क्योंकि इसमें बहुतसे उज्र पैदा होते हैं और इससे ईश्वर बडी भद्दी स्थितिमें रक्खा जाता है। इसी कारणसे हम जैनी ईश्वरकी सबसे उच्च मूर्तिका जैसे सर्वज्ञ अविनाशी और अनंत सुखी आदिका ध्यान करते हैं । हम यह नहीं मानते कि वह झूंठी तारीफको स्वीकार करता है एकका वध और दूसरेकी रक्षा करता है और जितनी कोई स्तुति और पूजा करता है उनके मुताबिक स्वच्छन्दतासे न्याय करता है. हम उसको अपने कर्मोंका न्यायकर्त्ता भी नहीं मानते हैं. हमारा देव सबसे पवित्र आत्मा, हमको आदर्शकेलिये सबसे उत्कृष्ट दृष्टांत और नकल करनेकेलिये सबसे बड़ा नमूना है और वह देव हमारी ही जीवात्मा है जब कि उसको निर्वाणकी प्राप्ति हो जाय. हम मनुष्यमें जो आत्मा है उसीको ही ईश्वर पहचानते हैं जो लोग हमको नास्तिक कहते हैं उनकी बड़ी भूल है यथार्थमें उनकी निपट भ्रांति है. हम नास्तिक नहीं हैं हम ईश्वरको मानते हैं केवल ईश्वरके विषयमें हमारा मंतव्य औरोंसे भिन्न है ॥

महाशयो ! मैं ऊपर कहआया हूं कि इस गूढ प्रश्नका उत्तर (कि मैं कौन हूं ? और यह संसार क्या है ?) अनेक श्रेष्ठ पुरुषोंने अनेक काल और देशोंमे अनेक रीतिसे दिया है । ईश्वरके विषयमें उनकी कल्पनायें भी भिन्न २ हैं कोई कहता है कि जब हम उसके पुत्र और प्रतिनिधियोंमे विश्वास करेंगे तब ही वह हमको मुक्ति देगा, कोई कहता है कि हम उसकी जितनी पूजा करेंगे उतना ही हमको फल मिलेगा, कोई उसका कुछ लक्षण बतलाता हैं और कोई कुछ । हम भी उसका अपना लक्षण बतलाते हैं और कहते हैं कि वह न तो कर्त्ता है और न हर्त्ता और न रक्षक न उसके पुत्र है और न प्रतिनिधि. वह सर्व शक्तिमान नित्य, सर्वज्ञ, और अनंत गुणवाला है वह ईश्वरीय आत्मा है. हम हरएक मनुष्यको स्वयं उसका ही गौरव दिखाते हैं यदि हमसे हरएक मनुष्य अपने स्वरूपका अनुभव करे और उसके अनुसार आचरण करे

तो आप विचार सक्ते हैं कि उसके आचार कैसे होंगे। इस प्रकार हम ईश्वरमें श्रद्धा करते हैं उसके विषयमें केवल हमारा मंतव्य भिन्न है, जो लोग हमको नास्तिक बताते हैं, वे झूंठे हैं क्योंकि हम ईश्वरको मानते हैं ॥

महाशयों ! क्या मैं, आपसे एक शब्दमें यह भी न पूंछलूं कि जो लोग कहते हैं कि जैनियोंकी कोई तत्त्वविद्या नहीं है वह क्या भूलमें नहीं हैं ? क्या हमारी कोई फिलासफी नहीं है ? क्या जो ऊपर लिखा गया है वह फलसफा नहीं है ? आप माधवके बनाये हुये सर्वदर्शनसंग्रहनामक पुस्तकको पढ़ें उससे भी आपको मालूम होजायगा कि जैनियोंका कोई दर्शन है वा नहीं ॥

रत्नत्रय

महाशयो ! जिंदगीके इस गूढ़ प्रश्नके उत्तरमें विश्वास करनेको सम्यग्दर्शन कहते हैं. उस उत्तरका जानना सम्यग्ज्ञान और उसके अनुसार आचरण करना सम्यक्चारित्र कहलाता है सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनोंका नाम रत्नत्रय वा तीन रत्न हैं ॥

सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानकी व्याख्याकी कुछ आवश्यकता नहीं है अब रहा सम्यक्चारित्र अथवा स्वर्ग और अन्तमें मोक्षकी प्राप्तिकेलिये जैनीका कैसा आचरण होना चाहिये। यह चारित्र दो प्रकारका है अर्थात् श्रावकका चारित्र और मुनिका चारित्र. महाशयो ! यहां यह भी ध्यान रक्खो कि श्रावगी कोई शब्द नहीं है असली शब्द श्रावक है जिसको मूर्ख लोगोंने बिगाड़कर श्रावगी बना दिया है ॥

श्रावकके आचरण.

श्रावक दो प्रकारके हैं अव्रतसम्यग्दृष्टी अर्थात् व्रतकरके अपने चारित्रका पालन नहीं कर सक्ते और व्रतीश्रावक जो कि व्रतकरके अपने चारित्रको रखते हैं. व्रतीश्रावकके चरित्रमें ग्यारह प्रतिमा शामिल हैं ये पाठशालाकी श्रेणियोंकी तरह ग्यारह दर्जे हैं। पहलीसे छटी प्रतिमातकके श्रावकको जघन्य श्रावक कहते हैं छटीसे नववीं पर्यंत मध्यम और नववींसे ग्यारहवीं प्रतिमातकके श्रावकको उत्कृष्ट श्रावक कहते हैं ॥

ग्यारह प्रतिमा

प्रथमप्रतिमा—पहली प्रतिमाके श्रावकको नीचे लिखेहुये नियम रखने पडते हैं ॥

(क) मैं सच्चे देव गुरु और धर्ममें विश्वास करूंगा.

(ख) मैं अष्ट मूलगुणको पालूंगा अर्थात् मैं मधु मद्य और मांस जो तीन मकार कहलाते हैं और बड, पीपर, ऊमर, कठुमर और पाकरके फल जिनको पंच उदम्बर कहते हैं इन आठोंको नहीं खाऊंगा।

(ग) मैं सात प्रकारके व्यसनोंसे अलग रहूंगा (१) जूआ खेलना, (२) मांस भक्षण करना, (३) मदिरा पीना (४) वेश्यासेवन करना (५) चोरी करना (६) शिकार खेलना और (७) पराई स्त्रीसे भोग करना

(घ) मैं प्रतिदिन मंदिरमें जाकर भगवानके दर्शन करूंगा।

इस प्रतिमाका नाम दर्शनप्रतिमा है ॥

दूसरी प्रतिमा–इस प्रतिमाका श्रावक नीचे लिखेहुये नियम करता है.

(क) मैं निम्न लिखित बारह प्रकारके अतिचाररहित व्रत पालूंगा.

(१) मैं किसी त्रसजीवकी हिंसा नहीं करूंगा वा दुःख नहीं दूंगा।

(२) मैं पराई स्त्रीसे भोग नहीं करूंगा।

(३) मैं चोरी नहीं करूंगा।

(४) मैं परिग्रहका प्रमाण करूंगा।

(५) मैं झूठ नहीं बोलूंगा।

(६) मैं दिशाओंमें कहांतक जाऊंगा इसका प्रमाण करूंगा.

(७) मैं अनर्थ दंडसे अलग रहूंगा अर्थात् ऐसे कर्म नहीं करूंगा जिससे कोई मनोरथ सिद्धि नहीं हो परन्तु जिनके करनेसे दंड मिले।

(८) मैं भोग और उपभोगका प्रमाण करूंगा।

(९) मैं प्रतिदिवस प्रमाण करूंगा कि किन २ देशोंमें और किन २ दिशाओंमें कहांतक जाना है यानी ऊपर जो १० दिशाओंमें जानेका प्रमाण किया था उसको दिन ब दिन घटाना।

(१०) मैं सामायिक करूंगा।

(११) मैं अष्टमी और चतुर्दशीको उपवास रक्खूंगा.

(१२) मैं चार प्रकारका दान करूंगा।

(ख) मैं समाधिमरण करूंगा अर्थात् मरनेके समय संसार और सम्बंधियोंसे मोह छोड दूंगा।

इस प्रतिमाका नाम व्रतप्रतिमा है ॥

---

(१) इन पांचोंको अणुव्रत कहते हैं (यानी १ से ५ तक)

(२) इन तीनोंको गुणव्रत कहते हैं (यानी ६ से ८ तक)

(३) भोग–जो एकवार भोगनेमें आवे जैसे आहार जलादिक.

(४) उपभोग–जो वारंवार भोगनेमें आवे जैसे वस्त्र, पात्र स्त्री आदि.

(५) आहारदान, औषधदान, विद्यादान, और अभयदान.

(६) इन चारोंको शिक्षाव्रत कहते हैं (यानी ९ से १२ तक)

तीसरी प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक नियम करता है कि मैं नियमित समयतक त्रिकाल (प्रभात, मध्याह्न और सायंकाल) सामायिक करूंगा।

इसका नाम सामायिक प्रतिमा है।

चौथी प्रतिमा—इस प्रतिमाके श्रावकको यह नियम करना होता है।
मैं प्रत्येक अष्टमी, और चतुर्दशीको सोलह प्रहरतक शक्तिप्रमाण उपवास करूंगा।
इस प्रतिमाका नाम प्रोषधोपवास प्रतिमा है॥

पांचवी प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक नियम करता है कि मैं विना आगमें पकेहुये हरी वनस्पति और बीजको भक्षण नहीं करूंगा।

इसका नाम सचित्तत्याग प्रतिमा है.

छठ्ठी प्रतिमा—इस प्रतिमाके श्रावकको यह नियम करना पड़ता है।

मैं रात्रिमें चार प्रकारका आहार नहीं करूंगा और मैं अपनी स्त्रीसे दिनमें भोग नहीं करूंगा।

इस प्रतिमाका नाम निशिभोजनत्याग प्रतिमा अथवा दिनमैथुनत्याग प्रतिमा है।

सातवीं प्रतिमा—इस प्रतिमाके श्रावकको नीचे लिखे हुये नियम करने पड़ते हैं.

(१) मैं स्त्रीसे बिल्कुल भोग नहीं करूंगा।

(२) मैं लेप, और शृंगार और उन सब बातोंका त्याग करूंगा जिनसे काम उत्पन्न हो।

इस प्रतिमाका नाम ब्रह्मचर्य प्रतिमा है।

आठवीं प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक नियम करता है।

मैं सब प्रकारके आरम्भ और व्यापारका त्याग करूंगा।

इसका नाम आरम्भत्याग प्रतिमा है।

नववीं प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक नियम करता है कि—

मैं अंतरंग[1] और बहिरंग[2] सब प्रकारके परिग्रहका त्याग करूंगा। इस प्रतिमाका नाम परिग्रहत्याग प्रतिमा है।

दशवीं प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक नियम करता है कि—

मैं किसी संसारी अथवा गृहकार्यमें भला बुरा नहीं कहूंगा और विना बुलाये भोजन नहीं करूंगा। इसका नाम अनुमतित्यागप्रतिमा है॥

ग्यारहवीं प्रतिमा—इस प्रतिमाका श्रावक प्रायः साधुके तुल्य होता है। वह या तो ऐलक श्रावक होता है या क्षुल्लक श्रावक।

---

(१) चौदह प्रकार—१ मिथ्यात्व २ वेद— स्त्री पुरुष नपुंसक ३ राग ४ द्वेष ५ हास्य ६ रति ७ अरति. ८ शोक ९. भय १० जुगुप्सा ११ क्रोध १२ मान १३ माया १४ लोभ.

(२) दश प्रकार—१ क्षेत्र २ वास्तु ३ हिरण्य ४ सुवर्ण ५ धन ६ धान्य ७ दासी ८ दास ९ कुप्य १० भाँड

यदि ऐलक श्रावक होतो जंगलमें साधुओंके संग रहता है । और वहां तपश्चरण करता है और लंगोटी लगाये हुये साधुओंकी तरहसे निर्दोष आहार ग्रहण करता है.

यदि वह क्षुल्लक श्रावक हो तो केवल लंगोटी चादर, और कमंडलु रखता है और मठ मंडप वा मन्दिरमें वास करता है। भिक्षाकर आहार लेता है जो इसके निमित्त ही कोई आहार बनाता है तो उसको नहीं लेता और अयोग्य और सचित्त आहारको नहीं लेता.

इस प्रतिमाका नाम उद्दिष्टव्रत प्रतिमा है.

उपर कहे हुये श्रावकके चरित्रके ११ भागोंके सिवाय हरएक गृहस्थी जैनको यथा-

दशलाक्षणी धर्म

शक्ति दशलाक्षणी धर्मके धारनेकी भी आज्ञा है।

(१) उसको क्रोध जीतना चाहिये अपनेसे छोटेसे भी सब प्रकारकी अवज्ञा और हानि शांतिसे सहन करनी चाहिये और उनपर क्षमा करनी चाहिये.

इसका नाम उत्तमक्षमाधर्म है।

(२) उसको मानकी बात नहिं कहनी चाहिये अर्थात् गर्व नहिं करना चाहिये। इसका नाम मार्दवधर्म है।

(३) उसको छल और कपटसे अलग रहना चाहिये।

इसको आर्जवधर्म कहते हैं।

(४) उसको सत्य बोलना चाहिये।

इसका नाम सत्यधर्म है।

(५) उसको आत्मा शुद्ध रखनी चाहिये और लोभरूप परिणाम नहीं करने चाहिये जिससे वह भ्रष्ट हो। उसको स्नान करके अपने शरीरको निर्मल और पवित्र भी रखना चाहिये।

इसको शौचधर्म कहते हैं।

(६) उसको छेह[1] प्रकारके जीवोंकी रक्षा करनी चाहिये और मन तथा पांचो इन्द्रियां वशमें रखनी चाहिये।

इसको संयमधर्म कहते हैं।

(७) उसको बारह[2] प्रकारका तप करना चाहिये।

इसका नाम तपधर्म है।

---

१ पृथिवीकाय, अपकाय, तेजकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय, और त्रसकाय।

२ अनशन, ऊनोदर, व्रतपारिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन, कायक्लेश, प्रायश्चित, विनय। वैयावृत, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग, ध्यान।

(८) उसको दुष्ट विचारोंका त्याग करना चाहिये और धन संपदासे मोह छोड़कर चार प्रकारके दान देनेमें व्यय करना चाहिये ।

इसको त्यागधर्म कहते हैं ॥

(९) उसको चिन्तवन करना चाहिये कि इस संसारमें आत्माके सिवाय किंचित् मात्र उसका नहीं है ।

इसका नाम आकिंचन्य धर्म है ॥

(१०) उसको आत्मध्यानमें लीन रहना चाहिये और अपनी स्त्री तथा अन्य स्त्री का भी त्याग करना चाहिये ।

इसको ब्रह्मचर्य धर्म कहते हैं ॥

हरएक जैनीका यह भी कर्तव्य है कि वह नीचे लिखे हुये बारह विषयोंपर निरंतर चिंतवन करे इनको बारह अनुप्रेक्षा कहते हैं

द्वादश अनुप्रेक्षा

(१) इस संसारमें कोई वस्तु नित्य नहीं है हरएक वस्तु विकार सहित है इस-कारण मुझको इससे विघ्न नहीं होना चाहिये और उसको क्षणभंगुर समझना चाहिये । इसको अनित्य अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥

(२) कष्ट वा मृत्युके समय इस संसारमें मेरी सहायता करनेवाला कोई नहीं है, जैसा मैंने बोया है वैसा अवश्य काटना पड़ेगा । इसका नाम अशरण अनुप्रेक्षा है ॥

(३) मैंने पहले अनादिकालसे मनुष्य, देव, नारकी और तिर्यंच बनकर दुःख सहे हैं और इस संसारमें भ्रमण करता फिरा हूं इसको संसारअनुप्रेक्षा कहते हैं

(४) मैं इस संसारमें अकेला हूं ।

इसका नाम एकत्वअनुप्रेक्षा है ॥

(५) संसारकी यह सब वस्तु मुझसे न्यारी हैं । इसका नाम अन्यत्वअनुप्रेक्षा है ॥

(६) मैं इस मलसे भरेहुये शरीरपर क्या मान करूं । इसका नाम अशुचिअनुप्रेक्षा है ।

(७) मुझको त्रिजोग अर्थात् मन, वचन और कर्मका चितवन करना चाहिये जि-नसे नये कर्मोंका बंध होता है । इसको आस्रवअनुप्रेक्षा कहते हैं ॥

(८) मुझको ऐसा उपाय करना उचित है जिससे आगामी कालमें मेरी आत्मासे नये कर्मोंका बंध होना रुक जाय । इसको संवरअनुप्रेक्षा कहते हैं ॥

(९) मुझको ऐसे उपाय करने चाहिये जो मुझको पिछले कर्मोंके नाश करनेमें सहा-यक हों । इसको निर्जराअनुप्रेक्षा कहते हैं ।

(१०) मुझको इस लोकका चिंतवन करना चाहिये, इसमें क्या २ विद्यमान हैं, द्रव्य कौन २ से हैं, तत्त्व कौनसे हैं इत्यादि । इसका नाम लोकअनुप्रेक्षा है ॥

(११) इससंसारमें रत्नत्रयधर्मके सिवाय सब वस्तु सुलभ हैं । इसको बोधि दुर्लभ-अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥

(१२) रत्नत्रय धर्म ही इस संसारमें सुखका यथार्थ मूल है । इसका नाम धर्मअनु-प्रेक्षा हैं ॥

अब महाशयो ! मैं आपसे यह पूंछता हूं कि मैंने जो श्रावकका धर्म साधारणतासे आपके सन्मुख कहा है क्या उसमें आपको कोई ऐसी बात मालूम होती है जिससे आप यह कह सकें कि जैनमत मलीन आचारोंके समूहके सिवाय और कुछ नहीं हैं ? और जिन व्रतोंकी गृहस्थी जैनको उसके जीवनमें आज्ञा की है क्या वे यथार्थमें उत्तम नहीं हैं ? मुझे खेद है कि मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं आपको इन व्रतोंका आशय विस्तार पूर्वक बता सकूं । मैं आपसे केवल यह पूंछता हूं कि क्या आप उनके देखने मात्रहीसे यह कह सकते हैं कि उनमें कोई ऐसी बात है जिसको मलीन कह सकें ? बल्कि क्या आप इन व्रतोंको अहिंसा परमोधर्मके उत्कृष्ट नियमपर स्थिति नहीं देखते ? क्या आप उनमें उत्कृष्ट सदाचारके नियम इकट्ठे किये हुये नाहिं देखते ? मैं आपसे पूंछता हूं कि आप यह नहीं देखते कि ये व्रत बारंबार चिल्ला रहे हैं " यह संसार तुम्हारे मनोरथको पूरा नहीं करेगा, इसमें ममता मत करो; अपनी आत्माका ध्यान करो, जहां-तक हो सके उतना ही थोड़ा इस संसारसे सम्बंध रक्खो, और कैसाही बड़ा काम क्यों न हो अपने अपने स्वभावको (धर्मको) कभी मत भूलो " ? और क्या आप यह नहीं देखते कि ये व्रत आपको योगी अथवा मुनि बननेका उपदेश करते हैं ?

महाशयो ! जैनमत एक निराला मत है । यह योगियोंका मत है, यह उन पुरुषोंका मत हैं जो संसार और उसकी वस्तुओंको तुच्छ समझते है, जो इस संसारसे बहुतही थोड़ा सम्बंध रखते हैं और जो एक प्रतिमासे दूसरीप्रतिमातक उन्नति करके अंतमें इस संसारका त्याग कर देते हैं और निर्ग्रंथ बन जाते हैं । जैनमत उन लोगोंका उपकारी नहीं है जो इस संसारकेलिये ही जन्म लेते हैं और जो खानेपीनेके लालसी वा विलासी हैं । यह मत केवल उन मनुष्योंकेलिये है जो परलोक और मोक्षमें बिश्वास रखते हैं और जो हरएक वस्तुको जो उनके निर्व्वाणके मार्गमें बाधा डालनेवाली हो हटाकर नग्न वा दिगम्बर बन जाते हैं, सबप्रकारकी परीषह सहन करते हैं और इस संसार, इस जीवन और इस जन्मको दुःखोंकी खानि समझते हैं ॥

महाशयो ! मैं आपसे फिर पूंछता हूं कि जो व्रत श्रावकके ऊपर लिखे हैं उनमें क्या कोई बात ऐसी है जो इस बातका उपदेश करती हो कि " स्नान मतकरो ! दन्तधावन मत करो और मलीन रहो " ?

विपरीत इसके हरएक श्रावकका यह नियम रक्खा है कि वह स्नान करे और शरीरको धोकर निर्मल और स्वच्छ रहै. यह दशलाक्षणीधर्म आज्ञाओंमें से एक आज्ञा है । पक्के जैनी सदा स्नान करते हैं, वे केवल एकबार ही स्नान नहीं करते बल्कि मलमूत्र क्षेपन करनेके पीछे हरबार स्नान करते हैं। जो लोग जैनियोंको मलीन कहते हैं, निस्सन्देह उनका ख्याल यथार्थ नहीं है, वे जैनियोंके साथ बड़ा अन्याय करते हैं । यह सत्य है कि जैनियोंमें एक सम्प्रदाय है जिसको ढूंढ़िया कहते हैं और जो 'अहिंसापरमोधर्म, के उसूलको अंततक लेगई है । इस सम्प्रदायके गुरु मुंहपर पट्टी बांधते हैं जिससे उनका यह अभिप्राय है कि जब वे बोलें अथवा श्वास लें तो कोई जीव नहीं मरजाय, वे 'यानी ढूंढियाओंके गुरु, मलीन वस्त्र धारण करते हैं और स्नान भी नहीं करते हैं परंतु उनकी संख्या बहुत थोड़ी है वे श्वेताम्बर जैनियोंकी एक छोटीसी शाखा है। जैनियोंकी दो बड़ी सम्प्रदाय अर्थात् दिगम्बरों और सम्वेगी श्वेताम्बरोंको ढूंढ़ियोंके साथ नहीं मिला देना चाहिये. उनका अंदाज उनहींके उसूलोंसे करना चाहिये जिनमें इस बातपर बड़ा जोर दियागया है कि हमको अपना शरीर पवित्र और निरोगी रखना चाहिये ॥

मुनिका चारित्र

अब मुनिके चारित्रका थोड़ासा कथन करता हूं और इसके पश्चात् मैं इस व्याख्यान को समाप्त करदूंगा । दिगम्बर जैन मुनियोंको जंगलमें नग्न रहना चाहिये, भूमिपर सोना चाहिये, अपने सामने चार हाथ प्रमाण (तक) जमीन पर दृष्टि डालकर सावधानतासे चलना चाहिये और ४६ दोष और ३२ अन्तरायोंको टालकर दिनमें एकबार श्रावकके घर भोजन करना चाहिये उनका यह भी नियम है कि अपने केशोंको लुंचन करें २२ [1]प्रकारकी परीसह सहन करें और चौदह (१४) [2]प्रकार का अंतरंग और दश १० [3]प्रकारका बहिरंग परिग्रह त्यागकर निर्ग्रंथ बने और अपना सारा समय धर्मध्यान वा शुक्लध्यान में व्यतीत करे ।

श्वेताम्बर जैनसाधु सफेद वस्त्र धारण करते हैं वस्तीमें रहते हैं और शय्यापर सोते हैं शुक्लध्यान आत्मध्यानको कहते हैं, धर्मध्यानमें दशलाक्षणी धर्म, बारह प्रकारतप, तेरह प्रकार चारित्र, छह [4]आवश्यकता और बारह अनुप्रेक्षा वा भावना शामिल हैं । यथार्थमें देखा जाय तो जैनसाधुका सारा समय पिछले कर्म्मोका नाश करने, नये कर्म्मोंके द्वारको, रोकने और अपनी आत्माको कर्मरहित करनेमें व्यतीत होता है । मेरी इच्छा है कि

१ क्षुधा, तृष्णा, शीत, उष्ण, डंसमशक, नग्न, अरति, स्त्री, चर्या, आसन, शयन, दुर्वचन, वधबंधन, याचना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श, मल, सत्कारपुरस्कार, प्रज्ञा अज्ञान और अदर्शन ।

२ मिथ्यात्व, वेद, राग, द्वेष, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, क्रोध, मान, माया और लोभ ।

३ क्षेत्र, वास्तु, हिरण्य, सुवर्ण, धन, धान्य, दास, दासी, कुप्य और भांड ।

४ सामायिक, वंदना, स्तवन, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग ।

जैनसाधुका हाल बतानेको मेरे पास इतना समय होता कि मैं जैनसाधुके चारित्रका अभिप्राय और उसका आशय बतला सक्ता, यहां मैं केवल एक बातको बताकर संतुष्ट होता हूं कि निर्ग्रंथ नग्न क्यों रहते हैं और जैनी लोग नग्न मूर्तियोंको क्यों पूजते हैं।

जैनीसाधु नग्न क्यों रहते हैं और क्यों जैनी नंगी मूर्तियोंको पूजते हैं?

जैनसाधु इस कारण नग्न रहते हैं कि जैनमत कहता है कि जब तक किसी पुरुषमें नग्नताका ऐसा ही विचार बना रहता है जैसा कि हममें, उस समयतक उसको मोक्षकी प्राप्ति नहीं हो सक्ती, जैनमत के अनुसार कोई पुरुष मोक्ष नहीं पा सक्ता जबतक उसको यह ख्याल रहता है कि मैं नंगा हूं, वह इस संसाररूपी समुद्रसे केवल उसी समय पार होसक्ता है जब वह इस बातको भूल जाय कि मैं नंगा हूं। नंगा होनेका हमारा ख्याल ही हमको स्वर्ग और मोक्ष में जानेसे रोकता है, जब हम अपने दिलसे इस ख्यालको दूर करदेंगे तब ही हम निर्व्वाण पा सकेंगे।

जैनमतमें भाव और ज्ञानका बड़ा माहात्म्य रक्खा है, इन्हींपर जैनीकी मुक्ति निर्भर है। एक मनुष्यने अपनी माताको उड़द [माष] की दाल धोते हुये देखा, उसने विचार किया कि उसकी आत्मा भी कर्म्मोंसे इसी प्रकार आच्छादित [ढंकी हुई] है जैसे कि उड़द की दाल छिलकेसे ढंकी हुई है। उसने इस आवरण (परदे) को हटानेके लिये ध्यान किया और 'तुषमाषभिन्न' 'तुषमाषभिन्न' इस प्रकार बारम्बार कहता रहा अर्थात् उसकी आत्मा माषकी दालके तुल्य और उसके कर्म माषके छिलकेके समान भिन्न २ हैं, इस तरह ध्यान करते २ वह केवली [सर्वज्ञ] बन गया और मोक्षको प्राप्त होगया। इससे आप देख सक्ते हैं कि जैनमतमें भावों [ख्यालातों] का बड़ा दरजा रक्खा है, भाव हमारी मुक्तिका कारण है और भाव ही हमको नरक गतिमें ले जाते हैं। जबतक मनुष्य का यह ख्याल रहता है और वह जानता है कि मैं नंगा हूं और लोग मुझको बुरा भला कहेंगे उस समयतक वह मोक्षको नहीं पा सक्ता, उसको निर्वाण पानेके लिये ये ख्याल दिलसे हटा देने चाहिये। आदम और यहव्वाके स्वर्गसे निकलनेकी प्रसिद्ध कथा भी यही बात जाहिर करती है, आदम और यहव्वा दोनों नग्न और पवित्र थे, वे अदनके बागमें पूर्ण सुख भोगते थे और उनको इस बातका कुछ ज्ञान नहीं था कि भलाई या बुराई क्या चीज है। सैतानको जो उनका बैरी था यह इच्छा हुई की उनके सुखको नष्ट करें, यह विचारकर उसने उनको बुराई और भलाईके ज्ञानरूपी वृक्षका फल चखा-दिया. जिससे उनको तुरन्त अपनी नग्नता मालूम होने लगी, इसका परिणाम यह हुआ कि वे पतित किये गये और स्वर्गसे निकाले गये, बुराई और भलाईके ज्ञानने ही और इस नग्नता के ख्यालने ही उनको अदनसे निकाला। जैनियोंका भी इसी प्रकार विश्वास

है, बुराई भलाईका और नग्नताका हमारा ज्ञान हमको मोक्षमें जानेसे रोकता है, इसकी प्राप्तिकेलिये नग्नताका ख्याल दिलसे निकाल देना चाहिये । जैननिर्ग्रंथ बुराई और भलाईके ज्ञानको भूल जाते हैं फिर उनको अपनी नग्नता ढकनेकेलिये वस्त्रोंकी क्या जरूरत है और वे आदम और हुव्वाके समान आत्मारूपी वाटिका (बाग) में सुख भोगते हुये नग्न और पवित्र क्यों नहीं रहें और बुराई भलाई और अपनी नग्नताके ज्ञानके कारण वे अविनाशी सुखसे रहित होकर इस संसारमें क्यों पतित हों ? हिन्दू शास्त्रोंमे भी नग्नताका कम गौरव नहीं रक्खा है। शुक आचार्य जिसके परीक्षितकी सभामें आनेसे उसके पिता और पितामह (दादा) वगैरह सहस्त्रों ऋषि खड़े हो गये थे दिगंबर था, शिव दिगम्बर था दत्तात्रेय दिगम्बर था ॥

दत्तात्रेयो महायोगी योगीशश्चामरः प्रभुः ।
मुनिर्दिगम्बरो बालो मायामुक्तो मदापहः ॥

[दत्तात्रेयसहस्रनाम पृष्ठ २१४]

अर्थ—महायोगी, योगीश, अमर, प्रभु, मुनि दिगम्बर, बाल, मायामुक्त, मदापह ये दत्तात्रेयके नाम हैं ॥

अवधूतोंका फिरका दिगम्बर अथवा जातरूप धारा होता है । ऋषभ जो विष्णुके २४ अवतारोंमें से एक थे और जैनमतके स्थापन करने वाले थे वह भी दिगम्बर थे—

एवमनुशास्यात्मजान्स्वयमनुशिष्टानपि लोकानुशासनार्थं महानुभावः परमसुहृद् भगवानृषभोपदेशउपशमशीलानामुपरतकर्मणां महामुनीनां भक्तिज्ञानवैराग्यलक्षणं पारमहंस्यधर्ममुपशिक्षमाणः स्वतनयशतज्येष्ठं परमभागवतं भगवज्जनपरायणं भरतं धरणिपालनायाभिषिच्य स्वयंभवनएवोर्वरितशरीरमात्रपरिग्रह उन्मत्त इव गगनपरिधानः प्रकीर्णकेशआत्मन्यारोपिताहवनीयो ब्रह्मावर्त्तात्प्रवव्राज ॥

(भागवतस्कंध ५ अ० ५ श्लोक २८)

अर्थ—बड़ेप्रभाववाले, सबके प्यारे, सबकर्म्मोंसे विरक्त और बड़ेशीलवंत भगवान् ऋषभदेव इसप्रकार अपनेपुत्रोंको शिक्षादेकर उनमें सबसे बड़े परमभाग्यवान, भगवज्जनोंकी सेवा करनेवाले श्रीभरतजीको पृथ्वीकी रक्षाकेलिये राजतिलक देकर आप महामुनियोंको भक्ति, ज्ञान और वैराग्यके लक्षणोंवाले परमहंसोंके धर्म्मकी शिक्षा करते हुये, संसारमें केवल शरीरमात्रको धार उन्मत्तकी तरह जिनके सब केश बिखर रहे हैं ऐसे दिगम्बर हो गये और अपने कर्त्तव्य (फर्ज) को विचारकर ब्रह्मावर्त अर्थात् बिठूरदेशसे सन्यास लेकर चले गये ॥

---

१ देखो भागवतमें.

भर्तृहरि अपने वैराग्यशतकमें शिव अर्थात् महादेवसे प्रार्थना करता है:—

एकाकी निस्पृहः शान्तः पाणिपात्रो दिगम्बरः ।
कदा शम्भो भविष्यामि कर्मनिर्मूलने क्षमः ॥ ७२ ॥

अर्थ—हे शम्भू ! वह दिन कब आवेगा जब मैं अकेला (अलग) होकर, इच्छारहित और शान्तहोकर, अपने हाथोंको बरतनकी जगह काममें लाकर और दिगम्बर बनकर कर्म्मोंके नाशकरनेको समर्थ हूंगा ?

नग्नता उन पुरुषोंके लिये नग्नता नहीं है जिन्होंने नंगा होनेका ख्याल दिलसे भुला दिया है. हिन्दूपुस्तकोंमें यह लिखाहुआ भी हमको मिलता है कि एक सरोवर (तलाव) में कुछ स्त्रियां नंगी स्नान कर रहीं थीं, शुक्रआचार्य पाससे निकल गये परंतु उन स्त्रियोंने अपनी नग्नताको नहीं छिपाया, जब व्यास उस मार्गसे निकले तो उन्होंने तुरंत अपनी नग्नता छिपालयी. व्यासने उन स्त्रियोंसे पूछा कि इसका क्या कारण है ? उन्होंने उत्तर दिया कि व्यास नग्नताको देखता और जानता है परन्तु शुक्र नहीं, और व्यासके नेत्र उनकी नग्नतापर पड़ते हैं परन्तु शुकके नहीं और व्यास अपने चारों ओरकी वस्तु देखता है विपरीति इसके शुक नहीं देखता । हमको हिन्दूपुस्तकोंमें यह भी मिलता है कि जब हनुमान दूत बनकर लंकामें गया तो उसने रावणके महलमें कुछ स्त्रियां रात्रिके समय नग्न सोती हुई देखीं, उसने अपने दिलमें विचार किया कि मुझसे बड़ा पाप हुआ परन्तु फिर सोचनेपर उसने ख्याल किया कि नहीं, मैं निरपराध हूं क्योंकि मैं पवित्र हूं और नंगा होना या न होना मेरेलिये बराबर है । वे मनुष्य अजीब हैं जिनके नेत्र साधुओंकी नग्नता पर पड़ते हैं और जो उनमें इसलिये दोष लगाते हैं कि वे वस्त्र धारण नहीं करते और उन्होंने बुराई भलाईका ख्याल दिलसे निकाल दिया है । हमारे नेत्र साधुओंके गुणोंपर पड़ने चाहिये, हमको उनकी नग्नतासे क्या प्रयोजन है ?

महाशयो ! क्या आपको मालूम है कि महाराजा रणजीतसिंहके महामंत्रीने उसपुरुषको क्या उत्तर दिया था जिसने उससे पूछा था कि क्या तुम्हारा राजा काना है ?

उसने यह जवाब दिया था कि मुझको यहबात मालूम नहीं है । दूसरेने पूछा कि इसका क्या कारण है तब मन्त्रीने उत्तर दिया कि महाराजाके मुखको देखनेका कौन साहस (जुरअत) कर सक्ता है, सब लोगोंकी आंखें उनके चरणोंमें पड़ती हैं फिर कोई किसप्रकार जान सक्ता है कि राजाके एक नेत्र है ? हमारे नेत्र भी सदा साधुओंके गुणोंपर पड़ते हैं, हमको उनके शरीरसे क्या प्रयोजन है ? इससे यह बात भी जाहिर होती है कि हम नग्नमूर्तियोंको क्यों पूजते हैं । क्योंकि मूर्तियां उन महात्माओंकी हैं जो नग्न थे, जब हम मन्दिरमें जाते हैं तो उन मूर्तियोंके शरीरको कभी नहीं देखते बल्कि उनके

ध्यानको देखते हैं और विचार करते हैं कि हमको उन तीर्थंकरोंके समान होना चाहिये जिनकी ये मूर्तियां हैं और हमको आत्मध्यानमें इसप्रकार मग्न होना चाहिये जैसे ये मूर्तियां बताती हैं। हम मूर्तिके ध्यानको देखते हैं शरीरको नहीं। आप हमारी मूर्तियोंको देखें उनको ध्यानमें मग्न पावेंगे. हम इस ध्यानकी पूजा करते हैं और मूर्तियोंको इस वास्ते पूजते हैं कि वे हमको ध्यानकरनेको याद दिलाती हैं। हम बुतपरस्ती (पाषाणपूजा) नहीं करते हैं बल्कि हम मानसिक पूजा करते हैं। ये मूर्तियां केवल हमको हमारे इष्टदेवका स्मरण कराती हैं, जिस प्रकार प्रेमीजन मुद्रिका (अंगूठी) रखते हैं जिससे उनको अपने प्राण प्यारे याद आजाते हैं। हम पाषाण की प्रतिमाओंको कभी नहीं पूजते बल्कि अपने इष्टदेवोंको पूजते हैं, हम इन पाषाणकी मूर्तियोंका केवल इसलिये आदर करते हैं कि वे हमारे इष्टदेवकी प्रतिनिधि हैं और हम अपने प्रिय इष्टदेवोंकी मूर्तियोंका क्यों नहीं सन्मान करें कि जिन्होंने बुराई भलाई और नग्नताके ख्यालको दिलसे भुलाकर मोक्षकी प्राप्तिकी और जो अपने पीछे हमारी शिक्षाके लिये अपना नमूना (आदर्श) छोड़ गये जिससे हम अपने जीवनको उनकासा उत्कृष्ट बनासकें और ऐसा करनेसे उन्होंने लोंगफेलो (Long fellow) के कहनेको सत्य दिखा दिया:—

" महानपुरुषोंके जीवन हमको याद दिलाते हैं कि हम अपने जीवनको उत्कृष्ट बनासक्ते हैं और मरकर अपने पीछे कालकी बालूपर चिन्ह छोड़ सक्ते हैं.

हमारा उपकार करनेवाले नग्न तीर्थंकरोंकी नग्न मूर्तियोंको अपने आत्मीक लाभके लिये पूजनमें क्या हानि है? जब कि हम देखते हैं कि उनमें हमारे इष्टदेवोंका ध्यान दर्शाया हुआ है और वे हमको हरएक प्रभातके समय हमारे इष्टदेवोंको याद करानेमें हमको सहायता देती हैं?

महाशयो! मैं आशा करताहूं कि उनलोगोंके लिये यह जवाब काफी होगा। जो पूछते हैं कि जैनी नग्न मूर्तियोंको क्यों पूजते हैं? महाशयो! आप याद रक्खें कि यह बात भी हमारी प्राचीनताको पुष्ट करती है कि हमारी मूर्तियां नग्न हैं और हमारे साधु नंगे रहते हैं। जैनमत ऐसे समयमें प्रचलित हुवा जब मनुष्य बाल्यावस्थाहीमें थे, जब वे पवित्र और निरपराध बालकोंकी तरह नग्न रहसक्ते थे और जब कि उनके नग्न होते हुए भी लोग उनसे ऐसी प्रीति करते थे जैसी कि हम अपने बच्चोंसे करते हैं, उस समयमें नग्नताका कोई ख्याल नहीं था॥

समाप्ति. महाशयो! अब मैं अपना व्याख्यान समाप्त करता हूं मैंने जैनमतपर जो मुझको संसारके मतोंमें सबसे उत्तम मालूम होता है अपना व्याख्यान खतम करदिया है। महाशयो! मुझको इसबातका अभिमान है कि मैंने जैनीके कुलमें जन्म लिया। मैं या-

वजीव इस जैनमतपर अभिमान करूंगा और मृत्यु होनेपर यह मेरी मुक्तिका कारण होगा। मैं चाहता हूं कि इस संसारमें कमसे कम आधा दर्जन ऐसे मत होते जो जैन-मत के अमूल-

" अहिंसा परमो धर्मः "

को माननेवाले होते। मैं चाहताहूं कि हरएक मत गरीब जानवरों भेड़, बकरी, गौ, बैल आदिकी रक्षा करता कि जिनकी गर्दनें प्रतिदिन मांसभक्षियोंको भोजनदेनेके लिये काटी जाती हैं। मैं चाहताहूं कि प्रत्येकमत दीन मृग, मोर और अन्य पशु और पक्षियोंके शिकार करनेका निषेध करता और मैं यह भी चाहता हूं कि प्रत्येक मत दशहरे और अन्य उत्सवोंके अवसरपर जीवोंको वध होनेसे रक्षा करता। हाय ! कितने भैंसे और भेड बलिदानके निमित्त मारे जाते हैं। महाशयो ! मुझको निश्चय है कि यदि इसी प्रकार हिंसा होती रही और निरपराध जीवोंका गला कटता रहा तो हम हिन्दू बहुत जल्द निस्सत्व (कमजोर) और निर्बल होजायगे क्योंकि हम मांससे बिल्कुल घृणा करते हैं और विशेषकर हमारी शक्ति घी और दूधपर ही निर्भर है। आप बिचार करें कि इस समयमें घी और दूध कितना महँगा है और पहले कितना सस्ता था, इस कारण हमको यह हिंसा रोकनी चाहिये और उन बिचारे जानवरोंका पक्ष लेना चाहिये जिनकी अगर रक्षा कीजाय तो वे हमारे लाभके लिये नहीं तो कमसे कम दयाके कारण अवश्य हमारे कृतज्ञ (मशकूर) होगे। महाशयो दीन जीवोंपर करुणा करो और बिचारकरो कि किस तरह निर्दोष जीव बिनाकारण बध किये जाते हैं। आज जिस बकरी, भेड़ या गौको, आप देखते हैं कल वह इस संसारमें नहीं रहती है, वह कहां चली गई ? मांस भक्षियोंके लिये उसका बध होगया, उन्हींके कारण उसका जीवन नहीं रहा। महाशयो ! कृपाकरके आप मुझको बतायें कि क्या इन बिचारे जानवरोंको स्वप्नमें भी यह मालूम होता है कि अगलेदिन उनका बध होगा, जो जानवर इस समय मौजूद हैं वे क्या जानते हैं कि उनका काल निकट आगया है और कलकी प्रभात वे इस संसारमें नहीं रहेंगे ? महाशयो ! आप मुझको यह भी बतावें कि क्या निर्दई जीवहिंसक इस बातको नहीं जानते हैं कि जान सबको प्यारी होती है और मृत्युसे सबको दुःख होता है ? दया ! दया ! ! दया ! ! ! मैं दयाके सिवाय और किसी बातकी प्रार्थना (अपील) नहीं करता, यदि हममें करुणा है तो हमको गरीब जीवोंका पक्ष लेना चाहिये। इंगलैंडदेश (England) में देखिये ए. एफ. हिल्ज साहब डी. एल् (A. F. Hills, Eq., D. L.) और प्रोफेसर मेयर और जोशिया ओल्डफील्ड (Pro. Mayor and Josiah Old field) प्रेरणा (तहरीक) कर रहे हैं जिसका अभिप्राय केवल जीवोंकी हिंसासे रक्षण करना और शाक

भक्षण (Vegeterianism) का प्रचार करना है । हमको भी भारतवर्षमें इसकी एक शाखा खोलनी चाहिये,एक भारतवर्षीय शाकभक्षणी सभा (Indian Vegeterian Federal Union) बनानी चाहिये और "उस मेमनेकी (भेड़के बच्चेकी) रक्षा करनी चाहिये जिसके बध करनेकी आज तेरे उत्सवने आज्ञा देदी है: यदि उसमें तेरा जैसा ज्ञान होता तो क्या वह उछलता और कूदता फिरता ? अन्तसमयतक वह खुश हुआ सुन्दर भोजनको खाता है और उस हाथको चाटता है जो उसका रुधिर बहानेकेलिये खड़ा हुवा है" ॥

महाशयो ! विचार करो कि हम हिन्दू हैं,हम उन पुरुषोंकी सन्तान हैं जो हिन्दू थे अर्थात् जिनसे 'हिं' अर्थात् हिंसा 'दू' अर्थात् दूर थी (हिं-हिंसा, और दू-दूर) हिन्दू लोग वे नहीं थे जो सिंधुनदीके तटपर वसते थे. वे लोग थे जिनसे हिंसा दूरथी, हमको शब्दोंके मिथ्या अर्थ न करने चाहिये. हमको शब्दोंके यथार्थ अर्थ करने चाहिये. जो मनुष्य जिह्वाके लोलुपी हैं वही कहते हैं कि हिन्दू लोग सिन्धुनदीके तटपर वसा करते थे; हम जैनी उन लोगोंको हिन्दू कहते हैं जिनसे 'हिं' अर्थात हिंसा 'दू' अर्थात् दूर थी और महाशयो ! क्या हमारा यह कहना ठीक नहीं है ? अवश्य है, दशा बताती है कि हम सत्य हैं, जानकर पुकारते हैं कि हमारा अर्थ यथार्थ है, इसलिये जो हमारा नाम है हमको वैसा ही बनना चाहिये हमको झूठा दावा करना उचित नहीं है । हमको सच्चे हिन्दू अर्थात् जैन बनना चाहिये दोनोंका एक ही अर्थ है,हमको दयामयी धर्मके उत्कृष्ट नियमका पक्ष लेना चाहिये और हिमालयके पर्वतसे लेकर रामेश्वरतक और गुजरातसे लेकर ब्रह्मदेशतक बल्कि जैनराजा अशोककी तरहँ अन्यदेशोंमें घोषणा (डोंडी) करनी चाहिये कि "अहिंसापरमो धर्मः किसीजीवका वध मत करो किसी जीवको मत सताओ, यही, परमधर्म है" हमको शिला और स्तम्भोंपर सोनेके अक्षरोंसे खोदना चाहिये कि अहार यज्ञ शिकार वा किसी और प्रयोजनके कारण भी किसी जीवका वध नहीं करना चाहिये ।

महाशयो ! मैं अपने स्थानपर बैठनेसे पहले आपलोगोंका अत्यंत धन्यवाद करता हूं कि आपने कृपाकरके शांति पूर्वक मेरे व्याख्यानको श्रवण किया ॥

श्री.

परिशिष्ट.

लेख नं. १

हम यहांपर अकबरके फरमानकी नकल करते हैं और मालकम साहबने जो उसके विषयमें लिखा है उसका जिकर करते हैं–

MEMONS OF CENTRAL INDIA & MALCOLM
VOL. II, L. C. 135 & 136 (Foot note.)

An application was made to me to prevent the slaying of animals during the Putchoossur, or twelve days which they hold sacred: and the original Firman of Akber (carefully kept by their high priest at Oojein) was sent for my perusal. The following is a *literal* translation of this curious document.

" In THE NAME OF GOD, GOD IS GREAT.

" Firman of the Emperor Julalo-deen Mahomed Akber, Shah, Padsha, Ghazee.

" Be it known to the Moottasuddies of Malva, that as the whole of our desires consist in the preformance of good actions, and our virtuous intentions are constantly directed to one object, that of delighting and gaining the hearts of our subjects, &c. :

" We, on hearing mention made of persons of any religion or faith whatever who pass their lives in sanctity, employ their time in spiritual devotion, and are alone intent on the contemplation of the Deity, shut our eyes on the external forms of their worship, and considering only the intention of their hearts, we feel a powerful inclination to admit them to our association, from a wish to do what may be acceptable to the Deity. On this account, having heard of the extraordinary holiness and of the severe penances performed by Hirbujisoor and his disciples, who reside in Guzerat, and are lately come from thence, we have ordered them to the presence, and they have been ennobled by having permission to kiss the abode of honour.

" After having received their dismissal and leave to proceed to their own country, they made the following request:-That if the King, protector of the poor, would issue orders that during the twelve days of the month Bhodon, called Putchoossur (which are held by the Jains to be particularly holy), no cattle should be slaughtered in the cities where their tribe reside, they would thereby be exalted in the eyes of the world, the lives of a number of living animals would be spared, and the actions of his Majesty would be acceptable to God; and as the persons who made this request came from a distance, and their wishes were not at variance with the ordiances of our religion but on the contrary were similar in effect with those good works prescribed by the venerable and holy Musslman, we consented and gave orders that, during those twelve days called Putchoossur, no animal should be slaughtered.

" The present Sunnud is to endure for ever, and all are enjoined to obey it, and use their endeavours that no one is molested in the performance of his religious ceremonies.

Dated 7th Jumad-ul Sani, 992 Hejirah. "

अर्थ–जैनियोंने मुझसे प्रार्थना की कि पचूसर (पजूषण) अर्थात् उन १२ दिनोंमें जिनको वे पवित्र मानते है जीवोंकी हिंसाको रोका जाय और अकबरबादशाहका दिया हुआ असली फरमान जिसको उज्जैनमें रहनेवाले उनके बडे पुजारीनें यत्नसे रक्खा था उन्होने मेरे देखनेकेलिये भेजा। इस अपूर्व पत्रका निम्नलिखित तर्जुमा है.–

" ईश्वरके नामसे ईश्वर बडा है.

" **महाराजाधिराज जलालुद्दीन अकबर शाह बादशाह गाजीका फरमान.** "

" मालवाके मुत्सद्दियोंको विदित हो कि चूंकि हमारी कुल इच्छाये इसी बातकेलिये हैं के शुभाचरण किये जाय और हमारे श्रेष्ठ मनोरथ एक ही अभिप्राय अर्थात् अपनी प्रजाके मनको प्रसन्न करने और आकर्षण करनेकेलिये नित्य रहते है। "

" इस कारण जब कभी हम किसी मत वा धर्मके ऐसे मनुष्योंका जिकर सुनते है जो अपना जीवन पवित्रतासे व्यतीत करते हैं, अपने समयको आत्मध्यानमें लगाते हैं, और जो केवल ईश्वरके चिन्तवनमें लगे रहते है तो हम उनकी पूजाकी बाह्य रीतिको नहीं देखते है और केवल उनके चित्तके अभिप्रायको विचारके उनकी संगति करनेकेलिये हमारे तीव्र अनुराग होता है और ऐसे कार्य करनेकी इच्छा होती है जो ईश्वरको पसंद हो। इस कारण हरिभद्र सूर्य और उसके शिष्य जो गुजरातमें रहते हैं और वहांसे हालहीमें यहां आये है उनके उग्रतप और असाधारण पवित्रताका वर्णन सुनकर हमने उनको हाजिर होनेका हुक्म दिया है और वे आदरके स्थानको चूमनेकी आज्ञा पानेसे सन्मानित हुये हैं.–

" अपने देशको जानेकेलिये बिदा (रुखसत) होनेके पीछे उन्होंने निम्न लिखित प्रार्थना की:–

यदि बादशाह जो अनाथोंका रक्षक है यह आज्ञा दे दें कि भादों मासके बारह दिनोंमें जो पचूसर (पजूषण) कहलाते हैं और जिनको जैनी विशेष करके पवित्र समझते हैं कोई जीव उन नगरोंमें न मारा जाय जहां उनकी जाति रहती है तो इस्से दुनियांके मनुष्योंमें उनकी प्रशंसा होगी बहुतसे जीव वध होनेसे बच जांयगे और सरकारका यह कार्य परमेश्वरको पसंद होगा और चूंकि जिन मनुष्योंने यह प्रार्थना की है वे दूर देशसे आये हैं और उनकी इच्छा हमारे धर्मकी आज्ञाओंके प्रतिकूल नहीं है वरन उन शुभ कार्योंके अनुकल ही हैं जिनका माननीय और पवित्र मुसलमानने उपदेश किया है. इस कारण हमने उनकी प्रार्थनाको मान लिया और हुक्म दिया कि उन बारह दिनोंमें जिनको पचूसर (पजूषण) कहते हैं किसी जीवकी हिंसा न की जावे।

"यह सदाकेलिये कायम रहैगी और सबको इसकी आज्ञा पालन करने और इस बातका यत्न करनेकेलिये हुक्म दिया जाता है कि कोई मनुष्य अपने धर्मसम्बधी कार्योंके करनेमें दुःख न पावे। मिती ७ जमादुलसानी सन ९९२ हिजरी."

लेख नं. २.

हम यहां महाराना श्री राजसिंहजीके आज्ञापत्रकी नकल करते हैं–

Tod's Rajasthan. VOL. I.

Appendix No. V.–pp. 696 & 697.

Mahrana Sri Raj Sing, Commanding:

To the Nobles, Ministers, Patels, of the ten thousand (villages) of Mewar (dossehes Mewar-ra,) according to your stations–read!

1. From remote times, the temples and dwellings of the Jains have been authorized; let none therefore within their boundries carry animals to slaughter–this is their ancient privilege.

2. Whatever life, whether man or animal, passes their abode for the purpose of being killed, is saved (amra).

3. Traitors to the State, robbers, felons escaped confinement, who may fly for sanctuary (sirna) to the dwellings (upasra) of the Yatis, shall not there be seized by the servants of the Court.

4. The kunchi (handful) at harvest, the muti (handful) of Keranoh, the charity lands (doli), grounds, and houses, established by them in the various twons, shall be maintained.

5. This ordinance is issued in consequence of the representation of the Ric Manoh to whom is granted fifteen Bighas of Adhan Iand, and twenty five of Malatic. The same quantity of each kind in each of the districts of Nimutch and Nimbahira.–Total in three districts, forty five bighas of adhan, and seventy five of mal.

On seeing this ordinance, let the land be measured and assigned, and let none molest the Yatis, but foster their privileges. Cursed be he who infringes them-the cow to the Hindu-the hog and corpse to the Mussalman.

(By command)

Samvat 1749, Mahsud 5th, A. D. 1693.

Sah Dyal, (Minister.)

देखो टॉड साहबकी बनाई पुस्तक " राजस्थानकी " जिल्द १ का
अपेंडिक्स नं. ५, पृष्ठ ६९६ और ६९७.

महाराना श्री राजसिंह मेवाड़के दश हजार ग्रामोंके सरदार, मंत्री और पटेलोंको आज्ञा देता है सब अपने २ पदके अनुसार पढे !

१ प्राचीनकालसे जैनियोंके मंदिर और स्थानोंको अधिकार मिलाहुआ है इस कारण कोई मनुष्य उनकी सीमा (हद) में जीववध न करे यह उनका पुराना हक है.

२ जो जीव नर हो या मादा, वध होनेके अभिप्राय से इनके स्थानसे गुजरता है वह अमर होजाता है (अर्थात् उसका जीव बच जाता है.)

३ राजद्रोही, लुटेरे और कारागृहसे भागे हुए महापराधीको जो जैनियोंके उपासरेमें जाकर शरण ले, राजकर्मचारी नहीं पकड़ेंगे.

४ फसलमें कूंची (मुट्ठी), कराना की मुट्ठी, दान करी हुई भूमी, धरती और अनेक नगरोंमें उनके बनाये हुए उपासरे कायम रहेंगे.

५ यह फरमान ऋषि मनुकी प्रार्थना करनेपर जारी किया गया है जिसको १५ बीघे धानकी भूमिके और २५ मलेटीके दान किये गये हैं। नीमच और निम्बहीरके प्रत्येक परगनेमें भी हरएक जतिको इतनी ही पृथ्वी दीगई है अर्थात् तीनो परगनोंमें धानके कुल ४५ बीघे और मलेटीके ७५ बीघे ।

इस फरमानके देखते ही पृथ्वी नाप दी जाय और दे दी जाय और कोई मनुष्य जतियोंको दुःख नहीं दे. बल्कि उनके हकोंकी रक्षा करे. उस मनुष्यको धिक्कार है जो उनके हकोंको उलंघन करता है। हिंदुको गौ और मुसलमानको सूअर और मुर्दारकी कसम है ॥

(आज्ञासे)

सम्वत १७४९, महसूद ५ वीं, ईस्वी सन १६९३.

शाह दयाल (मंत्री.)

लेख नं. ७

हम यहां व्यासकृत वेदान्तसूत्रमें जो जैनियोंका वर्णन आया है वह शंकराचार्यके भाष्यके सहित लिखते हैं.

अध्याय २ रा. पाद २ रा.

नैकस्मिन्नसम्भवात् ॥ ३३ ॥

निरस्तः सुगतसमयः विवसन समय इदानीं निरस्यते । सप्त चैषां पदार्थाः सम्मता जीवाजीवास्रव संवर निर्जराबन्धमोक्षा नाम । संक्षेपतस्तु द्वावेव पदार्थौ जीवाजीवाख्यौ यथायोग्यतयोरेवेतरान्तरभावादिति

मन्यते, तयोरिममपरं प्रपंचमाचक्षते, पंचास्तिकाया नाम जीवास्तिकायः पुद्गलास्तिकायः धर्म्मास्तिकायः अधर्म्मास्तिकायः आकाशास्तिकायश्चेति । सर्वेषामप्येषामवान्तरप्रभेदान् बहुविधान् स्वसमयपरिकल्पितान् वर्णयन्ति । सर्वत्र चेमं सप्तभङ्गीनयं नाम न्यायमवतारयन्ति । स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादस्तिच नास्ति च, स्यादवक्तव्यः, स्यादस्तिचावक्तव्यश्च, स्यान्नास्तिचावक्तव्यश्च, स्यादस्ति च नास्ति चावक्तव्यश्चेत्येवमेवैकत्वनित्यत्वादिष्वपीमं सप्तभङ्गीनयं योजयन्ति । अत्राचक्ष्महे, नायमभ्युपगमो युक्त इति । कुतः एकस्मिन्नसम्भवात् । न ह्येकस्मिन् धर्मिणि युगपत् सदसत्वादिविरुद्धधर्म समावेशः सम्भवति शीतोष्णवत् । य एते सप्तपदार्था निर्धारिता एतावन्त एवं रूपाश्चेति ते तथैव वा स्युः इतरथा हि तथा वा स्युः अतथा वेत्यनिर्धारित रूपं ज्ञानं संशयज्ञानवदप्रमाणमेव स्यात् । नन्वनेकात्मकं वस्त्विति निर्धारितरूपमेव ज्ञानमुत्पद्यमानं संशयज्ञानवन्नाप्रमाणं भवितुमर्हति, नेति ब्रूमः । निरङ्कुशं ह्यनेकान्तं सर्ववस्तु प्रतिजानानस्य निर्धारणस्यापि वस्तुत्वाविशेषात् स्यादस्ति स्यान्नास्तीत्यादि विकल्पोपनिपातादनिर्धारणात्मकते वा स्यात्, एवं निर्धारयितुर्निर्द्धारणफलस्य च स्यात् पक्षेऽस्तिता स्याच्च पक्षे नास्तितेति, एवं सति कथं प्रमाणभूतः सस्तीर्थकरः प्रमाण प्रमेयप्रमातृप्रमितिष्वनिर्द्धारितासूपदेष्टुशक्नुयात्, कथं वा तदभिप्रायानुसारिणस्तदुपदिष्टेऽर्थेऽनिर्धारितरूपे प्रवर्तेरन् । ऐकान्तिकफलत्वनिर्धारणे हि सति तत्साधनानुष्ठानाय सर्वो लोकोऽनाकुलः प्रवर्तते नान्यथा, अतश्चानिर्धारितार्थं शास्त्रं प्रलपन्मत्तोन्मत्तवदनुपादेयवचनः स्यात् । तथा पंचानामास्तिकायानां पंचत्वसंख्याऽस्ति वा नास्ति वेति विकल्प्यमाना स्यात् तावदेकस्मिन् पक्षे पक्षान्तरे तु न स्यादित्यतोऽन्यूनसंख्यात्वमधिकत्वं वा प्राप्नुयात् । न चैषां पदार्थानामवक्तव्यत्वं सम्भवति अवक्तव्याश्चेन्नोच्येरन् उच्यन्ते चावक्तव्याश्चेति विप्रतिषिद्धम् । उच्यमानाश्च तथैवावधार्यन्ते नावधार्यन्त इति च, तथातदवधारणफलं सम्यग्दर्शनमस्ति नास्ति वा एवं तद्विपरीतमसम्यग्दर्शनमप्यस्ति नास्ति वा एवं तद्विपरीतमसम्यग्दर्शनमप्यस्ति वा नास्तिवेति प्रलपन्मत्तोन्मत्तपक्षस्यैव स्यात् । न प्रत्ययितव्यपक्षस्य स्वर्गापवर्गयोश्च पक्षे भावे पक्षेचाभावस्तथा पक्षे नित्यता पक्षे चानित्यतेत्यनवधारणायां प्रवृत्त्यनुपपत्तिः । अनादिसिद्धजीवप्रभृतीनां च स्वशास्त्राधृतस्वभावा नाम यथावधृतस्वभावत्वप्रसङ्गः । एवं जीवादिषु पदार्थेष्वेकस्मिन् धर्मिणि सत्वासत्वयोर्विरुद्धयोर्धर्मयोरसम्भवात् सत्वे चैकस्मिन् धर्मेऽसत्वस्य धर्मान्तरस्यासम्भवात् असत्ये चैवं सत्वस्य सम्भवादसंगतमिदमार्हतं मतम् एतेनैकानेकनित्यानित्यव्यतिरिक्ता व्यतिरिक्ताद्यनेकताभ्युपगमा निराकृतामन्तव्याः । यत्तुपुद्गलसंज्ञकेभ्योऽणुभ्यः संघाताः सम्भवन्तीति कल्पयन्ति तत पूर्वेणैवाणुवादनिराकरणेन निराकृतं भवतीत्यतो पृथक् तन्निराकरणाय प्रयत्यते ।

एवं चात्माऽकार्त्स्न्यं ॥ ३४ ॥

यथैकस्मिन् धर्मिणि विरुद्धधर्मासम्भवो दोषः स्याद्वादे प्रसक्तः एवमात्मनोऽपि जीवस्याकार्त्स्न्येमपरो दोषः प्रसज्येत । कथं शरीरपरिमाणोहि जीव इत्यनार्हता मन्यन्ते । शरीरपरिमाणतायां च सत्यामकृत्स्नोऽसर्व गतः परिच्छिन्न आत्मेत्यतो घटादिवदनित्यत्वमात्मनः प्रसज्येत । शरीराणाञ्चानवस्थितपरिमाणत्वान्मनुष्य जीवो मनुष्यशरीरपरिमाणो भूत्वा पुनः केनचित् कर्मविपाकेन हस्तिजन्म प्राप्नुवन्न कृत्स्नं हस्तिशरीरव्याप्नुयात्, पुत्तिकाजन्म च प्राप्नुवन्न कृत्स्नपुत्तिकाशरीरे सम्मीयेत । समान एष एकस्मिन्नपि जन्मनि कौमारयौवनस्थाविरेषु दोषः । स्यादेतत् अनन्तावयवो जीवस्तस्य त एवावयवा अल्पे शरीरे संकुचेयुर्महति च विकाशेयुरिति । तेषां पुनरनन्तानां जीवावयवानां समानदेशत्वं प्रतिविहन्येत वा न वेति वक्तव्यम् । प्रतिघाते तावन्नानन्तावयवाः परिच्छिन्ने देशे सम्मीयेरन् । अप्रतिघातेऽप्येकावयवदेशत्वोपपत्तेः सर्वेषामवयवानां प्रथिमानुपपत्तेः जीवस्याणुमात्रप्रसङ्गः स्यात् । अपि च शरीरमात्रपरिच्छिन्नानां जीवावयवानामानन्त्यं नोत्प्रेक्षितुमपि शक्यम् । अथ पर्यायेण बृहच्छरीरप्रतिपत्तौ च केचिज्जीवावयवा उपगच्छन्ति तनुशरीरप्रतिपत्तौ च केचिदपगच्छन्ति इत्युच्यते तत्राप्युच्यते ॥

न च पर्यायादप्यविरोधो विकारादिभ्यः ॥ ३५ ॥

न च पर्य्यायेणाप्यवयवोपगमापगमाभ्यामेतद्देहपरिमाणत्वं जीवस्याविरोधेनोपपादयितुं शक्यते । कुतः विकारादिदोषप्रसङ्गात् । अवयवोपगमापगमाभ्यां ह्यनिशमापूर्य्यमाणस्यापक्षीयमाणस्य च जीवस्य विक्रियावत्वं तावदपरिहार्यं, विक्रियावत्वे च चर्म्मादिवदनित्यत्वं प्रसज्येत, ततश्चबन्धमोक्षाभ्युपगमो बाध्येत, कर्माष्टकपरिवेष्टितस्य जीवस्यालाबुवत् संसारसागरे निमग्नस्य बन्धनोच्छेदादूर्द्ध्वगामित्वं भवतीति । किञ्चान्यदागच्छतां मपगच्छतां चावयवानामागमापायिधर्मवत्वादेवा नात्मत्वं शरीरादिवत् । ततश्चावस्थितः कश्चिदवयव आत्मेति स्यात्, न च स निरूपयितुं शक्यते अयमसाविति । किंचान्यदागच्छन्तश्चैते जीवावयवाः कुतः प्रादुर्भवन्ति अपगच्छन्तश्च क्व वा लीयन्त इति वक्तव्यम् । न हि भूतेभ्यः प्रादुर्भवेयुः भूतेषु च लीयेरन् अभौतिकत्वाज्जीवस्य । नापि कश्चिदन्यः साधारणोऽसाधारणो वा जीवानामवयवाधारो निरूप्यते प्रमाणाभावात् । किंचान्यदनवधृतस्वरूपश्चैवं सत्यात्मा स्यात् आगच्छतामपगच्छतां चावयवानामनियतपरिमाणत्वात्, अतएवमादिदोषप्रसङ्गान्न पर्य्यायेणाप्यवयवोपगमापगमावात्मन आश्रयितुं शक्यते । अथवा पूर्वेण सूत्रेण शरीरपरिमाणस्यात्मन उपचितापचितशरीरान्तरप्रतिपत्तावकार्त्स्न्यप्रसञ्जनद्वारेणानित्यतायां चोदितायां पुनः पर्य्यायेणपरिमाणानवस्थानेऽपि स्रोतः सन्ताननित्यतान्यायेनात्मनो नित्यता स्यात्, यथारक्तपटादीनां विज्ञानानवस्थानेऽपि तत्सन्ताननित्यता तद्वद्विसिचामपीत्याशङ्क्यानेन सूत्रेणोत्तरमुच्यते । सन्तानस्य तावदवस्तुत्वे नैरात्म्यवादप्रसङ्गः वस्तुत्वेऽप्यात्मनोविकारादिदोषप्रसङ्गादस्य पक्षस्यानुपपत्तिरिति ॥

अन्त्यावस्थितेश्चोभयनित्यत्वादविशेषः ॥ ३६ ॥

अपि चान्त्यस्यमोक्षावस्थाभाविनो जीवपरिमाणस्य नित्यत्वमिष्यते जैनैस्तद्वत् पूर्वयोराद्यमध्यमयोर्जीवपरिमाणयोर्नित्यत्वप्रसङ्गात् अविशेषप्रसङ्गः स्यादित्युक्ते एकशरीरपरिमाणतैव स्यात् नोपचितापचितशरीरान्तरप्राप्तिः । अथ वान्तस्य जीवपरिमाणस्यावस्थितत्वात्पूर्वयोरप्यवस्थयोरवस्थितपरिमाणएव जीवः स्यात् । ततश्चाविशेषेण सर्वदैवाणुर्महान् वा जीवोऽभ्युपगन्तव्यो न शरीरपरिमाणः, अतश्च सौगतवदार्हतमपिमतमसंगतमित्युपेक्षितव्यम् ॥

लेख नं. ८

हम यहां भागवतके पंचमस्कंधमें जो ऋषभदेवका वर्णन आया है उसको नकल करते हैं.

तीसरा अध्याय.

नाभिराजा श्रद्धा करके विशुद्धभावसे यजन करि प्रवर्ग्य नामक यज्ञको प्रचार करि द्रव्य देश काल मंत्र ऋत्विग् दक्षिणा विधान इनके योगकी सिद्धि करके जो भगवान् काऊ प्रकारसे न जाने जायँ हैं सो भगवान अपने भागवतोंके ऊपर वात्सल्य भाव करके सुन्दर मूंधेसें प्रसन्न प्रगट होयबेको काऊसें न जीती जाय ऐसे अपने आत्माको अपने निजजनोंके जो मनोरथ सम्पूर्णकरवेकी इच्छा करके सबके हृदयके ग्रहण करवेवारे साक्षात् परमेश्वर सबके हृदयके सुखकरवेवारे शरीरके अवयवोंकरकें महा सुन्दर अवतार ले प्रगट होते भए २।

याके उपरान्त चतुर्भुजधारी सुवर्णमय पुरुषमें विशेष पीताम्बरधारी वक्षस्थलमें श्रीमहालक्ष्मीजीको चिन्ह शोभित शंख, कमल, वनमाला, चक्र, कौस्तुभमणि गदादिसें शोभित जिनकी किरण दमकें ऐसे श्रेष्ठ मुकुट कुण्डल कड़ा कटिसूत्र हार केयूर नूपुरसे आदि ले अंगभूषणोंसें भूषित तिन्हें देख ऋत्विक सभासद गृहके मालक ये सब ऐसे प्रसन्न भये जैसें निर्धनकूं उत्तम धन मिलै तैसे बहुमानपूजनकरि शिरझुकाय वे सब स्तुति करवे लगे ॥ ३ ॥

ऋत्विकसभासदग्रहके मालक बोले कि हे पुज्यतम बारम्बारपूजनीयहो हम जो आपके अनुगामी हैं सो नमस्कार ही बारम्बार करे हैं ये ही सज्जनोंसे शिक्षा पाई है कि संसारकी प्रकृत गुणोंमें जाकी मति असमर्थ पुरुष परमेश्वरके प्रकृतगुणोंके पीछेके भये जीव नाम रूप आकृति करकै कौन कहिवेको समर्थ है ॥ ४ ॥

सब जीव समूहोंका पाप नाशक अत्यंत कल्याणदायक श्रेष्ठगुणगणोंके कहिवेके बिना और प्रकारसे न जा सकें हैं ॥ ५ ॥

हे परमपरिवारके जीवोंके अनुरागसे कहे भये जो गद्गद अक्षरकी स्तुतियें जल शुद्ध पल्लवकुशादि मञ्जरी तुलसी इत्यादि दूर्वाअंकुर इन करके करी भई पूजाकरके निश्चय है कि आप प्रसन्न होओ हो ॥ ६ ॥

यद्यपि ऐसी बात है तथापि आपकी बहुभारसे भरीभई या पूजाके बिना आपके मतके अनुकूल और कुछ नहीं देखें हैं ॥ ७ ॥

हे नाथ दिनरात अनायास करके अपृथभागसें अनेकबार होवैं ऐसे सब पुरुषार्थस्वरूप जो आत्मा आप तिनसें अशीर्वाद मागवेके विना और कुछ चाह योग्य होयवेको समर्थ नहीं होय है ॥ ८ ॥

हे सब श्रेष्ठनसे बी महाश्रेष्ठ जैसे हम सरीके परम अज्ञानी आत्माको कल्याण और भय न जानै अत्यंत करुणा करके आपकी जामें महिमा ऐसे अपवर्गकी कल्पना करत कुछ हमारी पूजाकी अपेक्षा न करके इनरकी यहां आप लखाई पडे हो ॥ ९ ॥

यद्यपि तुम वर देवेकूं आविर्भाव भए तथापि हे पूजनीय यही वर है कि या राजर्षिके यज्ञमें वरदाता आप अपने भक्तनके नेत्रके सन्मुख भये ॥ १० ॥

काऊकों संग न करतो ऐसो तीक्ष्ण ज्ञानरूप अग्निमे विशेषकरके सबमिल जिनके गुणहुये आपमें जिनके स्वभाव आत्माराम मनन करें ईश्वरको ऐसें मुनीनको निरन्तर असंख्यात गुणनके गण परममंगलके स्थान गुणगणनके धारा कथन करवेयोग्य तुम हो ॥ ११ ॥

अब कोई समय कोइ प्रकारसे छींक आवती समय जंभाई आयवेकी विरियां और दुखकी जो अवस्था जितनी हैं तिनमें विवश हम सरीकेनको स्मरणके अर्थ ज्वरमें मरणदशामें बी सकल पाप नाश करवे वारे तुह्मारे गुणोंके करे भये नामधेय हमारे वचनसे सदा निकसैं ये ही मांगें हैं कलियुगमें हरनाम विना कोई और उपाय नहीं है. ॥ १२ ॥

हरेर्नामैव नामैव नामैव मम जीवनम् । कलौनास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा॥ १२ ॥

क्योंकि ये राजर्षि पुत्रकी कामना करके आपके समान पुत्रकी चाहना करें है सो स्वर्ग मोक्षके आशीर्वाद दाता ईश्वर आपकी सुन्दर उपासना करें हैं, पुत्रहीकी चाहमें मनोरथ है निर्धनके धनदाता हो परन्तु ये वर मांगनो आपसे ऐसो है कि जैसे धानकी तुषको कूटनो तद्वत जानों ॥ १३ ॥

या संसारमें तुम्हारी सबके पराजय करवेवारी माया करके सब पराजित होय हैं जाकी पदवी जानी जाय तासे हकी मति नाय, विषयरूप विषके वेगसें जाकी मति विधी नाय, जाने महात्मानके चरणनकी उपासना कीनी, वो पराजित नहीं होय हैं ॥ १४ ॥

चौथा अध्याय.

श्रीशुकदेवजी बोले कि **श्रीऋषभदेवजी**के उत्पत्ति होयवे करके जो भगवतके लक्षण हैं वे देखते भये सबके समान रहें, वाहर भीतरकी सब इन्द्रियें जीतें वैराग्य, ऐश्वर्य, महावैभव जिनको दिन २ प्रति बढे, ब्राह्मण जिनके देवता ऐसे सब मंत्री प्रजा या धरतीकी रक्षाकेलिये सबजने चाहना करते भये कि सब राज्य **ऋषभदेवजी**को देवें ये अमात्यादिक विचारते भये ॥ १ ॥ अतिश्रेष्ठतम विपुल, ओज, बल, लक्ष्मी, यश, वीर्य, शौर्य, ये देखकर तिनके पिता **ऋषभ** ये नाम करते भये ॥ २ ॥ तिनके ऊपर इन्द्र भगवान स्पर्धाकर वा खण्डमें नवर्षो ये जान योगीश्वर भगवान **ऋषभदेवजी** हंसकर अपनी आत्मयोगकी मायाकर अज नाम " प्राचीन जाको नाम ऐसे भारत " वर्षमें आप वर्षावते भये ॥ ३ ॥

नाभि तो अपने मनोरथ और सुन्दर प्रजाको प्राप्त होयकर अति आनन्दसे विव्हल अक्षर गद्गद वाणी करके अपनी इच्छासे मनुष्य लोक समान धर्म्म ग्रहण करनेहारे भगवान पुराण पुरुषको, माया

विलासित मति राजा हे पुत्र हे प्यारे ऐसे अनुरागसे अति लालन करत परम आनन्दको प्राप्त हो तो भयो ॥ ४ ॥

सब पुरकी प्रजा, देशको अनुराग जान राजा नाभी अपने पुत्रकी धर्म मर्य्यादा रक्षाके अर्थ अभिषेक कर ब्राह्मणोंके ऊपर छोडकर मरुदेवीकों ले बदरिकाश्रममें जाय प्रसन्न मनसे सुन्दर तप समाधि योग करके नरनारायण भगवान वासुदेवकी उपासना कर काल करके जीवन्मुक्त होयके तिनकी महिमाको प्राप्त होते भये ॥ ६ ॥

नाभिसे और ब्रह्मण्य कौन है जाने विप्रनकी मंगलमें पूजा कीनी जाके यज्ञमें पराक्रम करके यज्ञेश दर्शन देते भये ॥ ७ ॥

अब भगवान् ऋषभदेव अपने खंडको कर्म क्षेत्र मानकर गुरुकुलमे वासकर गुरुसे वर और आज्ञा लेकर गृहस्थीनके धर्मनकी शिक्षा करत इन्द्रकी दी भई जयन्ती भार्यामें अपने समान शत पुत्रनको उत्पन्न करते भये ॥ ८ ॥

श्रुति स्मृति विहित दो प्रकारके कर्म कहिकर वेदकी शिक्षा करते भये. जिनमें निश्चय करके महायोगी भरतजी ज्येष्ठ श्रेष्ठ गुणी होते भये, जिनके नामसे यह देश भारतवर्ष कहावे है ॥ ९ ॥

तिनके पीछे कुशावर्त इलावर्त ब्रह्मावर्त मलयकेतु भद्रसेन इन्द्रस्पृक् विदर्भ कीकट ये नवखण्ड भये ये नव्वेमें प्रधान भये ॥ १० ॥

कवि हरि अंतरीक्ष प्रबुद्ध पिप्पलायन आविर्होत्र और द्रुमिल चमस करभाजन ॥ ११ ॥

ये भागवत समान दर्शन योग्य नव महाभागवत हैं तिनको सुन्दर चरित्र भगवनकी महिमा करके बडो भयो वसुदेव नारदजीके संवादमें सबको शांति करवेवारो आगे एकादशस्कधमें वर्णन करेंगे ऐसो जाननो योग्य है ॥ १२ ॥

छोटे इक्यासी जयंतीके पुत्र पिताकी आज्ञा करनेवारे महाशीलवान महाश्रोत्रिय यज्ञशील महा विशुद्धकर्म कर ब्राह्मण होते भये ॥ १३ ॥

भगवान ऋषभ आप स्वतंत्र सब अनर्थो की परम्परा जिन्होंने निवृत्त कीनी केवल आनन्द अनुभवी ईश्वरही थे सो विपरीतकी नाईं कर्मको प्रारंभ करते भये जो या बातकूं नहीं जानतेहैं उनको कालके अनुसार धर्माचरण शिक्षा करते समभावमें रहे, महाशांत मैत्र दयालु धर्म अर्थ यश प्रजाको आनन्दरूप अमृत मय धर्म्म करके घरोंमें लोगनको लगावते भये ॥ १४ ॥

जो महाश्रेष्ठ लोग आचरण करे है वाके समान लोगभी करवे लगे हैं ॥ १५ ॥

अपनेको विदित सकलधर्म जो ब्रह्म सम्बंधी हो सो ब्राह्मणोंके दिखाये भये मार्गसे साम आदि उपायों से सब जन समूहोंको शिक्षा करते भये ॥ १६ ॥

द्रव्य, देश, काल, अवस्था, श्रद्धा, ऋत्विग, इन करके अनेक प्रकारसे सब यज्ञों करके बढे भये कर्म करके जैसो उपदेश हो तैसो शतवार अश्वमेधयज्ञ करते भये ॥ १७ ॥

भगवान ऋषभदेवजी करके रक्षित या भरतखंडमें अपनी अविद्यमान आकाशपुष्पकी नाईं अपनेसे, और ते कोईप्रकारसे कदी कुछ भी कोई पुरुष वांछा न करतो भयो अपने स्वामी ऋषभदेवजीसे क्षण २ में अत्यंत बढो भयो स्नेहके अत्यंत उत्कर्षताके विना और काऊकी इच्छा न देखे है ॥ १८ ॥

सो कोई समय विचारते भये ऋषभदेवजी ब्रह्मावर्तमें आये ब्रह्मऋषी प्रवरोंकी सभामें सब प्रजाजनके सुनते वशीभूत जिनके चित्त उन पुत्रोंको महा दयालुताके भारसे वशीभूत शिक्षा करते ये बोले जो आगे की अध्याय में है ॥ १९ ॥

पांचवाँ अध्याय.

श्री ऋषभदेवजी बोले कि हे पुत्र, हो या मनुष्य लोकमें देहधारीनके बीचमें ये देह कष्टदायक कामनानके

भोगवेयोग्य नहीं है वे कष्ट कामविष्ठा खानेवाले करसके है यासे दिव्य तप करो आसे सत्त्वशुद्धि हो वाहसिं अनन्त ब्रह्मसौख्य होवै है ॥ १ ॥

विमुक्तिद्वार तो महात्मानकी सेवा है तमोगुणको द्वार स्त्रीनके संग करबेवारे भगवानको संग है वे महात्मा हैं जो समदर्शी प्रशांत क्रोधत्यागी सुहृद साधु है ॥ २ ॥

जो कोई मेरेमें ईश्वरमें सौहृदता करे है देहके भरबैवारे विषयी जनोंमें घरमें स्त्रीमें पुत्रमें मित्रमें प्रीतियुक्त न होय है लोकमें जितनो अर्थ होय तितनो प्रयोजनमात्र आसक्ति करै हैं ॥ ३ ॥

जो इन्द्रियोंकी प्रीतिके अर्थ परिश्रम करै हैं सो प्रमत्त निश्चयकरके प्रासकरै है ये हम सुन्दर न मानै है जाते आत्माको ये बी क्लेश दाता देह होतो भयो ॥ ४ ॥

जबतक आत्मतत्त्व नहीं जानै है तबतक अज्ञानसे तिरस्कार होय है जबतक ये जीव कर्मकांड करतो रहै है तबतक सब कर्मोंकी आत्मा ये मन और शरीर बंध होय है ॥ ५ ॥

अविद्यासे जब आत्मा ढक जाय है तब मनको कर्म करके बश करै साक्षातमें जो वासुदेव हूं सो मेरेमें जबतक प्रीति याकी न होयगी तावत देहके योग वियोगसे मुक्त न होयगो ॥ ६ ॥

जब जैसे गुण हैं तैसे उनकी चेष्टाको न देखै है तब अपने स्वार्थमें प्रमत्त होय सहसा विद्वान सब स्मृति भूल अज्ञानी होय मैथुन्यसुखप्रधान ऐसे घरको प्राप्त होयकर तहां अनेक तापनको प्राप्त होय है ॥७॥

इन दोनों स्त्रीपुरुषको आपसमें पुरुषको स्त्री करके जो ये मैथुन भाव है सोई हृदयकी ग्रंथि कहे हैं याते घर, क्षेत्र, पुत्र, कुटुम्ब धन करके जीवको हम मम ये सब मोह होय है ॥ ८ ॥

जब हृदयकी गांठ बंधबेवारो सब कर्ममें जाको अधिकार ऐसो मन बंधो भयो टूट शिथिल हो जाय है तब ये जीव संसारसें छूटै है मुक्त होयकर सब हेतुनको त्यागकर परमेश्वरके लोकको प्राप्त होय है॥ ९ ॥

सार असार विवेकी अंधकार नाशक मेरेमें भक्ति अनुवृत्ति करै तृष्णा, सुख, दुखका त्यागकर सर्वत्र जीवको व्यसननकी त्यागता करके तत्त्व जाननेकी इच्छा करै तपसे सब चेष्टा निवृत्त करै तब मुक्त होय है ॥ १० ॥

मेरे अर्थ कर्म करै नित्य मेरी कथा करै मेरी सरीके देवके संगसे मेरे गुण कीर्तन करवेतें कोईसे वैर न करै अपने समान सबको समझे इन्द्रिनकी चाहकों हे पुत्र देहगेहसे आत्मा बुद्धिको त्याग करै ॥११॥

वेदान्तशास्त्रको विचार करै एकांतमें सदा वसे सदा प्राण इंद्रियें आत्मा इने जीतै सब शास्त्रमें श्रद्धा सदा ब्रह्मचर्य धार प्रमाद करके कुछ न करै वाणीनको जीतै तो वैकुण्ठ होय है ॥ १२ ॥

सब जग मेरे भावको ज्ञान निपुण ब्रह्मज्ञान विशेष करके दीप्त होय तो जीव उद्धरै है योगाभ्यास, धैर्य, उद्यम इनसे युक्तकुशल होयके अहंकार रूप लिंगको त्याग करै ॥ १३ ॥

अविद्या करके प्राप्त कर्माशय हृदयकी ग्रंथिको जो बंध है सो या योग करके जैसो हमने उपदेश कीनो है तैसो सुन्दर प्रकारसे विचार सर्वत्याग योगमें उपारम करै ॥ १४ ॥

पिता पुत्रनको गुरुशिष्यको नृपप्रजाको बडे छोटेनको मेरे लोककी कामनावारो मेरे अनुग्रह रूप जो अर्थ होय सो ऐसे शिक्षा करै जो कर्ममें मूर्ख शिष्यन है या तत्त्वकूं न जाने है इन सबकु या प्रकार क्रोध त्याग कर्ममें न लगावै ॥ १५ ॥

जाके नेत्र नहीं हैं ऐसे अंधेको गढेमें पटकनेसे मनुष्य कौन अर्थकुं प्राप्त होयगो ऐसे ही सब जीवन को विषयोंमें जो चाहता है वो ही अंधकूपके समान नर्कमें या जीवकुं पटकै है ॥ १६ ॥

जाकुं अत्यंत कामना है ऐसो नष्ट दृष्टि वारो ये सब लोक आप आपने कल्याणके हेतुको न जानै है सुखके लेश मात्र हेतुको आपसमें वैर करै है वासे अत्यंत दुख होय है, सो मूर्ख लोग न जानै है ॥ १७ ॥

जो अविद्यामें वर्तमान कुबुद्धि रस्ता छोड और रस्ता चलै ऐसे अंधेको सब ओरको जाननेवारो दयालु विद्वान वाको कुमार्गमें कदीभी न चलने देते है ॥ १८ ॥

वो गुरू नहीं है वो सुजन नहीं है वो पिता न है वो माता न है वो देवता न है वो पति न है जो आई भई मृत्युको न छुडावे वो कुछभी नहीं है ॥ १९ ॥

ये मनुष्यकासा आकारका ये शरीर तर्क करवे योग्य नहीं है मेरी इच्छासे मैंने धारी है कुछ हम प्राकृत मनुष्य नहीं है सत्त्व मेरे हृदयमें है जहां धर्म है और अधर्म दूरमें मैंने पीठसे कर लियो है यासे जो आर्यलोग आर्यावर्तमें भये है वो मोको श्रेष्ठ कहते भये शास्त्रमें ऋषभका अर्थ श्रेष्ठ है ॥ २० ॥

तातें तुम सब मेरे हृदयसे जन्मे हो सो सब मिलकर सुन्दर क्लेश रहित बुद्धि करके बडे तुह्मारे सहोदर भाई श्री भरतजीको भजन करो सब प्रजाका भरण पोषण करो येही मेरी शुश्रूषा है ॥ २१ ॥

अब ब्राह्मणोंकी सेवा करनी यांसे वैकुण्ठ होय सो पंच श्लोकसे कहे ॥ चेतन अचेतनोंमें तो सब स्थान वृक्ष श्रेष्ट है. उनसे सर्प श्रेष्ट है उनसे ज्ञानवान जीव श्रेष्ठ है तिनमें मनुष्य श्रेष्ठ है उनमें भूतादिक श्रेष्ठ हैं उनमेंसे गन्धर्व श्रेष्ठ है उनमें सिद्ध श्रेष्ठ है उनमें किन्नर इत्यादिक श्रेष्ठ है ॥ २२ ॥

तिनसे असुर श्रेष्ठ है असुरोंसे देवता श्रेष्ठ है देवतानमें इंद्रादिक श्रेष्ठ है उनसे दक्षादिक श्रेष्ठ है तिनमें ब्रह्माके सुर श्रेष्ठ है उनमें शिव श्रेष्ठ है वो भव ब्रह्माके वीर्यसे है उनमें ब्रह्मा श्रेष्ठ है ब्रह्मा मेरो भजन करे है मेरे सब ब्राह्मण देवनकी नांई पूज्य है ॥ २३ ॥

ब्राह्मणके बराबर कोई जीव मात्र नहीं है ऐसा हम देखते हैं हे विप्रहो यातेपर और कहा है जिन, ब्राह्मणोंमें श्रद्धा करके सुन्दर मुखरूप अग्निमें मिष्टान्न हवन करे है अर्थात जाने ब्राह्मण भोजन कराये हैं उनमें हम भोजन करे है ऐसो हम अग्निहोत्रमें भी नहीं पावे है जैसो ब्राह्मणोंके भोजन करावनेसे होय है इन ब्राह्मणोंकी वेदमें ऐसी प्रशंसा लिखी है कि,–

“ एषां मूर्ध्नि परं पदं श्रुतिपुटे तीर्थानि भालेऽथ मा वाणीवाकूत्र करेऽनलो हृदि हरिः कुक्षौ तु वेदास्त्रयः । नाभ्यां पंकज संभवः सुरगणा यद्रामकूपे स्थितास्तेऽमी भूमिसुराः शिरोभिरनिशं वंद्या न निंद्या क्वचित् ॥ १ ॥ २४ ॥

इन ब्राह्मणोंने बहुत सुन्दर वेद रूप मेरो पुरातन शरीर धारयो है जिनमें ये आठ गुण है पहिली तो परम पवित्र सत्त्व गुण चाहिये, शम, दम, सत्य, अनुग्रह, तप, सहनशीलता, अनुभव जन्मज्ञान ये गुण ब्राह्मणोंमें रहे है इनसे और कोई बडो नहीं है ॥ २५ ॥

मोमें भक्ति करबेवारे काऊ वस्तुकी जिने चाहनाय ऐसे ब्राह्मणनकों स्वयं अपस्वर्गके स्वामी अनंत परेसे परे जो मैं हूं ताके बिना औरसे उनको कुछ भी चाहबे योग्य नहीं है ॥ २६ ॥

हे पुत्रहो सब स्थावर जंगम जीवमात्रनको क्षणक्षणमें मेरेही वे सब स्थान है ऐसे मानकर एकांत दर्शी आपलोगोंको भावना करवे योग्य है यही मेरो पूजन है ॥ २७ ॥

मन, वचन, दृष्टि और जितनी इन्द्रीनकी चेष्टा है उनकरके मेरो ही आराधन करनो यही साक्षात फल है मेरे आराधनके विना मोहसे जम कहिये धर्मराजकी फांसीसे छुटबेको समर्थ नहीं है ॥ १ ॥ २८ ॥

श्रीशुकदेवजी बोले कि ऐसे पुत्रनको शिक्षा कर जो अपनेसे शिक्षित लोक है उनके शिक्षाके अर्थ महामारी जिनको प्रभाव परम सुहृद भगवान ऋषभदेवजी महा शीलवारे सब कर्मसे विरक्त महामुनीनको भक्ति ज्ञान वैराग्य लक्षण जामें ऐसो परमहंसनको जो धर्म वाकी शिक्षा करत अपने सौ पुत्रनमें जो बडे परम भागवत भगवज्जनमें परायण श्रीभरतजी महाराजको पृथिवीकी रक्षाके लिये अभिषेककर आप भवनमें केवल शरीर मात्रको धारे उन्मत्तकी नांई दिगम्बरभेष धरे सब केश जिनके विखर रहे जो कुछ कर्तव्य हो अपनी आत्मामें आरोपणकर ब्रह्मावर्त जो विठूर देश यहांसे संन्यस्त होय कर चले जाते भए ॥ २९ ॥

जडवत अंधे, गूंगे, बहिरे पिशाचवत् उन्मादीकी समाम अवधूत वेष धारे कोई पुकारे तो भी जीवनके मध्यमें मौन व्रतकूं ग्रहण कर चुप हो जाते भए ॥ ३० ॥

जहां तहां पुर, गांव, खान, किसानोंके गांव, पुष्पादि वाटिका, पर्वतके नीचेके गांव, सेना निवास-स्थान, गौवनके स्थान, गोपनके स्थान जात्रियोंके समूह जहां गिरि, वन, ऋषीनके आश्रम इत्यादिकोंमें

मार्ग २ में दुर्जनो करके जिनको तिरस्कार करो जाय जैसे बनके गजको मक्खी डरावें तैसे दुर्जन करते भये, कोई डरावें, ताडें कोई ऊपर मूत जाय, थूकै, पत्थर फैंकै, धूर पटकै, पाद जाय, शाप दे जाय, इन सबको कुछ न गिनते भये. यहै देह असत पदार्थोंका स्थान है सत नाम मात्र है यामैं सत असतको अनुभव करके, अपनी महिमाकी स्थिति, देख अहंकार, ममकार अभिमान न करके मनको खंडित न करके एकले पृथीवीमें परिभ्रमण करते भये ॥ ३१ ॥

अति सुकुमार हाथ, पांव, हृदयस्थल, विशाल भुजा, कंधा, गलो वदन आदि अवयव जिनके स्वभाव हीसे सुन्दर स्वभाव ही को हास, सुन्दर मुख, नवीन कमलदल समान शीतल तापहारक सुन्दर अरुण नेत्र बराबर सुन्दर कपोल, कर्ण, कंठ नासिका अत्यंत मुसकान मुखके सदा उत्सवको ता करके पुरकी वनितानके मनमें काम उद्दीप करैं आगेसे लंबे कुटिल जटा पीरे केशनके बहु भारसे शोभित अवधूतनको अनादर करवेवारो मलिन निज शरीर करके जैसे काऊकूं ग्रहने ग्रसो होय तैसे दीखत भये ॥ ३२ ॥

जा समय भगवान् ऋषभदेवजी लोकको आप साक्षात् विपरीतनकी नाई योगको करते भये. तिनकी जो कुछ किया कर्म हो सो बडो भयानक भयो ऐसे अजगरोंकेसे व्रतमें स्थित होते भये शयन करते भये भोजन करैं जल पीवें खावें सोए २ मूत दे, विष्ठाकरके विष्ठामें पडे २ चेष्टा करैं लौटैं वा विष्ठा करके सब देहके अवयव लिप्त होने भये ॥

श्लोकः-स्थित्वैकत्रेव यो धीरो भुक्त्वा प्रारब्धकर्म तत् ।
देहादिकं सुखं त्यक्त्वा वृत्तमाजगरे स्थितः ॥ १ ॥

अर्थः-आजगर व्रत याको कहे हैं कि जो धीर एक जगे स्थित होयकर प्रारब्ध कर्म भोग सब देहादिकके सुखको त्यागे आजगर व्रतमें स्थिर रहै ॥ ३३ ॥

बडे आश्चर्यकी और हर्षकी बात है कि तिन ऋषभ देवजीके विष्ठाकी सुरभि सुगन्धताकी वायु वा देशको ४० कोसतक सुगंधित करती भई ॥ ३४ ॥

ऐसे गो मृग काककी चेष्टाकी नाई चलें बैठें स्थित होय सोवे काकमृगगौकीसी नाई चरित रहैं पीवें खावें मूत्र करें ॥ ३५ ॥

या प्रकार नाना प्रकारकी योग चर्य्या कर आचरण करें, भगवान कैवल्यपति ऋषभ देवजी निरन्तर परम महा आनन्दको अनुभव करें, सर्वव्यापक सब जीवनके आत्मा भगवान वासुदेवमें अपने आत्माको एकभाव करके सिद्ध भये हैं समस्त अथे तामें परिपूर्ण आकाशमें विचरतो मनकी नाई देहको वेग होनो दूरको देख लेनो छिप जानो औरके कायामें प्रवेश करनो दूरकी वस्तुको ग्रहण करनो अपनी इच्छासे चाहे जहां चले जानो ये योगीनके ऐश्वर्य आप साक्षात्प्राप्त है, सो हे परीक्षित उनकी सराहना करते भये ॥३६॥

छठा अध्याय.

राजा परीक्षित बोले कि हे भगवन् ! निश्चय है कि आत्माराम योगसे बढे ज्ञानसे जिनके कर्म बीज भुन गये अपनी इच्छासे प्राप्त जो ऐश्वर्य है सो फेर क्लेशदायक नहीं होय है ॥ १ ॥

श्रीशुक ऋषि बोले कि, आपने सत्य कह्यो क्योंकि कोई एक बुद्धिमान साक्षात चंचल मनको विश्वास नहीं करै है जैसें शठ किरात भील विश्वास कराय जीव हने हैं तद्वत् मनका विश्वास करनेसे मारो जाय है ॥ २ ॥

तैसें ही कहा है कि ये मन सावधान नहीं है यासे कदीबी किसीको संग न करै या मनके विश्वास करनेसे बहुत दिनको करो भयो तप स्खलित होय जाय है ॥ ३ ॥

कामको नित्य अवकाश देता है जो बाके पीछे रहै उनकोभी अवकाश देता है जो मैत्री करै है योगी उनको ये गति है जैसे जापै विश्वास करै ऐसे पतिको पुंश्चली छिनार स्त्री जारनको सावकाश बताय पतिको मरवाय देती है तैसे मनबी काम आदि कर योगियोंको भ्रष्ट करता है ॥ ४ ॥

काम, कोध, मद लोभ, शोक, मोह भयादिक सब कर्मबंधको मूल मन कोन बुद्धिमान वश न करैगो ॥ ५ ॥

याके उपरांत सकल लोकपालनमें मंडन, जडवत, अवधूत वेष, भाषा आचरणोंकरके भगवत्प्रभा (भगवत्प्रभाव) व जाको लखाई न पडे, योगियोंको देह त्याग विधिकी शिक्षा करत अपने शरीरको त्यागकी जिनको इच्छा आत्मामें आत्माको ध्यातृ ध्येयभाव त्याग अभेदबुद्धि करके देखते सब वृत्तियोंसे उपारामको प्राप्त होते भये ॥ ६ ॥

ऐसे जिनके चिन्ह तिन भगवान ऋषभदेवजीको योगमायाकी वासना करके शरीरमें या पृथिवीको अभिमानके आभासमात्र करके पर्यटन करत कोंक वेंक कुटक दक्षिण कर्णाटक देशनमें अपनी इच्छासे पहुँचे कुटकाचल पर्वतके उपवनमें मुखमें पाषाणकवलकी नाई दिपे उन्मत्तकी नाई बाट खोले मग्न विचरते भये ॥ ७ ॥

याके उपरांत पवनके वेगसे कंपित बांसोंके घसनेसे उत्पन्न जो उग्र दावानल बांसके बनको ग्रसती भई, वाही अग्निके संग वा देहको भस्म करते भये आप अग्निमें प्रवेश कर गये अग्नि संस्कारसे शुभ गति होय है ॥ ८ ॥

जिनको चारित्र सुनकर कोंक वेंक कुटक देशनको राजा श्रीअर्हन नामक उनकी शिक्षा लेकर पूर्व कर्म करके कलियुगमें अधर्म जब बहुत होय जायगो तब स्वधर्मको मार्गमें कहीं भय नहीं ताकू त्यागकर ले कुपथ पाखंड जो सबके विरुद्ध ताको अपनी बुद्धि करके ये मंद प्रवर्तन करेगो ॥ ९ ॥

जो वो पथ प्रवर्त करेगो वा करके कलियुगमें जो तुच्छ मनुष्य हैं वे मायासे विमोहित अपने मन मुखी विधि योगसे शौच आचार विहीन जाते ईश्वरकी अवज्ञा होय ऐसे व्रत अपनी इच्छासे ग्रहण करें न स्नान करें न आचमन शौच करें केशको नोच २ कर खोंडे इनसे आदि ले कुत्सित व्रत करें अधर्म जामें बहुत ऐसे कलियुग करके बुद्धि जिनकी नष्ट भई ब्रह्मवादि गुण विशिष्ट चैतन्य ब्रह्म–ब्राह्मण यज्ञ पुरुष लोक सबके निन्दक प्रायः करके होंयगे ॥ १० ॥

वे जो वेदमें नहीं ऐसी आप लोकयात्रा करके अंध परंपरासे विश्वास कर अधतम नरकमें अपने आप गिरेंगे ॥ ११ ॥

ये अवतार राजस हैं कैवल्यकी शिक्षाके अर्थ हैं तिनके पीछे जो श्लोक हैं उन्हें गावें हैं ॥ १२ ॥

सप्तसमुद्रवती भूमीपर सब द्वीपनमें ये भरतखण्ड अधिक पुण्यदायक है क्योंकि या भारतवर्षके जन श्रीमुरारीके मंगलदायक कर्मनकों गावें हैं ॥ १३ ॥

ये वंश यशसे उज्वल भयो जहां प्रियव्रतके सुत पुमान पुरुष अवतार लेते भये सो आद्य पुरुषकर्म नाशक धर्मकू करते भये ॥ १४ ॥

संसार निवर्तक श्री ऋषभदेवजी तिनकी दशाको और कौन आदमी पहुंचेगे जो योगमायाकी सिद्धि हैं तिन्हें वी असत समझकर त्याग ते भये जाकेलिये आजकलके योगी यत्न करें हैं ॥ १५ ॥

ये सकल वेद लोक देव ब्राह्मण गौ इनके परम गुरु श्रीभगवान ऋषभ देवको चारित्र अत्यंत विशुद्ध कह्यो है सो पुरुषनके सब दुष्ट चारित्रनको हरवेवारो है परम महा मंगलदायक या चारित्रको खूब अत्यंत श्रद्धा करके जो कोई सावधान होयकर सुनें सुनावें तो भगवान वासुदेवमें एकांतसे श्रोता वक्ताकी सम्यक प्रकारसे भक्तिको अनुप्रवर्तक होवे हैं ॥ १६ ॥

जिस भक्तिमें कवि जन निरंतर आत्माकूं लगाकर संसारके अनेक प्रकारके पाप तापसे तापित हो नित्य मान स्नान अपने परम पुरुषार्थसे प्राप्त परमानंददायक अपवर्गका भी अनादर नहीं करते हैं सर्व भावसे सब पुण्यार्थ भगवतमें ही समानकर सब कुछ भगवत कोई मानती है ॥ १७ ॥

हे सज्जन तुम्हारे यादवनके पति गुरुदेवता प्यारे कुलपति किंकर श्रीकृष्ण हैं ऐसे भक्ति हमारी होय हे अंग भजन करवेवारेनको भगवान मुकुन्द मुक्ति देवै हैं भक्तियोग कदी भी नहीं देवै है ॥ १८ ॥

नित्य अनुभव करो भयो जो निजलाभ तासे जाकी तृष्णा निवृत्त भई ऐसे ऋषभदेवजी मंगलकी रचना करके बहुत कालसे जाकी बुद्धि शयन करै ऐसे लोकके जीवनके ऊपर करुणा करके निर्भय आत्मा को स्वरूप कहिते भये तिन भगवान ऋषभदेवजी महाजनके अर्थ नमस्कार होय " या मतमें कोई मनुष्य तो श्रेष्ठ भये कोई जो मूर्ख भये उन्होंने ऐसे आचरण करे यासे लोकमें प्रशंसा करते भये ॥ १९ ॥

सातवां अध्याय.

श्रीशुकदेवजी बोले कि-भरतजी महाराज महाभागवतको जब भगवानने पृथिवीकी रक्षाके लिये चित- वन करै तब उनकी आज्ञामें परायण होय विश्व रूपकी बेटी पंचजनीसे व्याह करते भये तामें संपूर्णता कर- के अपने समान पुत्र पांच उत्पन्न करते भए जैसे अहंकार पंचभूत सूक्ष्मन कूरचै तद्वत जानो ॥ २ ॥

सुमति राष्ट्रभृत सुदर्शन आवरण धूम्रकेतु ये पांच पुत्रनके नाम हैं अजनाम इस भारत वर्षको अपना नाम बिख्यातिके लिये भारत खंड रखा कहिते हैं ॥ ३ ॥

सो राजा बहुत बातोंका जाननेवाला अपने परदादेके समान बहुत दयालु अपने २ कर्ममें वर्तमान प्रजाको अपने स्वधर्मसे वर्तमान करत सब ओरसे रक्षा करते भये ॥ ४ ॥

यज्ञरूप भगवानको भजन करते भये ऊंचे नीचे यज्ञ करके श्रद्धासे के अग्निहोत्रदर्श अमावास्याको इष्टितरपण पूर्णमासीको इष्टि आदि व्रत करै चातुर्मास्य व्रत पशु सोमयाग चातुर्होत्र बिधि करकै अनेक प्रकृतिनकी विकृति करके यज्ञ करते भये ॥ ५ ॥

नानाप्रकारके याग विरचित अंगक्रिया जामें ऐसे याग सुन्दर प्रचार करते भये अपूर्व जो क्रिया फल रूप धर्म सो परब्रह्म यज्ञ पुरुषमें सब देवतानके चिन्ह मंत्र अर्थ इनकी नियामकता करके साक्षात्परदेवता भगवान वासुदेवमें भावना करत अपनी निपुणता करके सब कषाय जिनके दूर भये अध्वर्यु लोगोंने हवि- जव ग्रहण कीनो तब वो यजमान यज्ञ करता उन सब देवतानको परमेश्वरके अवयवोंमें मान भाग देतो भयो ध्यान करतो भयो ॥ ६ ॥

ऐसे बिशुद्ध कर्म करके जब सब तत्व विशेष करके शुद्ध भयो तब हृदयाकाश शरीररूप ब्रह्म भग- वान वासुदेव महापुरुष रूपसे जिनको दर्शन होय श्रीवत्सकौस्तुभवनमाला शंख चक्र गदादिकों करके लखवै में आवै निज पुरुपनके हृदयमें लिखित आत्मापुरुषरूप करके प्रकाशमान भगवानकी दिनरात जाको वेग बढे ऐसी महाभक्ति होती भई ॥ ७ ॥

ऐसें दश हजार वर्ष पर्यंत कर्मके करनेसे मोक्ष जा जीवको होय वा समयको निश्चयकर आप भोग जो पितृ पितामहको हिस्सा ताहि अपनो सब पुत्रनको यथायोग्य विभागकर सकल संपदानको जामें वास ऐसे घरसे पुलस्त्य ऋषिके आश्रमको जाते भये हरिक्षेत्रमें वो आश्रम है ॥ ८ ॥

जहां भगवान हरि आजतक तहांके होनेवारे निज जननकी वात्सल्यता करके अपनी इच्छा रूप धार सुन्दरतासे रहे हैं ॥ ९ ॥

जा आश्रममें दोनों और ऊपरनीचे जिनमें चक्र शिला मध्यमें जामें बिद्याधर कुंडमें शालिग्राम होय है चक्र नदी जाको नाम गंडकी जाको कहै ऐसी सब नदीनमें श्रेष्ठ नदी सब औरसें पवित्र करती भई ॥ (१) ॥ १७ ॥

लेख नं. ९.

हम यहां छठे सूत्रपर विज्ञानभिक्षुके भाष्यको नकल करते हैं

उभयोरेव दृष्टादृष्टयोरत्यन्तदुःखनिवृत्त्यसाधकत्वे यथोक्तहेतुत्वे चाविशेष एव मन्तव्य इत्यर्थः। एतदेव कारिकायामुक्तम् ।

दृष्टवदानुश्रविकः स ह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः ।

इति । गुरोरनुश्रूयत इत्यनुश्रवो वेदः । तद्विहितयागादिरानुश्रविकः । स दृष्टोपायवदेवाशुद्ध्या हिंसादि-पापेन विनाशिसातिशयफलकत्वेन च युक्त इत्यर्थः । ननु वैधहिंसायाः पापजनकत्वे बलवदनिष्टाननुबन्धीष्टसाधनत्वरूपस्य विध्यर्थस्यानुपपत्तिरिति चेन्न । वैधहिंसाजन्यानिष्टस्येष्टोत्पत्तिनान्तरीयकत्वेनेष्टोत्पत्तिनान्तरीयक दुःखाधिक दुःखाजनकत्वरूपस्य बलवदनिष्टाननुबन्धित्वस्य विध्यंशस्याक्षतेः । यत् तु वैधहिंसातिरिक्तहिंसाया एव पापजनकत्वमिति तदसत् सङ्कोचे प्रमाणाभावात् । युधिष्ठिरादीनां स्वधर्मेऽपि युद्धादौ ज्ञातिवधादिप्रत्यवायपरिहाराय प्रायश्चित्तश्रवणाच्च ।

तस्माद्यास्याम्ययं तात ! दृष्टेमं दुःखसन्निधिम् ।
त्रयीधर्ममधर्माढ्यं किम्पाकफलसन्निभम् ॥ १ ॥

इति मार्कण्डेयवचनाच्च । अहिंसन् सर्वभूतान्यन्यत्र तीर्थेभ्य इति श्रुतिस्तु वैधातिरिक्तहिंसानिवृत्तेरिष्टसाधनत्वमेव वक्ति न तु वैधहिंसाया अनिष्टसाधनत्वाभावमपीत्यादिकं योगवार्त्तिके द्रष्टव्यमिति दिक् न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुरिति तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनायेत्यादिश्रुतिविरोधेन तु सोमपानादिभिरमृतत्वं गौं एवमेव मन्तव्यम् । " आभूतसंप्लवं स्थानममृतत्वं हि भाष्यते । " इति विष्णुपुराणात् ॥ ६ ॥

लेख नं १०.

हम यहां सांख्यकारिका २ के उपर गौडपादके भाष्यको नकल करते हैं.

ननु स्वर्गस्य दुःखासंभिन्नत्वादग्रस्तत्वाच्च तद्धेतुस्तु ज्योतिष्टोमादिक एव जिज्ञासा भविष्यति तत्राह दृष्टवदिति । गुरुमुखादनुश्रूयते इत्यनुश्रवो वेदः कर्मकाण्डरूपस्तेन प्रोक्तो ज्योतिष्टोमादिरानुश्रविक उपायो दृष्टवत्० औषधादिवत् । अत्र हेतुमाह स हीति हि यतः । अविशुद्धिरङ्गवैगुण्यं न हिंसा इति शास्त्रनिषिद्धहिंसा च । अन्ततो वृक्षपत्रादिच्छेदानामग्निस्याभिध्यात् क्षुद्रजन्तुनाशादेश्च सम्भवात् । अतो दुःखहेतुरेव । क्षयेति तत्कर्मणः फलस्य क्षयित्वेन नात्यन्तदुःखोच्छेदकत्वम् । क्षयानन्तरं दुःखोत्पत्तेरित्यर्थः । अतिशयेति तत्राप्यधिकसुखिदर्शनात् ईर्षामर्षाभ्यां स्वीयो दुःखोत्कर्ष एवातिशय इत्यर्थ; । ननु विधिसंस्पृष्टस्य निषेधाविषयतया विरुद्धत्वात् अन्यथा विधिनिषेधाधीनप्रवृत्तिनिवृत्तिसमावेशदोषप्रसङ्गादाहवनीयीवधिपदमहामोमवि " न हिंस्यात् " इत्यादिनिषेधोऽग्नीषोमीयं पशुमालभेते इत्यादिविधिविषयां यागीमहिंसा परिहृत्य प्रवर्त्तत इति यागीयातिरिक्तहिंसैव पापं न यागीयेति चेन्न । हिंसायां विध्यधीनेष्टसाधनत्वस्य निषधाधीनानिष्टसाधनत्वस्य च समावेशसम्भवात् पशुवधप्रयुक्तस्याल्पानिष्टस्य वित्तव्ययायासादिसाध्यदुःखस्येवाभ्युपगमेन क्रतुसाध्यमहाफलार्थितयाप्रवृत्तेरुपपन्नत्वेन विधिनिषेधाधीनप्रवृत्ति निवृत्तिसमावेशदोषाप्रसङ्गनवकाशात् । पापमेव हिंसिधातुपदवाच्या यागीयापि हिंसेति दूषितज्योतिष्टोमादिकमविशुद्धमेव । अत एवोक्तं भारते पितापुत्रसंवादे " तातैतद्बहुशस्तेभ्यस्तं जन्मजन्मान्तरेष्वपि । त्रयीधर्ममधर्माढ्यं न सम्यक् प्रतिभाति मे " इति । अधिकमस्मत्कृतयोगसूत्रव्याख्यानेऽनुसंधेयम् ।

लेख नं. ११

हम यहां भागवत स्कंध १ अध्याय ४ श्लोक ५ की नकल करते हैं

दृष्ट्वा नु यान्तमृषिमात्मजमप्यनग्नं देव्यो ह्रिया परिदधुर्न सुतस्य चित्रम् ।
तद्वीक्ष्य पृच्छति मुनौ जगदुस्तवास्ति स्त्रीपुम्भिदा न तु सुतस्य विविक्तदृष्टेः ॥ ५ ॥

अर्थ—अपने लडके (शुक) के पीछे जाते हुये (जोंकि नग्न नहीं था ऐसे) व्यास ऋषिको देखकर जलमे क्रीडा करती हुई अपसराओंमे लज्जासे अपने वस्त्र पहन लिये. नग्न भी लडकेको देखकर न पहिने यह आश्चर्य देखकर व्यास ऋषिने प्रश्न करनेपर असप्राओंने उत्तर दिया कि हे व्यास तुम्हें यह स्त्री है. यह पुरुष है ऐसा भेद है निर्विकार दृष्टि तुम्हारे पुत्रको यह भेद नहीं है ।

समाप्त.

इस पुस्तकके मिलनेका पता.

किरोड़ीमल जैन.

मुनीम-भारतवर्षीय दिगम्बरजैनमहासभा.

मथुरा—MUTTRA.

॥ वंदे मातरम् ॥

स्वदेशी आन्दोलन और बायकाट

अर्थात

भारत की उन्नति का एकमात्र उपाय।

इस लेख को पं० माधवराव सप्रे, बी. ए. ने,

पूना के सुप्रसिद्ध देशभक्त

पहली बार १००० जिल्दें।

कीमत फी जिल्द ढाई आने।

श्रीयुत बाल गंगाधर तिलक, बी. ए. एल. एल. बी.

द्वारा सम्पादित 'केसरी' पत्र के आधार पर, लिखा।

प्रकाशक—डाक्टर वासुदेवराव लिमये, मोदी लैन, सीताबर्डी, नागपुर।

देशसेवक प्रेस, नागपुर, में मुद्रित। सन् १९०६ ई.

प्रकाशक का निवेदन ।

जो विद्यार्थी इस पुस्तक को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे और उसका संक्षिप्त वर्णन लिखकर, या उसके किसी एक विषय पर लेख लिखकर, हमारे पास भेजेंगे उनको पारितोषिक दिये जायंगे। इसके संबंध में नीचे लिखे हुए नियम निर्धारित किये गये हैं:-

(१) विद्यार्थियों के सिवा अन्य किसी को पारितोषिक दिया नहीं जायगा। (२) पारितोषिक पाने की इच्छा रखनेवाले विद्यार्थी को अपने लेख पर अपना पूरा नाम और पता आदि लिखकर, अपने अध्यापक (या अपने शहर या गांव के किसी दो प्रतिष्ठित पुरुषों) से यह लिखवा लेना चाहिये, कि यह लेख उसी विद्यार्थी का लिखा हुआ है जिसने उसपर हस्ताक्षर किये हैं। (३) लेख, फुल्सकेप कागज की एक ओर, शुद्ध देवनागरी अक्षरों में, लिखा जाय और वह १५ पृष्ठों से कम या २५ पृष्ठों से अधिक न हो। (४) सब लेख, नीचे लिखे हुए पते पर, तारीख ३१ दिसंबर सन् १९०६ ई० तक, पहुंच जाने चाहिये। (५) लेखों की परिक्षा करके पारितोषिक का निर्णय, तारीख १५ फरवरी सन १९०७ ई० तक, किया जायगा। (६) पारितोषिकों की संख्या आदि इस प्रकार नियत की गई है:-

(अ) इस पुस्तक का संक्षिप्त सार लिखनेवालों को--

प्रथम पारितोषिक—	१	प्रत्येक १०)	रुपये का	= १०)
द्वितीय ,,	३	,, ५)	,,	= १५)
तृतीय ,,	६	,, ३)	,,	= १८)
	१०			४३) रुपये

(ब) इस पुस्तक में जिन विषयों का वर्णन किया गया है उनमें से किसी एक विषय पर स्वतंत्र रीति से लेख लिखनेवालों को—

प्रथम पारितोषिक—	१	प्रत्येक ८)	रुपये का	= ८)
द्वितीय ,,	४	,, ४)	,,	= १६)
तृतीय ,,	१०	,, २)	,,	= २०)
	१५			४४) रुपये

डाक्टर वासुदेवराव लिमये,

मोदी लेन, सीताबरडी, नागपुर।

विषयों की सूची।

मिलने का पताः—

डाक्टर वासुदेवराव लिमये,

मोदी लैन, सीताबर्डी,

नागपुर।

भूमिका।

यह छोटीसी पुस्तक, हमारे मित्र, डाक्टर वासुदेवराव लिमये, की आज्ञा से लिखी गई है। गत वर्ष दिसंबर में जब हम दोनों बनारस की कांग्रेस को गये थे तब डाक्टर साहब ने यह प्रस्ताव किया था कि, स्वदेशी आन्दोलन पर केसरी में जो लेख लिखे गये हैं वे यदि हिन्दी में प्रकाशित हों तो उनसे बहुत लाभ होगा। यह सूचना मुझे बहुत अच्छी लगी। मैंने डाक्टर साहब की इच्छा के अनुसार इस काम को करने की प्रतिज्ञा की। परंतु दुर्भाग्यवश जनवरी से अप्रेल तक यहां लेग का बड़ा जोर रहा। इस लिये उस समय कुछ काम न हो सका। अब यह पुस्तक छपकर तैयार है, जो सुहृदय पाठकों की सेवा में अर्पण की जाती है।

पूना के सुप्रसिद्ध देशहितैषी श्रीयुत बाल गंगाधर तिलक द्वारा सम्पादित केसरी समाचार-पत्र में, स्वदेशी आन्दोलन के संबंध में, जो लेखमाला प्रकाशित हुई है उसकी भाषा ऐसी मनोहर, विवेचन-पद्धति ऐसी गंभीर और भाव ऐसे ऊंचे दर्जे के हैं, कि मराठी पढ़नेवाले उसपर मोहित हो जाते हैं। हिन्दी में उसका अनुवाद करना बड़ा कठिन काम है। अतएव मैंने उसका शब्दशः भाषान्तर नहीं किया; किन्तु उसके यथार्थ भावों को हिन्दी में प्रकाशित करने का यथामति और यथाशक्ति मैंने प्रयत्न किया है। यह गंभीर विषय पाठकों की समझ में भलीभांति आ जाय और उसका असीम महत्व सब लोगों को विदित हो जाय, इस हेतु मैंने उसके भिन्न भिन्न भाग किये हैं। कहीं कहीं मूल-लेख का अनुवाद किया गया है; कहीं उसका भाव ही दिया गया है और कहीं केवल उसके आधार पर नूतन रचना की गई है। कहीं कहीं अन्य ग्रन्थों और लेखों के आधार पर भी कुछ नई बातें लिखी गई हैं। इस बात का निर्णय पाठकगण स्वयं कर लेंगे, कि इस यत्न में मैं कहां तक सफल हुआ।

संभव है कि परीक्षकों की दृष्टि में इस लेख की योग्यता बहुत कम पाई जाय। अतएव मेरी यह प्रार्थना है कि, इस लेख को पढ़कर वे मूल-

लेखों की योग्यता का अनुमान न करें। यदि इस लेख में कुछ न्यूनता हो—यदि यह लेख किसी काम का न हो—तो यह दोष मूल-लेखों का नहीं, स्वयं मेरा है। और यदि भाग्यवश, इस लेख में कुछ गुण पाये जाँय—यदि यह लेख किसी काम का प्रतीत हो—तो यह समझिये कि यह मूल-लेखों ही का प्रभाव है—इसमें स्वयं मेरा कुछ भी भाग नहीं है।

इस पुस्तक में जिन विषयों की चर्चा की गई है वे, इस समय, हमारी एकता के लिये अत्यंत हितदायक हैं। आशा है कि हमारे देशभाई, आपस की फूट से बचकर, अपने देश की वर्तमान दशा की ओर केवल 'स्वदेशी' दृष्टि से ध्यान देंगे और अपनी पवित्र जन्मभूमि में एक राष्ट्रीयता—एक जातीयता—के बीजारोपण का यत्न करेंगे।

अंत में मैं अपने मित्र डाक्टर लिमये साहब को एकबार और धन्यवाद देता हूं, क्योंकि उन्हींकी आज्ञा और कृपा से मुझे केसरी के परम पवित्र भावों का अनुवाद करने का यह मौका मिला। जिन जिन मित्रों ने मुझे इस कार्य में सहायता दी है वे भी मेरे हार्दिक धन्यवाद के भागी हैं।

नागपुर, ता. १-८-०६. माधवराव सप्रे

स्वदेशी-आन्दोलन और बायकाट

अर्थात

भारतवर्ष की उन्नति का एकमात्र उपाय ।

देशोपालम्भ ।

(एक मित्र-द्वारा रचित)

[१]

हे भाग्यहीन ! हत ! भारतवर्षदेश !
हे हे विनष्ट-धन-धान्य-समृद्धि-लेश !
प्राचीन-वैभव-विहीन ! मलीन-वेश !
हा हा ! कहां तव गई गरिमा विशेष ?

[२]

जो थे प्रणम्य पहले तुम कीर्तिमान,
विज्ञान और बल-विक्रम के निधान ।
सम्पत्ति, शक्ति निज खोकर आज सारी,
हा हा ! हुए तुम वहीं सहसा भिखारी ॥

[३]

स्वाधीनता-सदृश वस्तु न और प्यारी,
हे दीन-देश ! वह भी न रही तुम्हारी !
व्यापार एक तुमको कर खूब आया,
आलस्य-मोह-मद-मत्सर-मन्त्र भाया ॥

[४]

हा ! सभ्य-भाव तुमने जिनको सिखाया,
विद्या-कलादि गुण से जिनको लजाया।
देखो, वही अब असभ्य तुम्हें बनाते;
तौ भी कभी न कुछ भी तुम चित्त लाते॥

[५]

आत्माभिमान-गुण के अतिमात्र त्यागी,
हे देश ! क्यों न तुम डूब मरे अभागी ?
आत्मावलम्ब जिसको कुछ भी न प्यारा,
देता उसे न जगदीश्वर भी सहारा॥

[६]

दिव्यातिदिव्य तव रत्न, अहो, कहां हैं ?
शोभा-समूह पट-पुञ्ज, कहो, कहां हैं ?
खोया सभी कुछ; न, हाय, तुम्हें हया है !
हे देश ! शेष तुम में रह क्या गया है ?

[७]

निःसार होकर पड़े तुम जी रहे हो,
पानी सदैव पर के कर पी रहे हो।
अन्यावलम्ब-सम और न पाप भारी;
बोलो, गई विमल बुद्धि कहां तुम्हारी ?

[८]

हे आत्मशत्रु ! परदेशज वस्तु त्यागो;
सौ कोस दूर उससे सब काल भागो।
जागो, चहो यदि अभी अपनी भलाई,
क्यों आंख मूँद करते निज-नाश भाई ?

[९]

क्यों हैं तुझे पट विदेशज, देश, भाये ?
क्यों है तदर्थ फिरता मुँह नित्य बाये ?
तूने किया न मन में कुछ भी विचार,
धिक्कार भारत ! तुझे शत-कोटि बार !

[१०]

सूई, छड़ी तक, निकृष्ट दियासलाई,
लेता सदैव सुखसे फिरता पराई।
निर्लज्ज! सोच मन में कर क्या रहा है?
क्यों व्यर्थ ही धन अपार लुटा रहा है?

[११]

लूटा तुझे बहुत बार खुले खज़ाना,
तातार-गोर-ग़ज़नी-नृप ने न माना।
पै लूट, आज कल, जो यह हो रही है,
तू सोच देख उससे बढ़ के कहीं है॥

[१२]

छाई जहां अति अपार दरिद्रता है;
प्राचीन-धान्य-धन का न कहीं पता है।
सुप्राप्य पेट भर नित्य जहां न दाना;
क्या चाहिए धन वहां पर यों लुटाना?

[१३]

जो जो पदार्थ तुमको अपने बनाये
हैं प्राप्य, लो तुम वही; न छुवो पराये।
लावो न गे वचन जो मन में हमारा,
तो सर्वनाश अब दूर नहीं तुम्हारा॥

[१४]

हे देश! स-प्रण विदेशज वस्तु छोड़ो;
सम्बन्ध सर्व उनसे तुम शीघ्र तोड़ो।
मोड़ो तुरन्त उनसे मुँह आज से ही;
कल्याण जान अपना इस बात में ही॥

[१५]

हे दीन-देश! तव निंद्य परावलम्ब
नाशै समूल, सुखकारिणि शक्ति अम्ब।
त्यागो तुरन्त विष-तुल्य विदेश-वस्तु;
सानन्द पाठक! कहो तुम भी 'तथास्तु'॥

विषयप्रवेश।

इस लेख के शीर्षक में कुछ शब्द ऐसे हैं जिनका अर्थ स्पष्ट रीति से आरंभ ही में बतला देना चाहिए। पहिले सबसे अधिक महत्व का शब्द 'स्वदेश' है। हम जानते हैं कि आजकल इस शब्द का व्यवहार कुछ शिक्षित लोग करने लगे हैं; परंतु इसका यथार्थ ज्ञान बहुतही थोड़े लोगों के हृदय में प्रतिबिम्बित हुआ देख पड़ता है। वास्तव में इस शब्द का यथार्थ ज्ञान इस देश के सब लोगों को—इस पवित्र आर्यमाता की बत्तीस करोड़ सन्तान को—होना चाहिए। जब लड़के पाठशाला में जाते हैं तब उन्हें भूगोल पढ़ाया जाता है। उससे वे यूरप, अमेरिका, आफ्रिका आदि भू-खण्डों के भिन्न भिन्न देशों का हाल भलीभांति सीख लेते हैं; परंतु बड़े खेद की बात है—बड़े शोक की बात है—कि वे 'अपने' देश के संबंध में कुछ भी नहीं जानते! यद्यपि नक़शे पर वे अनेक स्वतंत्र-देश देखते हैं तथापि वे इस बात का कभी विचार तक नहीं करते कि 'अपना' देश कहां है—'स्वदेश' की दशा कैसी है! इसीलिये हम कहते हैं कि यद्यपि इस समय 'स्वदेश' शब्द का उपयोग करनेवाले बहुतसे लोग हैं, तथापि उस मोहक और जादू से भरे हुए शब्द के मर्म को—उसके ज्ञान और उसकी शक्ति को—पहचाननेवाले बहुत ही थोड़े हैं। अतएव इस लेख के पढ़नेवालों को स्मरण रखना चाहिए कि, गत वर्षार्ध में भारतवर्ष की सच्ची उन्नति का जो बीजारोपण किया गया, और जिसके आन्दोलन से सारा देश कँप गया, उसका मूल-कारण 'स्वदेश' ही है। अर्थात् स्वदेश ही के लिये यह उद्योग किया गया, स्वदेश ही के लिये यह उद्योग अबतक किया जा रहा है और स्वदेश ही के लिये यह उद्योग भविष्य में भी जारी रहेगा; क्योंकि **स्वदेशभक्ति** और **स्वदेशाभिमान** जैसे उच्चतम और गंभीर भाव ही इस उद्योग के आधारस्तम्भ हैं।

वंगभंग के कारण इस देश में जो अद्भुत आन्दोलन हुआ—जो विलक्षण हलचल हुई—उसका वर्णन समाचारपत्रों के पढ़नेवालों ने, भिन्न भिन्न पत्रों में, अवश्य पढ़ लिया होगा। तथापि एक स्वतंत्र लेख में, तात्विक रीति से,

प्रधानतः पूना के सुप्रसिद्ध "केसरी" पत्र के आधार पर, इस विषय की विस्तृत चर्चा करने की आवश्यकता समझी गई। इसका उल्लेख भूमिका में किया गया है। आशा है कि पाठकगण इस लेख को बहुत ध्यान देकर पढ़ेंगे। इस लेख के शीर्षक में 'बायकाट' एक और शब्द है जिसके अर्थ के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। इस समय हम उसके विषय में यहां कुछ भी लिखना ठीक नहीं समझते। उसका अर्थ आगे चलकर पाठकों को आपही आप विदित हो जायगा। अब हम प्रस्तुत विषय की उत्पत्ति और उसके ऐतिहासिक महत्व के संबंध में कुछ विवेचन करते हैं।

प्रस्तुत विषय की उत्पत्ति और उसका ऐतिहासिक महत्व।

जिस समय, कुछ दिन पहले, हिन्दुस्थान-सरकार ने बंगाल-प्रांत के दो टुकड़े करने का प्रस्ताव प्रकट किया था, उस समय, इस देश के सब लोगों ने अपनी असम्मति प्रकट की थी। लोगों ने कहा कि जो लोग धर्म, भाषा, व्यवहार, रीति-रवाज और शिक्षा में एक हैं उन्हें विभक्त करके शक्तिरहित करना किसी प्रकार उचित और न्याय-संगत नहीं हो सकता। इसी विषय का प्रतिवाद, बम्बई की कांग्रेस में भी, सन् १९०४ ई० के दिसंबर महीने में, किया गया था; और गवर्नमेन्ट के पास एक रिज़ोल्यूशन (मंतव्य) भेजा गया था कि, यदि एक लेफ्टिनेन्ट गवर्नर से बंगाल-प्रांत का प्रबंध नहीं हो सकता तो वहां एक गवर्नर नियत किया जाय। बंगाल-प्रांत के लोगों ने तो, वंग-भंग से अपनी असंतुष्टता प्रकट करने के लिये, एक या दो नहीं किंतु, सैकड़ों सभाएं कीं। उन्होंने गवर्नमेन्ट को अनेक बार प्रार्थनापत्र भेजकर अपनी असम्मति दिखलाई और नम्रतापूर्वक यह प्रार्थना की, कि बंगालियों की एकता को क़ायम रखने के लिये वंग-भंग की आज्ञा रद्द की जाय। इंगलैण्ड में "इन्डिया कौन्सिल" नाम की एक सभा है। उसीके द्वारा इस देश का शासन-कार्य किया जाता है। उस सभा के मंत्री को "सेक्रेटरी आफ् स्टेट फार इन्डिया" कहते हैं। इन मंत्री महाशय के पास

भी अनेक प्रार्थनापत्र भेजे गये; और इस देश की पराधीन-प्रजा की पुकार को निष्पक्षपात होकर सुननेवाली पार्लियामेन्ट-सभा में भी इस विषय की चर्चा कराई गई। सारांश, अंगरेज़ी क़ानून के अनुसार इस देश की प्रजा को जितना आन्दोलन करने का अधिकार (अर्थात् जिसको अंगरेजी भाषा में Constitutional agitation कहते हैं) था उतना सब किया गया; परंतु हमारे देश के दुर्भाग्य से, प्रजा की प्रार्थना पर, न तो हिंदुस्थान-सरकार ने ध्यान दिया, न स्टेट-सेक्रेटरी ने कुछ विचार किया और न पार्लियामेन्ट-सभा ने ही कुछ मन लगाया ! गत सितम्बर की पहिली तारीख को गवर्नमेन्ट ने वंग-भंग की आज्ञा प्रकाशित कर दी !! सन् १६०५ ई० के अक्टूबर की सोलहवीं तारीख से ढाका, मैमनसिंग, फ़रीदपुर, बाकरगंज, त्रिपुरा, नोवा-खाली, चटगांव, राजशाही, दीनाजपुर, जलपैगुरी, रंगपुर, बोग्रा, पबना और माल्दा आदि जिलों को बंगाल-प्रांत से काटकर "पूर्वी बंगाल और आसाम" नाम का एक नया प्रांत बनाया गया !!!

इस अनुचित आज्ञा के प्रकाशित होते ही सम्पूर्ण देश, एक छोर से दूसरी छोर तक, कांप उठा; उसमें एक प्रकार की विलक्षण स्वाभाविक शक्ति उत्पन्न हो गई। आजतक जो देश मुर्दे की तरह सोता पड़ा था उसमें प्राकृतिक चेतना की ज्योति फिर भी देख पड़ने लगी। जो बंगाली लोग केवल वाक्पटुता ही के लिये प्रसिद्ध हो रहे थे वे अब आंतरिक स्फूर्ति से एकदम जाग उठे और अपने हित—अपने देश के हित—के लिये, स्वयं अपने ही बल पर (अर्थात् केवल आत्मावलंबन करके) किसी दूसरे की सहायता की अपेक्षा न करते हुए, बद्धपरिकर हो गये। जब उन लोगों ने देखा कि भीख मांगने की पद्धति (Constitutional agitation) से कुछ लाभ नहीं होता, तब उन्होंने यह निश्चय किया कि, हम लोगों को अपनी उन्नति अपने आप करनी चाहिए। इसलिये उन्होंने विदेशी-वस्तु के त्याग और केवल स्वदेशी-वस्तु के व्यवहार की अटल प्रतिज्ञा की। अल्प समय ही में इस अटल प्रतिज्ञा का जोश सारे देश में फैल गया।

साधारण लोगों को उक्त प्रतिज्ञा में कुछ विशेषता देख न पड़ेगी;

क्योंकि 'स्वदेशी-वस्तु' का आन्दोलन*, इस देश में, पहले भी, कई बार, हो चुका था, और उसका परिणाम बहुत संतोषदायक नहीं हुआ। परंतु जो लोग अपने देश की वर्तमान-दशा और कुछ वर्ष पहिले की दशा पर ध्यान देते हुए उक्त प्रतिज्ञा का सूक्ष्म रीति से विचार करेंगे उन्हें अवश्य विश्वास हो जायगा, कि प्रस्तुत कार्य में एक अति महत्व का राजनैतिक तथा ऐतिहासिक तत्व गुप्त रीति से छिपा हुआ है। यदि इस दृष्टि से देखा जाय तो यही कहना पड़ेगा, कि भारतवर्ष के वर्तमान-इतिहास में, यह आन्दोलन एक अनुपम घटना है—यह हम लोगों की राजनैतिक उन्नति का एक स्पष्ट चिन्ह है। इस कार्य की सिद्धता पर ही—उक्त प्रतिज्ञा का पालन होने पर ही—दुनिया के सभ्य तथा उन्नत देशों की पंक्ति में गिने जाने की, हमारे देश की, योग्यता अवलंबित है। सारांश, यह कार्य हमारे स्वावलंबन और कर्तृत्व-शक्ति का द्योतक है। इस विषय का बोध होने के लिये कुछ पूर्वावस्था की आलोचना करनी चाहिए। इससे वर्तमान प्रसंग का महत्व और उसकी गंभीरता पूर्ण रीति से समझ में आ जायगी।

यह प्रसंग बड़ेही मारके का है।

यह एक अत्यन्त महत्व का प्रश्न है, कि विदेशी-राजसत्ता के आधीन रहनेवाले लोगों को, अपने प्राचीन स्वत्वों [हक़] की रक्षा करने और नये स्वत्व प्राप्त करने के हेतु, किन उपायों की योजना करनी चाहिए? जब किसी एक देश में विदेशियों की राजसत्ता स्थापित हो जाती है तब उस देश के लोगों के बहुतेरे प्राचीन हक़ छीन लिये जाते हैं—उनकी स्वाधीनता का हरण कर लिया जाता है; और उन लोगों को किसी प्रकार के नये स्वत्व सहज ही नहीं दिये जाते। पाठको, क्या आपको मालूम नहीं कि ठीक यही दशा, कुछ दिनों से, इस देश की—इस पवित्र और प्राचीन भरत-भूमि की—हो रही है?

* तीस वर्ष पहले, महाराष्ट्र देश में, स्वर्गवासी **गणेश वासुदेव जोशी** ने 'स्वदेशी वस्तु के व्यवहार' का आन्दोलन किया था।

यदि पूछा जाय कि, जब से इस देश में अंगरेज़ों का राज्य आरंभ हुआ तब से, उन लोगों ने प्रजाहित के जो काम किये हैं उनमें सब से उत्तम कौनसा है, तो यही कहा जायगा कि पाश्चात्य ज्ञान-दान ही को अग्रस्थान देना चाहिए। उसी ज्ञानामृत का पान करने से हमारे कुछ देश-हितचिंतकों ने यह सोचा कि, यदि सब लोग एकदिल होकर शांतिपूर्वक और नम्रता से, अपनी सम्मति सरकार पर प्रकट करेंगे, तो उसपर सरकार कुछ ध्यान देगी। अर्थात् सर्व साधारण लोगों की सम्मति को मान देकर सरकार, अपनी प्रजा की पुकार को, अवश्य सुनेगी और उसकी सदिच्छा को पूर्ण करने का प्रयत्न करेगी। बस, इसी विश्वास से हमारे सब शिक्षित समाज-नायक राज्यसंबंधी आन्दोलन करने लगे। प्राय: सब लोगों की यही राय क़ायम हुई, कि हिन्दुस्तानियों को राज्य-व्यवस्थानुसार आन्दोलन Constitutional agitation सीखना चाहिए, क्योंकि अंगरेज़-सरकार Constitutional agitation ही को मान देती है। हर्ष की बात है कि इस प्रकार के आन्दोलन से हम लोगों को कुछ थोड़ासा लाभ भी हुआ है। छोटी मोटी बातों में गवर्नमेन्ट ने लोगों के मत का आदर किया, और उनकी पुकार पर ध्यान देकर कुछ स्वत्व भी प्रदान किये। परंतु इस बात को भली-भांति स्मरण रखना चाहिए, कि जब सरकार अपने दिल से कुछ करना चाहती है, जब वह किसी एक कार्य के संबंध में आग्रहपूर्वक अपना निश्चय कर लेती है, तब उक्त प्रकार के आन्दोलन से कुछ भी लाभ नहीं होता—वह आन्दोलन इस देश के सरकार की स्वतंत्र और स्वेच्छाचारी गति को किसी प्रकार रोक नहीं सकता।

शायद कोई यह शंका करे कि, इंगलैण्ड में तो जन-सम्मति को बहुत मान मिलता है, (यहां तक कि वहां के राजा का आसन भी प्रजा की सम्मति पर अवलंबित रहता है), और वही इंगलैण्ड-निवासी अंगरेज़ हमारे राजा हैं; ऐसी हालत में हिन्दुस्थानी प्रजा की सम्मति पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता? इसका उत्तर यह है, कि इंगलैण्ड और हिंदुस्थान की दशा में ज़मीन-आस्मान का फ़रक है। इंगलैण्ड स्वतंत्र देश है। उस देश की राज्यप्रणाली के अनुसार वहां के लोग स्वतंत्र हैं—उन लोगों के भिन्न भिन्न पक्षवाले अपने

देश के शासनकर्त्ता होने के अधिकारी हैं। उस देश की राजसत्ता कभी एक पक्षवालों के हाथ में रहती है, कभी दूसरे पक्षवालों के हाथ में। अर्थात् जो पक्ष सब से अधिक लोगों की सम्मति प्राप्त कर लेता है उसी-को राजसत्ता प्राप्त होती है। इसीलिये वहां प्रत्येक समाज-नायक बहुजन-सम्मति को अपने पक्ष में लाने का प्रयत्न करता है। हिन्दुस्थान की दशा भिन्न है। यह देश पराधीन है। इस देश की राजसत्ता इस देश के निवा-सियों के हाथ में नहीं है। यह विदेशियों के हाथ में है। अतएव, यहां हमारी बहुजनसम्मति को वह सन्मान नहीं मिल सकता जो इंगलैण्ड में अंगरेज लोगों की सम्मति को मिलता है। इसलिये, जिस प्रकार "अभि-नवमदलेखाश्यामगंडस्थलानां। न भवति बिसतंतुर्वारणं वारणानाम्"। मदोन्मत्त हाथी कमल के तंतु से नहीं बांधे जा सकते, उसी प्रकार जब हमारे देश में विदेशी-राजसत्ता-रूपी हाथी राजमद से उन्मत्त होकर अनु-चित कार्य करने लगता है, तब हम लोगों की शक्तिरहित सम्मति उसको कदापि रोक नहीं सकती। उदाहरणार्थ, जिस समय सरकार ने इस विषय का क़ानून बनाया, कि हिन्दुस्थानी स्त्रियों का गर्भाधान-संस्कार बारह वर्ष की उमर में किया जाय, और इस देशवालों को स्वतंत्र-शिक्षा न देकर सिर्फ़ उसी प्रकार की शिक्षा दी जाय जो सरकारी अफ़सरों को पसंद हो, उस समय इस देश के लोगों की शक्तिरहित सम्मति और राज्य-व्यवस्थानुसार आन्दोलन करने की निरर्थकता का परिचय हो गया था। अब उसी बात का अनुभव, हाल ही में, बंग-भंग की आज्ञा से, एक बार और भी हुआ है।

राजनीति का यह तत्त्व सर्वमान्य है, कि जिन लोगों की भाषा एक है, जिन लोगों के आचार-विचार एक हैं, जो लोग सैकड़ों वर्षों से एक प्रांत में रहने के कारण एकत्र हैं, वे यदि एक लेफ्टिनेन्ट गवर्नर या एक गवर्नर की शासन-सत्ता के आधीन रक्खे जाँय, तो उन लोगों की उन्नति होगी— उन लोगों में एकजातीयता और एकराष्ट्रीयत्व की कल्पना दृढ़ होगी। लार्ड कर्जन के समान दूरदर्शी और दृढ़-निश्चय बड़े लाट इस देश में बहुत कम आये होंगे। उन्होंने यह देखा कि बंगाली-लोग अंगरेजी भाषा, अंगरेजी इतिहास और अंगरेजी साहित्य का अभ्यास करके अंगरेजों की

राज्यप्रणाली के अनुसार आन्दोलन करने लगे हैं; उनकी एकता, उनकी जातीयता, उनकी संघशक्ति बहुत दृढ़ होती जा रही है। यदि यह एकता ऐसीही बनी रहेगी तो उनकी शक्ति इतनी बढ़ जायगी कि किसी दिन सरकार को उनसे डरना पड़ेगा। अतएव उन्होंने वंग-भंग की युक्ति ढूंढ़ निकाली जिससे बंगालियों की संघशक्ति का नाश हो और सरकारी अधिकारियों की सत्ता अनियंत्रित तथा अबाधित बनी रहे। माननीय मिस्टर गोखले ने काशी की कांग्रेस की वक्तृता में कहा है—"The dismemberment of Bengal had become necessary, because, in the view of the Government of India, "it cannot be for the lasting good of any country or any people that public opinion, or what passes for it, should be manufactured by a comparatively small number of people at a single centre and should be disseminated thence for universal adoption." "From every point of view", the Government further states, "it appears to us desirable to encourage the growth of centers of independent opinion, local aspirations, local ideals and to preserve the growing intelligence and enterprise of Bengal from being cramped and stunted by the process of forcing it prematurely into a mould of rigid and sterile uniformity." You will see that this is only a paraphrase, in Lord Curzon's most approved style, of the complaint of the people of Bengal, that their fair Province has been dismembered to destroy their growing solidarity, check their national aspirations and weaken their power of co-operating for national ends, lessen the influence of thier educated classes with their countrymen, and reduce the political importance of Calcutta. After this, let no apologist of the late Viceroy pretend that the object of the partition was administrative convenience and not political repression !" इसका भावार्थ यह है—हिन्दुस्थान-सरकार ने वंग-भंग की आवश्यकता इसलिये समझी कि "इस बात से किसी देश, जाति वा राष्ट्र को लाभ नहीं हो सकता, कि किसी एक स्थान के थोड़ेसे लोग, सर्व-साधारण लोगों के लिये, सम्मति तैयार करें और उसीको सब लोग स्वीकार करें। यद्यपि स्वाधीन-सम्मति के स्थानों की वृद्धि अपेक्षित है, तथापि बंगाल-प्रांत की बढ़ती हुई बुद्धि के हित के लिये उसको, हानिकारक एकता से बचाना, आवश्यक है।" लार्ड कर्जन साहब ने अपनी मजेदार इबारत में वही बात कही है जो बंगाली लोग पहलेही से कहते चले आये हैं—अर्थात् बंगाल-प्रांत के दो टुकड़े इसलिये कि-

गये कि उस प्रांत के निवासियों की बढ़ती हुई एकता का नाश हो, उनकी जातीय अभिलाषाओं का प्रतिबंध हो, जातीय कार्यों के लिये मिलजुलकर काम करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाय, शिक्षित लोगों का प्रभाव उनके देश-भाइयों पर कम हो जाय, और कलकत्ते का राजकीय महत्व घट जाय। अब लाट साहब के किसी हिमायती को यह न कहना चाहिए, कि राज्य-प्रबंध की सुगमता के लिये वंग-भंग किया गया, कुटिल और कूट राजनैतिक उद्देश्य की सिद्धि के लिये नहीं।

बंगालियों को, और हिन्दुस्थान के सभी लोगों को, राष्ट्रीय-भाव सम्पादन न करने देने का यह प्रयत्न—उनके प्रांत के दो टुकड़े करके उनकी एकजातीयता और एकराष्ट्रीयता का नाश करने का यह उद्योग—सर्वथा निंद्य है। इस कार्य में कोई सहृदय राजनीति-निपुण-पुरुष सहमत न होगा। इस अनुचित कार्य से सरकार का हेतु कदापि सिद्ध न होगा। ऐसे अन्यायी और अनुचित कार्यों से साम्राज्य की चिरस्थायिता को धक्का लगने का डर है। अब यदि किसी का यह विश्वास हो, कि हिन्दुस्थान-सरकार का अनियंत्रित और स्वच्छन्दानुसारी राज्य इस देश में अटल बना रहेगा, तो यह कथन ऐतिहासिक दृष्टि से असत्य प्रतीत होता है। हमारे प्राचीन पुराणों की, रावण आदि राजाओं की, कथाओं को चाहे क्षण भर झूठ मान लीजिये; परंतु दुनिया के सब माने गये इतिहास में ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जो इस बात को सिद्ध करता हो, कि किसी एक राष्ट्र ने (किसी एक जाति ने) अन्य राष्ट्र को (अन्य जाति को) दासत्व की शृंखला में ऐसा जकड़कर बांधा कि वह बन्धन कभी ढीला हुआही नहीं।

नियमित राज्यप्रणाली के अनुसार जो आन्दोलन अबतक किया जाता था उसकी निर्जीवता का अनुभव धीरे धीरे लोगों को होने लगा। तथापि कुछ लोगों को यह विश्वास बना ही रहा, कि यदि सारी प्रजा एक होकर जोर से आन्दोलन करे तो उससे निस्सन्देह लाभ होगा। इसलिये वंग-भंग की आज्ञा का विरोध करने में इस आन्दोलन-पद्धति की एकबार और परीक्षा ली गई। बड़ी बड़ी सभाओं में, जहां दस दस बीस बीस हजार आदमी हाज़िर थे, बंगाल के अनेक राजा, महाराजा, वकील, बारिस्टर,

मारवाड़ी, मुसलमान, व्यापारी आदि सब लोग उपस्थित हुए; अनेक युक्ति-युक्त व्याख्यान दिये गये; वंग-भंग की आज्ञा का शांततापूर्वक विरोध किया गया; हिन्दुस्थान सरकार को प्रार्थना-पत्र भेजे गये; स्टेट-सेक्रेटरी से निवेदन किया गया; और पार्लियामेण्ट में भी इस विषय की चर्चा कराई गई। परंतु, शोक है कि इस प्रचंड आन्दोलन से भी कुछ लाभ न हुआ ! सैकड़ों सभाओं में व्यक्त की हुई बहुजन-सम्मति का तिलमात्र भी आदर न करके, सरकार ने अपनी पराधीन प्रजा की उचित और न्याय्य प्रार्थना को पैर के नीचे कुचल डाला !! तब कहीं हमारे समाज-नायकों की आंखें पूरे तौर से खुलीं। तब कहीं वे अपनी गहरी मोहनिद्रा से एकदम जाग उठे। तब कहीं उन लोगों को यह मालूम हुआ, कि बड़ी बड़ी सभाएं करने, लेक्चर देने, रिज़ोल्यूशन पास करने और मेमोरियल भेजने का यह समय नहीं है। तब कहीं उनकी आत्मा ने गवाही दी, कि हमारी वर्तमान-आन्दोलन-पद्धति केवल भ्रममात्र है—वह केवल मृगजल है—वह राजकीय माया का पटल है। सच है; यदि हमारी वर्तमान बहुजन-सम्मति की मर्यादा केवल मौखिक वादविवाद से आगे नहीं बढ़ती, तो उसका असर स्वच्छन्द और प्रबल राजसत्ताधिकारियों के अनुचित बर्ताव पर कैसे हो सकता है ? सम्प्रति हमारा आन्दोलन, समुद्र की उन लहरों के समान है जो समुद्र-तट की चट्टानों पर ज़ोर से टक्कर मारकर परावृत्त हो जाती हैं। ये लहरें भी, किसी अंश में, हमारे आन्दोलन से अधिक कार्यक्षम हैं; क्योंकि वे अपने क्षारगुण से, कुछ समय में, उन चट्टानों में भी बड़ी बड़ी दरारें करके अंत में उनके टुकड़े टुकड़े कर डालती हैं; परंतु हमारे आन्दोलन में यह खारापन भी नहीं है। अतएव हमारे अलोने आन्दोलन-तरङ्गों का सरकार पर कुछ भी असर नहीं होता। हो कैसे ? केवल याचक-वृत्ति से राज्यसंबंधी हक़ कभी प्राप्त नहीं हो सकते। ऐसी अवस्था में लोगों ने सोचा कि अब क्या किया जाय ? यदि इसका कुछ प्रतीकार न किया जायगा तो हमारे आन्दोलन में लोगों का विश्वास किसी प्रकार न रह सकेगा। इसमें सन्देह नहीं कि लोगों में, किसी विषय के संबंध में, जागृति कर देना और बहुजन-सम्मति को अपने अनुकूल कर लेना लोक-नायकों का काम है; परंतु इससे भी बढ़कर उनका काम यह है कि सरकार

हमारी जागृत की हुई जन-सम्मति का अनादर न करे। इतनाही नहीं, हमारे समाज-नायकों का यही मुख्य कर्तव्य होना चाहिए कि सरकार हमारी जन-सम्मति का आदर करे; हमारी जन-सम्मति के अनुसार जो जो बातें हमें इष्ट हों उनको सफल करने का सरकार प्रयत्न करे। इसी उद्देश्य से बंगालियों ने यह निश्चय किया, कि यदि सरकार हमारी प्रार्थना पर ध्यान नहीं देती— हमारी बहुजन-सम्मति का आदर नहीं करती—तो हम लोगों को **विलायती वस्तु के त्याग** की प्रतिज्ञा करनी चाहिए। इसी को **बायकाट** या **बहिष्कार** कहते हैं। यह उपाय बहुत अच्छा है। सब लोग जानते हैं कि जब किसी की नाक बन्द कर दी जाती है तब उसका मुँह आपही आप खुल जाता है। ठीक इसी तरह, जबतक हमारे आन्दोलन में कुछ विशेषता न होगी, अर्थात जबतक हमारे आन्दोलन में सरकार को मजबूर करने की शक्ति न होगी, तबतक सरकार पर उसका कुछ असर न होगा। प्रस्तुत प्रसंग बड़ेही मारके का है और उक्त उपाय भी बहुत अच्छा है। सब लोगों की आंखें टकटकी लगाये देख रही हैं कि अब इसका नतीजा क्या होगा। अब व्याख्यानों की जरूरत नहीं है; जरूरत है कार्य की। अब मौखिक देशाभिमान का समय नहीं है; समय है दृढ़-निश्चय से काम करने का। हम कह आये हैं कि यह प्रसंग भारतवर्ष के वर्तमान समय के इतिहास में एक अत्यंत महत्व की घटना है—यह हम लोगों की आन्दोलन-पद्धति के सुधार का चिन्ह है। सारांश, यह समय ऐसा है कि, अब हम लोगों को अपने दृढ़-निश्चय और ऐक्य-भाव से अपने कार्य की सिद्धता करनी चाहिए; नहीं तो हमें अपने आन्दोलन की पूर्व-पद्धति पर मृगजल के समान विश्वास रखकर, केवल अपनी वाक्पटुता का प्रदर्शन करते हुए, निरंतर दासत्व ही में रहना पड़ेगा।

बायकाट अथवा बहिष्कार और स्वदेशी-वस्तु-व्यवहार की प्रतिज्ञा।

बंगाल-प्रांत के लोगों ने विलायती वस्तु के त्याग की जो अटल प्रतिज्ञा की है वह यथार्थ में अत्यंत योग्य और प्रशंसनीय है। अब सब लोगों को यह बात विदित हो गई है, कि हम चाहे जितना आन्दोलन करें; हम, बहुजन-सम्मति को अपने अनुकूल करके, चाहे जितनी नम्रता और शांति से प्रार्थना करें; परंतु सरकार हमारी प्रार्थना का कुछ भी विचार नहीं करती। ऐसी अवस्था में प्रजा की पुकार को सरकार के कानों तक पहुंचाने के लिये, और अपनी प्रार्थनाओं पर---अपने हक़ों पर---सरकार का उचित ध्यान दिलाने के लिये, बंगाल-प्रांत के लोगों ने जो उपाय सोचा है उसका, हिन्दुस्थान के सब लोगों को, अंतःकरणपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। इतिहास के पढ़नेवाले जानते हैं, कि जब कोई राजा अपनी प्रजा की पुकार पर कुछ ध्यान नहीं देता तब प्रजा अत्यंत क्षुब्ध हो जाती है। उस समय वह राजा पदच्युत कर दिया जाता है, या उसके अधिकार छीन लिये जाते हैं, या किसी अन्य उपाय से उसको दंड दिया जाता है। इन बातों के उदाहरण, यूरप के इतिहास में, बहुतायत से पाये जाते हैं। अंगरेजों ने तो, एक समय, अपने एक राजा का वध भी कर डाला था! यद्यपि इन उपायों की योजना, हिन्दुस्थान की वर्तमान दशा में, यहां नहीं की जा सकती; तथापि इतिहास ही हमारा मार्ग-दर्शक है---इतिहास ही ने हम लोगों को और भी अनेक उपाय बतला रक्खे हैं, जिनका प्रयोग प्रसंगानुसार भलीभांति किया जा सकता है। इन्हीं उपायों में से 'बायकाट' --बहिष्कार--भी एक अच्छा उपाय है, जो अनेक देशों के इतिहासों में पाया जाता है। यह एक रामबाण-अस्त्र है जिसका प्रयोग, हम लोग, स्वदेश की यथार्थ उन्नति के लिये भलीभांति कर सकते हैं।

इसमें सन्देह नहीं कि हमारी प्रार्थना उचित और न्याय्य है--हमारा कथन सयुक्तिक है; परंतु जब इस देश के प्रबल राजसत्ताधिकारी, केवल स्वार्थ-वश होकर, हमारी प्रार्थना पर कुछ ध्यान नहीं देते, तब हम लोगों

को ऐसे ही उपायों की योजना करनी चाहिए, जो उनके स्वार्थान्ध नेत्रों में परार्थ-दर्शक अञ्जन का काम करें और हमारा इष्ट हेतु सिद्ध कर सकें। सारांश यह कि, जिन लोगों की बुद्धि राजमद और स्वार्थ से भ्रष्ट हो गई है, उन लोगों को व्याख्यान सुनाने से हमारा कल्याण न होगा। जिन उपायों से उनके अपरिमित स्वार्थ-हित का कुछ प्रतिबंध होगा——उनकी जेब पर कुछ थोड़ासा भी असर होगा——उन्हींका अवलम्ब, इस समय, हिन्दुस्थान के प्रत्येक शुभचिंतक को करना चाहिए।

जब कोई मनुष्य अपने मत को पुष्ट और दृढ़ करने के लिए, और लोगों को, जो उसके मत के विरुद्ध हों, तिरस्कृत वा बहिष्कृत करे, तब उसको अंगरेजी में 'बायकाट' कहते हैं। यह बायकाट भारतवर्ष में कोई नई बात नहीं है। उसका उपयोग, हमारे धार्मिक और सामाजिक व्यवहारों में, प्राचीन समय से, चला आ रहा है। हम देखते हैं कि जब कोई मनुष्य अपनी जाति वा समाज के विरुद्ध कुछ अनुचित काम करता है तब वह अपनी जाति वा समाज से अलग कर दिया जाता है; उसका हुक्का पानी बंद कर दिया जाता है; वह जातिच्युत किया जाता है। इसी प्रकार, जब कोई मनुष्य अपने धर्म के विरुद्ध कुछ काम करता है तब वह धर्मबाह्य समझा जाता है। इसीको हमारे धर्मशास्त्र में 'बहिष्कार' कहते हैं। यह एक प्रकार का दण्ड है। उसका मुख्य उपयोग धार्मिक और सामाजिक समझा जाता है। यदि उसका उपयोग राजनैतिक विषयों में भी किया जाय तो उससे बहुत कुछ लाभ होने की आशा है। अंगरेजी के बायकाट* और हमारे बहिष्कार का अर्थ एक ही है; परंतु अंगरेजी 'बायकाट' की उत्पत्ति का इतिहास बहुत मनोरंजक और शिक्षादायक है। सन १८८१ ई० में आयर्लैण्ड देश में इस शब्द की उत्पत्ति हुई। उस समय आयर्लैण्ड के किसानों को अंगरेज जमींदारों के द्वारा बहुत कष्ट सहना पड़ता था; अंगरेज-जमींदार अपने आयरिश-किसानों की जमीन चाहे जब छीन लिया करते थे। पार्लिमेन्ट में इस विषय की अनेक बार चर्चा होने पर भी कुछ लाभ न हुआ। तब आयर्लैण्ड के सब लोगों ने यह निश्चय किया कि, जब

* Boycott—To shut out from all social and other intercourse.

अंगरेज-जमींदार किसी आयरिश-किसान को बे दखल करे तब उस खेत को कोई भी दूसरा मनुष्य न लेवे; जो इस नियम का पालन नहीं करेगा वह समाज से अलग कर दिया जायगा---उसका हुक्का पानी बंद कर दिया जायगा। दुर्भाग्य-वश इस नियम का प्रथम उल्लंघन **कप्तान बायकाट** नाम के एक साहब ने किया। तुरंतही वह समाज से अलग कर दिया गया। उसके खेतों में फसल काटने के लिये आयर्लैण्ड में एक भी आदमी नहीं मिलता था। उसके नौकरों ने नौकरी छोड़ दी। उसके पत्र और तार नहीं पहुंच सकते थे। धर्मोपाध्याय की सहायता से भी वह वञ्चित हो गया था। इसी प्रकार, जो लोग उक्त नियम का भंग करते थे उन्हें सामाजिक दंड दिया जाता था। इसका वर्णन अंगरेजी के एक लेखक ने इस प्रकार किया है---
"Boycotting means that a man is denied food & drink; that his cattle are unsaleable at fairs; that the smith will not shoe his horse nor the carpenter mend his cart; that old friends pass him by on the other side making the sign of the cross; that his children are hooted at the village school; that he sits apart like an outcaste in his usual place of public worship." इसका भावार्थ यह है:---बहिष्कृत मनुष्य का खान-पान बंद हो जाता है; उसके पशु मेलों में बिकने नहीं पाते; लुहार उसके घोड़े की नाल नहीं बांधता; बढ़ई उसकी गाड़ी को नहीं सुधारता; उसके पुराने दोस्त उससे घृणा करने लगते हैं; पाठशाला में उसके लड़कों की निंदा की जाती है; देवालय में वह पतित मनुष्य की तरह अकेला अपने स्थान पर बैठा रहता है।

इनसाइक्लोपीडिया नामक अंगरेजी बृहत्कोश में लिखा है कि "Medicine was refused by a shopkeeper even for the sick child of a boycotted person. Sometimes no one could be found to dig a grave." अर्थात्, बहिष्कृत मनुष्य को अपने बीमार लड़के के लिये, दूकानदार के पास से, दवाई तक नहीं मिलती थी। कभी कभी तो मुर्दे के लिये कबर खोदने को आदमी तक नहीं मिलता था। उसी समय से 'बायकाट' अंगरेजी भाषा में व्यवहृत होने लगा है। सच है, जब अन्य उपायों से अपने कार्य की सफलता होती हुई नहीं देख पड़ती तब इसी एक राम-बाण से अपने बहुतेरे दुःखों का निवारण हो सकता है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण पाये जाते हैं, जिनसे यह विदित होता है, कि भिन्न भिन्न देशों के लोगों को इसी एक उपाय से लाभ हुआ है।

पहला उदाहरण अमेरिका देश का है। स्वाधीनता प्राप्त करने के पहले वह अंगरेजों के अधीन था। उस देश के निवासियों को अपने राज्य-प्रबंध में किसी प्रकार का हक़ न था। अंगरेजों की अनियंत्रित और प्रजा-पीड़क राजसत्ता से दुःखित होकर, सन् १७६५—६६ ईस्वी में, अमेरिकन लोगों ने विदेशी वस्तु—विशेषतः इंग्लैंड देश की वस्तु—के त्याग और स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा की। उन लोगों ने न्यूयार्क-शहर में एक मण्डली स्थापित की, जिसके द्वारा स्वदेशी वस्तु के व्यवहार करने की उत्तेजना दी जाती थी। इसका उल्लेख अमेरिका देश के इतिहास में इस प्रकार किया गया है:—

"The making of linen, of cloth from the wool, both of sheep and the beaver, of spades, hoes and scythes and other iron articles. of spirits, of paper hangings &c. was begun to be prosecuted with great ardour and activity, and these efforts of the mercantile and manufacturing community were warmly supported by the people at large; the productions of American Industry were bought with avidity; *it became the fashion among all classes to appear dressed in clothes of the country*; and it is related that the general zeal for promoting the native woollen manufacture even gave rise to a resolution against eating lamb or buying meat from any butcher who should kill lambs.„ भावार्थ:—ऊनी और सूती कपड़े, फावड़ा, कुदाली, हंसिया आदि लोहे की चीजें बहुतायत से बनने लगीं। व्यापारियों और कारखानेवालों को सर्व-साधारण लोगों की ओर से सहायता और सहानुभूति बहुत मिलती थी। अमेरिका देश की बनी हुई वस्तु बड़े चाव से खरीदी जाती थी। उस समय देशी कपड़े पहिरने ओढ़ने का, सब लोगों में, रवाज (फ़ैशन) हो गया था। देशी-ऊनी कपड़े के संबंध में उन लोगों का उत्साह इतना बढ़ गया था, कि उन लोगों ने भेड़ का मांस खाना छोड़ दिया और यह निश्चय किया कि यदि कोई कसाई भेड़ मारेगा तो उसके पास से कोई आदमी गोश्त न खरीदे।

दूसरा उदाहरण इटाली देश का है। जिस समय वह आस्ट्रिया देश के आधीन था उस समय इटालियन लोगों ने, विदेशी अधिकारियों को बहिष्कृत करके, राज्यप्रबंध के काम में बड़ी कठिनाई उत्पन्न कर दी थी। वेडरबर्न साहब कहते हैं कि, यदि हिंदुस्थानी भी इसी

उपाय का स्वीकार करें तो अंगरेजों को हिंदुस्थान के राज्य का प्रबंध करना बड़ा कठिन हो जायगा। परंतु सम्प्रति हिन्दुस्थान के लोग अपने विदेशी राजसत्ताधिकारियों को बहिष्कृत करना नहीं चाहते; वे उन्हीं लोगों की सहायता से अपनी उन्नति करने का प्रयत्न कर रहे हैं। अतएव अंगरेजों को उचित है कि वे शीघ्र ही सचेत हो जाँय और हिन्दुस्थानियों की प्रार्थना पर ध्यान दें, और वे जो कुछ कहते हैं उसको क़बूल करें। इससे दोनों देशों के लोगों को सुख होगा।

तीसरा उदाहरण चीन देश का है। चीनियों के साथ अमेरिका के लोग बहुत बुरी तरह का बर्ताव करते थे; अतएव उन लोगों ने, हाल ही में, अमेरिका देश की बनी हुई वस्तु के त्याग का उद्योग आरंभ किया है। इसका फल यह हुआ कि चीनियों को खुश करने का, अमेरिका की गवर्नमेन्ट, यत्न कर रही है। इसके संबंध में पायोनियर-पत्र लिखता है कि "चीनियों के बायकाट से यदि अमेरिका के व्यापार में कुछ हानि होगी तो चीनियों का इष्ट हेतु शीघ्र सफल हो जायगा; और चीनियों के विरुद्ध जो आईन अमेरिका में बनाये गये हैं वे शीघ्र ही रद कर दिये जायँगे।" यदि उक्त वाक्य में "चीनियों" के स्थान पर "हिन्दुस्थानियों" और "अमेरिका" के स्थान पर "इंगलैण्ड" लिख दिया जाय, तो पायोनियर के शब्दों ही से इस बात का निर्णय हो सकता है कि, हम लोगों के स्वदेशी-आन्दोलन और विदेशी वस्तु के त्याग का परिणाम क्या होगा।

चौथा उदाहरण ख़ुद हमारे अंगरेज महाराज का है। इन लोगों ने तो, एक समय, अपने निज के व्यापार के लाभार्थ, बहिष्कार (बायकाट) से भी अधिक तीव्र—अत्यंत अनुचित—उपायों का अवलंबन किया था। प्राचीन समय में भारतवर्ष कारीगरी के कामों के लिये बहुत प्रसिद्ध था। उस समय यहां के बने अनेक पदार्थ इंगलैण्ड और अन्य देशों को भेजे जाते थे। इंगलैण्ड के लोग हमारे व्यापार की बराबरी नहीं कर सकते थे। तब उन लोगों ने क़ानून बनाकर, हिन्दुस्थानी वस्तुओं पर बहुत भारी कर लगाकर, हमारे व्यापार को अपने देश से बहिष्कृत कर दिया। इस विषय की चर्चा "अंगरेजों ने हमारा

व्यापार कैसे बरबाद किया " इस शीर्षक के लेख में स्वतंत्र रीति से की जायगी। वर्तमान समय में भी, मिस्टर चेंबरलेन इंग्लैण्ड में 'स्वदेशी व्यापार की रक्षा' के तत्व पर ही जोर दे रहे हैं।

सारांश, आयर्लैण्ड, अमेरिका, इटाली, चीन और इंग्लैण्ड देशों के उदाहरणों को देखकर भी यदि हम लोग न चेतें तो हमारे समान अभागे और कोई न होंगे। प्रजा कितनी भी दुर्बल हो—वह निःशस्त्र क्यों न हो- यदि वह दृढ़निश्चय और ऐक्यभाव से कुछ करना चाहे तो सब कुछ साध्य हो सकता है। वह अन्यायी शासनकर्ताओं को और अविचारी राज-सत्ताधारियों को भी राह पर ला सकती है। यदि हम लोग विदेशी वस्तु—विशेषत: इंग्लैण्ड देश में बनी हुई वस्तु—का व्यवहार न करें; और जब विदेशी वस्तु की अत्यंत अवश्यकता हो तब पहिले एशिया खंड के देशों की बनी हुई चीजों को - जापान, चीन, स्याम, काबुल, फारस, अरब आदि देशों की बनी हुई चीजों को पसंद करें; जब इन देशों में बनी हुई चीजों से भी हमारा काम न चले तब अमेरिका, जर्मनी, फ्रान्स, रशिया आदि देशों की बनी हुई चीजों का व्यवहार करें; परंतु किसी हालत में, इंग्लैण्ड की बनी हुई, किसी वस्तु का, भूलकर भी, स्वीकार न करें; तो हमारा यह कार्य आईन के प्रतिकूल कदापि नहीं कहा जा सकेगा। इतनाही नहीं, किन्तु हम यह कहते हैं, कि आईन के अनुसार हमको अपने इस कार्य से कोई भी पराङ्मुख नहीं कर सकेगा। हां, हम जानते हैं कि राजा के विरुद्ध बलवा करना बे क़ायदा है—गुनह है; परंतु हमें जो चीज पसंद है उसका स्वीकार करने, और जो चीज नापसंद है उसका अस्वीकार करने, के काम में हम खुद अपने मालिक हैं—हम अपने मन के राजा हैं—हमें कोई रोक नहीं सकता। जब कि हमारी सरकार हमारी प्रार्थना पर कुछ ध्यान नहीं देती तब हम उनके देश की बनी हुई चीजें खरीदकर, अपने द्रव्य से, उनके जातिभाई व्यापारियों का लाभ क्यों करें? जिस देश के लोग हमारी प्रार्थनाओं पर कुछ ध्यान नहीं देते उस देश के लोगों का माल न लेकर, उनके संबंध में, हम अपनी तिरस्कारबुद्धि क्यों न व्यक्त करें? इसमें संदेह नहीं कि जो लोग

हमारी कुछ भी नहीं सुनते उन्हीं लोगों का राज्य, इस समय, हमारे देश में है; परंतु क्या इससे यह बात सिद्ध होती है कि हम लोग, स्वयं अपनी हानि करके, उन लोगोंही के व्यापार की सहायता करते रहें? नहीं; कदापि नहीं।

इस संसार में यह बात प्राचीन समय से चली आ रही है कि, एक जाति अन्य जाति पर अपना अधिकार जमाने का यत्न करती है; एक समाज अन्य समाज पर अपनी प्रबलता स्थापित करने का उद्योग करता है; एक देश अन्य देश पर अपनी प्रभुता जमाने का उपाय रचता है। जब दुर्भाग्य-वश कोई एक देश किसी दूसरे देश के अधीन हो जाता है तब पराधीन-प्रजा को इस बात का विचार करना ही पड़ता है कि प्राचीन स्वत्वों की रक्षा किस प्रकार की जाय और नूतन स्वत्व किस प्रकार प्राप्त किये जाँय। जबसे भारतवासी अपनी स्वाधीनता को खोकर पराधीन हो बैठे तबसे उन्हेंभी इस बात का विचार करना पड़ा। मुसलमानों के समय में जब यह देश पराधीन हुआ था तब सिर्फ़ हमारी राजसत्ता ही छीन ली गई थी—तब हमारा व्यापार हमारे ही हाथ में था, वह नष्ट नहीं हुआ था। परंतु अंगरेजों के राज्य में हमारी राजसत्ता के साथही हमारे व्यापार का भी सर्वथा नाश हो गया है। स्मरण रहे कि अंगरेज लोग केवल राज्यकर्ता ही नहीं हैं, किन्तु वे व्यापारी भी हैं; वे केवल क्षत्रियही नहीं हैं, किन्तु वे वैश्य भी हैं। इन्हीं दोनों वृत्तियों के योग से, इस देश में, उनकी राज-नीति तथा व्यापारनीति बनी है। इस समय हम लोग, राजनैतिक दृष्टि से, तथा व्यापार में, सर्वथा इंगलैण्ड के अधीन हैं। ऐसी अवस्था में, जब कि अंगरेजों में दो प्रकार की वृत्तियों का योग हुआ है, अर्थात् वे क्षत्रिय (राज्यप्रबंधकर्ता और शासक) हैं और वैश्य (वणिक, व्यापारी) भी हैं; और जब कि हमारे आन्दोलन का असर, हमारी पराधीन प्रजा की पुकार का असर, हमारी याचकवृत्ति का असर, राज्यकर्ताओं की क्षात्रवृत्ति पर कुछ भी नहीं होता; तब हम लोगों को उनकी वैश्य-वृत्ति—अर्थात् व्यापार-विषयक उनकी स्वार्थ-बुद्धि—पर आघात करना चाहिए। यही

बात अन्य शब्दों में इस प्रकार कही जा सकती है, कि अब हम लोगों को अपनी याचकवृत्ति का त्याग करके, अपने दुर्बल वचनों से राज्यसंबंधी हक़ों की भीख मांगने की आदत छोड़ देना चाहिए; और इसके बदले अपने शक्तिमान हाथों से अपनी उन्नति का उद्योग करना चाहिए। इंगलैण्ड देश की बनी हुई चीजों को खरीदकर जो करोड़ों रुपये हम हर साल अंगरेजों को दे देते हैं वे स्वदेशी वस्तु के व्यवहार से स्वदेशभाइयों को देने चाहिए।

कोई कहेंगे कि इस समय हमारे देश में सब प्रकार की चीजें नहीं बनतीं; ऐसी अवस्था में कुछ विदेशी माल लेना ही पड़ेगा। हां, इसमें संदेह नहीं कि जबतक हमारे देश में सब प्रकार की चीजें बनने न लगें तबतक कुछ न कुछ विदेशी चीजें लेना ही पड़ेंगी; परंतु हम कहते हैं कि जब जब आप लोगों को कुछ विदेशी वस्तु लेना हो तब तब इस बात का स्मरण रखिये कि वह वस्तु. राजमद से जिनकी आंखें धुंध हो गई हैं और जो हमारी प्रार्थना पर कुछ ध्यान नहीं देते, उनके देश की—अर्थात् इंग्लैंड की—बनी हुई न हो; वह वस्तु इंग्लैंड के सिवा और किसी देश की हो। वास्तव में यह एक प्रकार का व्यापार-युद्ध ही है। इस युद्ध में शस्त्रास्त्रों की जरूरत नहीं; जरूरत है सिर्फ हमारे दृढ़ निश्चय, ऐक्यभाव और निस्सीम देशभक्ति की। इस युद्ध में हमको जितनी सफलता प्राप्त होगी उतनाही हमारे देश का कल्याण होगा। जब हम एक पैसे की भी कोई स्वदेशी वस्तु खरीदेंगे तब उतनाही हमारे देश का लाभ होगा।' यही परिणाम हम लोगों को इष्ट है; क्योंकि हम इस व्यापार-युद्ध से यह सिद्ध करना चाहते हैं कि, यद्यपि हम लोग अपने राज्यकर्त्ताओं के स्वच्छन्द, बेपरवाह और अनुचित बर्ताव को रोक नहीं सकते, तथापि हम लोग अपने राज्यकर्ताओं के देशभाइयों (अर्थात् अंगरेजों) के करोड़ों रुपयों के हिन्दुस्थानी व्यापार को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि हिन्दुस्थान के सब लोग यह निश्चय करलें, कि हम स्वदेशी वस्तु ही का व्यवहार करेंगे; और जब कोई स्वदेशी वस्तु न मिल सकेगी तब किसी अन्य देश की लेंगे, इंगलैंण्ड की कदापि न लेंगे; तो, पायोनियर ने अमेरिकन लोगों के संबंध

में जो कुछ ऊपर लिखा है वही अंगरेजों के संबंध में भी हमको लिखना पड़ेगा। अर्थात् अंगरेजों को हिन्दुस्थानियों की प्रार्थना पर अवश्य ध्यान देना पड़ेगा।

कोई कहेंगे कि यदि हम स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करें तो इस प्रतिज्ञा का पालन पूर्ण रीति से नहीं हो सकेगा; क्योंकि इस समय हमारे देश में सब प्रकार का माल तैयार नहीं होता। अतएव, प्रथम हम लोगों को स्वदेशी माल पैदा करने का यत्न करना चाहिए; और जब सब प्रकार का स्वदेशी माल बनने लगेगा तब हम स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करेंगे, क्योंकि तभी हमारी प्रतिज्ञा का पूर्ण रीति से पालन हो सकेगा। इस दलील में यह बात सच है कि इस समय हमारे देश में सब चीजें नहीं बनतीं। जो चीजें वर्तमान समय में यहां बनती हैं उन्हींके व्यवहार की प्रतिज्ञा करने से जो लाभ होगा उसका उल्लेख ऊपर किया गया है; परंतु जो लोग यह कहते हैं कि जबतक सब चीजें अपने देश में बनने न लगें तबतक स्वदेशीवस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करने से कुछ लाभ नहीं, उन लोगों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि स्वदेशी वस्तु का व्यवहार जितने अंश में किया जायगा उतनाही उससे लाभ होगा, उससे किसी प्रकारकी हानि होने का डर नहीं है। भगवद्गीता में, भगवान श्रीकृष्णने अर्जुन को उपदेश करते हुए यही कहा है कि— "नेहाभिक्रम नाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते। स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्॥" स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा भी इसी प्रकार की है। इस प्रतिज्ञा का पालन जितना किया जायगा उतनाही उससे हमारे देश का कल्याण होगा।

सारांश, स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा का पालन बहुत दिनों तक करते रहने ही से हमारा इष्ट हेतु सिद्ध होगा। जो लोग यह कहते हैं कि, जब सब प्रकार का देशी माल बनने लगेगा तब हम देशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करेंगे, वे लोग उस आदमी से कम मूर्ख नहीं हैं जो यह कहता है कि जब मुझे तैरना आ जायगा तब मैं पानी में पैर रक्खूंगा! ऐसे लोगों को सोचना चाहिए कि जब सब प्रकार का देशी माल तैयार होने लगेगा

तब उसके व्यवहार की प्रतिज्ञा करने की आवश्यकता ही क्या है? सच बात तो यह है, कि जबतक हमारे देश में सब प्रकार की चीजें बनने नहीं लगी हैं तभीतक उनके व्यवहार की प्रतिज्ञा करने की अत्यंत आवश्यकता है; क्योंकि अर्थशास्त्र का यही सिद्धान्त है कि जबतक किसी वस्तु की मांग नहीं बढ़ती तबतक उसकी आमदनी भी नहीं बढ़ती। किसी देश में बहुतसी चीजें तभी तैयार होती हैं जब कि उनके बनानेवालों को, उस देश के राजा या प्रजा की ओर से, उत्तेजन दिया जाता है। यह बात सब लोगों को विदित है कि हमारे राजा की ओर से स्वदेशी व्यापार की उन्नति के लिये उत्तेजन पाने की संभावना बहुत कम है। अब यदि प्रजा की ओर से कुछ उत्साह न दिया जाय, और यदि सब लोग यही कहने लगें कि जब देशी चीजें बनेंगी तब हम उनका व्यवहार करेंगे, तो इस देश में देशी वस्तु के बनने की आशा कदापि नहीं की जा सकती। हम जानते हैं कि आज देशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करने से कलही हमारे देश में देशी वस्तु का बाजार गरम न हो जायगा। हम जानते हैं कि हमारी प्रतिज्ञा का फल, योगाभ्यास के "अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिं" इस तत्व के अनुसार, बहुत दिनों के बाद दिखाई देगा। इसीलिये हमारी यह प्रार्थना है कि हमारे सब देश-भाइयों को अभीसे देशी वस्तु के व्यवहार की दृढ़ प्रतिज्ञा करनी चाहिए।

उक्त आक्षेपों का समाधान एक उदाहरण से भली भांति हो जायगा। देखिये, कुछ सरकारी अफसरों की यह इच्छा देख पड़ती है कि महाराष्ट्र-ब्राह्मणों को सरकारी नौकरी न दी जाय। परंतु महाराष्ट्र-ब्राह्मणों के सिवा अन्य जाति के बहुतसे बुद्धिमान, शिक्षित और होशियार आदमी नहीं मिलते। अतएव सरकारी नौकरियों के देने में प्रायः इस नियम का पालन किया जाता है, कि जहांतक हो सके प्रथम महाराष्ट्र-ब्राह्मणों को कोई जगह न दी जाय। पहले किसी युरेशियन, क्रिश्चियन, मुसलमान, पारसी, कायस्थ या किसी अन्य जाति के मनुष्य को जगह दी जाय; और जब इतने पर भी कोई न मिलै तब महाराष्ट्र-ब्राह्मण को जगह दी जाय। इस उपाय से, यद्यपि एक दो ही दिनों में सरकारी नौकरी से सब महाराष्ट्र-ब्राह्मणों का

लोप नहीं हो सकता; तथापि इसमें संदेह नहीं कि कालांतर में सरकार का हेतु अवश्य सफल होगा और प्रायः सब महाराष्ट्र-ब्राह्मण सरकारी नौकरी से अलग कर दिये जायँगे। स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करनेवालों को उक्त नियम से कुछ शिक्षा लेनी चाहिए। उन लोगों को भी उक्त सरकारी नियम ही का अवलंब करना चाहिए। अर्थात् प्रथम स्वदेश में बनी हुई वस्तुओं का व्यवहार किया जाय; जब वे न प्राप्त हों तब एशिया खंड के किसी देश की बनी हुई वस्तु का व्यवहार किया जाय; जब वह भी प्राप्त न हो तब अमेरिका और यूरप के किसी भी देश की वस्तु का व्यवहार किया जाय, परंतु इंगलैंड देश की बनी हुई किसी भी वस्तु का स्वीकार न किया जाय। इस उपाय से हमारे कार्य की सफलता अवश्य हो जायगी।

यह बात प्रसिद्ध है कि, इस समय, हमारे देश में सब प्रकार की चीज़ें नहीं बनतीं; परंतु इससे हम लोगों को निराश और निरुत्साह न होना चाहिए। यदि सब प्रकार की चीज़ें नहीं बनती हैं, तो क्या जो चीज़ें इस समय बनती हैं उन्हींके व्यवहार का आरंभ हम लोगों को न करना चाहिए? यदि एकदम सब चीज़ें नहीं बन सकतीं तो क्या धीरे धीरे हम लोगों को अपनी प्रतिज्ञा का पालन न करना चाहिए? यदि आपकी, यथार्थ में, यही इच्छा है कि इस देश में सब प्रकार की चीज़ें बनने लगें तो उपाय यही है कि जो चीज़ें इस समय अपने देश में बनती हैं उन्हींको काम में लाइये — उनके सिवा अन्य किसी विदेशी वस्तु का स्वीकार न कीजिये। इस उपाय के अवलंब से, थोड़ेही समय में, हमारे देश में, और और सब चीज़ें भी बनने लगेंगी। यह उपाय सर्वथा निरपवाद तथा निर्भय है। यह साध्य और श्रेयस्कर भी है; पर इसमें दृढ़ बल और निश्चय की आवश्यकता है। यदि इस देश के सब लोग यही निश्चय करलें, कि हम केवल स्वदेशी वस्तु का व्यवहार करेंगे, तो देश में एक विलक्षण शक्ति उत्पन्न हो जायगी। सारांश, स्वदेशी वस्तु का स्वीकार और विदेशी वस्तु का त्याग किये बिना हमारे देशभाइयों की वर्तमान दशा में कदापि सुधार होने की आशा नहीं की जा सकती। स्मरण रहे कि कल्याण करनेवाले किसी भी मनुष्य की दुर्गति नहीं होती। भगवद्गीता में लिखा है कि—"नहि कल्याणकृत् कश्चित् दुर्गतिं तात गच्छति।"

कोई कोई कहते हैं कि स्वदेशी वस्तु-व्यवहार के आन्दोलन में किसी प्रकार का राजनैतिक (Political) स्वरूप नहीं आने देना चाहिए— उसका केवल औद्योगिक विषयों ही से संबंध रहे— 'स्वदेशी' और 'बायकाट' ये दो भिन्न भिन्न विषय हैं। परंतु यह निरी भूल है। यह आंदोलन साक्षात् राजनैतिक न हो तो न सही; परंतु इसमें संदेह नहीं कि हमारे नायकों की यही इच्छा है कि इस आंदोलन का हमारे राज्यकर्ताओं की वर्तमान राजनीति पर कुछ असर पड़े—इस आंदोलन से हमारे राजमदांध सरकारी अधिकारियों की आंखें थोड़ी भी खुल जाँय और वे हमारी उचित प्रार्थनाओं पर कुछ ध्यान देने लगें। इस प्रकार, यह आंदोलन अप्रत्यक्ष रीति से राजकीय कहा जा सकता है—इस बात को प्रकट कर देने से हमारी कुछ हानि नहीं; और उसको गुप्त रखने से हमारा कुछ लाभ भी नहीं। हां, यह बात सच है कि बाहर से इस आन्दोलन के दो स्वरूप हैं; परंतु रूप की भिन्नता से वस्तुस्थिति में कुछ भेद नहीं होता। स्वदेशी वस्तु का व्यवहार और विदेशी वस्तु का त्याग—ये दोनों एक ही विषय के भिन्न भिन्न रूप हैं।

इस लेख में 'बहिष्कार' को 'योग' की उपमा दी गई है। अब इस बात का विवेचन किया जाता है कि उक्त 'बहिष्कार-योग' का अभ्यास किस प्रकार किया जाय—इष्ट हेतु की सफलता के लिये किन किन साधनों का उपयोग किया जाना चाहिए। 'योग' का स्वरूप और उसके 'अभ्यास का मार्ग' ये दोनों भिन्न भिन्न बातें हैं। कैसाही 'योग' क्यों न हो—चाहे वह 'धार्मिक' योग हो चाहे 'राजकीय'—उसकी सिद्धि के लिये दृढ़ निश्चय और धैर्य की आवश्यकता है; क्योंकि उसकी सिद्धि में अनेक विघ्न उपस्थित होते हैं। जब कोई मनुष्य किसी योग का अभ्यास करने लगता है तब उसको उस योग से भ्रष्ट करने के लिये भूत, पिशाच, राक्षस आदि भयंकर रूप धारण करके भयभीत करने का उद्योग करते हैं। इसी प्रकार 'बहिष्कार-योग' के अभ्यास करनेवालों को भी बहुतेरे भूतों, राक्षसों और पिशाचों ने भयभीत करने का यत्न किया है। और जबतक हम लोग बहिष्कार योग का अभ्यास करते रहेंगे तबतक हमारे

पीछे इसी प्रकार का भय बना रहेगा। विदेशी वस्तु के—विशेषत: इंगलैण्ड की बनी वस्तु के—त्याग की प्रतिज्ञा को सुनतेही गोरे अख-बारों और कुछ गोरे अफ़सरों ने अपना भयानक रूप प्रकट किया। बंगालियों को 'बष्किार-योग' से भ्रष्ट करने के लिये सरकार ने सरक्यूलरों की झड़ी लगा दी और अपने लठदार शासन के बल पर प्रजा की उचित प्रतिज्ञा के भंग करने का प्रयत्न आरंभ किया। परंतु जिस प्रकार सच्चा 'योगी' वही है जो किसी भूत, पिशाच और राक्षस के उपस्थित किये हुए विघ्नों की परवा न करता हुआ, धैर्य और दृढ़ निश्चय से अपना 'अभ्यास' करता चला जाता है और अंत में सफल-मनोरथ होता है; उसी प्रकार सच्चा 'देशभक्त' वही कहलावेगा जो अपने 'बहिष्कार-योग' के अभ्यास में, किसी गोरे अखबार या किसी गोरे अफ़सर की परवा न करता हुआ अपनी प्रतिज्ञा का पालन करेगा। जब हमारे विदेशी वस्तु के त्याग से अंगरेज़-व्यापारियों का कुछ नुक़सान होने लगेगा तब अंगरेज़-सरकार की आंखें अवश्य खुलेंगी; क्योंकि अंगरेज़ी-राज्य और अंगरेज़ी-व्यापार का बहुत घना संबंध है—इन दोनों की आत्मा एक ही है। उस समय, हमारी सरकार, अपने जातिभाइयों के व्यापार की रक्षा के हेतु, हमारी प्रार्थनाओं पर अवश्य ध्यान देगी। हम लोगों की इच्छा अवश्य पूर्ण होगी। अतएव बहिष्कार-योग की सिद्धि का मुख्य साधन यही है कि, किसी प्रकार के विघ्नों से भयभीत न होकर दृढ़ता से अपनी प्रतिज्ञा का पालन करना चाहिए।

यह समय कभी न कभी आनेही वाला था।

हम प्रस्तुत विषय का जितना अधिक विचार करते हैं, उतनाही अधिक हमारा विश्वास दृढ़ होता जाता है, कि वर्तमान स्वदेशी आन्दोलन का जोश, किसी क्षुद्र जलाशय में उत्पन्न होनेवाली क्षणिक लहर के समान, चञ्चल और अनस्थिर नहीं है; किन्तु वह इस देश की उन्नति का एकमात्र चिरस्थायी साधन है। गोरे अखबारों का यह

आक्षेप है कि जिस आंदोलन की उत्पत्ति वंग-भंग जैसे क्षुद्र और क्षणिक विषय से हुई है वह चिरस्थायी कैसे हो सकता है ? इसका उत्तर यह है कि इस आंदोलन का बीज, वंगभंग के पूर्वही, इस देश में, बोया गया था—वह बीज-रूप से पहलेही उपस्थित था। वंगभंग के कारण उसको गति प्राप्त हुई—वंगभंग के कारण उस बीज-रूपी आन्दोलन का सब देश में अङ्कुर उग आया। अर्थात् यह आन्दोलन वंगभंग से उत्पन्न नहीं हुआ; वंगभंग, इस समय, इस आन्दोलन के प्रसार का कारण मात्र हुआ। जिस प्रकार कुरु-क्षेत्र की रणभूमि पर खड़े रहनेवाले दोनों पक्षों के वीरों के नाश के लिये अर्जुन केवल निमित्तमात्र कारण हुआ—यथार्थ कारण संसार का संहार करनेवाला परमात्मा का कालस्वरूपही था—उसी प्रकार वंगभंग प्रस्तुत आन्दोलन का केवल नैमित्तिक कारण है, यथार्थ कारण वर्तमान समय ही है। हमारा यह विश्वास है कि यद्यपि वंगभंग का प्रश्न, इस समय, उपस्थित न किया जाता तथापि यह प्रसंग—यह आन्दोलन—आज नहीं तो कल, कभी न कभी, आनेही वाला था।

गत दस बारह वर्ष में, दुनिया के सब देशों में, जो विशेष घटनाएं हुई हैं उनकी ओर, जिन लोगों ने ध्यान दिया होगा—जिन लोगों ने उन घटनाओं का सूक्ष्म रीति से विवेचन किया होगा—उनको यह बात देख पड़ेगी कि इस समय एक विशेष भाव से—एक विशेष कल्पना से—सारी दुनिया का ढंगही बदलता जारहा है। अमेरिका, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया, नटाल, ट्रान्सवाल, फ्रांस, जर्मनी और खुद इंग्लैण्ड की, गत दस बारह वर्ष की, सब घटनाओं को मथकर, यदि कोई एक विशेष बात जानना चाहे तो उसे यही देख पड़ेगा कि ये सब देश "स्वकीय का स्वीकार और परकीय का त्याग" इसी एक कल्पना—इसी एक भाव—इसी एक सिद्धान्त-रूपी केन्द्र के चारों ओर चक्कर लगा रहे हैं। अमेरिका में चीनियों को न रहने देने का जो यत्न किया गया उसका कारण क्या है ? आस्ट्रेलिया में जापानियों और हिन्दुस्तानियों को न रहने देने का कारण क्या है ? कुछ दिन हुए, बंबई के मशहूर आगाखां साहब आस्ट्रेलिया को गये थे। उस समय उस देश के निवासियों ने इतने बड़े

मुसलमान-नायक को भी वहां न आने देने का यत्न किया था। आगाखां बड़े श्रीमान सरदार हैं। आस्ट्रेलिया के व्यापारियों को उनसे बहुत लाभ होने की संभावना थी। इस प्रकार के फ़ायदे की कुछ भी परवा न करके आस्ट्रेलिया के निवासी हिन्दुस्थानियों, चीनियों, और जापानियों के साथ अपना सम्बन्ध रखना नहीं चाहते, इसका कारण क्या है? आस्ट्रेलिया से इंग्लैण्ड को जिस जहाज़ में डांक भेजी जाती है उसपर हिन्दुस्थानी खलासी न रक्खे जांय—इसका कारण क्या है? आस्ट्रेलिया की मनुष्य-संख्या बहुत नहीं है; वहां मजदूर कम हैं; और उपजाऊ भूमि बहुत है। इतने पर भी वे लोग विदेशियों से संबंध क्यों नहीं रखते? वे जानते हैं कि हमारे वर्तमान कार्य का परिणाम भविष्यत् में अपनी सन्तानों पर अच्छा न होगा। वे इस बात का विचार करते हैं कि हमारा धन कहां जाता है—और वहां जाकर वह हमें कैसे प्रकार हानि पहुंचावेगा। ट्रान्सवाल में सोने की खानों में काम करने के लिये चीनी मजदूर भरती किये जांय या नहीं, इस विषय का वाद-विवाद इंग्लैण्ड में क्यों किया जाता है? दक्षिण-आफ्रिका में अंगरेजों का राज्य है। वहां काले आदमियों (हिन्दुस्थानियों) के साथ कैसा बर्ताव किया जाता है सब लोगों को विदित है। यथार्थ में वहां काला आदमी अत्यन्त पतित और हीन समझा जाता है। इसका कारण क्या है? खुद इंग्लैण्ड में, मिस्टर चेम्बरलेन और बाल्फोर साहब अंगरेजी-व्यापार की रक्षा के लिये जो प्रयत्न कर रहे हैं उसका रहस्य क्या है? Made in Germany जर्मनी में बनाया गया—यह वाक्य किसी वस्तु पर देखते ही अंगरेजों का दिमाग बिगड़ क्यों जाता है? उक्त प्रश्नों का उत्तर एक ही है—"स्वकीय का स्वीकार और परकीय का त्याग"। इस विचार—इस कल्पना—का असर पहले पहल यूरप के सब देशों में हुआ; अनंतर इस विचार की लहरें एशिया-खंड की ओर झुकीं। जापान के विजय से उस विचार की लहरें और भी अधिक उत्तेजित हुईं। इसी विचार-परिवर्तन के कारण चीनियों ने अमेरिका के व्यापार को अपने देश से बहिष्कृत किया। यह विचार-तरंग, आज नहीं तो कल, कभी न कभी, भारतवर्ष में आनेही वाली थी—उसके स्वाभाविक प्रवाह को कोई भी रोक

न सकता। वंगभंग ने सिर्फ इतनाही काम किया कि उक्त विचार-तरंग को, इसी समय, प्रादुर्भूत होने का—प्रकट होने का—अवसर दिया। यह तो केवल कालमाहात्म्य है—समय का हेरफेर है। उसके प्रभाव को कौन रोक सकता है? जिस विचार ने—जिस कल्पना ने—दुनिया के सब देशों में हलचल मचा दी; जिस सिद्धान्त के आधार पर प्रत्येक देश के निवासी "स्वजन का स्वीकार और परजन का त्याग" कर रहे हैं; क्या उस कल्पना का—उस विचार का—उस सिद्धान्त का प्रभाव हिन्दुस्थानियों पर कुछ भी न होगा? यह परिस्थिति हिन्दुस्थानियों ने स्वयं उत्पन्न नहीं की है; किंतु वह यूरप से एशिया के कुछ देशों में—और उन देशों से हिन्दुस्थान में—आपही आप स्वाभाविक रीति से आ पहुंची है। अब उस परिस्थिति में हम लोग बँध से गये हैं—उससे हमारा छुटकारा हो नहीं सकता। अतएव उससे लाभ उठानाही हमारा प्रधान कर्तव्य है। जब दुनिया के सब लोग उक्त सिद्धान्त का अवलम्ब करके अपना अपना हित-साधन कर रहे हैं, तब क्या यही एक देश ऐसा अभागा है जिसके निवासी प्राप्त-परिस्थिति-वर्तमान समय—से अपनी कुछ भी भलाई न कर सकेंगे? क्या हिन्दुस्थान के लोग इतने मूर्ख, अज्ञानी और अभिमान-रहित हैं कि वे उक्त तत्व को मान्य न कर सकेंगे? क्या हम लोगों को इस बात का विचार न करना चाहिए कि हमारे घर का धन केवल हमारे स्वजनों ही को मिले—विदेशियों के हाथ में न जाने पावे? जितना द्रव्य हम व्यय करते हैं यदि वह सब हमारे स्वजनों को न मिले—यदि उसका कुछ भाग विदेशियों को भी देने का प्रसंग आवे—तो हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपना द्रव्य उन विदेशियों को कभी न दें जो हमारा अपमान करते हैं—जो हमारी प्रार्थना पर ध्यान नहीं देते—जो हमारे हक़ों का कुछ ख़याल नहीं करते—जो हमें सदा दासत्व में रखने की चेष्टा करते हैं; किन्तु हम अपना द्रव्य ऐसे विदेशियों को दें जो हमारा अपमान नहीं करते। अर्थात् प्रत्येक हिन्दुस्थानी को स्वदेशी वस्तु के व्यवहार-द्वारा, अपना द्रव्य, अपने देश-भाइयों ही को देना चाहिए; यदि किसी स्वदेशी वस्तु के अभाव के

कारण विदेशी वस्तु की जरूरत हो तो, प्रत्येक हिन्दुस्थानी को यह निश्चय करना चाहिए, कि जिस इंग्लैण्ड देश के लोगों ने हमारे मुँह की रोटी छीन ली है, और जिस इंग्लैन्ड देश के लोग काले आदमियों को पशुतुल्य समझते हैं, उस देश की बनी कोई भी चीज़ हम न खरीदेंगे। जब विदेशी वस्तु की ज़रूरत ही होगी तब इंग्लैण्ड के सिवा अन्य किसी देश की लेनी चाहिए। क्या दुनिया में अंगरेज़ों के सिवा और कोई लोग ही नहीं हैं? क्या दुनिया में इंग्लैण्ड के सिवा और कोई देश ही नहीं है? यदि है तो क्या इंग्लैण्ड के सिवा और किसी देश की बनी चीज़ लेना पाप है? नहीं; यह पाप तो है ही नहीं; किंतु यही, इस समय, प्रत्येक हिन्दुस्तानी का कर्तव्य है। यह तो एक नित्य के व्यवहार की बात है कि जो हमारा प्यार नहीं करता उसके साथ हम अपना संबंध रखना नहीं चाहते। जिसके मन में हमारे विषय में प्रेम नहीं उसके साथ संबंध रखना निंद्य माना जाता है। महाभारत के युद्ध के समय भगवान श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर कौरवों के पास गये थे। उस समय दुर्योधन ने श्रीकृष्ण को भोजन के लिये बुलाया। भगवान् श्रीकृष्ण ने जो उत्तर दिया वह, इस समय, प्रत्येक हिन्दुस्थानी को ध्यान में रखना चाहिए:—

"संप्रीतिभोज्यान्यन्नानि आपद्भोज्यानि वा पुनः।
न च संप्रीयसे राजन्न चैवापद्गता वयम ॥"

अर्थात भोजन का स्वीकार दो तरह से किया जाता है—पहले तो प्रेम से, दूसरे आपत्ति समय में। हे राजन तुम हमारा प्यार नहीं करते; और हम भी कुछ आपत्ति में फँसे नहीं हैं। ऐसी अवस्था में भोजन का स्वीकार किस प्रकार किया जाय? अब हम यह जानना चाहते हैं कि, क्या इस देश के निवासियों पर ऐसी कुछ आपत्ति आई है जिससे उन लोगों को, अपने विषय में प्रेम-रहित विदेशियों ही की बनाई हुई चीज़ें खरीदने के लिये, मजबूर होना पड़ता है? आश्चर्य की बात है कि जिन लोगों के मन में हमारे विषय में घृणा और तिरस्कार का भाव भरा हुआ है उन्हीं लोगों के कारखानों की चीजें खरीदकर, हम अपने ही द्रव्य से,

उन लोगों की मानमर्यादा और शक्ति को बढ़ाने का उद्योग करें; किन्तु, स्वदेशी वस्तु को खरीदकर अपने द्रव्य से अपने ही देशभाइयों के हित की कुछ भी चिंता न करें!

स्वदेशी वस्तु का स्वीकार और विदेशी वस्तु का त्याग—ये दोनों बातें एकही हैं। इस यत्न में सफलता प्राप्त करना हमारी शक्ति के बाहर नहीं है।

प्रस्तुत आन्दोलन का जो विवेचन ऊपर किया गया है उससे पाठकों को यह ज्ञात हुआ होगा कि **स्वदेशी वस्तु का स्वीकार और विदेशी वस्तु का त्याग**, यही दो बातें, इस आन्दोलन के, मुख्य प्राण हैं—यही दो बातें, इस आन्दोलन के, प्रधान तत्व हैं। यद्यपि ये बातें, बाहर से देखने में, भिन्न भिन्न देख पड़ती हैं—यद्यपि ये बातें, भिन्न भिन्न दो विषयों के समान, देख पड़ती हैं, और यद्यपि उनका वर्णन भिन्न भिन्न शब्दों में किया जाता है (और कदाचित इसीसे कोई कोई अपने को 'स्वदेशी' के अनुयायी और कोई कोई 'बहिष्कार' या 'बायकाट' के अनुयायी कहते हैं) तथापि, यथार्थ में, ये दोनों बातें एकही हैं—ये भिन्न भिन्न विषय नहीं हैं। 'स्वदेशी' और 'बायकाट' में तात्विक भेद कुछ भी नहीं है—ये एकही वस्तु के दो भिन्न भिन्न रूप हैं। यदि कोई एक वस्तु भिन्न भिन्न दो स्थानों से देखी जाय तो, देखनेवाले के स्थान में परिवर्तन होने के कारण, उस एकही वस्तु के भिन्न भिन्न दो रूप देख पड़ेंगे। इसी उदाहरण के अनुसार, वर्तमान आन्दोलन के भी, भिन्न भिन्न दो रूप देख पड़ते हैं। जिस दृष्टि से उसकी ओर देखिये उसीके अनुसार उसका रूप देख पड़ेगा। 'स्वदेशी' के अनुयायियों को केवल 'स्वदेशी वस्तु के स्वीकार और स्वदेशी वस्तु की उन्नति' ही का रूप देख पड़ता है और 'बायकाट' के अनुयायियों को केवल 'विदेशी वस्तु के त्याग' ही का रूप दिखाई देता है।

ज्ञानी लोगों को यह बात विदित है कि संसार की उत्पत्ति के लिये 'परमेश्वर' और 'माया' (शक्ति) दोनों की जरूरत है। अकेला परमेश्वर संसार की उत्पत्ति कर नहीं सकता—माया (शक्ति) की सहायता बिना परमेश्वर कुछ कर नहीं सकता; और अकेली माया (शक्ति) भी कुछ कर नहीं सकती। यद्यपि ये दोनों देखने में भिन्न भिन्न देख पड़ते हैं तथापि वे एक ही ब्रह्म-तत्व के दो रूप हैं। परमेश्वर और माया के इस सम्मिलित रूप के आधार पर ही नरनारी-नटेश्वर की मूर्ति कल्पित की गई है। उस मूर्ति में परमेश्वर और माया का रूप इतना सम्मिलित है कि देखनेवाला उन दोनों रूपों को विभक्त नहीं समझ सकता। तथापि उस मूर्ति की एक ओर खड़े होकर देखिये तो केवल 'परमेश्वर' का रूप दिखाई देगा, और यदि दूसरी ओर खड़े होकर देखिये तो केवल 'माया' (शक्ति) का रूप दिखाई देगा। ठीक यही दशा इस आन्दोलन की भी है। 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' ये दोनों बातें इतनी सम्मिलित हैं कि उनको कोई विभक्त नहीं कर सकता; तथापि एक ओर से देखा जाय तो केवल 'स्वदेशी' का रूप दिखाई देता है; और दूसरी ओर से देखा जाय तो केवल 'बहिष्कार' का रूप देख पड़ता है। संसार की उत्पत्ति के कार्य में परमेश्वर और माया (शक्ति) को विभक्त करना असम्भव है: ऐसा करने से संसार की उत्पत्ति में विघ्न होगा। इसी प्रकार अपने देश की उन्नति के कार्य में 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' को विभक्त करना असंभव है; ऐसा करने से देश की उन्नति में विघ्न होगा। हमारी समझ में, वर्तमान आन्दोलन की प्रधान शक्ति 'बहिष्कार' ही में है। जिस प्रकार माया (शक्ति) को पृथक् करने से संसार की उत्पत्ति हो नहीं सकती; उसी प्रकार 'बहिष्कार' को पृथक् करने से हमारा आन्दोलन शक्ति-रहित हो जायगा—उससे देश की उन्नति कदापि न हो सकेगी—इष्ट कार्य की कभी सिद्धता न होगी। अतएव, निदान व्यापार की दृष्टि से, हिन्दुस्थान में कुछ जान है—वह सजीव है—वह मृत नहीं है—यह बात सिद्ध करने के लिये हम लोगों को 'स्वदेशी वस्तु का स्वीकार' और 'विदेशी वस्तु का त्याग, इन दोनों बातों को हमारे आन्दोलन में शामिल करना चाहिए।

अंगरेज-व्यापारी हर साल तीस करोड़ का कपड़ा इस देश में बेच-

कर हमारा धन लूट ले जाते हैं। क्या इस बात से हमारा जी जलना न चाहिए? जिस मनुष्य का जी इस बात से नहीं जलता कि तीस करोड़ की हमारी सम्पत्ति केवल विलायती कपड़ा खरीदने में विदेश को चली जाती है, वह 'स्वदेशी' का अनुयायी कैसे हो सकता है? जो लोग यह कहते हैं कि इस देश में नई मिलें खोली जाँय, चरखों पर काम करनेवाले जुलाहों को उत्तेजन दिया जाय और नये नये कारखाने खोले जाँय; वे यदि विदेशी वस्तु का त्याग करने के लिये अपने देशभाइयों को उत्तेजित न करेंगे तो उनके प्रयत्नों से क्या लाभ होगा? जबतक हमारे देशभाई विदेशी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा न करेंगे तबतक नई मिलों के खोलने से और चरखों पर काम करनेवाले जुलाहों को उत्तेजन देने से, या और और चीजों के कारखाने खोलने से, क्या लाभ होगा? विदेशी वस्तु के त्यागही में हमारी यथार्थ उन्नति की शक्ति है। यदि विदेशी वस्तु के संबंध में घृणा उत्पन्न होकर उसका त्याग ही न किया जायगा तो स्वदेशी वस्तु की मांग कैसे बढ़ सकेगी? यदि स्वदेशी वस्तु के संबंध में प्रेम उत्पन्न होकर उसकी मांग ही न बढ़ेगी तो बड़ी बड़ी मिलें और नये नये कारखाने किस प्रकार खुल सकेंगे? जब हमारे पूंजी-वालों को इस बात का दृढ़ विश्वास हो जायगा कि हम लोगों ने विदेशी वस्तु का त्याग कर दिया है तब वे लोग बड़ी बड़ी मिलें और नये नये कारखाने खोलने में एक भी दिन का विलम्ब न करेंगे। मिलों का व्यापार बहुत लाभदायक है। उस व्यापार में पूंजीवालों को बहुत नफा मिलता है। जब वे लोग इस बात को जान लेंगे कि हमारे देश-भाई, किसी प्रकार की आपत्ति आने पर भी—किसी प्रकार का सङ्कट आने पर भी—विदेशी वस्तु का स्वीकार न करेंगे, वे केवल स्वदेशी वस्तु ही का स्वीकार करेंगे, तब इस देश के प्रत्येक शहर और गाँव में स्वदेशी वस्तु के नये नये कारखाने देख पड़ने लगेंगे।

यद्यपि विदेशी वस्तु के त्याग से लाभ के सिवा कोई हानि देख नहीं पड़ती, तथापि कुछ लोग विदेशी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा करने से डरते हैं—वे अपने को 'बायकाट' या 'बाहिष्कार' पन्थ के अनुयायी कहलाने से हिच-कते हैं। इसका कारण क्या है? वे लोग कहते हैं कि विदेशी वस्तु के

त्याग की प्रतिज्ञा से इस देश के अंगरेज-अधिकारी नाराज होंगे—हमारी दयालु सरकार अप्रसन्न होगी और मंचेष्टर के व्यापारी हमारे देशी माल पर कर लगवाकर इस देश के नये कारखानों को गिरादेने का प्रयत्न करेंगे; अतएव यह कार्य हम लोगों की शक्ति के बाहर है। अब हम यह जानना चाहते हैं कि हमारे देशभाई, विदेशी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा करके—बहिष्कार-योग का अभ्यास करके—अपने देश के नष्ट हुए व्यापार की उन्नति करना, अपने देश को दरिद्रता से मुक्त करना और अपने देश के स्वाधीन-गौरव को स्थापित करना अच्छा समझते हैं; या इस देश के अंगरेज-अफ़सरों की नाराज़ी, सरकार की अप्रसन्नता और मंचेस्टर के व्यापारियों की बंदर-घुड़की से भयभीत होकर देशद्रोही बनना पसंद करते हैं? क्या यह खेद और लज्जा की बात नहीं है कि ये लोग सरकार की अप्रसन्नता और अफ़सरों की नाराजी की तो इतनी परवा करें; परन्तु अपने देश की भलाई का कुछ भी विचार मन में न लावें? जो लोग स्वयं अपनी, अपने कुटुम्ब की, अपने पड़ोसी की, अपने समाज की और अपने देश की भलाई की कुछ भी चिन्ता न करके केवल विदेशियों को खुश करने का प्रयत्न करते हैं, वे देश के हितकर्ता नहीं कहे जा सकते। अंगरेजी भाषा में एक कहावत है जिसका अर्थ यह है कि "पहले तुम अपनी भलाई करो; फिर दूसरों की भलाई की चिन्ता करो"। हमारा यह आशय नहीं है कि जानबूझकर, किसी कारण बिना, इस देश के अंगरेज-अफ़सरों को या सरकार को या विलायत के लोगों को अप्रसन्न करने का प्रयत्न किया जाय। नहीं; हमारा प्रयत्न केवल अपनी जातीयता—अपने राष्ट्रीयत्व—के अस्तित्व के लिये होना चाहिए। यदि अपनी जातीयता के अस्तित्व के प्रयत्न से—अपने राष्ट्र को सजीव रखने का उद्योग करने से—किसीका मन दुःखित हो—किसी की अप्रसन्नता हो—कोई नाराज हो—तो हमें उसकी परवा न करनी चाहिए। अपने पवित्र कर्तव्य के पालन से यदि किसीको बुरा लगे तो उसकी ओर ध्यान न देना चाहिए। किसी व्यक्ति वा समाज वा राष्ट्र का मन दुःखित न हो, इस हेतु की सिद्धि के लिये, क्या हम लोगों को अपने तीस करोड़ देशभाइयों के अस्तित्व का नाश कर डालना चाहिए? क्या उन लोगों को भूख से पीड़ित

होकर मरने देना चाहिए? क्या वर्तमान हीनता और सङ्कट के बड़े बड़े गढ़हों को और भी गहरे बनाकर उनमें अपने तीस करोड़ बांधवों को ढकेल देना चाहिए? पाठको, आपही इस विषय का विचार कीजिये। अब-तक नम्रतापूर्वक प्रार्थना करके, गिड़गिड़ाकर, भीख मांगने का जो प्रयत्न किया गया वह रत्तीभर भी सफल नहीं हुआ। क्या अब उसी उपाय का और भी अवलम्ब किया जाय? मान लीजिये, कि जब हमारे प्रस्तुत प्रयत्न से–विदेशी वस्तु के त्याग की हमारी प्रतिज्ञा से–इस देश के व्यापार और कारखानों की उन्नति होगी तब उस उन्नति को देखकर, मंचेस्टर के व्यापारी डाह से चिल्लाने लगेंगे और हमारी सरकार देशी वस्तु पर कर लगा देगी। अब हम यह जानना चाहते हैं, कि यदि हम विदेशी वस्तु का त्याग न करें, यदि हम स्वदेशी आन्दोलन न करें और यदि इस देश के व्यापार और कारखानों की उन्नति आपही आप हो जाय, तो क्या मंचेस्टर के व्यापारियों के मन में हमारी उन्नति के संबंध में डाह न उत्पन्न होगी? क्या वे लोग इस देश की वस्तु पर कर लगवाकर हमारे व्यापार को नष्ट करने का प्रयत्न न करेंगे? क्या इस बात की जिम्मेदारी (Guarantee) कोई ले सकता है? सच बात तो यह है कि अपनी राजसत्ता का दुरुपयोग करके भारत-वर्ष के व्यापार को नष्ट करने का अंगरेज लोगों ने जो प्रयत्न किया (और जो भविष्य में किया जायगा) उसका कारण, उन लोगों की अनुचित और अन्यायी स्वार्थ-बुद्धि ही है। जबतक उनकी यह स्वार्थ-बुद्धि, यह लोभ, क़ायम है तबतक वे लोग हमारे व्यापार और कारखानों की उन्नति से कदापि प्रसन्न न होंगे; वे हमारे व्यापार के नाश ही का प्रयत्न करेंगे; चाहे वह उन्नति हमारे 'स्वदेशी' से हो, चाहे 'बायकाट' से हो और चाहे बिना स्वदेशी और बिना बायकाट की सहायता के, आपही आप, हो। हां, इसमें सन्देह नहीं कि अन्त में इस स्वार्थ-बुद्धि और लोभ का परिणाम न तो इंग्लैण्ड को सुखदायक होगा और न हिंदुस्थान को। ऐसी अवस्था में यदि हम 'स्वदेशी' और 'बायकाट' की सहायता से अपने देश के व्यापार और कारखानों की उन्नति करने का प्रयत्न करें तो डर किस बात का है? जो परिणाम होने-वाला ही है वह तो होगा ही। फिर हम लोगों को अपने प्रयत्न से—

अपने पवित्र कर्तव्य से--पराङ्मुख क्यों होना चाहिए ? हमारा तो यह दृढ़ विश्वास है कि जिस प्रकार अंगरेजों ने, अपनी अमलदारी के आरंभ में, इस देश के व्यापार और कारखानों को अनेक अनुचित और अन्यायी उपायों से नष्ट करने का प्रयत्न किया था, उस प्रकार के प्रयत्न करने का साहस, वे लोग, इस समय, बीसवीं सदी में, कदापि न करेंगे । क्योंकि इस समय दुनिया के सब देशों के विचारों में जो एक विशेष-भाव देख पड़ता है; और जिस विशेष-भाव का असर, एशिया-खंड के कई देशों पर होता हुआ, हिन्दुस्थान पर भी पड़ने लगा है; वह अंगरेजों के उक्त अनुचित और अन्यायी उपायों को कदापि सफल होने न देगा । इस वर्तमान समय के विचार-सागर का प्रवाह हमारे अनुकूल है । केवल हमारे दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है । इस विषय का उल्लेख गत परिच्छेद में किया गया है । अतएव हमारी यह राय है कि यह उद्योग---यह प्रयत्न--- हमारी शक्ति के बाहर नहीं है । यदि वर्तमान समय के विशेष-विचार--विशेष-भाव--की अनुकूलता पाकर हम लोग दृढ़ निश्चय से अपनी प्रतिज्ञा के पालन का प्रयत्न करें तो निस्सन्देह हमारा इष्ट हेतु सफल होगा । इतना प्रयत्न करने पर भी यदि किसी अपरिहार्य कारण से सफलता प्राप्त न हो तो भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशानुसार " तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि" हम लोगों को शोक नहीं करना चाहिए । यदि हमारा उद्देश पवित्र है, हमारे विचार उचित हैं, हमारी प्रतिज्ञा योग्य है, हमारा निश्चय अटल है, हमारा प्रयत्न शुद्ध और सरल है और समय की अनुकूलता भी है; तो हमारे मनोरथों की सफलता होनी ही चाहिए। यदि न हो तो उसके विषय में खेद मानकर क्लैब्य दशा का स्वीकार करना उचित नहीं। जिस समय हमको अपने कर्तव्य-कर्म में कटिबद्ध होना चाहिए उस समय क्लैब्य दशा का स्वीकार करके हृदय की दुर्बलता प्रकट करना उचित नहीं । यही जानकर भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया है "--क्लैब्यं मास्मगमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते। क्षुद्रं हृदय दौर्बल्यं त्यक्त्वोत्तिष्ठ परंतप ।"

सच है; जिन लोगों को अपने इष्ट कार्य की सफलता

करना है, जिन लोगों को अपने देश के व्यापार की उन्नति करना है, जिन लोगों को अपनी पवित्र आर्यमाता को निर्जीविता के कलङ्क से मुक्त करना है, उनके हृदय की दुर्बलता कदापि शोभा नहीं देती। यदि हम अपने हृदय की दुर्बलता को छोड़ दें और विदेशी वस्तु के त्याग की प्रतिज्ञा के पालन में दृढ़ निश्चय से प्रयत्न करते रहें तो स्वदेश की उन्नति का कार्य हमारी शक्ति के बाहर नहीं है।

कांग्रेस और 'स्वदेशी'।

कोई कोई यह कहते हैं कि स्वदेशी आन्दोलन के नायकों का हेतु औद्योगिक नहीं है — वह राजनैतिक है; क्योंकि बंगाल प्रांत के जिन नायकों ने स्वदेशी आन्दोलन का आरम्भ किया है वही लोग कांग्रेस के अगुआ हैं और विदेशी वस्तु के त्याग का विषय, अर्थात बायकट या बहिष्कार-योग, 'स्वदेशी' में शामिल होजाने से, इस देश के राजकर्मचारी अप्रसन्न हो गये हैं। अतएव यह आन्दोलन भी, राजनैतिक-आन्दोलन करनेवाली कांग्रेसही का, एक दूसरा रूप है। इस लिये हम लोग इस प्रकार के 'स्वदेशी' आन्दोलन में शामिल हो नहीं सकते। 'स्वदेशी' और 'बायकाट' के परस्पर सम्बन्ध का विवेचन गत परिच्छेद में किया गया है। अतएव उसको दोहराने की जरूरत नहीं। अब केवल इस बात को सोचना चाहिए कि कांग्रेस और 'स्वदेशी' का यथार्थ सम्बन्ध क्या है।

पहले हमको इस बात का विचार करना चाहिए कि इस देश का राजा कौन है? साधारण लोग यही कहेंगे कि इंग्लैण्ड देश का राजा हमारा राजा है। पर इसमें सर्वांश सत्य नहीं है। इस देश की वर्तमान शासन-प्रणाली का सूक्ष्म रीति से निरीक्षण किया जाय तो पुलिस के एक अदना सिपाही से लेकर बड़े लाट साहब तक, प्रत्येक सरकारी अफ़सर, हम लोगों पर, राजा के समान, राज्य करता हुआ देख पड़ेगा। जब इंग्लैण्ड की ओर दृष्टि डाली जाती है तब यह देख पड़ता है कि हमारे बड़े लाट

साहब सेक्रेटरी आफ़ स्टेट के मातहत हैं, सेक्रेटरी आफ़ स्टेट पार्लिमेन्ट-सभा के मातहत हैं और पार्लिमेन्ट-सभा के मेम्बर बृटिश-निर्वाचकों के अधीन हैं। सारांश, इस देश में जो विदेशी राजसत्ता स्थापित हुई है वह किसी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं है — उसके सूत्र अनेक व्यक्तियों के हाथ में हैं। अर्थात्, इस देश में, कोई एक राजा नहीं है—अनेक राजा हैं। स्वाधीन-देशों में इस शासन-प्रणाली से प्रजा का बहुत कल्याण होता है; परन्तु हिन्दुस्थान जैसे पराधीन देश में इस शासन-प्रणाली से प्रजा का कुछ भी कल्याण नहीं होता। यहां प्रजा को न तो कुछ हक़ हैं, न अधिकार है और न मान है। यहां जो अंगरेज-राजकर्मचारी हैं उन्हीं-के हाथ में सब राजसत्ता है—वही लोग यहां के राजा हैं। इंग्लैण्ड-देश का जो राजा है (और आईन के अनुसार जो इस देश का भी राजा है) उसकी सत्ता, क़ानून के द्वारा अत्यन्त मर्यादित करदी गई है। वह अपने मन में कुछ कर नहीं सकता। यथार्थ में उसको कुछ भी अधिकार नहीं है—वह केवल नामधारी राजा है! इसमें सन्देह नहीं कि राजा की सत्ता को इस प्रकार मर्यादित कर देने से इंग्लैण्ड की प्रजा का अत्यन्त हित हुआ है; परन्तु इस बात में भी सन्देह नहीं कि उक्त प्रणाली से इस देश की प्रजा पर अनेक बुरे परिणाम हुए हैं। सबसे बुरा परिणाम यही हुआ, कि इस देश की यथार्थ राजसत्ता विदेशी-निर्वाचकों और विदेशी-अफ़सरों के हाथ में चली गई। अर्थात् इस देश के गोरे अफ़सर और इंग्लैण्ड की पार्लिमेन्ट-सभा के मेम्बरों के निर्वाचकगण ही हमारे राजा बन बैठे। जिन गोरे अफ़सरों के हाथ में इस देश की राज-सत्ता है उनकी यही इच्छा देख पड़ती है कि वह राजसत्ता सदैव अपनेही हाथ में बनी रहे—वह कदापि अपने हाथ से जाने न पावे या वह किसी तरह कम न होने पावे। और इसी स्वार्थ से भरी हुई दुष्ट इच्छा की पूर्त्ति के लिये उन लोगों के सारे प्रयत्न होते हैं। अब इस बात को भी देखिये कि इंग्लैण्ड की पार्लिमेन्ट-सभा के मेम्बरों के निर्वाचक-गणों की इच्छा क्या है। यद्यपि वे स्वाधीन-चित्तवाले और न्याय-प्रिय हैं, तथापि अपने देश के व्यापार की वृद्धि के हेतु उनकी भी यही इच्छा देख पड़ती है कि हिन्दुस्थान का सब व्यापार अपने ही हाथ में बना रहे। यह

व्यापार न तो किसी दूसरे देश के लोगों के हाथ में जाने पावे और न हिन्दुस्थानियों ही के हाथ में रहे। वे लोग हिन्दुस्थान के व्यापार ही से धनी और मानी हुए हैं। इस लिये वे इस सोने की चिड़िया को अपने हाथ से जाने देना नहीं चाहते। सारांश, इस देश पर जिन विदेशियों की राजसत्ता है उनमें से कुछ तो गोरे अफ़सर हैं और कुछ गोरे व्यापारी। यहां के गोरे अफ़सर यही चाहते हैं कि इस देश की सब राजसत्ता अपने ही हाथ में बनी रहे; और विलायत के गोरे व्यापारी यही चाहते हैं कि इस देश का सब व्यापार अपने ही हाथ में बना रहे। यदि हिन्दुस्थानियों में कुछ एकता और शक्ति रहती तो वे उक्त दोनों प्रकार के लोगों की सत्ता को बहुत कुछ मर्यादित कर सकते; परंतु खेद की बात है कि इस देश के गोरे अफ़सर अपनी राजसत्ता का उपभोग, प्रजा की रोक-टोक के बिना, अनियंत्रित रूप से, कर रहे हैं; और विलायत के गोरे व्यापारी, इस पवित्र आर्यभूमि के कलेजे का सम्पत्ति-रूपी खून, निर्दयता से पीते चले जा रहे हैं।

उक्त विवेचन से पाठकों को यह बात विदित हो जायगी कि इस देश की राजसत्ता किन लोगों के हाथ में है—इस देश के राजा कौन हैं। इस देश पर गोरे अफ़सरों की जो अनियंत्रित राजसत्ता चल रही है उसको मर्यादित करने का यत्न करने के लिये कांग्रेस का जन्म हुआ है। अर्थात् कांग्रेस का प्रधान हेतु राजनैतिक विषयों की चर्चा करने और राजनैतिक हक़ प्राप्त करने का है। स्मरण रहे कि राजनैतिक आन्दोलन करने में कांग्रेस ने इस देश की औद्योगिक और आर्थिक दशा पर दुर्लक्ष नहीं किया। उसने इस देश की आर्थिक उन्नति के संबंध में भी अनेक उत्तमोत्तम प्रस्ताव किये हैं। चार पांच वर्ष से कांग्रेस के साथ साथ देशी कारीगरी और कला-कुशलता की एक प्रदर्शनी भी, हर साल, खोली जाती है। गत वर्ष की कांग्रेस के समय, काशी में, एक औद्योगिक परिषद् भी स्थापित हुआ है। सारांश, कांग्रेस ने औद्योगिक विषयों की ओर भी थोड़ा बहुत ध्यान दिया है। तथापि उसका प्रधान हेतु राजनैतिक ही कहा जायगा। उसका यही हेतु अत्यंत उचित है;

क्योंकि जबतक इस देश के अनियंत्रित गोरे अधिकारियों की अमर्यादित राजसत्ता कुछ सङ्कुचित न होगी और जबतक इस देश के निवासियों को, अपने देश के शासन-प्रबंध में, कुछ हक़ प्राप्त न होंगे—जबतक इस देश की राजसत्ता, इस देश की प्रजा ही के हाथ में, न आ जायगी, अर्थात् जबतक इस देश में **स्वराज्य** स्थापित न हो जायगा—तबतक अन्य विषयों में उन्नति या सुधार करने का यत्न सफल न होगा। इस लिये कांग्रेस ने राजनैतिक विषयों ही को प्रधान महत्व दिया है।

अब, इस समय, हमारे नायकों का ध्यान औद्योगिक विषयों की ओर विशेष रीति से लग रहा है। इस देश का प्राचीन व्यापार कैसे नष्ट हो गया, इस बात का वर्णन आगे किया जायगा। उससे यह बात मालूम होगी कि कम्पनी-सरकार के समय अंगरेज़-राज्यकर्ता प्रत्यक्ष रीति से व्यापारी थे। जब से इस देश का शासन-भार पार्लिमेन्ट ने अपने ऊपर ले लिया तब से इस देश की राजसत्ता प्रत्यक्ष व्यापारियों के हाथ में नहीं है; परंतु इसमें सन्देह नहीं कि वह अप्रत्यक्ष रीति से व्यापारियोंही के हाथ में है। इन्हीं सत्ताधारी व्यापारियों के हित-साधन की चेष्टा हमारे गोरे अफ़सर किया करते हैं। इस सिद्धान्त की सत्यता के लिये हम लार्ड कर्ज़न महोदय के वाक्यों को प्रमाण मानते हैं। एक समय आपने आसाम के चाय के अंगरेज़-व्यापारियों से यह कहा था कि "इस देश में जितने अंगरेज़ हैं—चाहे वे खेती और खानों के काम पर हों, चाहे व्यापार और नौकरी करते हों—उनका उद्देश एक ही है। अर्थात् सरकारी कर्मचारियों को चाहिए कि वे इस देश का शासन उत्तम रीति से करें;* और आप लोगों को चाहिए कि अपनी पूंजी भिन्न भिन्न व्यवसायों में लगाकर इस देश की सब सम्पत्ति चूस लें।" हिन्दुस्थान में खानों का व्यवसाय करनेवाले जो अंगरेज़-व्यापारी हैं उनसे भी लार्ड कर्ज़न महोदय ने यही कहा था कि "मेरा काम शासन करने का है और आप लोगों का काम इस देश की सम्पत्ति को चूस लेने का। दोनों कार्य

* इसका यही अर्थ है न, कि सरकारी कर्मचारी अपनी अमर्यादित और अनियंत्रित राजसत्ता का उपभोग चिरकाल लेते रहें!

एकही प्रश्न और एकही कर्तव्य के भिन्न भिन्न रूप हैं* ।" उक्त वाक्यों में एक भी ऐसा शब्द नहीं है जिससे यह बात प्रकट हो, कि इस देश के निवासियों की प्रार्थना पर ध्यान देना, उनको स्वराज्य के कुछ हक़ देना और उनको संतुष्ट रखना भी अंगरेजों का कर्तव्य है। इस देश में अंगरेजों के सिर्फ दो ही कर्तव्य हैं—शासन करना (अर्थात्, हिन्दुस्थानियों को सदा दासत्व में रखना) और सम्पत्ति को चूसना! सारांश, वर्तमान शासन-प्रणाली इस प्रकार की है कि, बाहर से देखनेवाले को अंगरेजी व्यापार और अंगरेजी राजसत्ता भिन्न भिन्न देख पड़ती है; परन्तु यथार्थ में वे दोनों एकत्र और सम्मिलित हैं। अतएव अंगरेज-व्यापारियों की उक्त सत्ता का प्रतिबंध करके, अपने देश की औद्योगिक तथा आर्थिक उन्नति करने के लिये, हमारे नायकों ने 'स्वदेशी' आन्दोलन और 'बायकाट' का उपाय ढूंढ़ निकाला। जिस प्रकार कांग्रेस-द्वारा राजनैतिक आन्दोलन करने से यह आशा की जाती है, कि अंगरेज-अधिकारियों की अनियंत्रित राजसत्ता कुछ घट जायगी; उसी प्रकार 'स्वदेशी' आन्दोलन और 'बायकाट' के द्वारा उद्योग करने से यह आशा की जाती है, कि अंगरेज-व्यापारियों की सत्ता और इस देश की सम्पत्ति को चूसने का उनका यत्न कुछ शिथिल हो जयगा। इससे यह बात सिद्ध होती है, कि चाहे कांग्रेस-द्वारा राजनैतिक आन्दोलन किया जाय, चाहे 'स्वदेशी' द्वारा औद्योगिक आन्दोलन किया जाय, दोनों बातों का अंतिम परिणाम एकही होगा; क्योंकि ये दोनों बातें अंगरेजों के स्वार्थहित के विरुद्ध हैं—इन दोनों से अंगरेजों की अपरिमित स्वार्थ-बुद्धि का कुछ प्रतिबंध अवश्य होगा। सारांश, कांग्रेस और 'स्वदेशी' आन्दोलन के अन्तिम परिणाम में कुछ भी भेद नहीं है। जो लोग इस बात को नहीं मानते वे 'स्वदेशी' के यथार्थ भाव ही को समझने में असमर्थ हैं!

---

*Cf:—"My work lies in administration: yours in exploitation. Both are aspects of the same question and of the same duty."

Lord Curzon's speech
at Burrakur, January 1903.

अंगरेज लोग इस बात को भलीभांति जानते हैं कि 'स्वदेशी' का परिणाम क्या होगा। यदि इस विषय के संबंध में किसीके मन में भ्रम या संशय है, तो वह हमारे ही देशभाइयों के मन में है। हमारे ही कुछ देशभाई, 'स्वदेशी' के यथार्थ भाव को न समझकर, हमको यह उपदेश देते हैं कि 'स्वदेशी' को राजनैतिक विषयों से बिलकुल अलग रखना चाहिए; 'स्वदेशी' का संबंध कांग्रेस से न रहने देना चाहिए; 'स्वदेशी' का उद्देश केवल अपने देश के व्यापार और कारखानों की उन्नति करने का है; 'स्वदेशी' का 'बायकाट' से कुछ भी संबंध न रहने देना चाहिए। अब हमारा यह प्रश्न है कि, क्या हम लोगों पर राज्य करनेवाले अंगरेज दुध-मुहे बालक हैं, जो 'बायकाट', 'बहिष्कार-योग', 'विदेशी वस्तु का त्याग' 'राजनैतिक' आदि शब्दों के बदले 'स्वदेशी', 'स्वदेशी वस्तु का व्यवहार' 'अपने व्यापार और कारखानों की उन्नति' आदि शब्दों के प्रयोग ही से धोखा खा जायँगे? क्या वे केवल शब्दों के उलट-पलट ही से यह समझ लेंगे कि हमारा प्रयत्न अपने देश के हित के लिये नहीं, किंतु उन्हीं लोगों (अंगरेजों) के हित के लिये है? क्या वे किसी एक प्रकार के शब्दों के उपयोग ही से प्रसन्न हो जायँगे? नहीं; कदापि नहीं। जो लोग इस उपाय से अंगरेजों की आंखों में धूल फेंकना चाहते हैं वे अपनी अज्ञानता और अपनी मूर्खता से स्वयं अपनी आंखों में धूल फेंककर अंध बनने का यत्न करते हैं। ऊपर लिखा गया है कि जो जो प्रयत्न (चाहे वे राजनैतिक हों, चाहे औद्योगिक) हमारे देश की यथार्थ उन्नति के लिये किये जायँगे वे सब, न्यूनाधिक प्रमाण से, अंगरेजों के स्वार्थ-हित के विरुद्ध ही होंगे। आप उन प्रयत्नों का नाम कुछ भी रखिये—आपका दिल चाहे तो उसे कांग्रेस कहिये, या स्वदेशी आन्दोलन कहिये, या बायकाट कहिये। इन सब प्रयत्नों का जो अन्तिम फल होगा—और जिस अन्तिम फल की अभिलाषा प्रत्येक देशभक्त के मन में अवश्य होनी चाहिए—वह एक ही है। वह फल यही है, कि इस देश के गोरे अधिकारियों की राजसत्ता कुछ मर्यादित होकर इस देश के निवासियों को स्वराज्य का सुख प्राप्त होगा, और विलायत के गोरे व्यापारियों की धनलालसा कुछ कम होकर हमारे देश

का व्यापार हमारे बत्तीस करोड़ देशभाइयों के हाथ में आ जायगा। अतएव, अन्तिम परिणाम की ओर देखकर हमें यही कहना पड़ता है कि कांग्रेस और 'स्वदेशी' में कुछ भेद नहीं है; और यह देश-कार्य प्रत्येक देशहितचिंतक का पवित्र कर्तव्य समझा जाना चाहिए।

क्या ये हमारे गुरू हैं ?

प्रस्तुत स्वदेशी आन्दोलन में इस देश के विद्यार्थीगण भी शामिल हैं। बंगाल-प्रांत में तो इस आन्दोलन का मुख्य भार विद्यार्थियों ही के ऊपर था और उन्हींकी सहायता से उस आन्दोलन का जोर वहां बहुत बढ़ा। इस बात को शिक्षा-विभाग के अधिकारियों ने पसंद नहीं किया। किसी स्थान में "स्वदेशी" से संबंध रखनेवाले लड़के स्कूल से अलग कर दिये गये; कहीं कहीं छात्रों को दंड किया गया; कहीं कहीं वे अपनी परीक्षाओं से रोक दिये गये और कहीं कहीं उनको अदालत से सजा भी दिलाई गई। कुछ स्कूल और कालेजों में शिक्षा देनेवाले गुरू, अध्यापक और प्रिन्सिपल लोगों ने अपनी यह राय जाहिर की, कि छात्रों को स्वदेशी आन्दोलन से संबंध न रखना चाहिए। इतनाही नहीं, किंतु कुछ लोगों ने तो यह सम्मति दी कि विद्यार्थियों को किसी राजनैतिक आन्दोलन में शामिल न होने देना चाहिए—उन्हें राजनैतिक विषयों की चर्चा ही न करने देना चाहिए। जिन लोगों ने यह राय जाहिर की है उनमें से कुछ तो गोरे गुरू हैं और कुछ हमारे काले भाई भी हैं। इस लेख में हम अपने काले भाइयों के संबंध में कुछ लिखना नहीं चाहते; क्योंकि उनकी राय हमारे गोरे गुरू महाराज की शिक्षा ही से बनी हुई है। अतएव इन गोरे गुरू महाराज ही के संबंध में कुछ लिखना उचित है। अर्थात् इस विषय का विवेचन करना उचित है कि, क्या ये गोरे लोग यथार्थ में हमारे गुरू हैं ?

प्रथम इस बात का विचार करना चाहिए कि गुरू कहते किसे हैं। ? यदि भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास देखा जाय तो यह बात विदित होगी कि, उस समय जिन लोगों के द्वारा, समाज को, धर्म, नीति, ज्ञान, विनय, शूरता आदि गुणों की शिक्षा प्राप्त होती थी; और जिन लोगों के द्वारा देश का यथार्थ हित होता था; वे अत्यंत शांत, ज्ञानसम्पन्न, जितेन्द्रिय, निस्पृह, सत्यशील और निर्लोभी थे। संसार के रगड़ों-झगड़ों से अलग होकर वे किसी वन में निवास करते थे। वही, उस समय के, सच्चे गुरू थे। इस प्रकार के गुरू के आश्रम में कुछ वर्ष रहकर जो शिष्य, छात्र या विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते थे उन लोगों के मन में, अपने गुरूजी वा आचार्य के संबंध में, स्वाभाविक आदर और पूज्यबुद्धि उत्पन्न होती थी। इस प्रकार के गुरू और आचार्यों के आश्रम, वर्तमान समय के स्कूल, कालेज और यूनिवर्सिटी से बहुत अच्छे थे; क्योंकि उन आश्रमों में शांति, स्वाधीनता, समबुद्धि और निर्लोभता से इस विषय की चर्चा की जाती थी कि धर्म क्या है, अधर्म क्या है; स्वधर्म-पालन से समाज और देश का हित कैसे होता है; नीति किसे कहते हैं, अनीति किसे कहते हैं; राजा का धर्म क्या है, प्रजा का धर्म क्या है; यदि राजा अपनी सत्ता का दुरुपयोग करने लगे तो प्रजा को क्या करना चाहिए; यदि प्रजा दुराचारी और कर्तव्य-पराङ्मुख होने लगे तो राजा को क्या करना चाहिए; इत्यादि। इस प्रकार के आश्रमों में शिक्षा प्राप्त करके जो छात्र समाज में आते थे वे अत्यंत तेजस्वी, स्वाधीन-चित्तवाले और अपने कर्तव्य को पहचानने वाले रहते थे। बड़े बड़े राजा और महाराजा भी, कभी कभी, विकट समय में, अपने गुरू या आचार्य के आश्रम में जाते और उनकी सलाह लेते थे। इसीलिये हमारे धर्मशास्त्र में गुरू को पिता से भी अधिक सन्मान देने की आज्ञा दी गई है। जो गुरू ज्ञानसम्पन्न, निस्पृह, परोपकारी और निर्मल अंतःकरण के हैं उन्हींको यह सन्मान दिया जा सकता है। इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र वस्तु और कोई नहीं। गीता में लिखा है कि "नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।" परंतु जब कोई मनुष्य अपने स्वार्थ के लिये - केवल अपना पेट भरने के लिये—उक्त ज्ञानामृत का

विक्रय करता है तब उस ज्ञान की पवित्रता और शुद्धता बिगड़ जाती है। हिमालय पर्वत के शिखर से उत्पन्न होनेवाले गंगाजल की तुलना काशी की मोरियों में बहनेवाले पानी से की नहीं जा सकती।

देखिये, इस समय, यह देश विदेशियों ही के अधीन है; और इस देश के निवासियों को शिक्षा देने का काम उन्हीं विदेशियों के हाथ में है। विदेशी राजाओं की स्वभावतः यही इच्छा होती है कि जो देश किसी प्रकार अपने हाथ लग गया है वह चिरकाल अपने अधीन बना रहे और उस देश के निवासी सदा अपने दास—गुलाम—बने रहें। इस इच्छा की सफलता के लिये जिस नीति से इस देश का राजकाज किया जाता है उसीके अनुकूल सरकारी शिक्षा-विभाग के द्वारा लोगों को शिक्षा दी जाती है। अर्थात् इस देश के सरकारी स्कूल, कालेज और यूनिवर्सिटी में, सरस्वती-देवी को, विदेशी राजसत्ता की दासी का काम करना पड़ता है। यूरप के स्वतंत्र देशों के कालेजों और विश्वविद्यालयों में जिस तरह राजनैतिक विषयों की चर्चा होती है और राष्ट्रहित की बातों का निर्णय किया जाता है, उस तरह इस देश के कालेजों और विश्वविद्यालयों में होना असंभव है। हमारे स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय सर्वथा विदेशी सरकार के अधीन हैं; और प्रजा को जिस दशा में रखने का सरकार का निश्चय होगा उसीके अनुसार उक्त स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालयों में शिक्षा दी जाने का प्रबंध किया जाता है। इसका परिणाम यह हुआ है कि इस देश के स्कूल, कालेज और विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को स्वदेशहित और स्वदेश-भक्ति के यथार्थ तत्वों की शिक्षा देने के काम में सर्वथा अपात्र होगये हैं। इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी अमेरिका, जापान आदि स्वाधीन देशों में जो कालेज और विश्वविद्यालय हैं, उनकी ओर देखने से यही बोध होता है कि इस देश के कालेज और विश्वविद्यालय, इस देश की यथार्थ उन्नति के, पूर्ण विरोधी हैं। जब उक्त स्वतंत्र देशों में किसी सार्वजनिक विषय पर चर्चा होती है—जब कोई जातीय या राष्ट्रीय आन्दोलन होता है—तब वहां के विश्वविद्यालयों और कालेजों के गुरू और अध्यापक भी प्रचलित विषयों पर अपनी सम्मति प्रकट करते हैं; और जो पक्ष उन्हें न्याय्य, उचित और

देशहित-साधक देख पड़ता है उसके अनुयायी बनने तथा उसके अनुसार बर्ताव करने के लिये, वे अपने छात्रगणों को भी उत्तेजित करते हैं। जिन लोगों ने रशिया के वर्तमान आन्दोलन का इतिहास ध्यान देकर पढ़ा होगा, उन्हें यह बात विदित होगी कि उस आन्दोलन में कितने गुरू, कितने अध्यापक और कितने विद्यार्थी शामिल थे। जापान का इतिहास भी इसी बात की गवाही देता है, कि उस देश के राजनैतिक तथा प्रत्येक देश-हितैषी आन्दोलन में कालेजों के गुरू और अध्यापकों तथा विद्यार्थियों का प्रधान भाग रहता है। सच्चे गुरू और अध्यापकों का यही कर्तव्य है, कि वे अपने तरुण विद्यार्थियों को राष्ट्रहित के यथार्थ तत्त्व भली-भांति समझा दें; और युवावस्था से ही उनके मन में देशहित तथा देशभक्ति का बीजारोपण करके उनका शील—स्वभाव—इस प्रकार का बनावें कि वे यावज्जीवन अपने कर्तव्य से कभी पराङ्मुख न हों। जो गुरू या अध्यापक विदेशी राजा के नौकर हैं—जो गुरू या अध्यापक विदेशी राजा की नीति और शिमला-परिषद् के नियमों के अनुसार अपने छात्रों को 'प्रज्ञाहत' करके निरंतर दासत्व में रखने का प्रयत्न करते हैं—जो गुरू या अध्यापक अपने उदरपोषण के लोभ से विदेशी राजा के शिक्षा-विभाग के अधीन हैं—जो गुरू या अध्यापक अपने छात्रों को केवल सरकारी नौकर बनने के योग्य शिक्षा देते हैं—जो गुरू या अध्यापक अपने छात्रों को स्वदेशा-भिमानी और स्वदेशभक्त होने से रोकते हैं—वे सच्चे गुरू नहीं हैं।

उक्त विवेचन से यह बात ध्यान में आ जायगी कि स्वाधीन देशों के कालेज और यूनिवर्सिटी के गुरू और अध्यापकों तथा छात्रों में, और हमारे देश के कालेज और यूनिवर्सिटी के गुरू और अध्यापकों तथा छात्रों में, क्या भेद है। सच बात यह है, कि राष्ट्रीय या जातीय शिक्षा के काम में हमारे ये गुरू अत्यंत निरुपयोगी हैं; इतनाही नहीं, वे हमारी जातीय शिक्षा के विरोधी हैं। हां, इसमें संदेह नहीं कि वे अंगरेजी साहित्य और विज्ञान के बड़े पंडित हैं। शेक्सपीयर के नाटक, टेनीसन और वर्ड्सवर्थ की कविता, बेकन और हक्सले के निबंध आदि पढ़ाने के लिये ये गुरू योग्य हैं; परंतु वे इस देश की स्वाधीनता और यथार्थ उन्नति के तत्वों की शिक्षा देने के

काम में सच्चे गुरू नहीं हैं। इस प्रकार की शिक्षा, हमारे छात्रों को, बाबू सुरेन्द्र-नाथ बनर्जी* के समान, देश-भक्तों ही के द्वारा, प्राप्त होगी। इन देशभक्तों के सिवा अन्य किसी का यह अधिकार नहीं है कि वह हमारे छात्रों को देशभक्ति, देशहित, देशी आन्दोलन और देशोन्नति के यथार्थ सिद्धान्तों की शिक्षा दे। इन्हीं देशभक्तों का इस बात का हक़ है कि वे हमारे छात्रों को इस प्रकार की शिक्षा दें जिससे हमारा देश दुनिया के सभ्य देशों की बराबरी करने का दावा कर सके और जिससे वे स्वयं अपने देश को दुनिया के सभ्य देशों के समकक्ष करने का प्रयत्न कर सकें। यह शिक्षा उन गुरू और अध्यापकों के द्वारा कदापि प्राप्त हो नहीं सकती जो विदेशी राजा के नौकर हैं और जो अपने ज्ञान की बिक्री, केवल अपना पेट भरने ही के लिये, करते हैं। इसीलिये हम कहते हैं, कि ये हमारे यथार्थ गुरू नहीं हैं। यदि ये हमारे सच्चे गुरू होते, तो जिस प्रकार इंग्लैंड में मिस्टर चेम्बरलेन के आन्दोलन में आक्सफोर्ड और केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी शामिल हुए, उसी प्रकार वे हमारे स्वदेशी आन्दोलन में हमारे विद्यार्थियों को भी शामिल होने देते; अथवा, जिस प्रकार अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, रशिया और जापान के विश्वविद्यालयों के गुरू अपने अपने देश के हित के विषयों पर व्याख्यान देते हैं उसी प्रकार वे भी इस देश में, गांव गांव में, स्वदेशी आन्दोलन पर व्याख्यान देते।

यदि विदेशी राजसत्ता के कारण सरकारी स्कूल और कालेजों की उपर्युक्त पराधीन दशा हो गई है, तो वह एक तरह से स्वाभाविक ही मानी जायगी; परंतु यह बात हमारी समझ में नहीं आती कि जो प्राइवेट स्कूल और कालेज, उच्च प्रकार की शिक्षा देने ही के लिये, स्वार्थ-त्याग और स्वावलम्बन के तत्वों पर खोले गये थे, वे भी सरकार की गुलामी क़बूल करके स्वदेशी आन्दोलन से क्यों पराङ्मुख हो रहे हैं ? इन प्राइवेट स्कूलों और कालेजों के जो अध्यापक और प्रिंसिपाल अपने छात्रों को स्वदेशी

*और दादाभाई नौरोजी, पंडित बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय आदि।

आन्दोलन में शामिल होने की मनाई करते हैं उनको क्या कहना चाहिए? क्या वे हमारे गुरू हैं? क्या उनको प्राचीन समय के गुरू के तुल्य सन्मान दिया जा सकता है? कदापि नहीं। जो गुरू अपने शिष्यों या छात्रों को देशहित की शिक्षा नहीं देता और जो गुरू अपने छात्रों को देशहित के कार्यों से पराङ्मुख करता है, वह गुरू-पद का अधिकारी हो नहीं सकता---चाहे वह देशी हो वा विदेशी। जो गुरू, अध्यापक या प्रिंसिपाल अपने प्राइवेट स्कूल, या कालेज के छात्रों को स्वदेशी आन्दोलन में शामिल होने नहीं देते वे, हमारे गुरू नहीं, शत्रु हैं। यदि इन प्राइवेट स्कूलों और कालेजों में, सरकारी स्कूल और कालेजों से, कुछ भी अधिक स्वाधीनता, स्वदेशभक्ति या स्वदेशाभिमान देख नहीं पड़ता, तो वे 'प्राइवेट' किस तरह कहे जा सकते हैं? वे भी, पूरे 'सरकारी' नहीं, तो 'नीम सरकारी' अवश्य हैं। इस प्रकार के 'प्राइवेट'—नीम सरकारी—कालेजों की, जो सर्व-साधारण लोगों के चन्दे से खोले जाते हैं, क्या आवश्यकता है? क्या सरकारी स्कूल और कालेजों की कुछ कमी है? जो 'प्राइवेट' स्कूल और कालेज केवल सरकारी स्कूल और कालेजों की नक़ल करने ही में पुरुषार्थ मानते हैं—अपने उद्देश की सफलता समझते हैं—उनको सर्वसाधारण लोगों के द्रव्य की सहायता क्यों दी जाय? जिस स्वदेशी आन्दोलन की आग सारे हिंदुस्थान में भभक रही है, जिस स्वदेशी आन्दोलन का प्रसार कलकत्ते के एक प्राइवेट कालेज के प्रिंसिपाल स्वयं कर रहे हैं और जिस आन्दोलन में अपने छात्रों को शामिल करना वे अनुचित नहीं समझते, उस आन्दोलन से जिन प्राइवेट स्कूलों और कालेजों के प्रोफेसर और प्रिंसिपाल अपने छात्रों को पराङ्मुख रखने का प्रयत्न करते हैं वे सर्वसाधारण लोगों के द्रव्य से क्यों चलाए जाँय?

कोई कोई कहते हैं कि इससे स्कूल और कालेज की मर्यादा, नियम या 'डिसिप्लिन' का भंग होता है। हम यह जानना चाहते हैं कि 'डिसिप्लिन' का अर्थ क्या है? यदि कोई विद्यार्थी नित्य स्नान, संध्या और पूजा करे; अथवा अपने जातिभाइयों के घर भोजन करने जाय; अथवा अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करे; अथवा इसी प्रकार के और कोई

धार्मिक, सामाजिक, व्यावहारिक, नैतिक आदि काम करे, तो क्या यह 'डिसिप्लिन' का भङ्ग कहा जायगा ? नहीं। अब प्रश्न यह है कि, यदि विद्यार्थी अपने देश की उन्नति के किसी कार्य में शामिल हों तो आप उसे 'डिसिप्लिन' के विरुद्ध कैसे कह सकते हैं ? सारांश, जो गुरु स्वयं कुछ देशहित करना नहीं चाहते वही डिसिप्लिन आदि का बहाना करके अपने छात्रों को भी देशहित के कामों से रोका करते हैं। अतएव हमारी यह राय है कि ये लोग हमारे गुरु नहीं हैं।

अब हम इस बात का विचार करते हैं कि, इस देश में, सरकारी स्कूल और कालिजों के रहने पर भी प्राइवेट स्कूल और कालेज क्यों खोले गये। लार्ड रिपन के शासन-समय में शिक्षा-विषयक एक कमीशन जारी हुआ था। उस कमीशन ने यह सम्मति दी थी कि लोगों को प्राइवेट शालाएं खोलने का उत्तेजन दिया जाय। उस समय, भारत-सरकार की यह राय थी, कि इस देश में शिक्षा का जितना प्रसार करने का सरकार का इरादा है उतना प्रसार, प्राइवेट शालाओं की सहायता बिना, हो नहीं सकेगा। अतएव लोगों को शिक्षा का भार स्वयं अपने ऊपर लेना चाहिए। परंतु इस बात की ओर विशेष ध्यान रहे, कि प्राइवेट शालाएं हूबहू सरकारी शालाओं के तर्ज पर न हों—वे केवल सरकारी शालाओं की नक़ल न करें—वे सरकारी शालाओं के प्रतिबिम्ब-स्वरूप न बनें; किंतु सरकारी शालाओं की शिक्षा-प्रणाली में जो कुछ अभाव हो उसकी वे पूर्ति करें—सरकारी शालाओं की शिक्षा-पद्धति के दोषों को वे दूर करें—जो बातें सरकारी शालाओं में सिखाई नहीं जाती उनकी शिक्षा का वे उचित प्रबंध करें। अर्थात् सरकारी शालाओं में जिस स्वाधीनता की शिक्षा दी नहीं जाती उस शिक्षा का विशेष यत्न प्राइवेट शालाओं में किया जाना चाहिए। इसी उच्च हेतु की सफलता के लिये पूना, कलकत्ता, मद्रास, लाहोर, बनारस आदि स्थानों में प्राइवेट कालेज खोले गये। इसी उच्च हेतु की सफलता के लिये, अर्थात् अपने देशभाइयों को स्वतंत्र और उदार शिक्षा देने के लिये, इस देश के अनेक सुशिक्षित युवकों ने स्वार्थत्याग किया और उक्त संस्थाओं की सेवा करने के लिये आत्मार्पण किया। इसी

उस हेतु की सफलता के लिये, इस देश के सर्व साधारण लोगों से लेकर बड़े बड़े श्रीमानों तक, सब लोगों ने, अपनी अपनी शक्ति के अनुसार, द्रव्यद्वारा सहायता दी। स्मरण रहे, कि जिस प्रकार की शिक्षा सरकारी कालेजों में दी जाती है उसी प्रकार की निकम्मी और निरुपयोगी शिक्षा देने के लिये उक्त कालेज स्थापित नहीं किये गये थे। लार्ड रिपन के बाद भारत-सरकार की नीयत धीरे धीरे बदलने लगी। जिन महानुभावों ने हिन्दुस्थानियों को यूरप की उदार शिक्षा देने का प्रयत्न किया था उनका यह कथन था कि "जिस दिन उदार शिक्षा के द्वारा लोगों के मन सुसंस्कृत होंगे और जिस दिन वे अपने यथार्थ हक़ों को भलीभांति जानने लगेंगे, वह दिन इंग्लैंड के इतिहास में सुदिन समझा जायगा"। यह बात लार्ड कर्ज़न को नापसंद थी। उन्होंने अपनी राजसत्ता के बल से एक क़ायदा बना डाला जिससे, इस देश की शिक्षा की सब संस्थाएं सरकार के अधीन हो गईं। जो प्राइवेट स्कूल और कालेज स्वतंत्र और उदार शिक्षा देने के हेतु खोले गये थे वे भी सरकार की नीति के अनुगामी होगये। ये स्कूल और कालेज, पहले ही, ग्रान्टस्-इन-एड (सरकारी सहायता) के नियमों से बँध गये थे। उनकी बची बचाई स्वाधीनता, लार्ड कर्ज़न की कृपा से, सब नष्ट होगई। अब यथार्थ में ये प्राइवेट स्कूल और कालेज सरकारी या नीम-सरकारी हैं। क्या इस प्रकार के प्राइवेट कालेजों की शिक्षा से हमारे छात्रों को कभी स्वप्न में भी स्वदेशहित, स्वदेशाभिमान और स्वदेश-भक्ति देख पड़ेगी?

जिस देश में, न्याय करनेवाले न्यायाधीश और शिक्षा देनेवाले गुरू राजसत्ताधिकारियों के अधीन रहते हैं, उस देश में न तो यथार्थ न्याय हो सकता है और न सत्य-विद्या प्राप्त हो सकती है। न्याय-देवता की स्वाधीनता और गंभीरता, तथा सरस्वती-देवी की रमणीयता और महिमा तभीतक पवित्र रह सकती है जबतक वह राजसत्ताधि-कारियों के दास या दासी न हों। यह बात तो मनुष्य स्वभावही के विरुद्ध है कि विजयी लोग, पराजित लोगों को, राष्ट्रधर्म के स्वतंत्र तत्वों की शिक्षा दें। इन सब बातों को खूब सोच समझकर हमने यही निश्चय

किया है कि न तो सरकारी कालेजों के और न उपर्युक्त प्राइवेट कालेजों के अध्यापक हमारे यथार्थ गुरू हैं।

जापान के इतिहास से यह बात विदित होती है, कि जापानी-विद्यार्थियों ने यूरप की विद्या, विदेशियों के द्वारा, प्राप्त की; परंतु स्वदेशाभिमान, स्वदेशभक्ति, स्वदेशप्रीति और स्वदेशोन्नति के तत्वों की शिक्षा उन लोगों ने, फुकुजावा, टोगो, ईटो आदि अनेक जापानी-वीरों (अर्थात् अपने देशभाइयों) ही से प्राप्त की। क्या इस उदाहरण से हम लोगों को कुछ शिक्षा लेनी न चाहिए ?

हिरण्यकश्यप और उसके पुत्र प्रह्लाद की पौराणिक कथा प्रसिद्ध है। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद की शिक्षा के लिये, अपने मत के अनुसार, अनेक गुरू नियत किये थे। परंतु प्रह्लाद के मन में जिस श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति और प्रीति थी, उस विषय की शिक्षा उक्त गुरू में से किसी एक ने भी उसे न दी। उस समय उसने जो कुछ कहा है उसका वर्णन, वामन पंडित नाम के कवि ने, मराठी में, इस प्रकार किया है:—

हे तों गुरू पापतरू ह्मणावे।
अंधाहुनी अंध असे गणावे॥
दे प्रीति कृष्णीं गुरु तोच साच।
श्रुत्यर्थ इत्यर्थ असे असाच॥

इसका भावार्थ यह है:—ये गुरू 'पापतरू' (पाप-वृक्ष) हैं। इनको अंधों से भी अधिक अंधे समझना चाहिए। जो गुरू श्रीकृष्ण के संबंध में प्रीति की शिक्षा दे वही सच्चा गुरू है—यही श्रुति का अर्थ है। जिस प्रकार प्रह्लाद के उक्त गुरू, कृष्ण-भक्ति विषयक शिक्षा देने के काम में, निरुपयोगी थे; उसी प्रकार हमारे वर्तमान समय के गुरू, अपने छात्रों को स्वदेशभक्ति की शिक्षा देने के काम में, निरुपयोगी हैं। और जिस प्रकार कृष्णभक्ति की इच्छा रखनेवाले प्रह्लाद ने अपने पिता के नियत किये हुए गुरू की कुछ परवा न की, उसी प्रकार हमारे देशाभिमानी छात्रों को भी अपने उन अध्यापकों की कुछ परवा न करनी चाहिए जो सरकारी गुलाम बन बैठे हैं। यदि ऐसा न किया जायगा तो परिणाम

यह होगा, कि हिन्दुस्थानियों को दासत्व ही में अपना सब जीवन व्यतीत करना पड़ेगा। मनू ने स्त्रियों के संबंध में लिखा है—"पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने। पुत्रास्तु स्थाविरे भावे न स्त्री स्वातंत्र्यमर्हति"॥ अर्थात् छुटपन में पिता के अधीन, युवावस्था में पति के अधीन और वृद्धावस्था में पुत्र के अधीन रहकर स्त्रियों को अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए; उन्हें स्वाधीनता से रहना उचित नहीं। बोध होता है कि, ठीक इसी प्रकार का नियम, सरकारी शिक्षा-प्रणाली के अनुसार, हम लोगों के लिये भी बनाया गया है। इस राजनीति का, नीचे लिखा हुआ, श्लोक ध्यान में रखने योग्य है:—

बाल्ये राजगुरुर्यंता यौवने भृतिदो नृपः।
ततः पेन्शनदाता च न हिंदुः प्रभुरात्मनः॥

अर्थात्, हिंदुस्थानियों को, बाल्यावस्था में, विद्यार्थी होने के कारण, गुरू के अधीन रहना चाहिए; युवावस्था में, सरकारी नौकर होने के कारण, राजसत्ताधिकारियों के अधीन रहना चाहिए; और वृद्धावस्था में, पेन्शन पाने के कारण, सरकार की निगरानी में रहना चाहिए—कोई हिन्दुस्थानी अपनी आत्मा का प्रभु हो नहीं सकता—वह अपने मन का मालिक, खुद-मुख्तार या स्वतंत्र हो नहीं सकता। उसको अपना सारा जीवन दासत्व ही में व्यतीत करना चाहिए। खेद है, अत्यंत शोक है, कि यह बात हमारे देशभाइयों के ध्यान में नहीं आती! जो गुरू उक्त नीति के अनुसार हमारे छात्रों को शिक्षा देते हैं वे यथार्थ में हमारे गुरू नहीं हैं। उनकी सहायता की अपेक्षा न करते हुए हम लोगों को अपना कर्तव्य करना चाहिए।

क्या हम लोग अपने बालकों को सरकारी या प्राइवेट शालाओं में इस लिये भेजते हैं, कि उनके हृदय में स्वदेशभक्ति का बीज ही न बोया जाय? जो गुरू पराधीन होकर, स्वार्थ, लोभ, मोह या बुद्धिभ्रंश से हमारे बालकों को राष्ट्रहित और देशभक्ति की शिक्षा नहीं देता उसको हम गुरू नहीं समझते। यदि कोई छात्र ऐसे गुरू की आज्ञा पालन न करे तो वह आज्ञाभंग का दोषी हो नहीं सकता।

आक्षेप-निवारण।

स्वदेशी आन्दोलन ने अबतक कई रंग बदले। इस लिये उसके साथ और भी कई विषय शामिल हो गये। उनमें से प्रधान प्रधान विषयों का संक्षिप्त विवेचन गत परिच्छेदों में किया गया है। इस आन्दोलन की उपयुक्तता और महत्व भिन्न भिन्न लोग भिन्न भिन्न रीति से स्थापित कर रहे हैं। अब ऐसे विरले ही होंगे जो 'स्वदेशी' या 'बायकाट' का विरोध करें। सब लोगों का यही निश्चय देख पड़ता है कि स्वदेशी वस्तु का स्वीकार और विदेशी वस्तु का त्याग करना चाहिए। राजकोट के एक बारिस्टर, मिस्टर पंडित, की यह राय है कि 'स्वदेशी' से दुर्भिक्ष का निवारण हो सकेगा; क्योंकि जब इस आन्दोलन से देशी व्यापार की तरक्की होगी तब खेती पर निर्वाह करनेवाले गरीब किसानों की संख्या कम हो जायगी और गांव गांव में उद्योग की वृद्धि होने लगेगी। इस आन्दोलन से नैतिक लाभ भी होगा; क्योंकि यह एक स्वावलम्बन का मार्ग है। सारांश, राजनैतिक, औद्योगिक, सामाजिक, नैतिक आदि अनेक प्रकार से यह आन्दोलन लाभदायक है। इतना होने पर भी कुछ लखी के लाल इस उपयोगी आन्दोलन के विरुद्ध अपनी टें टें रटा ही करते हैं। इन लोगों के आक्षेपों का उत्तर, इस लेख में, कई स्थानों में, दिया गया है। अब उनके एक प्रधान आक्षेप का खण्डन किया जाता है।

बहुतेरे लोगों का यह कथन है कि, इस आन्दोलन के कारण देशी वस्तु बहुत महँगी हो गई है; और महँगी वस्तु खरीदने से हम लोगों की हानि होती है। इस आक्षेप का एक भाग सच है—वह यह है कि स्वदेशी आन्दोलन के कारण, इस समय, देशी-वस्तु का भाव कुछ बढ़ गया है; परन्तु उस आक्षेप का दूसरा भाग—अर्थात् स्वदेशी महँगी वस्तु खरीदने से हम लोगों की हानि होती है--निरा भ्रामक और असत्य है। आप यूरप के किसी देश का साम्पत्तिक इतिहास देखिये, आपको यही विदित होगा कि प्रत्येक देश में, अपनी अपनी साम्पत्तिक उन्नति करने और अपने अपने

व्यापार को उत्तेजित करने के हेतु, विदेशी-वस्तुओं पर कर लगाया जाता है। यह काम प्रत्येक देश की सरकार (गवर्नमेन्ट) का है। परंतु यह देश अंगरेज-सरकार के अधीन है; इस लिये वह हम लोगों के व्यापार की रक्षा और उन्नति के लिये विदेशी-वस्तुओं पर कर लगाना नहीं चाहती। ऐसी अवस्था में, जो कार्य सरकारी कर लगाने से सिद्ध होता वही, सर्व साधारण लोगों के स्वदेशी वस्तु-व्यवहार की प्रतिज्ञा से, सिद्ध हो रहा है। जब लोग अपने देश के व्यापार की रक्षा और उन्नति के लिये स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा कर लेते हैं, तब यही समझना चाहिए कि वे लोग, विदेशी वस्तुओं पर सरकारी कर लगाने से जो फल होता उसका स्वीकार करने के लिये, खुशी से तैयार हैं। जब विदेशी वस्तुओं पर सरकार की ओर से कर लगाया जाता है, तब वे महँगी हो जाती हैं और उनके खरीदारों को एक प्रकार का टैक्स (कर) देना पड़ता है; और जब लोग अपनी खुशी से स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा करते हैं, तब भी देशी वस्तु महँगी हो जाती है और उसके खरीदारों को एक प्रकार का टैक्स (कर) देना ही पड़ता है। इससे देश की हानि किस तरह होती है यह बात हमारी समझ में नहीं आती। यह तो अर्थशास्त्र का सिद्धान्त ही है कि जब किसी देश के व्यापार की रक्षा और उन्नति करना हो, तब विदेशी वस्तु पर—अर्थात् उसके खरीदारों पर—उस देश के लोगों पर—कर लगाना पड़ता है। यदि हमारे स्वदेशी आन्दोलन से स्वदेशी-वस्तु महँगी हो गई है, तो उसका अर्थ यही समझना चाहिए कि हम लोगों को, अपने देश के व्यापार की रक्षा और उन्नति के लिये, अपनी खुशी से, कर देना पड़ता है। इससे देश की कुछ हानि हो नहीं सकती। ऐसा मान लीजिये कि जो विदेशी वस्तु १) रु० को मिलती है, वही स्वदेशी वस्तु हम लोगों को, अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार, १।) रु० में लेनी पड़ती है—अर्थात् हम लोगों को चार आने अधिक देने पड़ते हैं। इस हिसाब से यदि पांच करोड़ का स्वदेशी माल खरीदा जाय तो ग्राहकों को एक करोड़ रुपये अधिक देने पड़ेंगे। इसी लिये कोई कोई कहते हैं कि स्वदेशी आन्दोलन से लोगों की हानि होती है। परंतु वे लोग इस बात पर ध्यान नहीं देते कि पांच करोड़ का स्वदेशी माल न लेते हुए यदि चार करोड़

का विलायती माल लिया जाय, तो ये चार करोड़ रुपये सब विलायत को चले जायँगे; और यदि चार करोड़ के विलायती माल के बदले पांच करोड़ का स्वदेशी माल लिया जाय तो ये पांच करोड़ रुपये सब इसी देश में बने रहेंगे। इस कथन में कुछ भी सत्य का अंश नहीं है, कि चार करोड़ का विलायती माल लेने के बदले पांच करोड़ का स्वदेशी माल लेने से इस देश के एक करोड़ की हानि होती है। हां, इसमें संदेह नहीं कि ग्राहकों को, स्वदेशी वस्तु खरीदने से, एक करोड़ रुपये अधिक देने पड़ते हैं। स्मरण रहे कि ये एक करोड़ रुपये किसी अन्य देश में चले नहीं जाते—वे सब इसी देश में रह जाते हैं; और, अर्थशास्त्र के सिद्धान्त के अनुसार, वही द्रव्य, नये नये कारखाने खोलने के समय, पूंजी का काम देता है। स्वदेशी आन्दोलन से—स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा से—और विदेशी वस्तु पर कर लगाने से, देशी व्यापार को जो उत्तेजन दिया जाता है उसका मार्ग यही है। इस उद्देश की सफलता के लिये अन्य मार्ग ही नहीं। जब विदेशी वस्तु पर कर लगाने से, या स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा से, पदार्थों की क़ीमत बढ़ जाती है, तभी कारखानेवालों को बहुत नफ़ा होता है और वह नफ़ा पूंजी के रूप में, नये नये कारखाने खोलने में, लगाया जाता है। अर्थशास्त्र का यह सिद्धान्त है कि जब किसी वस्तु की मांग अधिक होती है, तब वह महँगी हो जाती है; अर्थात् उसकी क़ीमत बढ़ जाती है। क़ीमत के बढ़ जाने से नफ़ा अधिक होता है और पूंजीवाले, उस पदार्थ के उत्पादन में, अपनी पूंजी लगाने लगते हैं। इससे उस वस्तु की आमद बढ़ जाती है और क़ीमत फिर भी पूर्ववत् हो जाती है। इसीको मांग और आमद का समीकरण कहते हैं। इस प्रकार जब कारखानेवालों का नफ़ा बहुत बढ़ जाता है और देश में नये नये कारख़ाने खोले जाते हैं तब देशी वस्तु बहुतायत से बनने लगती हैं और उनकी क़ीमत घट जाती है। जो लोग यह कहते हैं कि स्वदेशी आन्दोलन से देशी वस्तुओं की क़ीमत बढ़ जाती है और देश का नुकसान होता है, वे लोग अर्थशास्त्र के उक्त सिद्धान्त के सम्बन्ध में अपना अज्ञान प्रकट करते हैं। स्वदेशी आन्दोलन--स्वदेशी वस्तु के व्यवहार की प्रतिज्ञा--और संरक्षित व्यापार-नीति एक ही बात है। सिर्फ

यही दो कृत्रिम उपाय हैं जिनके द्वारा हम अपने देश के व्यापार की उन्नति कर सकते हैं। यह बात सब लोगों को विदित है कि संरक्षित व्यापार-नीति का अवलम्ब करना सरकार के अधीन है; परंतु स्वदेशी आन्दोलन--स्वदेशी वस्तु का व्यवहार--हमारे ही हाथ में है। इस आन्दोलन के कारण यदि इस समय स्वदेशी वस्तुओं की क़ीमत कुछ बढ़ रही है तो यही समझना चाहिए कि अर्थशास्त्र की क्रिया का आरंभ हुआ है और इसका परिणाम भी उसी शास्त्र के अटल सिद्धान्त के अनुसार, हमारे देश के व्यापार के लिये, अत्यंत लाभदायक होगा।

अंगरेज़ों ने हमारा व्यापार कैसे बरबाद किया।

प्राचीन समय में इस देश का व्यापार बहुत अच्छी दशा में था। यूरप के कवियों, लेखकों और प्रवासियों ने इस देश की कारीगरी, कलाकुशलता और वैभव की बहुत प्रशंसा की है। उस समय, इस देश की वस्तु, दुनिया के सब भागों में भेजी जाती थी; और वह, अन्य देशों की वस्तु से, ज्यादा पसन्द की जाती थी। अकेले बंगाल-प्रांत से १५ करोड़ का महीन कपड़ा, हर साल, विदेशों को भेजा जाता था। पटना में ३३०४२६ स्त्रियां, शाहबाद में १५६५०० स्त्रियां, गोरखपुर में १७५६०० स्त्रियां चरखों पर सूत कातकर ३५ लाख रुपये कमाती थीं। इसी प्रकार दीनापुर की स्त्रियां ६ लाख और पुर्निया जिले की स्त्रियां १० लाख रुपये का, सूत कातने का, काम करती थीं। सन् १७५७ ई. में, जब लार्ड क्लाइव मुरशिदाबाद को गया था तब उसके संबंध में उसने यह लिखा था कि "यह शहर लंदन के समान विस्तृत, आबाद और धनी है; इस शहर के लोग लंदन से भी बढ़कर मालदार हैं"*। परंतु जबसे अंगरेज़ इस देश में आये तबसे उन लोगों ने हमारे व्यापार को नष्ट करने का उद्योग आरंभ किया।

* Cf:—"This city is as extensive, populous and rich as the city of London, with this difference ——that there are individuals in the first possessing infinitely greater property than in the last city."

कम्पनी-सरकार की अमलदारी के आरंभ में, अंगरेज़ों ने, इस देश के जुलाहों और व्यापारियों पर जो ज़ुल्म किया था उसका वर्णन अंगरेज़ी ग्रंथों ही में पाया जाता है। उस समय, वे लोग, हमारे जुलाहों को स्वतंत्रता-पूर्वक न तो कपड़ा बुनने देते थे, और न बुना हुआ कपड़ा बेचनेही देते थे। यही हाल और रोजगारियों का भी था। नवाब मीर कासिम ने, सन् १७६२ ई० में, गवर्नर साहब को जो पत्र भेजा था उसमें अंगरेज़-व्यापारियों के संबंध में लिखा है कि "They forcibly take away the goods and commodities of the Reiats, merchants &c. for a fourth part of their value; and by ways of violence and oppressions they oblige the Reiats &c. to give five rupees for goods which are worth but one rupee." इसका भावार्थ यह है—वे लोग रैयत और व्यापारियों का माल ज़बरदस्ती से ले जाते हैं और सिर्फ चौथाई क़ीमत देते हैं। जिस चीज की क़ीमत सिर्फ एक रुपया है उसके लिए वे लोग, जबरदस्ती और ज़ुल्म करके, पांच रुपये ले लेते हैं।

"*Considerations on Indian Affairs*" नाम के ग्रंथ में, विलियम बोल्ट्स साहब लिखते हैं कि "यह बात बहुत सच है कि जिस तरह कम्पनी, इस देश में, व्यापार कर रही है वह ज़ुल्म और उपद्रव का एक लगातार दृश्य है, जिसके हानिकारक परिणाम प्रत्येक जुलाहे और कारीगर पर देख पड़ रहे हैं। अंगरेज़ लोग, इस देश में पैदा होनेवाली प्रत्येक वस्तु का, ठीका (Monopoly) ले लेते हैं और अपनी ही ख़ुशी से उसका भाव मुक़र्रर करते हैं। जब उनका गुमाश्ता किसी गांव में आता है, तब वह अपने चपरासी को भेजकर उस गांव के दलालों और जुलाहों को अपनी कचहरी में बुलवाता है और उनको कुछ रुपये पेशगी देकर एक तमस्सुक पर यह लिखवा लेता है कि इतना माल, इतने दिनों में, इस भाव से दिया जायगा। यह काम जुलाहों की रज़ामन्दी से किया नहीं जाता। कम्पनी के गुमाश्ता लोग, अपनी इच्छा के अनुसार, जुलाहों से मनमानी शर्तें लिखवा लेते हैं। यदि कोई पेशगी लेने से इन्कार करे तो रुपये उसकी कमर में बांध दिये जाते हैं और उसको कोड़े मारकर कचहरी से निकाल

देते हैं। बहुतेरे जुलाहों के नाम कम्पनी के रजिस्टर में दर्ज रहते हैं। उन्हें किसी दूसरे मनुष्य का काम करने की इजाजत दी नहीं जाती। इस व्यवहार में जो उत्पात होता है वह सचमुच कल्पनातीत है और उसका अंतिम फल यही होता है कि बेचारे जुलाहे ठगाए जाते हैं! जिस वस्तु की कीमत, खुले बजार में, १०० रुपये आती उसके लिये उन्हें सिर्फ ५०-६० रुपये दिये जाते हैं। जब जुलाहे इस प्रकार की कड़ी शर्तें पूरी कर नहीं सकते—जब वे तमस्सुक में लिखी हुई शर्तों के मुताबिक माल तैयार नहीं कर सकते—तब उनकी सब जायदाद छीन ली जाती है और उसको बेचकर कम्पनी के रुपये वसूल कर लिये जाते हैं। रेशम लपेटनेवालों के साथ ऐसा अन्याय का बर्ताव किया गया है कि उन लोगों ने अपने अंगूठे तक काट डाले; इस हेतु से कि उन्हें रेशम लपेटने का काम ही न करना पड़े!"

इस तरह अनेक अन्यायी, कठोर और जालिम उपायों से, अंगरेजों ने, इस देश के जुलाहों और अन्य व्यवसाइयों का रोजगार बंद कर दिया।

सन् १७६५ ई० से, इस देश में, ईस्ट इन्डिया कम्पनी की व्यवस्थित राजसत्ता का आरंभ हुआ और तभी से हमारे व्यापार को नष्ट करने के, उपर्युक्त ज़ालिम उपाय बंद होकर, व्यवस्थित और सभ्यता के उपायों की योजना होने लगी। अर्थात् इस देश के व्यापार को बरबाद करने के हेतु इंग्लैन्ड के लोग क़ानून बनाने लगे! कम्पनी के डाइरेक्टरों ने यह हुक्म जारी किया कि, "बंगाल के लोगों को रेशम का कपड़ा बुनने से रोकना चाहिए। वहां के लोग सिर्फ कच्चा रेशम तैयार करें। उस रेशम के कपड़े इंग्लैन्ड के कारखानों में बुने जायँगे। रेशम लपेटनेवालों को कम्पनी ही के कारखानों में काम करना चाहिए। यदि वे बाहर (किसी दूसरी जगह) काम करें तो उनको सख्त सजा दी जाय।" सारांश, अंगरेज लोगों ने इस देश के जुलाहों से यही कहा कि "तुम लोग कपड़ा बुनने का काम छोड़ दो; हम लोगों को सिर्फ कच्चा माल दिया करो। हम लोग, तुम्हारे लिये, कपड़ा बुन देंगे।" इस आज्ञा का पालन बड़ी सख्ती से होने लगा और अंत में इसका परिणाम यह हुआ कि भारतवर्ष में सिर्फ कच्चा माल तैयार होने लगा और

वह सब इंग्लैन्ड के कारखानों में जाने लगा। इधर भारतवर्ष के कारीगर रसातल को चले गये—भारतवर्ष का व्यापार मिट्टी में मिल गया—और उधर इंग्लैन्ड के कारखानों के मालिक मालामाल हो गये—अंगरेजों का व्यापार खूब बढ़ने लगा।

इंग्लैन्ड में, कम्पनी के कारबार की, कई बार तहक़ीकात हुई। पहली तहक़ीकात सन् १७६३ ई० में हुई; परंतु हिंदुस्थान की आर्थिक दशा को सुधारने का कुछ भी यत्न नहीं किया गया। दूसरी तहक़ीकात सन् १८१३ ई० में हुई। उस समय एक कमीशन नियत किया गया था और हेस्टिंग्स, मनरो, मालकम आदि बड़े बड़े अफ़सरों की सलाह ली गई थी। सलाह इस बात की न थी, कि भारतवर्ष की आर्थिक दशा की उन्नति किस प्रकार की जाय; परंतु सलाह सिर्फ़ इस बात की थी, कि भारतवर्ष के व्यापार को नष्ट करके इंग्लैन्ड के कारखानों की तरक्क़ी किस उपाय से की जाय। धन्य है भारत की महिमा! अंगरेजों के हज़ार यत्न करने पर भी, उस समय, भारतवर्ष के सूती और रेशमी कपड़ों पर इंग्लैन्ड में ५०-६० रुपये सैकड़ा नफ़ा मिलता था। अर्थात् जब इंग्लैन्ड के बने हुए सूती और रेशमी कपड़े, इंग्लैन्ड में १०० रुपये को मिलते थे, तब हिन्दुस्थान के बने हुए वही कपड़े इंग्लैन्ड में ५० या ६० रुपये को मिलते थे। इसी लिये हमारे देश का बना हुआ कपड़ा, उस समय, विलायत को बहुतायत से भेजा जाता था। विलायत के जुलाहों के बनाये हुए कपड़ों को वहां कोई भी पसन्द न करता था। हमारी यह कारीगरी, हमारी यह कुशलता, हमारी यह व्यापार-शक्ति अंगरेजों को अच्छी न लगी। अतएव अपने देश के व्यापार की रक्षा और उन्नति के हेतु उन लोगों ने 'स्वदेशी वस्तु व्यवहार की व्यवस्था' की और हिन्दुस्थान के कपड़ों को 'बहिष्कृत' कर दिया। इंग्लैन्ड की पार्लिमेन्ट-सभा में क़ानून बनाया गया, कि जो व्यापारी हिन्दुस्थानी कपड़ा बेचेगा उसको २००) रु० और जो मनुष्य हिन्दुस्थानी कपड़ा पहनेगा उसको ५०) रुपये दण्ड किया जायगा। सन् १८१५ ई० में दूसरा क़ानून जारी किया गया कि इंग्लैन्ड में कालिकत से आनेवाले १०० पौंड* के कपड़े पर

* १ पौंड=१५ रुपये; १ शिलिंग=१२ आने; १ पेन्स=१ आना.

६८ पौंड ६ शिलिंग ८ पेन्स कर लगाया जाय, ढाका की १०० पौंड की मलमल पर २७ पौंड ६ शि० ८ पे० कर लगाया जाय और हिन्दुस्थान के रंगीन कपड़े की आमद बिलकुल बंद कर दी जाय। जब अंगरेज़ों ने यह देखा कि इतना कड़ा कर लगाने पर भी हिन्दुस्थान की चीज़ें इंग्लैन्ड में बिक्री के लिये आती ही हैं, तब उन लोगों ने सैकड़ा २० पौंड कर और बढ़ा दिया। अब १०० पौंड क़ीमत की छींट पर ७६ पौं० ६ शि० ८ पे० और मलमल पर ४७ पौं० ६ शि० ८ पे० कर हो गया! इस प्रकार, सभ्यता के उपायों से, सभ्यता की घमंड करनेवाले अंगरेज़ों ने, इस देश के व्यापार को मिट्टी में मिला दिया!! यह भारतवासियों का दुर्भाग्य है!!!

अंगरेज़ों ने सभ्यता के जिन उपायों से हमारे व्यापार का नाश किया उनके सम्बन्ध में अंगरेज़ इतिहासकार (मिल और विलसन) लिखते हैं कि "हिन्दुस्थान जिस देश के अधीन हुआ है उसके (अर्थात् इंग्लैन्ड के) अन्याय का यह एक विषाद-जनक (खेद-कारक) उदाहरण है। सन् १८१३ ई. की तहक़ीकात से यह मालूम हुआ कि हिन्दुस्थान के सूती और रेशमी कपड़े, विलायत में बने हुए कपड़ों से, ५०-६० सैकड़ा कम दाम पर बिकते थे। तब अंगरेज़ों को, हिन्दुस्थानी कपड़ों पर ७०-८० सैकड़ा कर लगाकर, और हिन्दुस्थानी कपड़ों का व्यवहार बंद करके, अपने व्यापार की रक्षा करनी पड़ी। यदि ऐसा न किया जाता – यदि इस प्रकार निषेधक-कर लगाकर हिन्दुस्थान के व्यापार में बाधा डाली न जाती—तो पेज़ली और मंचेस्टर की मिलें शुरुआत ही में बंद हो जातीं; और फिर वे भाफ़ के बल से भी चलाई जा न सकतीं। यथार्थ में वे (पेज़ली और मंचेस्टर की मिलें) हिंदुस्थान के व्यापार को बरबाद करके चलाई गई हैं। यदि हिन्दुस्थानी स्वतंत्र होते तो वे इस अन्याय का बदला अवश्य लेते—वे भी अंगरेज़ों के माल पर निषेधक-कर लगाते और अपने उत्पादक तथा लाभदायक व्यापार की रक्षा करते। परंतु उन लोगों को, आत्म-रक्षा के उक्त स्वाधीन उपाय की योजना करने की परवानगी न थी। वे सर्वथा विदेशियों की कृपा के अधीन थे! उन लोगों पर विलायती चीज़ें ज़बरदस्ती से लाद दी जाती थीं और उन चीज़ों पर कुछ कर भी लगाया नहीं जाता था।

जब विदेशी व्यापारी (अंगरेज) अपने प्रतिस्पर्धियों (हिन्दुस्थानियों) का मुक़ाबला उचित मार्ग से कर न सके, तब वे उनका गला घोटने (उनके व्यापार को बरबाद करने) के लिये राजनैतिक अनीति के शस्त्र का उपयोग करने लगे।"

अंगरेज लोगों ने, जानबूझकर, केवल स्वार्थ-बुद्धि से—केवल अपना पेट भरने के लिए—इस देश का व्यापार बरबाद कर दिया और इस देश के लोगों को कृषि पर निर्वाह करने और केवल कच्चा माल तैयार करने को मजबूर किया। सन् १८३३ ई. में कंपनी के कारबार की फिर जांच हुई; और सन् १८४० ई. में, हिन्दुस्थान के व्यापार के संबंध में तहक़ीक़ात करने के लिये, इंग्लैन्ड में एक कमेटी मुकर्रर हुई। उस कमेटी में बहुत से अंगरेज अफ़सरों ने गवाही दी थी। उससे भी यही बात पाई जाती है कि अंगरेजों ने, इस देश का व्यापार, केवल अपने हित के लिये, नष्ट कर डाला। यह बात नीचे लिखे हुए कुछ गवाहों के बयान से स्पष्ट विदित हो जायगी।

ट्रेवीलियन साहब कहते हैं:—"हम लोगों ने हिन्दुस्थानियों का व्यापार चौपट कर दिया। अब उन लोगों को, भूमि की उपज के सिवा अन्य कोई आधार नहीं है।"

शोर साहब कहते हैं:—"बहुधा ऐसा कहा जाता है, कि इंग्लैन्ड के व्यापार के लिये हिन्दुस्थान के व्यापार का लोप करना, अंगरेजों की प्रवीणता का, एक दीप्तिमान् उदाहरण है। मेरी समझ में, यह इस बात का दृढ़ प्रमाण है कि अंगरेजों ने हिंदुस्थान में किस तरह जुल्म और उपद्रव किया; और उन लोगों ने अपने देश की भलाई के लिये हिन्दुस्थान को किस तरह निर्धन—दरिद्र—सत्वहीन—कर डाला।"

लारपेन्ट साहब कहते हैं:—"हम लोगों ने हिन्दुस्थान की कारीगरी का नाश किया है।"

मान्टगोमरी मार्टिन साहब कहते हैं:—"हम लोगों ने अपना माल जबरदस्ती से हिंदुस्थानियों से लिवाया है। हमारे ऊनी कपड़ों पर कुछ भी कर नहीं है और सूती कपड़ों पर सिर्फ २½ सैकड़ा कर है। परंतु हिन्दु-

स्थान के माल पर हम लोगों ने ऐसा कड़ा कर लगाया है कि उसके व्यापार ही को रोक दिया। १०० के माल पर १० से लेकर २०, ३०, ५०, १००, ५०० और १००० तक भी कर लगाया गया है ! मैं इस बात का वर्णन नहीं कर सकता कि सूरत, ढाका, मुरशिदाबाद आदि शहरों का व्यापार किस तरह नष्ट किया गया। अंगरेजों के इस व्यवहार को मैं उचित और न्याय्य नहीं समझता। मेरी यह समझ है कि एक बलवान् देश ने दूसरे निर्बल देश पर अपनी शक्ति का प्रयोग किया है।"

"मैं इस बात को नहीं मानता कि, हिन्दुस्थान कृषिप्रधान देश है। उस देश की कारीगरी प्राचीन समय से प्रसिद्ध है। कोई देश, जहां केवल उचित मार्गोंही का अवलम्ब किया जाता था, उसकी बराबरी नहीं कर सकता था। अब उसको कृषिप्रधान देश बनाने का यत्न करना अन्याय की बात है। मैं इस बात को नहीं मानता, कि इंग्लैन्ड को कच्चा माल देने के लिये हिन्दुस्थान एक कृषिक्षेत्र हो जायगा।"

यह लिखते हमें खेद होता है कि हिन्दुस्थान, इस समय, इंग्लैन्ड को हर किसम का कच्चा माल देने के लिये सचमुच कृषिक्षेत्र ही बन गया है !

इस प्रकार, सन् १८५८ ई. तक, इस देश की सब कारीगरी, सब कुशलता और सब व्यापार अंगरेजों ने डुबा दिया। सन् १८५८ ई० में कम्पनी के शासन का अन्त हुआ और इस देश की राजसत्ता इंग्लैन्ड की पार्लिमेन्ट तथा राजा के हाथ में आई। उस समय आशा की गई थी कि न्यायी बृटिश-राजनीति से इस देश का कुछ कल्याण होगा। परंतु वह आशा पूरी न हुई। अंगरेज-व्यापारियों ने अपनी स्वार्थ-बुद्धि का त्याग नहीं किया। वे लोग अपने व्यापार की उन्नति के लिये अनेक अनुचित और अन्यायी उपायों की योजना कराने की चेष्टा करतेही रहे। विलायती कपड़े पर हिन्दुस्थान में जो थोड़ा सा कर लिया जाता था वह भी सन् १८९२ ई. में उठा दिया गया, और हिन्दुस्थान से जो कपास विलायत को भेजा जाता था उसका कर माफ़ हो गया। इतनाही नहीं; सन् १८९६ ई. में हिन्दुस्थान की मिलों में बने हुए सब कपड़ों पर ३½ सैकड़ा कर लगा

दिया गया! इस देश के नूतन और बाल्यावस्था के कारखानों की उन्नति करने के बदले, उनकी वृद्धि को रोकने का यह यत्न, दुनिया के किसी सभ्य देश में देख न पड़ेगा!! धन्य है बृटिश व्यापार-नीति !!!

"स्वदेशी" स्वयं-सेवक।

स्वदेशी के यथार्थ और विस्तृत भाव का उल्लेख, इस लेख में, कई बार किया गया है। जिन जिन बातों से स्वदेश की उन्नति होती है वे सब 'स्वदेशी' ही हैं। यदि इस समय कोई मनुष्य हिंदुस्थान के किसी भाग में जाकर लोगों की बातचीत पर ध्यान दें तो उसे यही देख पड़ेगा कि 'स्वदेशी' का प्रचार खूब जोर से हो रहा है। कहीं सभाएं हो रही हैं; कहीं स्वतंत्र शालाएं और औद्योगिक प्रदर्शनी खोली जा रही हैं; कहीं औद्योगिक और वैज्ञानिक शिक्षा प्राप्त करने के लिये विद्यार्थी विदेशों को भेजे जा रहे हैं; कहीं स्वदेशी दूकानें लगाई जा रही हैं और कहीं नये कारखाने खोले जा रहे हैं। बंगाल-प्रांत के लोग सरकारी अफ़सरों का जुल्म और उपद्रव सहकर स्वावलम्बन और स्वाभिमान की शिक्षा दे रहे हैं। स्वदेशी वस्तु की कीमत बढ़जाने पर भी सब लोग उसीको खुशी से ले रहे हैं। और एक प्रांत का आदमी अन्य प्रांत के आदमी के विषय में अपना प्रेम और आदर व्यक्त कर रहा है। सब से अधिक आश्चर्यकारक बात यह है, कि इंग्लैन्ड के लोग भी, इस समय, हिंदुस्थान के संबंध में विचार कर रहे हैं। ये सब राष्ट्रीय-जागृति के चिन्ह हैं।

इसमें संदेह नहीं कि, इस समय, स्वदेशी का प्रचार खूब हो रहा है; परंतु डर इस बात का है कि, जिस तरह जंगल की आग थोड़े समय में चारों ओर फैलकर शीघ्रही आपही आप बुझ जाती है, उस तरह यह आन्दोलन भी अल्प समय में ठंडा न हो जाय। इस देश का यही हाल है कि जितनी शीघ्रता से कोई आन्दोलन उत्पन्न होता है उतनीही शीघ्रता से वह ठंडा भी

होजाता है । अर्थात् कोई आन्दोलन यहां चिरस्थायी होने नहीं पाता। अतएव प्रस्तुत आन्दोलन को चिरस्थायी करने का कुछ विशेष यत्न किया जाना चाहिए। परंतु प्रश्न यह है कि यह काम करे कौन ? अपने देश की वर्तमान दशा के संबंध में लोगों के विचारों को जागृत कौन करे ? इस कार्य के करनेवालों को, यदि किसी दुरभिमानी, अन्यायी और स्वेच्छाचारी अफ़सर से कुछ तकलीफ हो, तो उसकी परवा न करके 'स्वदेशी' के लिये आत्मार्पण करने को कौन तैयार है ? इसका उत्तर यह है, कि यह काम सब लोगों का है; किसी एक व्यक्ति का नहीं, किन्तु सारे समाज—सारे देश—का है। अतएव प्रत्येक देशहितैषी मनुष्य को 'स्वदेशी' का स्वयं-सेवक (Volunteer वालंटीयर) बनकर, 'स्वदेशी' को चिरस्थायी करने का तन, मन, धन से उद्योग करना चाहिए। जिस तरह बंगाल के स्वयं-सेवक 'स्वदेशी' का प्रचार बंगाल प्रांत में कर रहे हैं, उसी तरह इस देश के सब प्रांतों में कुछ उत्साही लोगों को स्वयं-सेवक बनकर 'स्वदेशी' का प्रचार करना चाहिए। छोटे बड़े, विद्वान अविद्वान, श्रीमान गरीब, व्यापारी विद्यार्थी, गृहस्थ सन्यासी आदि किसी प्रकार का भेदाभेद न समझकर, सब श्रेणी के लोगों में 'स्वदेशी' स्वयं-सेवक उत्पन्न होने चाहिये। 'स्वदेशी' की वृद्धि करनेवाले चाहे व्यापारी हों, चाहे ग्राहक हों, सब लोगों को कुछ स्वयं-सेवक दरकार हैं । इस समय, यदि प्रत्येक गांव में नहीं तो प्रत्येक कसबे में, और प्रत्येक शहर में, कुछ 'स्वदेशी' स्वयं-सेवकों की बहुत जरूरत है । इन 'स्वदेशी' स्वयं-सेवकों का यही काम है, कि वे घर घर में— गली गली में——जाकर लोगों को 'स्वदेशी' का उपदेश दें, लोगों में 'स्वदेशी' के विचारों की सदा जागृति करते रहें, लोगों को स्वार्थत्याग और स्वावलंबन की शिक्षा दें, व्यापारियों को व्यापार-संबंधी नई नई बातों की सूचना दें और विद्यार्थियों को 'स्वदेशी' का व्रत धारण करने के लिये उत्तेजित करें । उनका यह भी काम है कि वे 'स्वदेशी' पर अच्छे अच्छे लेख लिखें या लिखवावें, और उनकी लाखों प्रतियां छपवाकर, बिना-मूल्य या अल्प मूल्य पर, सर्व साधारण लोगों में वितरण करें । इस काम में श्रीमानों को द्रव्य-द्वारा सहायता करनी चाहिए। हमारे देश में भाट, चारण,

और कवि, गवैया, नाटकवाले, तमाशेवाले की कुछ कमी नहीं है। यदि ये लोग अपने अपने व्यवसायों में 'स्वदेशी' को प्रधान स्थान दें तो उनके द्वारा इस आन्दोलन के चिरस्थायी हो जाने की बहुत कुछ आशा की जा सकती है।

हां, यह बात सच है कि 'स्वदेशी' को उक्त प्रकार से चिरस्थायी करने का यत्न बहुत कठिन है। हम जानते हैं कि यह काम प्राचीन समय के समुद्रमंथन के समान अत्यंत विकट है। समुद्रमंथन से अमृत और अनेक बहुमूल्य रत्न उत्पन्न हुए थे; परंतु उन्हींके साथ, प्रथम, हलाहल नाम का विष भी उत्पन्न हुआ था। और जब श्रीशंकर भगवान् ने उस विष को स्वयं अपने कण्ठ में रख लिया, तभी देवताओं को, अंत में, अमृत प्राप्त हुआ। इससे हम लोगों को यही शिक्षा लेनी चाहिए कि, यदि हम अपने स्वदेशी आन्दोलन से लाभ उठाना चाहते हैं—यदि हम राष्ट्रमंथन-द्वारा अपने मृतप्राय देशभाइयों को सजीव करना चाहते हैं—तो हमको उससे उत्पन्न होनेवाली आरंभिक आपदाओं को—प्राथमिक कष्टों को—अवश्य सहना पड़ेगा। जबतक हम लोग (अर्थात् जिन लोगों को 'स्वदेशी' स्वयं-सेवक बनकर इस आन्दोलन को चिरस्थायी करने की इच्छा है) हर किसम के दुःख, कष्ट और आपदाओं को खुशी से सहने के लिये तैयार न होंगे, तबतक राष्ट्रमंथन का हमारा कार्य कदापि सफल न होगा। जबतक हम लोग अपनी क्षुद्र स्वार्थबुद्धि का त्याग न करेंगे; जबतक हम लोग अपनी मातृभूमि के लिये आत्मार्पण न करेंगे; जबतक हम लोग अपने देश को सजीव करने की अटल प्रतिज्ञा न करेंगे; तबतक हमारे स्वदेशी आन्दोलन में चिरस्थायी शक्ति उत्पन्न न होगी। अतएव हमारी यही प्रार्थना है कि 'स्वदेशी' स्वयं-सेवकों को, किसी प्रकार के संकटों से भयभीत न होकर, अपने देश के हित के लिये, अपने कर्तव्य में सदा तत्पर और लीन रहना चाहिए।

सर हेनरी काटन का नाम इस देश के बहुतेरे लोगों को विदित है। आपने गत वर्ष की कांग्रेस को एक संदेसा भेजा था। वह 'हिन्दुस्थान-

रिव्यू' के गत दिसम्बर मास की संख्या में प्रकाशित हुआ है। उसमें आपने इस देश की गत वर्ष की स्थिति की आलोचना करते हुए स्वदेशी आन्दोलन के संबंध में यह लिखा है कि– "यद्यपि इंग्लैन्ड-निवासी हिन्दुस्थान के संबंध में सदा बेफ़िकर रहते हैं, तथापि इस वर्ष उन लोगों का ध्यान हिन्दुस्थान की ओर कुछ विशेष रीति से, अधिक आकर्षित हुआ है। इसके प्रधान कारण 'वंग-भंग', 'स्वदेशी आन्दोलन' और 'बायकाट' हैं। बंगाल के दो टुकड़े करने में सरकार ने जो बेक़ायदा कार्रवाई की उससे अप्रसन्न होकर लोगों ने विलायती (अंगरेज़ी) वस्तु के त्याग की अटल प्रतिज्ञा की। इस आन्दोलन का प्रधान हेतु यही है कि, अंगरेज़-व्यापारियों के क्षेत्र को धक्का देकर उनका ध्यान हिन्दुस्थान के राजकाज की ओर आकर्षित किया जाय और उनके द्वारा, हिन्दुस्थानियों की अभिलाषाओं और हक़ों पर ध्यान देने के लिये, सरकार को मजबूर किया जाय। यह हेतु कुछ अंश में सफल हो गया है। हिन्दुस्थान के संबंध में, इस से अधिक, किसी अन्य विषय ने, अंगरेज़ों का मन आकर्षित नहीं किया था। इस विषय के जो समाचार तार से आते हैं उनसे अंगरेज़ों के मन में बहुत व्याकुलता उत्पन्न हो रही है। इंग्लैन्ड में वादविवाद के जो साधारण विषय समझे जाते हैं उन्हींमें आजकल बंगाल के 'बायकाट' की भी गणना की जाती है और उस विषय पर सभाओं में ख़ूब चर्चा होती है। सारांश, अब यह बात इंग्लैन्ड का एक अदना आदमी भी जानता है कि, वंग-भंग से हिन्दुस्थानियों का मन अप्रसन्न और असंतुष्ट हो गया है। क्या यह लाभ थोड़ा है? यदि यह आन्दोलन बंगाल में इसी तरह होता रहे, और यदि वह और और प्रांतों में भी होने लगे —इसमें संदेह नहीं कि वह सब प्रांतों में शीघ्र ही फैल जायगा —तो उससे हिन्दुस्थान में एक महत्व की साम्पत्तिक क्रान्ति हो जायगी"। हमारे स्वदेशी आन्दोलन के संबंध में इस प्रकार अपनी सम्मति प्रकट करके काटन साहब हम लोगों को उपदेश देते हैं कि "हे भारतवासियो, धैर्य और अच्छे दिल से उद्योग करो। तुम लोगों के विरुद्ध जो कार्रवाई की गई थी उसका अब अंत होनेवाला है। इस समय तुम लोगों ने जो तरक्क़ी की है उसको शायद

तुम नहीं जानते। तुम्हारी शक्ति हर रोज बढ़ती जाती है। अब तुम्हारी शक्ति का अनादर किया नहीं जा सकता। तुम लोगों ने, स्वदेशी आन्दोलन करके, अपनी अपार शक्ति का खूब परिचय दिया है। अतएव तुम्हारी शक्ति अवश्य सम्मानित होगी। तुम्हारे प्रभाव की वृद्धि हो रही है। तुम्हारी आवाज इंग्लैन्ड में भी सुन पड़ती है। तुम्हारे सहायकों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। तुम्हारी आशा अवश्य सफल होगी। तुम लोग, प्राचीन समय से, आत्मत्याग के लिये प्रसिद्ध हो। आत्मत्याग का समय आन पहुँचा है। तुम्हारी भावी दशा तुम्हारेही हाथ में है। तुम अपने बंगाली-भाइयों की, शूरता की लड़ाई में, सहायता करो। हिन्दुस्थान के पुनरुज्जीवन तथा उन्नति के जिस कार्य में तुम्हारे बंगाली-भाई अग्रेसर हुए हैं उसमें तुम सब एक दिल से योग दो।"

अंत में हम भी परमेश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि हमारे देशभाई, काटन साहब के उपदेशानुसार, अपने देश की भावी दशा को स्वयं सुधारने के लिये, 'स्वदेशी' स्वयं-सेवक बनें; क्योंकि जब हम अपने मन में भावी उन्नति की आशा करके आत्मत्याग करेंगे और सच्चे 'स्वदेशी' स्वयं-सेवक बनेंगे तभी हमारे भाग्य का उदय होगा।

वन्दे मातरम्।

पानी की कुछ कमी नहीं है, हरियाली लहराती है।
फल औ फूल बहुत होते हैं, रम्य रात छबि छाती है॥
मलयानिल मृदु मृदु बहती है, शीतलता अधिकाती है।
सुखदायिनि वरदायिनि तेरी, मूर्ति मुझे अति भाती है॥

वन्दे मातरम्।

तीस कोटि लोगों की कलकल, सुनी जहां पर जाती है।
उसकी दुगुन खड्ग-धारा की द्युति विकाश जँह पाती है॥
तिस पर भी " तू अबला " यह बात व्यथा उपजाती है।
हे तारिनि ! हे बहुबल-धारिनि ! रिपु तू काट गिराती है॥

वन्दे मातरम्।

तूही धर्म्म, कर्म्म भी तूही, तूही विद्यावानी है।
तूही हृदय, प्राण भी तूही, तूही गुण-गण खानी है॥
बाहु-शक्ति तूही मम, तेरी भक्ति महा मन मानी है।
प्रति घट, प्रति मन्दिर के भीतर तूही सदा समानी है॥

वन्दे मातरम्।

हे दुर्गे ! दस भुजा तुम्हारी, दुर्गति-नाश निशानी है।
हे कमले ! हे अमले ! अचले ! तू सब सुख की खानी है॥
नहीं एक भी भरतखण्ड में ऐसा पापी प्रानी है।
कहे न जो नित, " यही हमारी महा-महिम महरानी है " ॥

वन्दे मातरम्।

(सरस्वती)

" तुलसी अपने राम को रीझ भजौ कै खीझ।
खेत परे तें जामि हैं उलटे सीधे बीज ॥"

(रामायण)

" जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी "
यह शास्त्र वाक् को मर्म जानिले ओ भाई भारतवासी ॥ १ ॥
आत्मा सम्बन्ध युक्त है देह से जैसे।
देह सम्बन्ध मानो निज भूमि से तैसे।
जोरो तन से, तन मन से, तोरो भ्रम-फांसी ॥ २ ॥
अबतोरी तो देखो बीतो बहुत काल।
हाल बेहाल कर अब आयो है सुकाल।
अब तो होंस सम्हारो अज्ञान टारो निवारो जग हांसी ॥ ३ ॥
उठो भाई, उठ बैठो, सचेत हो सब अब।
सबही सुपूत कहावत, तुम कहावोगे कब।
बीतो समय पुनि हाथ न आवत, बाढ़त जात दुःखरासी ॥ ४ ॥

(एक सन्यासी)

" Breathes there the man with soul so dead
Who never to himself hath said
This is my own, my native land?

Sir Walter Scott.

होगा नहीं कहीं भी ऐसा, अति दुरात्मा वह प्राणी
अपनी प्यारी मातृभूमि है, जिससे नहीं गई जानी।
" मेरी जननी यही भूमि है"—इस विचार से जिसका मन
नहीं उमङ्गित हुआ—वृथा है, उसका पृथ्वी पर जीवन।

(गौरीदत्त वाजपेयी)

है कोइ ऐसा नष्ट-हृदय भी इस जग में नरतन धारी
जिस्ने निज मन में कभी न यह पद-अवली हो उचारी
" यही अहो मेरा स्वदेश है, जन्म भूमि येही प्यारी "?

(श्रीधर पाठक)

हिन्दी-ग्रन्थमाला।

यह मासिक पुस्तक, मई १९०६ ई० से, नागपुर की **हिन्दी-ग्रन्थ-प्रकाशक मंडली** द्वारा, प्रतिमास, प्रकाशित हो रही है। इसका उद्देश यह है कि, हिन्दी भाषा के पढ़नेवालों में देशोन्नति के नूतन विचारों की जागृति करने के हेतु, हिन्दी भाषा में आधुनिक तथा उपयोगी विषयों पर, उत्तमोत्तम ग्रन्थ प्रकाशित किये जाँय। इस मासिक पुस्तक में इतिहास, जीवन-चरित, व्यापार और राजनीति संबंधी विषयों के ग्रन्थ प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। सम्प्रति, हिन्दी के सुप्रसिद्ध लेखक पण्डित महावीरप्रसाद द्विवेदी का लिखा हुआ "**स्वाधीनता**" नामक अत्युत्तम ग्रंथ और श्रीयुत ठाकुर सूर्य्यकुमार वर्मा कृत "**झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई का जीवन-चरित**"—ये दो ग्रंथ प्रकाशित किये जा रहे हैं। इन्हींके साथ "**निबंध-संग्रह**" नाम का एक और ग्रंथ छापा जा रहा है, जिसमें साहित्य तथा राजनीति विषयक अच्छे अच्छे लेखों का संग्रह है। एक वर्ष की बारह संख्याओं में, इस मासिक पुस्तक द्वारा, ६०० से ७०० तक पृष्ठ प्रकाशित होंगे। जब एक ग्रंथ पूरा हो जायगा तब उसकी, सुंदर सुनहरी-अक्षर-युक्त, कपड़े की, जिल्द बंधवाई जायगी। इस मासिक पुस्तक का **अग्रिम वार्षिक मूल्य ३) रु०** है।

इस मासिक पुस्तक में लेख और ग्रंथ लिखनेवालों को पारितोषिक भी दिया जाता है।

जो लोग **हिन्दी-ग्रंथमाला** के ग्राहक बनना चाहें, या जो लोग इस मासिक पुस्तक में प्रकाशित करने के लिये, मंडली द्वारा नियत किसी विषय पर लेख या ग्रंथ लिखना चाहें, वे नीचे लिखे हुए पते पर पत्र-व्यवहार करें।

हिन्दी-ग्रन्थमाला की नमूने की एक संख्या आठ आने में मिलती है।

माधवराव सप्रे, बी. ए.
व्यवस्थापक "हिन्दी-ग्रन्थमाला"
नागपुर।

ॐ

श्रीवीतरागाय नमः

नीरक्षीरविवेके हंसाऽलस्यं त्वमेव तनुषे चेत् ।
विश्वस्मिन्नधुनान्यः कुलव्रतं पालयिष्यति कः ॥

रा. रा. वासुदेव गोविंद आपटे बी. ए. इंदोरनिवासीका

जैनधर्मपर व्याख्यान.

देवरीकलां जिला सागरनिवासी

नाथूराम (प्रेमी) दिगम्बरीय जैनद्वारा
अनुवादित.

और

शेठ नाथारंगजी गांधी आकलूजनिवासीद्वारा

मुम्बयीके

"कर्नाटक" प्रेससे प्रकाशित.

प्रथमबार] [२००० प्रति.

ॐ

श्री वीतरागायनमः

रा. रा. वासुदेव गोविंद आपटे बी. ए. का

जैनधर्मपर व्याख्यान.*

यो विश्वं वेद वेद्यं जननजलनिधेर्भङ्गिनः पारदृश्वा ।
पौर्वापर्याविरुद्धं वचनमनुपमं निष्कलङ्कं यदीयम् ॥
तं वन्दे साधुवन्द्यं सकलगुणनिधिं ध्वस्तदोषद्विषन्तम् ।
बुद्धं वा वर्द्धमानं शतदलनिलयं केशवं वा शिवं वा ॥ १ ॥

इस श्लोकमें श्रीमद्भट्टाकलङ्क देवने "जानने योग्य ऐसे सम्पूर्ण विश्वको जिसने जाना, संसाररूपी महासागरकी तरंगे दूसरी तरफ तक जिसने देखी. जिसके वचन परस्पर अविरुद्ध, अनुपम और निर्दोष हैं, जो सम्पूर्ण गुणोंका निधि (खजाना) साधुओं करके भी वन्दनीय है, जिसने रागद्वेषादि अठारह शत्रुओंको नष्ट कर दिये हैं और जिसकी शरणमें सैकडों लोग आते हैं, ऐसा जो कोई पुरुष विशेष उसको मेरा नमस्कार होओ. फिर चाहे वह शिव हो, ब्रह्मा हो, विष्णु हो, बुद्ध हो, अथवा वर्द्धमान होओ" ऐसी स्तुति की है. इस श्लोकके अन्तिम चरणमें कहे हुए देव शिव व विष्णुसे हम सब लोग चिरपरिचित हैं. हमारे मन्दिरोंमें इनकी मूर्तियां हैं. व प्रतिदिन हम उनका पूजन करते हैं. तीसरा बुद्ध, इसके विषयमें भी अभीतक बहुतसा इतिहास उपलब्ध हुआ है, बुद्धके दो तीन चरित्र भी मराठी भाषामें लिखे गये हैं. उनसे यह क्षत्रिय कुलोत्पन्न पुरुष अत्यन्त तरुण अवस्थामें राजश्रीसे विरक्त हो सर्व संगका परित्यागकर चल निकला व पश्चात्, ज्ञान सम्पादन कर शुद्ध मन पवित्र विचार व पवित्र आचरण यह तीन मोक्षके द्वार जिस धर्ममें कहे गए हैं ऐसे बौद्धधर्मका संस्थापक हुआ इत्यादि कथा

* उस व्याख्यान रा. रा. वासुदेव गोविन्द आपटे, बी. ए. इन्दौरकरने मुम्बयीस्थ हिन्दू यूनियनक्लबमें गत दिसम्बर मासमें दिया था और मुंबईके 'विविधज्ञान-विस्तार' (नामक मराठीके प्रसिद्ध मासिकपत्र) में जनवरीके अंकमें प्रकाशित हुआ था उसीका यह हिन्दी अनुवाद है. इसके पढनेसे पाठकोंको ज्ञान होगा; कि भिन्न-धर्मी निष्पक्ष विद्वज्जन जैनधर्मको कैसा समझते हैं. हम इसकेलिये व्याख्यानदाताको कोटिशः धन्यवाद देते हैं कि, जिन्होंने महत्परिश्रम उठा कर जिनधर्मके ग्रंथोंको देखकर परिचय किया. और अपने विचारोंको सबके सामने प्रगट किया. यहांपर हम मूल व्याख्यानका अनुवाद ज्योंका त्यों लिखकर उसमें अपनी तरफसे टिप्पणी करते हैं. इस टिप्पणीसे कोई महाशय ऐसा न समझ लेंकि व्याख्यानदाताकी शोधकतामें कुछ न्यूनता हो. क्यों कि कैसा ही विद्वान् क्यों न हों भिन्न धर्मपर व्याख्यान देनेपर कहीं न कहीं थोड़ी भूल होती है. सो जहांपर वास्तविक विषय छूट गया है और अभिप्रायमें अन्यथा हुवा है, उसी विषयकी टिप्पणी की जाती है-आशा है कि, व्याख्यानदाता इसपरसे कुछ अन्यथा न समझेंगे.

अनुवादक.

हम सबको अवगत है ही. शिवके उपासक शैव, विष्णुके उपासक वैष्णव, इसीप्रकार बुद्धके अनुयायी सो बौद्ध कहाते हैं अब ऊपर निर्दिष्ट किये हुए देवोमें वर्द्धमान अवशिष्ट रहे. इनके विषयमें अद्यापि अभीतक कुछ अधिक इतिहास उपलब्ध नहीं हुआ है तथापि ये जैन समाजके अत्यन्त पूज्य तीर्थंकर अर्थात् आदर्श पुरुष हो गये हैं. और जैनधर्मकी स्थापना करनेवाले चाहे न हों, परन्तु उसके प्रचार करनेका श्रेष्ठत्व बहुतसा इनके ही तरफ जाता है, यह कहना भी कुछ अनुचित न होगा. ये काश्यप गोत्री क्षत्री थे व इनका दूसरा नाम महावीर था, इनका जन्म कब हुआ, व कब मोक्ष हुई. इनके मातापिताका क्या नाम था व इनके चरित्रकी स्फुट २ बातें कौनसी हैं, इत्यादि परिचय अभीतक प्राप्त नहिं हुआ है. तथापि इन्होंने जैनधर्मका प्रचार कब किया इस विषयमें तत्कालीन ग्रन्थोंमें थोड़ासा उल्लेख किया हुआ प्राप्त होता है. उसपरसे यह ईसवी सनसे ५२० वर्ष पूर्व हो गये हैं ऐसा कहा जाता है "आर्यविद्या सुधाकर" नामक ग्रन्थमें इनके विषयमें कहा है—

वर्द्धमान. अथवा महावीर.

'ततः कालेनात्र खण्डे भारते विक्रमात्पुरा।
खमुन्यंभोधिविमते वर्षे वीराह्वयो नरः ॥१॥
प्राचारयज्जैनधर्मं बौद्धधर्मं समप्रभम् ।

इसपरसे विक्रम संवत्से ४७० वर्ष पूर्व इन्होंने जैनधर्मका प्रचार किया, ऐसा दिखता है. वर्द्धमान अथवा महावीरके चरित्रका इससे अधिक परिचय उपलब्ध नहीं है. तथापि इन्होंने जिस जैनधर्मका प्रचार किया व जो धर्म बौद्धधर्मसमप्रभम् (बराबरीवाला) था. ऐसा ऊपरके श्लोकमें कहा है, वह जैनधर्म अद्यापि विद्यमान है. हिमालयसे लेकर कन्याकुमारीपर्यंत किंबहुना उससे भी आगे सीलोन द्वीप व करांचीसे लेकर कलकत्ता तक अथवा उससे भी आगे श्याम, ब्रह्मदेश, जावा वगैरह प्रदेशोंमें जैनधर्मी लोग फैले हुए मिलते हैं. हिंदुस्थानके सम्पूर्ण व्यापारका $\frac{1}{3}$ भाग जैनियोंके हाथमें है ऐसा भी प्रमाण एक शोधकने शोधा है; बडे २ जैन कार्यालय, भव्य जैनमन्दिर व अनेक लोकोपयोगी संस्थायें हिंदुस्थानके बहुतसे बडे २ शहरोंमें हैं, दक्षिणमें अल्प हैं परन्तु उत्तर व मध्यभारत और गुजरात इन प्रदेशोंमें जैनियोंकी प्राचीन कार्यवाही बहुत दृष्टिगोचर होती है. प्राचीन कालसे जैनियोंका नाम इतिहास प्रसिद्ध है जैनधर्मके अनेक राजा हो गये हैं.

जैनियोंकी उत्कर्षावस्था.

राजा वज्रकरण यह दशनगरमें (वर्तमान मन्दसौरमें) राज्य करता था. यह जिन देवके अतिरिक्त इतर किसीको भी नमस्कार नहीं करता था. अवन्ती नगरी (उज्जैन) के सार्वभौम राजा सिंहोदरको जब इसने नमस्कार नहीं किया तब

जैनी राजा.

---

(१) वर्द्धमान अथवा महावीरके विषयमें हमारा कहना यह है कि वर्द्धमान तीर्थंकरने उत्तरहिंदुस्थानमें कुंडलपुरमें जन्म लिया था. इनकी माताका नाम प्रियकारिणी तथा त्रिशला भी था और पिताका नाम सिद्धार्थ राजा था. उनके चरित्र सम्बन्धी समस्त विषय प्रसिद्ध हैं. उनका चरित्र जैनबोधकके आदि सम्पादक श्रीयुत श्रेष्ठिवर्य हीराचन्द नेमिचन्दजी आनरेरी मजिस्ट्रेट शोलापुरने मराठी भाषामें बनाकर छपाया है. उसको तथा संस्कृत व हिंदीके महावीर पुराण (वर्द्धमानपुराण) के देखनेसे पाठकोंकी जिज्ञासा पूरी हो सकती है.

दोनोंके मध्य एक बडाभारी संग्राम उपस्थित हुआ और उसमें सिंहोदर विजित किया गया. ऐसी कथा सुनते हैं. ललितपुरके सन्निकट चन्देरी नामक ग्राम वर्तमान है. यहांपर शिशुपाल नामका राजा राज्य करता था, वह जैन था. उज्जयनीके राजा गन्धर्वसेन व श्रीवर्मा जैन थे. ऐसा कईएक ग्रन्थकारोंने लिखा है परन्तु इस विषयमें मै स्वतः सशंकित हूं. बल्लभवंशी राजा कुमारपाल जैनधर्मका बडाभारी पुरस्कर्ता हो गया है. प्रसिद्ध बौद्ध राजा अशोकके प्रपौत्र महाराजा संपदिने जैनधर्म स्वीकार किया था. व स्वतः अशोक ही बौद्धधर्म स्वीकार करनेके पूर्व जैनधर्मानुयायी था, ऐसा कई पंडितोंका मत है. कर्नेल टॉड साहिबके राजस्थानीय इतिहासमें उदयपुरके घरानेके विषयमें ऐसा लिखा गया है कि, "कोई भी जैन यति उक्त संस्थानमें जब शुभागमन करता है तो रानीसाहिब उसे आदरपूर्वक लाकर योग्य सत्कारका प्रबन्ध करतीं हैं, यह विनय प्रबन्धकी प्रथा वहां अबतक जारी है. इसका कारण ऐसा कहा जाता है कि, उदयपुरके इतिहासप्रसिद्ध राणा प्रतापसिंह, अकबरबादशाहसे लडते २ बहुतही क्लेशित हो रहे थे, उस समय भामासा नामक एक जैन महाशयने वीस हजार फौजकी संतोषप्रद सहायता अत्यन्त आवश्यकतामें आकर दी. उसी समयसे कृतज्ञ उदयपुरका राज्य जैनियोंका ऋणी हो रहा है; दूसरी कथा पन्नादाईकी है यह तो हम सबको विदित ही है. वनवीरके भयसे अपने स्वामीपुत्रकी रक्षा करनेकेलिये अपना जीव जोखममें डालनेवाली पन्नादाईको उस राजपुत्रसहित जिसने आश्रय दिया, वह आसासा नामका पुरुष जैन ही था, ऐसा कहते हैं. मंडपाचल अथवा वर्तमानका मांडू—यहां मुसलमान बादशाहके समयमें मुख्य दिवानगीरीके पद पर एक जैनी ही नियुक्त था. सारांश, प्राचीन कालमें जैनियोंने उत्कट पराक्रम व राज्यकार्यभारका परिचालन किया है. अर्वाचीन समयमें इनकी राजकीय अवनतिमात्र दृष्टि गोचर होती है" अर्वाचीन इतिहासमें राज्यवैभव सम्बन्धी स्पर्धामें जैनी लोग बिलकुल नहीं पडे हैं इसका कारण "हिंसानिषेधका तत्त्व इन्होंने मर्यादाके बाहिर कर दिया. इससे राजकीय स्पर्धामें इनका गुजारा नहीं था" यह हो सक्ता है. इस अहिंसा तत्त्वके अमर्याद होनेसे जैनियोंका राज्य किस प्रकार नष्ट हुआ, इसका एक उदाहरण कर्नेल टॉड साहिबने दिया है कि, अनहलवाडके अन्तिम जैनराजा कुमारपाल पर शत्रुकी चढाई होनेपर वह अपनी सैन्य तयार न करके स्वस्थ रहा. इसका कारण क्या? वर्षाऋतुके दिन होनेसे यदि सैन्यमें हलचल कीजाती तो उसके पांवोंके नीचे लक्षावधि जंतुओंका विनाश होता यह भीति[1] थी. जैनीलोग जिस प्रकार प्राचीन कालमें राजकीय उन्नति भोगकर पुनःअवनत दशाको प्राप्त हुये उसी प्रकार इनका वाङ्मय

जैनवाङ्मय.

(१) यह एतिहासिक घटना जो टॉड साहबने लिखी है तो गलत है. क्योंकि राजावोंको प्रजाकी रक्षार्थ अत्यावश्यकता पडनेपर लडाई करनेका निषेध जैनशास्त्रोंमें कहीं नहीं है. उसके राज्य जानेका कारण अन्य ही कोई होना चाहिये. यदि-टॉड साहबका कहना ठीक है. और उसने जीवहिंसाके कारण ही युद्ध नहिं किया हो तो वास्तवमें राजनीतिसे विरुद्ध किया है.

(जैनधर्मका साहित्य वा शासन) भी प्राचीन-कालमें अत्यन्त सुसम्पन्न स्थितिको प्राप्त होकर वर्तमानमें दुर्दशाग्रस्त हुआ दिखाई देता है. प्राचीन जैनवाङ्मय संस्कृत वाङ्मयके प्रायः बराबर था. धर्मशर्माभ्युदय महाकाव्य, हम्मीर महाकाव्य, पार्श्वाभ्युदय काव्य यशातिलकचम्पू वगैरह काव्य ग्रन्थ, जैनेन्द्र व्याकरण[1], काशिकावृत्ति व पंजिका रम्भामंजरी नाटिका, प्रमेयकमलमार्तंड सरीखे न्यायशास्त्र विषयक ग्रन्थ, हेमचन्द्र सरीखे कोश, व इनके शिवाय जैनपुराण, धर्मग्रन्थ जैन इतिहास ग्रन्थ आदि असंख्य शास्त्र[2] थे. इनमेंसे अभी बहुत थोड़े प्रकाशित हुये हैं. और सैकड़ों ग्रन्थ अभी अज्ञात हो रहे हैं, अपने ग्रन्थ छापे नहीं जावें कारण छापना यह एक अपवित्र क्रिया है, ऐसी अज्ञानताकी समझके कारण लोग अपने पासके प्राचीन ग्रन्थ व लेख छापनेको नहीं देते हैं. इन संस्कृत ग्रन्थोंके अतिरिक्त अन्य प्रकारसे भी जैनियोंने वाङ्मयकी बड़ी भारी सेवा की है. दाक्षिणमें तामिल व कानडी (कर्णाटकी) इन दोनों भाषाओंके जो व्याकरण प्रथम प्रस्तुत हुए वे जैनियोंने ही किये. ऐसा "मिसेस एनीविसेण्ट" का कहना[3] है. सारांश प्राचीन कालके भारतवर्षीय इतिहासमें जैनियोंने अपना नाम अजरअमर कर रखा है. अर्वाचीन समयमें जैनी मात्र राज्यसत्ता अहिंसातत्त्वके कारण छोड़ बैठे हैं तथापि समाजमें प्रेसीडेण्टका स्थान उन्होंने अद्यापि छोड़ा है ऐसा नहीं है. वर्तमान शांतिताके समय व्यापारवृद्धिके कार्योंमें अग्रसर होकर इन्होंने अपना वर्चस्व (प्रताप) पूर्ण रीतिसे स्थापित किया है और वर्तमानमें समाज सुधारणा विषयक जागृति भी हुई दिखती है. गत जैनपरिषद्के अधिवेशनके समय हमारे जैनबंधुओंका समाज सुधारणा व धर्म-शिक्षणके विषयमें जो उत्साह दृष्टिगत हुआ था वह सर्वथा अभिनंदनीय था इसमें शंका नहीं है.

जैनधर्मके सम्बन्धमें हम लोगोंकी अनभिज्ञता.

पृथिवीके अन्य किसी भी धर्मके सम्बन्धमें लोगोंकी इतनी विचित्र अजानता नहीं है जितनी जैनधर्मके विषयमें हो रही है. हमारे देशमें अनुमान २४००वर्ष पूर्वसे यह धर्म प्रचलित है व हमारे जैनबांधवोंके पूर्वज प्राचीन कालमें ऐसे २ स्मरणीय कृत कर चुके हैं तो भी जैनी कौन है? उनके धर्मके मुख्य तत्त्व कौन २ से हैं? इसका परिचय बहुत ही थोड़े पुरुषोंको होना बड़े आश्चर्यकी बात है परन्तु इसका कारण वेदमतावलम्बी और जैनियोंमें उपस्थित हुआ द्वेष ही होगा ऐसा जान पड़ता है. "न गच्छेज्जैनमन्दिरम्" अर्थात् जैनमन्दिरमें प्रवेश करने मात्रमें

१ जिस प्राचीन पाणिनीय व्याकरणने तीन जगह मत ग्रहण किया हैं वह शाकटायन व्याकरण भी जैनाचार्यकृत है. तथा और भी अनेक जैन व्याकरण हैं.

२ नाटक, काव्य, साहित्य, कोश, न्याय, वेदान्तके अनेक ग्रन्थ अभी मौजूद हैं.

३ करणाटक भाषाका बहुत बडा व्याकरण भट्टाकलंक देवका बनाया हुवा 'रैस' साहबने छपाया भी है. परन्तु वह सब विलायतके विद्याविलासियोंने मंगा लिया. इस देशमें मिलना अब दुर्लभ है.

१ स्वेताम्बर जैनकानफरैन्स थी. दिगम्बरजैनकानफरेन्स (महासभा) पृथक् है. वह मथुरामें प्रतिवर्ष इकट्ठी होती है.

भी महापाप है, ऐसा निषेध उस समय कठोरताके साथ पाले जानेसे जैनमन्दिरकी भीतकी आडमें क्या है। इसकी खोज करै कौन? ऐसी स्थिति होनेसे ही जैनधर्मके विषयमें झूंठे गपोड़े उड़ने लगे. कोई कहता है जैतधर्म नास्तिक है कोई कहता है बौद्धधर्मका अनुकरण है कि, जब शंकराचार्यने बौद्धोंका पराभव किया तब बहुतसे बौद्ध पुनः ब्राह्मणधर्ममें आ गये. परन्तु उससमय जो थोडेबहुत बौद्धधर्मको ही पकड़े रहे उन्हींके वंशज यह जैन हैं. कोई कहता है कि, जैनधर्म इस बौद्ध धर्मका शेषभाग नहीं किन्तु हिन्दूधर्मका ही एक पंथ है; व कोई कहते हैं कि, नग्नदेवको पूजनेवाले जैनी लोग यह मूलमें आर्य ही नहीं हैं. किन्तु अनार्योंमेंसे कोई हैं. अपने हिन्दुस्थानमें ही आज चौबीससौ वर्ष पूर्वसे पड़ोसमें रहनेवाले धर्मके विषयमें जब इतनी अज्ञानता है तब हजारों कोससे परिचय पानेवाले व उससे पीछे मनोऽनुकूल अनुमान गढ़नेवाले पाश्चिमात्योंकी अज्ञानतापर तो हंसना ही क्या है? तथापि अपने लोगोंकी अज्ञानताके विषयमें जैसे ऊपर कहा गया वैसे ही उनकी भी अज्ञानता हास्यास्पद होनेसे उनमेंके एक दो उदाहरणोंका नमूना दिखलाना योग्य है.

पाश्चिमात्योंकी विचित्र अज्ञानता.

लेफटेंट कर्नल विलिएम् फ्रांकलिनने जैन व बौद्ध धर्मके सम्बन्धमें इस्वी सन् १८२७ में एक "Researches on the tenets and doctrines of the Jain and Budhists Conjectured to be these Brahmins of Ancient India" ग्रन्थ लिखा है उसमें उन्होंने जैनियोंको ईजिपिशियन लोगोंका वंशज ठहराया है। दूसरे एक मिष्टर कोलियोर नामक साहिबने Scripture Miracles. नामक पुस्तकमें जैन शब्दकी जो व्युत्पत्ति की है वह बड़ी दिल्लगी की है, आप फरमाते हैं 'जैन' शब्द रोमन 'जेनस' शब्दसे बना है 'जेनस' यह रोमन लोगोंका एक देवता है, जैसे शिवके उपासक शैव, विष्णुके उपासक वैष्णव, इसी प्रकार जेनसके जैन। (धन्य!) एक मिशनरीकी कल्पनाने तो इससे भी अधिक कमाल किया है, आपका कहना है कि, "बायबिलमें (Genesis) अथवा 'सृष्टिकी उत्पत्ति' प्रकरणके चौथे अध्यायमें 'केन' व 'ॲबेल' इन दो बंधुओंकी कथा है; उनमेंसे देवकी शापसे पीड़ित हुए 'केनकी जो संतति वही जैन हैं' इसमें प्रमाण क्या? यह कि, केनकी संतति जिस प्रकार विशालशरीर और दीर्घायुषी थी. उसी प्रकार जैन 'तीर्थंकर भी भव्याकृति और दीर्घायुषी थे' यह सब जैनधर्मके अनुसंधान करनेसे मालूम पड़ता है. पहाड़ वगैरहमें जो तीर्थंकरोंकी प्राचीन जैन मूर्तियां पाई जाती हैं वे बहुतही विशाल आकृतिकी और पुरानी होती हैं. ग्वालियरके किलेमें जो प्राचीन जैनमूर्तियें मिली हैं वे बहुतही ऊंची हैं. दक्षिणमें श्रीरंगपट्टणसे ४० मैलपर चिनरायपट्टण नामक ग्राम है. 'चिनरायपट्टण' यह नाम जिनरायपट्टण, शब्दका अपभ्रंश होगा. ऐसा दिखता है. इस स्थानमें जैनमंदिर है[1]

---

(१) चिनरायपट्टणमें जैन मंदिर न होकर वहांसे आठ मीलपर श्रवण वेळगुळ (जैनबिद्री) नामक स्थानपर हैं. उन सबका नकसा मद्रास प्रान्तके सरकारने छापकर प्रसिद्धकर दिया है.

उसमें चौवीस तीर्थंकरोंकी मूर्ति पाई गई है ! वे अत्यन्त भव्य हैं. वहांसे पास ही चन्द्रागिरी नामक टेकडीपर दो पादुंका विशाल आकृतिकी हैं. जैनियोंके तेवीसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जब उडकर देवलोक गये तब उनके यह पादचिन्ह उछल आये थे ऐसा कई लोग कहते हैं*" इसी परसे साहिब बहादुरने केनके वंशज ठहरा डाले हैं। साहिब बहादुरने अपने विधानकी पुष्टिमें और एक प्रमाण दिया है जिसके योगसे केवल जैन ही क्या परंतु कौशिक, अत्रि, कश्यप वगैरह ऋषियोंके वंशज हम लोगोंको भी सिर्फ एक घटिकामें अपने इजिप्शियन पूर्वजोंका श्राद्ध करना पडे। बाइबिलमें कहा है कि, "केनको कोई मार न सके इस लिये देवने उसके मस्तकमें चिन्ह बनाया था. इस कारणसे जैनियोंके व तुह्मारे हमारे सबहीके मस्तकोंमें तिलक होता है. अतएव उक्त मिशनरी साहिबने तुम हम सबोंको इजिप्तमें भटकते फिरते केनकी संतति ठहराये तो उक्त साहिबका क्या कर सक्ते हो ! तीसरे एक मॉरिस नामक प्राचीन विद्याविशारदने इस अनुमानका पुष्टीकरण कुछ निराली ही रीतिसे किया है. 'गौतमबुद्ध, व 'इजिप्तका प्रासिद्ध विद्वान् साधु पुरुष हर्मिस् यह एक ही थे. कारण, हर्मिसने जिस प्रकार लेखनकलाका प्रचारकर विविधविषयोंपर ग्रन्थ निर्म्माण किये और इतना सम्पादन किया हुआ ज्ञान चिरकाल स्थिर रहने व लोगोंको उपयोगी पडनेके लिये बहुतसा परिचय शिलास्तंभोंपर खोद दिया. इसी प्रकार बौद्ध व जैन लोगोंने विद्याका पुरस्कर्तृत्व अपने ऊपर लेकर अनेक शास्त्र ग्रन्थ लिखे और खोदकर शिलास्तंभ स्थित किये हैं. अर्थात् यह शिलास्तंभोंकी कल्पना जैनी लोक इजिप्तसे लाये, ऐसा माननेमें और हर्मिस व जैनोंकी एकता कर डालनेमें मॉरिस साहिबकी कल्पनाको कुछ भी प्रयत्न नहीं पड़ा !

जैनधर्मके उत्पत्तिकाल के सम्बन्धमें भिन्नमत.

जिस प्रकार जैनियोंकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें भिन्न २ लोगोंने पृथक् पृथक् तर्कनायेंकी हैं उसी प्रकार उनके धर्मकी उत्पत्ति कालके विषयमें भी भिन्न २ मत हैं, कोई कहता है कि, जैनधर्म बिलकुल नवीन अर्थात् अनुमान बारहवीं अथवा तेरहवीं शताब्दीका है; कोई कहता है वह बारह सौ वर्षका

व्याख्यानदाताकी टिप्पणी.

*पार्श्वनाथकी मुक्ति दक्षिणमें हुई यह बात बहुतसे जैनी स्वीकार नहीं करते. मेरे परिचयी एक जैन यतिने कहा कि, बंगालके हजारीबाग जिलेमें सम्मेद शिखर पर्वतसे २० तीर्थंकर देवलोकवासी हुए उनमें पार्श्वनाथ भी हैं. बाकीके चार तीर्थंकर ऋषभदेव, महावीर, वासुपूज्य, व नेमिनाथ इनका मोक्ष अनुक्रमसे अष्टापद (कैलाश) पावापुर (विहार) चंपापुरी (भागलपुर) और गिरनार (काठियावाड) पर हुआ.

अनुवादककी टिप्पणी.

१ वहांपर पादुका नहीं हैं किन्तु ४१ हाथ ऊंचाईकी सुंदर अखंड मूर्ति है.

२ देवलोकवासी हुये, ऐसा कहना भूल है. क्योंकि मुक्तात्मा मोक्षस्थान वा सिद्ध शिलानामक एक स्थान तीन लोकके उपरि है वहां जाकर सदाके लिये निवास करते हैं. फिर कभी उन मुक्तात्मावोंका (सिद्धोंका) जन्म मरण नहिं होता; देवलोक जिसको जैनी लोक सोलह स्वर्ग नव ग्रविक विमान आदि कहते हैं वह भिन्न स्थान है. देवलोकमें गया हुवा जीव फिर भी मनुष्यतिर्यंचादिकोंमें जन्म मरण करता व संसारमें फिरता है इस कारण ' देवलोकवासी हुये ' की जगह मुक्तिको गये ऐसा कहना ठीक है.

है; कोई उसे बौद्ध धर्मका समकालीन कह कर छोड़ता है; और कोलब्रुक साहिब तथा कितनेक जैन पंडित उसे बौद्धधर्मसे भी पहिल्का ठहराते हैं, इन सबोंकी एक वाक्यता करना कठिन है, और प्रत्येक मतमें कहां २ भूल है उसे दिखलाने योग्य विद्वता भी मुझमें नहीं है. तथापि जैन धर्मका काल निर्णय करनेमें आवश्यकीय थोड़ेसे प्रमाण मैं आगे उपस्थित करूंगा, उससे श्रोताओंको अपने २ मत निश्चित करना चाहिये.

'जैन' शब्दकीव्युत्पत्ति व अर्थ.

प्रथम जैनधर्ममें क्या है यह हमें देखना चाहिये, 'आनन्दगिरिकृत' 'शंकरविजयमें' 'जैन' शब्दकी व्युत्पत्ति इस प्रकार दी है.—"जीतिपदवाच्यस्य नेति पदेन न पुनर्भवः तस्माज्जन्मशून्याः जैनाः" परन्तु स्वतः जैन लोग इस शब्दकी व्युत्पत्ति निराली देते हैं. वह इस प्रकार—"रागद्वेषादिदोषान् वा कर्मशत्रुञ्जयतीति जिनः तस्यानुयायिनो जैनाः" अर्थात् जिन्होंने काम क्रोधादि अठारह दोषोंको अथवा ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय, अंतराय आदि कर्मशत्रुओंको जीते वे 'जिन' और उनके उपासक वे जैन कहाते हैं. कामक्रोधादि दोषों व कर्म शत्रुओंको जीतनेवाले जिन आजपर्यन्त चौवीस हुए हैं, उन्हें 'तीर्थंकर' ऐसी संज्ञा है. इन चौवीस तीर्थंकरोंके नाम ये हैं,

चौवीस तीर्थंकर.

ऋषभदेव (प्रथम जिन अर्थात् तीर्थंकर और जैन धर्मका संस्थापक),२ अजित, ३ संभव. ४ अभिनन्दन, ५ सुमति, ६ पद्मप्रभ, ७ सुपार्श्व, ८ चन्द्रप्रभ, ९ पुष्पदन्त (सुविधि) १० शीतलनाथ, ११ श्रेयान्, १२ वासुपूज्य, १३ विमल, १४ अनन्त, १५ धर्म, १६ शांति, १७ कुंथु, १८ अरः १९ मल्लिनाथ, २० मुनिसुव्रत, २१ नमिनाथ, २२ नेमिनाथ (अरिष्ठनेमि), २३ पार्श्वनाथ, २४ वर्द्धमानस्वामी (महावीर) इससे पहिलेके व अत्यन्त प्राचीन तीर्थंकर ऋषभदेव जैनधर्मके संस्थापक थे ऐसा दिखता है, 'भागवतके, ५ वें स्कन्धमें ऋषभदेव दिगम्बर होकर जैनधर्मके संस्थापक थे, ऐसा यद्यपि स्पष्ट नहीं लिखा है तौभी उसका उदाहरण देख अर्हत् नामक राजाने पाखंड मतका प्रचार किया ऐसा कहा है. अर्हत् नामका राजा कोई सुना नहीं गया; परन्तु जैनी ऋषभ देवको ही अर्हत कहते हैं यह प्रसिद्ध है. इसपरसे ऋषभदेव जैनधर्मके संस्थापक थे, यह सिद्धान्त अपनी भागवतसे भी सिद्ध होता है. पार्श्वनाथ जैनधर्मके संस्थापक थे, ऐसी कथा जो प्रसिद्ध है वह सर्वथा भूल की हुई है. ऐसा कहनेमें कुछ हरकत नहीं हैं. कोलब्रुक, जॅकोबी सरीखे विद्वान शोधकोंकी समझ ऐसी क्यों हुई सो कह नहीं सक्के. ऐसे ही वर्द्धमान अर्थात् महावीर भी जैनधर्मके संस्थापक नहीं हैं. तो चौवीस तीर्थंकरोंमेंसे वह एक प्रचारक थे. 'आर्यविद्यासुधाकर' ग्रन्थमें इस विषयका उल्लेख है, उसमें भी उसके विषयमें 'प्रचारयद्धर्मम्' ऐसा कहा है. ये वर्द्धमानस्वामी गौतमबुद्धके समकालीन थे, वह बौद्धके गुरु थे ऐसा भी अनेकोंका कहना है; कईएक तो ऐसा भी कहनेवाले हैं कि, गौतमबुद्ध मूलमें जैनधर्मी था; परन्तु पीछे उसमें व जैनियोंमें मतभेद पड़नेसे

उसने स्वकीय (अपना) बौद्ध धर्म स्थापित किया.

जैन शास्त्र.

जैनियोंके मुख्य ४५ शास्त्र हैं. उन्हें सिद्धान्त किंवा आगम कहते हैं. भद्रबाहुस्वामि नामक एक विद्वान् जैन हो गये हैं उन्होंने यह ग्रन्थ लिखे हैं, ऐसा लोग कहते हैं. इन ४५ शास्त्रोंमें ११ अंग, १२ उपाङ्ग, १० प्रकीर्णक, ६ छेद, ४ मूलसूत्र, और २ अवान्तर सूत्र हैं.

जैनधर्मके मुख्यतत्त्व.

जैनधर्मके मुख्य तत्त्व सात हैं, १ जीव, २ अजीव, ३ आस्रव, ४ बंध, ५ संवर, ६ निर्जरा, और ७ मोक्ष. इनमें पाप और पुण्य दो मिलानेसे नव पदार्थ हो जाते हैं, जिसके चैतन्यगुण है वह जीव, शरीरादिक जड़ पदार्थ जिसमें अन्तर्भूत होते हैं वह अजीव, "शुभाशुभकर्मद्वाररूप आस्रवः" अर्थात् शुभ अथवा अशुभ कर्मबंध होनेके जो द्वार उन्हें आस्रव कहते हैं. "आत्मकर्मणोअन्योन्यप्रदेशानुप्रवेशात्मको बन्धः' अर्थात् आत्माके प्रदेश व कर्मोंके प्रदेशोंका परस्परमें प्रविष्ट होना सो कर्मबंध; "आस्रव निरोधलक्षणःसंवरः" अर्थात् आत्माके स्थानमें नवीन कर्म न आने देना अथवा आस्रवका निरोध करना इसे संवर कहते हैं;* और सम्पूर्ण कर्मोंका नाश होना यह मोक्ष है. जीवोंके गुणोंको ढांकनेवाले कर्मोंके आठ भेद हैं और इन आठ ही प्रकारके कर्मोंके नाश करनेके मार्गको मोक्षमार्ग कहते हैं. सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, व सम्यक्चारित्र यह उस मार्गके तीन द्वार हैं. अर्थात् इन तीन साधनोंके योगसे सम्पूर्ण कर्मबंधोंका नाश होकर मनुष्य मोक्ष प्राप्त करता है, अतएव इन तीन साधनोंका समुच्चयसे रत्नत्रयी ऐसा नाम दिया है.

रत्नत्रयी.

पाहिला साधन सम्यग्दर्शन, 'तत्त्वार्थ श्रद्धानं सम्यग्दर्शनम्' अर्थात् पूर्वमें कहे हुए जीव अजीवादि सप्त तत्त्वोंके अर्थमें श्रद्धान रखना; दूसरा साधन सम्यग्ज्ञान अर्थात् धर्मको संशय विपर्यय रहित यथार्थज्ञान;

(१) ये सब ग्रंथ जैनोंका एक भेदविशेष जैनाभास जिनको आजकल श्वेताम्बरजैन कहते हैं, उनके हैं. सनातन जैनियोंके प्रन्थोंके नाम भी ग्यारह अंग चौदह पूर्व हैं. परन्तु वे इतने बडे थे कि उनका कागजमें लिखना असंभव था. वे श्रुतकेवली नामक ऋषियोंके हृदयस्थ ही रहते थे. उनका लोप उनही ऋषियोंकेसाथ हो गया. उनके पीछेके आचार्योंको क्रमसे न्यून ज्ञान होता रहा. शेषमें जब एक २ अंगके पाठी रह गये और भविष्यत्में और भी हीन ज्ञानी होवेंगे तो सनातन पवित्र जैनशासनका दुनियांपरसे लोप हो जायगा. ऐसा समझकर सब आचार्योंने मिलकर अपनी स्मृतिके अनुसार उन ग्यारहअंग, चौदह पूर्वोंका सार संग्रह करके ग्रंथ रचना करना प्रारंभ कियी. उनका भी अन्यायी राजावोंके राज्यमें तथा शंकराचार्यादिके समयमें प्रायः लोप हो गया. उनमेंसे बचे बचाये ग्रंथ हैं. उनमेंसे मुख्य २ धवल, जयधवल, महाधवल, गोमट्टसार, त्रिलोकसार, राजवार्त्तिक, श्लोकवार्त्तिक, न्यायकुमुदचंद्रोदय, न्यायविनिश्चयालंकार, प्रमेयकमलमार्तंड, अष्टसहस्री आदि हजारों बडे २ ग्रंथ, संस्कृत व प्राकृत भाषामें अब भी हैं.

* लेखक महाशय यहां निर्जराका लक्षण लिखना अनायास भूल गये हैं उसे हम लिख देते हैं. "एकदेशकर्मक्षयलक्षणा निर्जरा" अर्थात् पूर्वसंचित कर्मोंका अंशतः (एकदेश) नाश करना सो निर्जरा है.

(१) यहांपर 'धर्मका' ऐसा कहनेसे स्पष्ट नहिं होता. इसकी जगहँ जीवादि सप्त तत्त्वों अथवा आत्माके स्वरूपको अथवा सच्चे देवशास्त्र गुरुको परीक्षापूर्वक संशय विपर्यय अनध्यवसायरहित यथार्थ जानना सो सम्यग्ज्ञान है. ऐसा समझना चाहिये.

और तीसरा साधन सम्यक्चारित्र अर्थात् निर्दोष, पवित्र आचरण. ये आचरण श्रावक और मुनि इन दोनोंके लिये पृथक् २ कहे गये हैं. श्रावक अर्थात् गृहस्थाश्रमी. इस श्रावक शब्दसे वर्तमानमें 'सरावगी' ऐसा अपभ्रंश हो गया है. हालमें सराफी और व्यापार करनेवाले जैन अधिकतर सरावगी[1] ही हैं. जैनियोंका दूसरा धर्म[2] ओसवाल है. ये लोग बहुधा धान्यकी व्यापार[3] करनेवाले हैं. अस्तु. श्रावकोंके दो वर्ग हैं. एक व्रती अर्थात् कितनेयक नियमित व्रतोंको भलीभांति कठिनाई झेलकर पालनेवाले और दूसरे अव्रती अर्थात् वे व्रत उतनी कठिनतासे न पालनेवाले. व्रती श्रावकके क्रमानुसार ११ सीढ़िया हैं. उन्हें प्रतिमा कहते हैं. प्रथमसे लेकर छठवीं सीढ़ीतक जो पहुंचे वे जघन्यश्रावक. छठवींसे नवमी पर्यन्त मध्यम श्रावक और आगेके उत्कृष्ट श्रावक होते हैं.

श्रावक और मुनि.

श्रावक और मुनि किंवा यति सम्बन्धी नियम अलग २ हैं. इसका अर्थ इतना ही लेना चाहिये कि, मुनियोंको वे नियम कड़ाईके साथ पालना; व श्रावकोंको कोई मर्यादा पर्यन्त पालना. उदाहरणार्थ, ब्रह्मचर्य यह मुनिको सम्पूर्ण रीतिसे पालना चाहिये. और श्रावक अर्थात् गृहस्थी मनुष्योंको कुछ विवक्षित मर्यादातक पालना चाहिये. इसीप्रकार अहिंसा, सुनृत अर्थात् सत्य भाषण, अचौर्य अर्थात् चोरीका निषेध, अपरिग्रह[1] अर्थात् लोभका अभाव, इनके सम्बन्धमें समझना. यतिको मात्र सर्व सङ्गसे अलिप्त ही रहना चाहिये.

अहिंसा तत्त्व.

जैनधर्ममें अहिंसा तत्त्व अत्यन्त श्रेष्ठ माना गया है. बौद्धधर्ममें व अपने ब्राह्मणधर्ममें भी यह तत्त्व है. तथापि जैनियोंने इसे जिस सीमातक पहुंचा दिया है वहांतक अद्यापि कोई भी नहीं गया है. कभी २ तो ये लोग क्षुद्र जीवजंतुओंकी इतनी रक्षा करते हैं कि, उनका वर्तन उपहासंपात्र[2] हो जाता है. किन्हीं २ प्रसंगोंपर मनुष्योंको अनर्थकारकतक हो जाता है. मनुष्योंके प्राणघातक सर्पादि प्राणी हाथमें पड़ जावें

(१) 'सरावगी' कोई जाति नहीं है. श्रावकका अपभ्रंस शब्द है. जैन जाति ८४ प्रकारकी हैं. जैसें खण्डेलवाल, बघेरवाल, जैसवाल, पोरवाल, पद्मावती पोरवार, परवार, पल्लीवार, अग्रवाल इत्यादि. मारवाड़में प्रायः खण्डेलवालोंको कोई २ 'सरावगी' कहते हैं.

(२) यहां धर्म नहिं कहकर 'जाति' ऐसा कहना चाहिये. क्योंकि 'ओसवाल' ८४ जातियोंमेंसे एक जाति है. इनका धर्म प्रायः श्वेताम्बरी साधुवोंका चलाया हुवा है. इस कारण इनको श्वेताम्बरीय कहते हैं.

(३) जैनियोंकी सब जाति ही प्रायः सर्व प्रकारके उत्तम व्यापार करती हैं. हां जिस रोजगारमें जीवोंकी हिंसा और कोई महा आरंभ हो तो ऐसा रोजगार जैन कम करती हैं.

(१) गृहस्थके लिये (श्रावकके लिये) अपरिग्रह व्रत नहिं होता किंतु इसकी जगह परिग्रहपरिमाण व्रत रहता है. अर्थात् धनधान्यादि दश प्रकारकी परिग्रहका आवश्यकतानुसार परिमाण कर लिया जाता है. कालान्तरमें उससे अधिकको आवश्यकता पड़े तो ग्रहण नहिं कर सक्ता.

(२) क्षुद्र जीव, चिंवटी, कीट, मच्छर, खटमल, पीसू वगैरह होते हैं. उनकी अधिक रक्षा करना 'उपहासास्पद है' ऐसा कहना उचित नहीं है. कारण कैसे ही क्षुद्र जीव क्यों न हो अपने सुखकेलिये उनको मारना वा पीड़ा देना सर्वथा अनुचित है. उनका वध नहिं

तो मारने नहीं देते. पैसे देकर उन्हें छुड़ा देते हैं; मत्कुणों (खटमलों) का पींजरापोल बनाके उसमें मोटे ताजे आदमीको पैसे देकर सोनेके लिये भेजते हैं, ऐसा एकबार सुना था परन्तु यह बात झूंट है, ऐसा मेरे एक जैनमित्रने कहा है, कितनेक जैन तो हिंसा अपने हाथसे न होने पावे इसकेलिये अनेक चेष्टा करते हैं इसका एक नमूनेके तौरपर उदाहरण कहता हूं, यह किंचित अत्युक्तिका है; तथापि उससे जैनियोंकी अहिंसाविषयक सावधानी दृष्टिगत हुएविना नहीं रहैगी; गर्मीके दिनोंमें गाय, भैंस वगैरह पशु गर्मीका संताप दूर करनेकेलिये वृक्षोंकी छायामें आरामसे बैठी हुई किसी भाविक जैनीने देखी, तो वह तत्काल ही उन्हें उस छायासे उठा देता है. कारण, पशु छायामें आरामसे बैठेंगे तो वे वहां पेशाब व गोबर करेंगे, और पीछे उस मलमूत्रमें कीड़े उत्पन्न होंगे; वे यत्र तत्र फैलेंगे व अन्तमें धूपके संतापसे मर जावेंगे, इस अपेक्षासे पशुओंको छायामें न बैठने देनेसे जीवोंकी हिंसा अवश्य ही टलेगी. कहिये यह कितनी दूरदर्शिता और कितनी यह भूतदया है! अहिंसातत्त्व पालनेलिये 'ढूंढिये' नामक जैन-शाखाके लोक मलोत्सर्गके समय जो घिनावना कार्य करते हैं, उस वीभत्स व्यापारके वर्णन करनेमें संकोच होता है! किसी भी उत्तम बातकी अनुसंधानता पूर्वक चलनेमें भी मितपना व रीति नीतिका विचार न किया जावे तो विपरीत परिणाम होता है, यह बात इन लोगोंके लक्ष्यमें अभी-तक नहीं आती, ये 'ढूंढिये' लोक ठंडा पानी नहीं पीते; कारण ठंडे पानीमें सजीव प्राणी रहते हैं, अतएव वे भातका मांड किंवा शाकका पानी पीते हैं! परन्तु पानी तप्त करते लक्षावधि जीव उष्णतामें तड़फकर मरजाते हैं. यह उन

करकें अन्यान्य उपायोंसे दूर करना चाहिये. निःसहाय अनाथ क्षुद्रजीव तो दूर ही रहो किंतु सर्प, विच्छु, व्याघ्रसिंहादि हिंस्र जंतुओंको भी मारना सर्वथा अनुचित है. इसके सिवाय अपने एक दो चार हिंस्र जंतुवोंके मारनेसे समस्त जगतके हिंस्र जंतु नष्ट हो सक्ते हैं सो भी तो नहीं है इस कारण उनका वध नहिं करकें अन्यान्य उपायोंसे अपनेको बचा लेना ही सर्वथा योग्य है.

(१) जिस प्रकार खटमलोंके पिंजरापोलकी बात **सर्वथा असत्य है, इसीप्रकार गौ भैसोंको छांहमेंसे उठा देना भी सर्वथा झूंठ** और भिन्न धर्मियोंकी अत्युक्ति मात्र है.

(१) ढूंढिये लोग-स्वेताम्बरी जैनियोंमेंसे निकला हुवा एक छोटासा फिरका है. यह मत कोई २५० वर्षोंसे निकला हुवा जिनमतके शास्त्रोंसे सर्वथा विरुद्ध है. इनके साधु ठंडा पाणी नहिं पीते. बाकी जैनी गृहस्थोंको ठंडा पाणी योग्य वस्त्रसे छानकर एक मुहूर्तपर्यंत पीनेकी सर्वत्र आज्ञा है.

(२) हिंसा ४ प्रकारकी है. १ संकल्पी हिंसा, २ आरंभी हिंसा, ३ उद्यमी हिंसा और ४ विरोधी हिंसा. अपने चित्तसे चाहकर जीवोंको मारना सो तो **'संकल्पी हिंसा'** है. गृहस्थके कूटने, पीसने, रसोई बनाने, बुहारी देने वगेरह आरंभमें यत्नाचारपूर्वक प्रवर्त्तनेपर भी जीवोंकी हिंसा होती है उसको **'आरंभी हिंसा'** कहते हैं. धान्य वगेरह भरने आदि रोजगार करनेमें जो जीवहिंसा होती है उसको **'उद्यमी हिंसा'** कहते हैं और राजालोगोंको प्रजाकी रक्षार्थ देशकी शांतिस्थापनार्थ दुशमनकी फौजसे लड़ाई वगैरहके करनेमें वा विशेष प्रबंध करनेमें जो हिंसा होती है उसको **'विरोधी हिंसा'** कहते हैं. इन चार प्रकारकी हिंसावोंमेंसे गृहस्थ श्रावक केवलमात्र संकल्पी हिंसाका त्याग कर सक्ता है. अन्य तीन प्रकारकी हिंसावोंका गृहस्थोंको यथाशक्ति त्याग करनेका उपदेश है, सो गृहस्थसे जहांतक बनता है समस्त कार्योंमें दया रखकर यत्नाचाररूप प्रव-

लोगोंकी समझमें नहिं आता, यह आश्चर्य है. पानीका एक बूंद लेकर सूक्ष्मदर्शकयंत्रसे देखो तो उसमें कितने असंख्य जीव बिलबिलाते दिखते हैं? पानी गरम करनेसे यह जीव अवश्य ही मरते हैं, परन्तु अहिंसातत्त्व पालनेवाले जैनी ठंडा पानी नहीं पीते. अर्थात् वे अहिंसाके लिये हिंसा करते हैं, ऐसा कहना चाहिये. खाज, क्षय, प्लेग, विषहरी ताप वगैरह रोग जंतुओंके विकारसे उद्भवित होते हैं, ऐसा आजकालके व्याक्टेरियॉ लोजिष्ट (जान्तुशास्त्रज्ञ) पुरुषोंका कहना है, इन रोगोंकी औषधि करना-मानो इन जंतुओंको मारना है. अच्छा, यदि इन जंतुओंको नहीं मारा तो वे मनुष्योंके प्राणोंकी बलि लेते हैं! ऐसे समयमें औषधि न करना मनुष्यके जीवकी कुछ कीमत ही नहीं समझना है.

होते हैं. यत्नाचारसे प्रवर्तते हुए भी जो कुछ हिंसा होती है उस पापको दूर करनेकेलिये गृहस्थको प्रतिदिन देवपूजा, गुरूपास्ति, स्वाध्याय, सयमपालना, यथाशक्ति तप करना, दान देना ये षट्कर्म करनेकी आज्ञा है. तथा प्रति दिन दोनों समय सामायिक (संध्यावंदन) करनेकी आज्ञा है. उसमें दिनभरके पापोंकी संध्यासमय और रात्रिके हिंसादि कर्मोंकी प्रातःकालकी सामायिकमें आलोचनादि करके गृहस्थको हिंसादि पापोंको टालकर पुण्यका भाग अधिक रखनेकी आज्ञा है. सो बहुधा गृहस्थ जो विवेकी हैं. यथाशक्ति इन नियमोंको पालते हैं. इस कारण गृहस्थको यत्नाचारपूर्वक योग्य वस्त्रसे जलको छानकर जीवोंको उसी कूये, बावडी, तालावमें पहुंचाकर गर्म करनेमें हिंसा बहुत थोड़ी होती है. वह भी गृहस्थके तजनेयोग्य संकल्पी हिंसासे बाहर है और गृहस्थके षट्कर्म सामायिकादि करनेसे वह दोष टल जाता है. साधु किसी प्रकारका भी आरंभ वा हिंसाकर्म नहिं करते गृहस्थ अपनेलिये रसोई आदिक जल गर्म करने आदिका आरंभ करता है. मुनि उसीमेंसे जल, भोजन भक्तिपूर्वक देनेसे ग्रहण करते हैं.

प्राणीमात्रपर दया करना यह सामान्यविषय नहीं है सो ठीक है, तो भी अहिंसातत्त्व कोई मर्यादित रीतिसे पाला जाय, तब ही श्रेयस्कर है, नहीं तो वह हास्यास्पद हो जाता है.

निषिद्ध माने हुए पदार्थ.

अहिंसाके कारण जैनियोंमें मांस भक्षण सर्वथा ही वर्ज्य है; इसमें कुछ कहना ही नहीं है, और इसी कारणसे मधु (शहद) व मक्खन भी जैनशास्त्रोंमें निषिद्ध माने गये हैं. मधु मक्खियोंके छत्तेमेंसे निकालनेमें असंख्य मक्खियें प्राण देती हैं. इसलिये मधु निषिद्ध है और मक्खन दहीसे निकलता है व दही जो है सो दूधका विकार है उस दहीमें उत्पन्न हुए अत्यन्त सूक्ष्म जंतुओंके बिलौनेसे मक्खन होता है. ऐसा पदार्थ वेत्ता शास्त्रज्ञोंका मत है. इसलिये मक्खन निषिद्ध ठहरा। परन्तु इस (Fermentation) पद्धतिका अर्थात् जंतु उत्पन्न करके (महुवे आदि पदार्थोंको सड़ाकर) तयार किया हुआ मद्य जैनशास्त्रोंमें निषिद्ध माना हुवा नहीं दिखता, यह बडा आश्चर्य है. (१) किंतु जैनियोंमें मद्यपान निषिद्ध माना हुआ न होने-

(१) 'जैनशास्त्रोंमें मद्यपानका निषेध माना हुवा नहीं दीखता' ऐसा व्याख्यानकारका मत है सो भ्रमात्मक है. ऐसा लिखनेका कारण यह दीखता है कि, जैनशास्त्रोंकी प्राप्तिकी सुलभता न होनेके कारण जैनाचारका कोई भी ग्रन्थ व्याख्यानकारके देखनेमें नहिं आया होगा. यदि जैनोंके श्रावकाचार देखनेमें आते तो ऐसा कदापि व्याख्यानदाता नहिं कहते. यह भिन्नधर्मी विद्वानोंकी भूल है जो जैनियोंके सर्वोत्तम ग्रंथ देखनेसे कोशों भागते हैं. पाठकोंका भ्रम दूर होनेकेलिये मद्यपान निषेधके कुछ प्रमाण नीचें दिये जाते हैं—

जैनधर्ममें गृहस्थी और मुनिके (साधुके) दो प्रकारके

पर भी उनकी जातिमें मद्यपानका प्रचार बिलकुल नहीं है और हिन्दुओंके धर्मशास्त्रमें वह निषिद्ध माना जानेपर भी हम लोगोंमें इसका व्यसन अधिकतासे होता जाता है, यह विरोध भी बड़ी दिल्लगीका है.

शास्त्रोक्त दिनचर्या.

जैनियोंकी शास्त्रोक्त दिनचर्य्या इस प्रकार होना चाहिये. उन्हें प्रातःकाल शीघ्र ही उठना चाहिये. मुख वगैरह धोनेसे पहिले मंत्रका पाठ करना और वह पाठ अंगुलियोंपर गिणना. इष्ट

गुण कहे हैं. एक मूलगुण दूसरे उत्तरगुण. इनमेंसे उत्तरगुण किसीसे धारण नहिं किये जांय तो विशेष हानि नहीं. परन्तु मूलगुण तो गृहस्थी और साधुको अवश्य ही धारन करना चाहिये. गृहस्थीके मूलगुण ८ हैं. साधुके मूलगुण २८ हैं. गृहस्थोंके मूलगुण यथा–

मद्यमांसमधुत्यागैः सहाणुव्रतपञ्चकं ।
अष्टौ मूलगुणानाहुर्गृहिणां श्रमणोत्तमः ॥१॥

समन्तभद्राचार्यकृत रत्नकरंडश्रावकाचारमें.

अर्थ—मद्य मांस और मधु इन तीनोंका त्याग करना और पांच अणुव्रत पालने इस प्रकार गृहस्थीके आठ मूलगुण गणधरोंने कहे हैं.

त्रसहतिपरिहरणार्थं क्षौद्रं पिशितं प्रमादपरिहृतये । मद्यं च वर्जनीयं जिनचरणौ शरमुपयातैः ॥ २ ॥

समन्तभद्राचार्यकृतरत्नकरण्डश्रावकाचारमें.

अर्थ—जिनेश्वरके चरणोंमें शरण होनेवाले मनुष्योंको त्रस जीवोंकी हिंसा टालनेकेलिये मधु और मांसका त्याग करना और प्रमादको दूर करनेकेलिये हिंसाके कारण मद्यका त्याग करना चाहिये.

द्युतमांस सुरावेश्याखेटचौर्यपराङ्गनाः ।
महापापानि सप्तैव व्यसनानि त्यजेद्बुधः ॥३॥

पद्मनन्दपञ्चविंशतिकामें.

अर्थ—जूआखेलना, मांसभक्षण, सुरापान, सिकार खेलना, वेश्यारमन, चौर्य, परस्त्रीरमन ये सात व्यसन महा पाप हैं, अतः इनको छोड देवें.

मद्यं मासं क्षौद्रं पञ्चोदुम्बरफलानि यत्नेन ।
हिंसाव्युपरतिकामैर्मोक्तव्यानि प्रथममेव ॥४॥
मद्यंमोहयतिमनोमोहितचित्तस्तुविस्मरतिधर्मं
विस्मृतधर्मा जीवो हिंसामविशङ्कमाचरति ॥५

अमृतचन्द्रसूरीकृतपुरुषार्थसिद्ध्युपायमें.

अर्थ—मद्य, मांस, मधु और पांच उदुम्बरफल ये सब हिंसाका त्याग करनेवालोंको यत्नपूर्वक सबसे पहिले त्याग करना चाहिये.॥ ४ ॥ मद्य मनको मोहित (विचाररहित उन्मत्त) करता है. और उन्मत्त पुरुष धर्मको भूल जाता है अर्थात् धर्मरहित हो जाता है. धर्मरहित निर्भय स्वच्छंद होकर हिंसाको आचरण करने लग जाता है. इसकारण मद्य सर्वथा तजनेयोग्य है. इसप्रकार आठ मूलगुणका कथन करके कहते हैं कि–

अष्टावनिष्टदुस्तरदुरितायतनान्यमूनिपरिवर्ज्य
जिनधर्मदेशनायाःपात्राणि भवन्ति शुद्धधियः

अर्थ— जो मनुष्य उपर्युक्त आठ पापके स्थानोंको त्याग कर देता है वह ही निर्मल बुद्धिका धारक जिनधर्मके उपदेश पानेका पात्र है. अर्थात् जबतक इन आठ द्रव्योंका त्याग नहिं करे तबतक उस मनुष्यको जिनधर्मका उपदेश नहिं लग सक्ता.

हिंसाऽसत्यस्तेयादब्रह्मपरिग्रहाच्चवादरभेदात् । द्युतान्मासान्मद्याद्विरतिर्गृहिणोऽष्ट सन्त्यमी मूलगुणाः ॥

श्रीजिनसेनाचार्यः

अर्थ—हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्म और परिग्रह इन पांच पापोंका स्थूलपणें त्याग करके जूआ, मांस मद्य ये छोडनें गृहस्थके आठ मूलगूण हैं.

हन्यते येन मर्यादा वल्लरीव दवाग्निना ।
तन्मद्यं न त्रिधा पेयं धर्मकामार्थसूदनम् ॥

अमितगत्याचार्यकृतधर्मपरीक्षामें.

अर्थ—जिस मद्यकेद्वारा दावानलसे लताकी समान लोकमर्यादा नष्ट हो जाती है. ऐसे धर्मअर्थकामको नष्ट करनेवाले मद्यको कदापि नहिं पीना चाहिये.

इत्यादि प्रत्येक श्रावकाचारमें सबसे पहिले हिंसाकी खानि मद्य, मांस, मधु इन तीन अभक्षोंके त्याग करनेका उपदेश है.

देव, गुरुदेव, धर्म और अपने कर्त्तव्यका स्मरण करना; पश्चात् तीर्थंकरोंका ध्यान करना; फिर आज मैं अमुक २ विषयसेवन नहीं करूंगा इसकी प्रतिज्ञा लेना. उदाहरणार्थ, मैं आज इतने भातसे अधिक भात नहीं खाऊंगा, किंवा इतने (सेर भर अथवा दो सेर) पानीकी अपेक्षा अधिक पानी नहीं पिऊंगा, अमुक शाक नहीं खाऊंगा, इतने समयसे अधिक बैठूंगा नहीं. अमुक समयसे अमुक समय तक किसीसे वचनालाप नहीं करूंगा; मौनव्रत धारण करूंगा. ऐसी शपथें लेनेका उद्देश्य यह दिखता है कि, मनुष्यको अपने मनको वशमें रखनेका अभ्यास होवे, इसे आत्मसंयमका पाठही कहना चाहिये. अपने हिन्दू समाजमें भी स्त्रियां चातुर्मासमें चान्द्रायणादि नाना प्रकारके व्रत करतीं हैं, यह व्रत करनेकी चाल पहिले बहुधा इसी स्तुत्य उद्देश्यसे प्रचलित हुई हैं, ऐसा जान पड़ता है. इस आत्मसंयमनकी दृष्टिसे देखनेमें व्रत उत्तम है ऐसा कहना पड़ता है; और आत्मसंयमन जितना स्त्रियोंको उतना ही पुरुषोंको भी हितकर होनेसे स्त्रियोंके समान पुरुषोंको भी व्रत करना चाहिये, इसमें संदेह नहीं. परंतु हमारे भाई व्रत करते हैं तब क्या यह आत्मसंयमनका उद्देश्य यथार्थमें उनके ध्यान व मनमें रहता है? यदि इस विषयमें किसीसे पूछा जावे तो, 'नहीं' यही उत्तर मिलेगा यह निश्चित है, कहनेको तो उपोषण (उपवास) और नानाप्रकारके पदार्थ डकार आनेतक खाना, इसे यदि आत्मसंयमन कहना है, तो इसमें कुछ भी विवाद नहीं है.

भावना अथवा अनुप्रेक्षा.

प्रत्येक जैनीको निम्नलिखित १२ बातें लक्ष्यमें रखना चाहिये ऐसा कहा है. इन्हें बारह भावना अथवा द्वादशानुप्रेक्षा कहते हैं.

(१) इस संसारमें स्थिर कोई नहीं हैं. सब क्षणभंगुर हैं इसे '**अनित्यानुप्रेक्षा**' कहते हैं.

(२) इस संसारमें जीवको किसीका सहारा नहीं है. हम जैसा कर्म करेंगे वैसा फल भोगेंगे, इसे **अशरणानुप्रेक्षा** कहते हैं.

(३) पूर्व जन्मोंमें हमने अनेक दुःख भोगे अब हमें इस दुःखसे छुट्टी पानेकेलिये प्रयत्नशील होना चाहिये यह **संसृति**भावना है.

(४) हम इस संसारमें अकेले ही हैं. यह **एकत्व**भावना है.

(५) संसारमें सम्पूर्ण वस्तुएँ हमसे भिन्न हैं. यह **अन्यत्व**भावना है.

(६) यह शरीर महा अपवित्र है. इसका क्या अभिमान करना? ऐसा मानना यह **अशुचि**भावना है.

(७) जिनके योगोंसे नवीन कर्म उत्पन्न होते हैं ऐसे विचार, उच्चार व आचारोंका चिंतवन करना, यह **आस्रव** भावना है.

(८) नवीन कर्मोंसे आत्मा बद्ध न होने पावे, ऐसे उपायोंकी योजना करना, यह **संवर**भावना है.

(९) बंधे हुए कर्मोंसे छुटकारा पानेके उपायोंकी योजनाका चिन्तवन करना यह **निर्ज्जराभावना** है.

(१०) यह संसार कौन २ द्रव्योंसे बना है व इसके तत्त्व कौन २ हैं? इत्यादि बातोंका विचार करना, यह **लोक-भावना** है.

(११) रत्नत्रय अर्थात् सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्र. इन तीन रत्नोंके अतिरिक्त इतर पदार्थ संसारमें सुलभतासे प्राप्त हो सक्ते हैं. ऐसा समझना, यह **बोधिदुर्लभ-भावना** है.

(१२) रत्नत्रय ही संसारमें **यथार्थसुखदायक** हैं ऐसा मानना. यह **धर्म-भावना** है.

संस्कार अथवा क्रिया.

अपने धर्ममें जिस प्रकार सोलह संस्कारोंका वर्णन है. उसी प्रकार जैनियोंमें ५३ क्रिया हैं, उनमें बालकके केशवाय अर्थात् शिखा रखना, पांचवें वर्षमें उपाध्यायके पास विद्यारंभ कराना, आठवें वर्ष उसे गलेमें यज्ञोपवीत (जनेऊ) पहिराना व ब्रह्मचर्य्यपूर्वक विद्याभ्यास करते रहनेका उपदेश देना–इत्यादि विषय जैसे अपने धर्मशास्त्रोंमें है. वैसे ही जैनशास्त्रोंमें भी हैं, परन्तु हम लोगोंमें जैसे सम्पूर्ण संस्कार नहीं किये जाते मुख्य २ माने जाते हैं, वैसे ही जैनियोंकी भी दशा है; सैकड़ों जैनी तो यज्ञोपवीतका संस्कारतक नहीं करते.

यतिधर्म.

यतिधर्म श्रावकधर्मसे कठिन है, इस धर्ममें नेम धर्मादि बहुत ज्यादा कहे गये हैं, जैनियोंमें मुख्य दो पंथ हैं–१ दिगम्बरीय व २ श्वेताम्बरीय, फिर दिगम्बरीयोंमें बीस पंथी अर्थात् मूर्तिके चरणोंमें केशर लगानेवाले व तेरहपंथी अर्थात् मूर्तिको केशर बिलकुल न लगानेवाले ऐसे दो भेद हैं. श्वेताम्बरीयोंमें भी ढूंढिये, और संवेगी (पीताम्बरी) अर्थात् पीत वस्त्र परिधान करनेवाले ऐसे दो भेद हैं, इनमेंसे श्वेताम्बरीयोंमें पुरुष व स्त्रिय दोनों यतिधर्म ग्रहण करते हैं. दिगम्बरीयोंमें स्त्रियां यति नहीं होतीं (१) प्रत्येक यतिको निम्नांकित दशलाक्षणिक धर्म पालना चाहिये.

खंती मद्दव मुत्ती तव संजमोय बोधव्वे ।
सच्चं सोयमकिंचण च बंभंच जइधम्मो ॥

(१) **खंती**–क्षान्ति व क्षमाधर्म–किसीके द्वारा अपमान पाकर क्रोध न करना.

(२) **मद्दव**–मार्दव–नम्रता धारण करना. गर्व नहीं करना.

(३) **अज्जव** आर्जव–वर्तावमें सरलता रखना दांभिकताका परिहार करना.

(४) **मुत्ति**–मुक्ति–सर्व संगसे अपनी मुक्तता करलेना विरक्त होना.

(५) **तव**–तप–बारह प्रकारके तप कहें हैं उनकी पालना करना.

---

(१) दिगम्बरियोंमें भी स्त्रियोंको साध्वी (अर्जिका) होनेकी आज्ञा है.

(२) हमने जिन २ स्थलोंपर दश धर्मोंका वर्णन देखा है वहां मुक्तिकी जगहँ त्यागधर्म देखा है, परंतु उक्त गाथासे इस विषयमें मतभेद जाना जाता है, कदाचित् श्वेताम्बरसम्प्रदायमें ऐसा माना गया हो.

(६) संजम—संयम—इन्द्रियोंका दमन करना.

(७) सच्चं—सत्य—सदा सत्य भाषण करना.

(८) सोयं—शौच—शरीर और मन पवित्र रखना. अमंगलीक विचारों तकको हृदयमें स्थान न देना.

(९) अकिंचणं—अकिञ्चन—कोई भी पदार्थ ग्रहण नहीं करना. अपने निकट कुछ भी न रखना.

(१०) बंभम्—ब्रह्मचर्य—अर्थात् ब्रह्मचर्य्य धर्मका पालन करना, इसके विषयमें इतनी कठिन आज्ञा है कि, जहांपर एकादि स्त्री बैठी हो वहां यतिको बिलकुल जाने तकका निषेध है.

यतिको क्या करना चाहिये और क्या नहीं.

यतिको भिक्षावृत्तिपर निर्वाह करना पांचों इन्द्रियोंके विषयोंका त्याग करना, एकबार भोजन करना, क्षौर नहीं कराना. काष्ठ पात्रमें भोजन करना. (२) भिक्षा मांगना तो केवल पांचही घर मांगना (३) और वह भी गृहके निमित्त बनी होतो लेना सर्वदा ध्यान व स्वाध्यायमें मग्न रहना; एकाकी (अकेला) नहीं रहना. दश पांच जन मिलकर एक स्थानमें रहना. ग्रीष्मऋतुमें पर्वतोंके शिखरोंपर, शीतकालमें नदियोंके तटपर और पावसकालमें वृक्षोंके नीचे तपश्चर्य्या करना, इनमेंसे अनेक नियम वर्तमानमें कोई पालते नहीं हैं, अपने यहां सन्यासियोंका जो धर्म कहा है, वही बहुतेक जैनशास्त्रोंमें यतियोंको बतलाया है, परंतु

(१) काष्टपात्रमें भोजन करना व काष्टपात्र पास रखना स्वेताम्बरी तथा ढूंढिया साधुवोंकी रीति है. दिगम्बरी साधु जीवोंकी रक्षार्थ मयूरपुच्छकी पीछी और सौचार्थ जलकेलिये कमंडलु रखनेके सिवाय अन्य कोई भी परिग्रह नहीं रखते.

(२) घर २ जाके भिक्षा लाना और फिर अन्यत्र खाना यह भी श्वेताम्बरी पद्धति है, दिगम्बरी साधु गृहस्थके घर परही जाकर पाणिपात्रमें भोजन करते हैं. यथा—

गिरिकन्दरदुर्गेषु ये वसन्ति दिगम्बराः।
पाणिपात्राःपुटाहारास्ते यान्ति परमां गतिं॥१॥

अर्थ—पर्वतकी कंदरामें अथवा गुफावोंमें रहकर ध्यानाध्ययन करना और (दाताके घर जैसा मिले वैसा शुद्ध आहार लेनेके लिये) अपने हाथहीको जिन्होंने पात्र बनाया है और जो अल्प अर्थात् बहुतसे बहुत १६ ग्रासतक आहार लेते हैं ऐसे दिगम्बर मुनि उत्तम गतिको जाते हैं.

(३) पांच घर भिक्षा मांगना और एक जगह संग्रह करके खाना ऐसा साधुवोंकेलिये नहीं समझना. स्वेताम्बरीय साधुलोक (यति ढूंढिये ही) ऐसा करते है. अथवा दिगम्बरियोंमें उत्कृष्ट श्रावकके क्षुल्लक अहल्लक दो भेद हैं उनमेसे क्षुल्लक पंक्तिबंध पांच घरसे भोजन लेकर पांचवे घर बैठकर खा सक्ते हैं और साधु तथा अहल्लक (सर्वोत्तम श्रावक) भोजनके समय मौन साधकर वस्तीमें आते हैं. गृहस्थलोग भोजन तैयार होनेके पश्चात् घरके दरवाजेपर बैठकर साधु अहल्लक आदिकों भोजन देनेके लिये घंटे दो घंटे द्वारापेक्षण करते हैं. दिगम्बरी साधुको देखते ही गृहस्थ नवधाभक्तिपूर्वक आहार ग्रहण करनेकी प्रार्थना करता है. इस प्रकार अहल्लक वा साधु पांच गृहस्थोंके दरवाजेपर जायगे. यदि किसीने नवधाभक्तिपूर्वक नहिं बुलाया तो फिर उस दिन आहार नहिं लेंगे. बनमें जाकर ध्यान स्वाध्यायमें मग्न हो जायगे क्यों कि पांच घरसे छटे घर जानेकी आज्ञा ही नहा हैं. कोई २ साधु 'पहिले ही घरपर भिक्षा मिलैगी तो भोजन करैंगे' इत्यादि अनेक प्रकारकी काठन २ प्रतिज्ञायें करके भी बनसे भोजनार्थ निकलते हैं.

इस शास्त्रोक्त धर्मके अनुसार चलनेवाले हजारों किंवा लाखोंमें एक ही दो पाये जाते हैं. इन्दौरकी तरफ यती लोगोंके घर, द्वार, खेती बाड़ी, व्यापार व्यवहार वगैरे सब कुछ है, अपने लोगोंमें व्याज बट्टालेनेवाले, चोरी करनेवाले, अज्ञ विधवाओंको कुमार्गमें फंसानेवाले, व प्रसंग पड़नेपर नर्मदूतके भी काम करनेवाले सन्यासी जैसे पाये जाते हैं वैसे ही जैनी लोगोंके यति भी सैकड़ों वक्त सर्वथा भ्रष्ट आचरणोंके और यति इस नामके विपरीत वर्ताव करनेवाले पाये जाते हैं। परंतु शास्त्रोंमें जो यतिधर्म कहा गया है वह अत्यन्त उत्कृष्ट है, इसमें कुछ भी शंका नहीं.

यतिधर्म ग्रहण करनेवाली स्त्रियोंका उपयोग.

यतिधर्म ग्रहण करनेवाली स्त्रियोंको भी ये ही नियम पालने चाहिये, शास्त्रोंमें एक बहुत महत्वका और लोकोपयोगी कार्य उनकेलिये दिया गया है. अर्थात् उन्हें श्रावकोंके घर २ जाकर स्त्रियोंमें धर्मशिक्षणका प्रसार करना चाहिये. ऐसी शास्त्रोंकी आज्ञा है. अर्थात् खिस्तीय मिशनमरीखी ही यह संस्था है, परंतु ख्रिस्तीय संस्थाकी अपेक्षा यह अपने लोगोंके बहुत उपयोगकी है, स्त्री शिक्षणका प्रसार स्त्रियोंके ही हाथसे होना चाहिये, परंतु अपने समाजमें प्रत्येक स्त्रीका किसी नियमितवयके पूर्व विवाह करना आवश्यक होनेके कारण स्त्री शिक्षणसरीखे देशोपकारक कार्यको स्त्रियोंकी औरसे कुछ भी सहायता नहीं मिलती. जैनियोंमें (श्वेताम्बर पंथमें) स्त्रियोंको यति दीक्षा लेकर परोपकारी कृत्योंमें जन्म व्यतीत करनेकी आज्ञा है. यह सर्वोत्कृष्ट है इसमें कुछ भी संशय नहीं है; और हिन्दू समाजको इस विषयमें जैनियोंका अनुकरण अवश्य करना चाहिये. ख्रिस्तीय मिशनकी स्त्रियां थोड़े बहुत अंशमें स्त्री शिक्षाका प्रचार अवश्य करती हैं; परंतु उनका परदेशीपन और विशेषतः उनका ख्रिस्तीयधर्म. इस प्रथाको लोकप्रिय करनेके कार्यमें हमेशा बाधक है. इसकेलिये उपाय नहीं है.

जैनी आस्तिक है कि नास्तिक?

जैनी लोग आस्तिकवादी हैं कि, नास्तिकवादी? इस विषयमें बहुतही मत मेद हैं, श्रीशंकराचार्य्यने उन्हें नास्तिक कहा है, पाश्चिमात्य ग्रन्थकार भी उन्हें नास्तिक समझते हैं. परन्तु जैनियोंको नास्तिक कहनेमें थोडीसी भ्रान्ति होती है. ऐसा मुझे जान पड़ता है. जैनी लोग—आत्मा, कर्म और सृष्टिको नित्य मानते हैं, इनका न कोई उत्पन्न करनेवाला है और न नाश करनेवाला है ऐसी उन लोगोंकी समझ है. हम जो कर्म करते हैं उसका फल हमको मिलता है. ईश्वरका उससे अर्थतः भी कुछ सम्बन्ध नहीं है. हम स्तुति करके परमेश्वरको प्रसन्न कर लेवें व ईश्वर हमारी स्तुतिमें भूलकर हमारे कर्मानुसार भला-बुरा फल दिये बिना रह जावेगा, यह कल्पना भी जैनियोंमें नहीं है. ईश्वर सर्वज्ञ, नित्य और मङ्गलस्वरूप है. यह जैनियोंकी मान्य है; परन्तु वह हमारी पूजा व स्तुतिसे प्रसन्न होकर हमपर विशेष कृपा करेगा व न्यायको कांटेको अणुमात्र भी इधर उधर करेगा ऐसा नहीं है. कर्मानुसार

ही फल मिलेगा. यह नियम सदा नित्य है. इसी नियमसे सम्पूर्ण सृष्टिका सूत्र चलता है. इसके बीचमें परमेश्वर कभी नहीं पड़ता. ऐसी जैनियोंकी श्रद्धा है. मनुष्यकी आत्मा रत्नत्रयके साधनसे उन्नतिकी ओर जाते २ निर्वाणतक पहुंचके ईश्वररूप हो जाती है, किंतु ईश्वर सृष्टिका निर्म्माता, शास्ता किंवा संहारकर्ता न होकर अत्यन्त पूर्ण अवस्थाको प्राप्त हुआ आत्मा ही है. ऐसा जैनी मानते हैं. अत एव वह ईश्वरका अस्तित्व नहीं मानते हैं ऐसा नहीं है किंतु, ईश्वरकी कृतिसम्बन्धी विषयमें उनकी व हमारी समझमें कुछ भेद है. इस कारण जैनी नास्तिक हैं. ऐसा निर्बल व्यर्थ अपवाद उन विचारोंपर लगाया गया है. कर्मानुरूप फल प्राप्तिके अनुसार यह संसार चल रहा है. ईश्वरपर इस सम्बन्धी कर्तव्यका भार कुछ भी नहीं आता है ऐसा जैनी लोग कहते है. अतः यदि उन्हें नास्तिक कहोगे तो, -

'न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
'न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥
'नादत्ते कस्यचित्पापं न कस्य सुकृतं विभुः।
' अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥

(श्रीमद्भगवतगीता.)

ऐसा कहनेवाले श्रीकृष्णजीको भी नास्तिकोंमें गणना करना पड़ेगी. आस्तिक व नास्तिक यह शब्द ईश्वरके अस्तित्वसम्बन्धमें व कर्तृत्वसम्बन्धमें न जोड़कर पाणिनीय ऋषिके सूत्रानुसार (परलोकोऽस्तीति मतिर्यस्यास्तीति आस्तिकः, और 'परलोको नास्तिति मतिर्यस्यास्तीति नास्तिकः) श्रद्धा करें तो जैनियोंपर नास्तिकत्वका आरोप नहीं आ सक्ता, कारण जैनी परलोकका अस्तित्व माननेवाले हैं, स्वर्ग नर्क, व मृत्यु इन तीनोंको जैनी लोग मानते हैं, स्वर्ग बारह हैं किंवा सोलह. इस विषयमें दिगम्बर श्वेताम्बर संम्प्रदायोंमें मतभेद है. परंतु परलोकके विषयमें किसी प्रकारकी शंका नहीं है, कर्मानुबंधसे पृथक् २ लोकोंमें भ्रमण करके पुण्य कर्मका पूर्णतया संचय हुआ कि जीव मोक्षपदको प्राप्त होता है ऐसा वह समझते हैं, तब पाणिनीयका अर्थ ग्रहणकरके जैनियोंपर नास्तिकत्व-स्थापित करना नहीं बन सक्ता, 'जिन्हें श्रुति प्रमाण नहीं वे नास्तिक हैं, ऐसा अर्थ यदि ग्रहण करो तो वेशक जैन नास्तिक हैं. ऐसा स्वीकार करना चाहिये. कारण वे वेदोंको प्रमाण नहीं मानते. यह जगत्प्रसिद्ध बात है, परंतु क्रिश्चियन, मुसलमान, बौध व साम्प्रतमें उदय प्राप्त ब्राह्मसमाजादि पंथ तक वेदोंको प्रमाणिक न माननेसे वे भी नास्तिकोंकी कोटिमें आवेंगे! अत एव आस्तिक नास्तिक शब्दोंका कैसा भी अर्थ ग्रहण करके जैनियोंको नास्तिक सिद्ध करते नहीं बनता.

१ अर्थ--परमेश्वर जगतका कर्तृत्व व कर्मको उत्पन्न नहीं करता. इसीप्रकार कर्मोंके फलकी योजना भी नहिं करता, स्वभावसे सब होता है. परमेश्वर किसीका पाप नहीं लेता और न पुण्य लेता है. अज्ञानकेद्वारा ज्ञानपर पड़दा पड़ जानेसे प्राणीमात्र मोहमें फस जाते हैं.

१ परलोक है, ऐसी जिसकी मति है वह आस्तिक और 'परलोक नहीं है' ऐसी जिसकी मति है वह नास्तिक है.

(२) 'पुण्य कर्मका' इसकी जगहं समस्त "शुभाशुभ कर्मोंका नाश हुवा कि"-ऐसा कहना चाहिये-क्यों कि जैनशास्त्रोंमें-कृत्स्नकर्मवियोगलक्षणो मोक्षः' ऐसा मोक्षका लक्षण कहा है.

दो नास्तिक धर्म.

परन्तु एकदृष्टिसे मात्र जैन नास्तिक कहे जाते हैं और ब्राह्मणधर्मी ग्रन्थकार किं वा पाश्चिमात्य लेखक जब २ बौद्धों व जैनियोंको नास्तिक कहते हैं तब २ वे इसी दृष्टिसे देखते होंगे ऐसा जान पड़ता है, वह दृष्टि "ईश्वरपर सृष्टिका कर्तव्य है कि नहीं, यह है, बौद्धोंकी मुआफिक जैन भी 'ईश्वरमें सृष्टिका कर्तव्य है. ऐसा नहीं माननेवाले हैं. पृथ्वीकी पीठपर आज जो प्रसिद्ध २ धर्म हैं उनमें ईश्वरको सृष्टिका कर्त्ता न माननेवाले ये ही दो धर्म हैं, अत एव इन्हें सब लोग नास्तिक कहते हैं तो ठीक ही है, परंतु सृष्टिका कर्त्ता ईश्वर है कि, नहीं यह विषय प्रथमसे ही वादग्रस्त है, शास्त्रज्ञोंका इस विषयमें आजतक एक मत नहीं हुआ, उसके होने तक तो निदान नास्तिक शब्दसे जैनधर्मका वैगुण्य (विगाड़) स्थापित होता है ऐसा कह नहीं सक्ते.

जैनी किसकी पूजा करते हैं.

यदि ईश्वर पूजन अर्चन आदिसे प्रसन्न होकर हमारी मनोकामना पूर्ण नहीं करता, हमारे कर्मानुसार हमें फल मिलता है तो फिर ईश्वरकी पूजा किस लिये करना? और फिर जैनी लक्षावधि रुपये खर्च करके भव्य मान्दिर क्यों बनवाते हैं व मूर्तिकी पूजा क्यों करते हैं? ऐसा प्रश्न साहजिक विचारनेमें उत्पन्न होता है, इसका उत्तर इतना ही है कि, जैन मान्दिरोंमें जो मूर्त्तियां रहती हैं वे परमेश्वरको प्रसन्न करलेनेकेलिये नहीं रहतीं. वे मूर्तियां देवादिकोंकी नहीं तीर्थकरोंकी रहती हैं. जिन महात्मओंने परम वैराग्य धारण करके एकाग्रध्यानके योगसे उन्नतिका मार्ग शोध निकाला व सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चरित्रके योगसे कर्मबंधका नाशकर परमेश्वरसे तादात्म्येकर लिया, उनके ध्यानकी मुद्रा हमें दर्शनोंको मिले व उन सरीखे पवित्र आचरण रखनेकी प्रेरणा हमको होवे एतदर्थ ऐसे महात्माओंकी अर्थात् तीर्थकरोंकी मूर्ति स्थापन करनेकी चाल पड़ी है, सम्पूर्ण जैनमन्दिरोंकी मूर्तियां ध्यानमग्न होतीं हैं, खड्गासन मूर्ति दोनों हाथ लम्बे छुटे हुए व नेत्र अर्धबन्द नासाग्रमें दृष्टी ठहराये होती हैं और पद्मासन मूर्ति बैठे आसनयुक्त पांवमें पांव उलझाये, दोनों हाथोंके पंजे पांवोंके मध्यभागमें जोडे रक्खे व नेत्र अर्धबन्द नासाग्रमें दृष्टि लगाये. ऐसी होती हैं, जो मूर्तियां नग्न रहती हैं वे जैनियोंके दिगम्बरीय सम्प्रदायकी होतीं हैं, श्वेताम्बरीयपंथकी मूर्तियां कोपीन युक्त होती हैं, परन्तु यह कोपीन कपड़ेकी बनाकर पहिनायी हुई नहीं होती है; जिस धातु किंवा पाषाणकी मूर्ति हो, उसीकी अंगपर घड़ी (कोरी) हुई होती है; जैनीलोग इन मूर्तियोंका पूजन हमेशह सवेरे करते हैं, पूजन और भोजन ये दो बातें रात्रिको करना अत्यन्त वर्ज्य हैं, दिगम्बरीय जैन ऊनके कपडे पहिनकर किसीको भी मन्दिरमें जाने नहीं देते. इसी प्रकार चँवर भी मन्दिरमें नहीं आने देते. मूर्तिका पूजन श्रावक अर्थात् गृहस्थाश्रमी करते हैं. मुनि नहीं करते. वे केवल दर्शन और नमस्कार मात्र करते हैं, श्रावकोंकी पूजनविधि प्रायः हम ही लोगोंसरीखी है. अन्तर

(१) अर्थात् आत्मस्वरूपको प्राप्त होकर मोक्षको प्राप्तहो गये ऐसा समझना चाहिये.

केवल इतनाही है कि, दिगम्बरीय जैनी मूर्तिका जल धारासे स्नान नहीं कराते किन्तु गीले कपड़ेसे उसका प्रक्षालन करते हैं; व अक्षत, फूल, धूप, दीप वगैरेहके बदले नारियल चढाते हैं, कुछ समर्पण करना हुआ तो वह मूर्तिके शरीरपर नहीं छोड़ते किन्तु सन्मुख कुछ अन्तरपर छोडते हैं; श्वेताम्बरीयोंमें पूजाकी सम्पूर्ण विधि अपने ही सरीखी है, वे मूर्तिके अंगमें पुष्पादि पहिनाते हैं, केशर लगाना यह पूजनका मुख्य अंग है, शुद्धोदकसे स्नान, पंचामृतस्नानादि अवशेष अंग अपने ही सरीखे हैं.

जैनियोंके मुख्य पंथ

अभीतक जैनधर्मके तत्त्व, उसका तत्त्वज्ञान व आचारके सम्बन्धमें संक्षिप्त परिचय दिया, अब उनमें जो अनेक पंथ हैं, उनके प्रत्येक विषयका थोड़ा २ परिचय देकर पश्चात् बौद्धधर्म व जैनधर्ममें साम्य व भेद कहां २ है वह कहूंगा.

दिगम्बर जैन.

जैनधर्मके दो बडे पंथ दिगम्बर व श्वेताम्बर हैं. इनमेंसे दिगम्बर पंथ प्राचीन सा जँचता है. शंकराचार्यके समकालीन आनन्दगिरिने अपने शंकर विजय ग्रन्थमें इस विषयका उल्लेख किया है, तदतिरिक्त उनके मतसे ही उसकी प्राचीनता दिखाई देती है, दिगम्बरोंकी मूर्ति नग्न रहती हैं व उनके गुरुओंको भी नग्न रहनेकी आज्ञा है; इस बातसे ही उसका प्राचीनत्व व्यक्त होता है, दिगम्बरमूर्तिके अंगपर भूषण वगैरह नहीं होते, वे मूर्तिके नेत्रोंमें माणिक अथवा कांचके टुकड़े नहीं जड़वाते. एक इन्द्रके सिवाय अन्य किसी भी हिन्दू देवताकी मूर्ति मन्दिरमें नहीं रखते; सोलह स्वर्ग मानते हैं; इनके गुरु अपने भक्तोंके हाथसे दिया हुआ अपने हाथमें रखवाकर भोजन करते हैं थालीमें नहीं जीमते.

श्वेताम्बरजैन.

दूसरा पंथ श्वेताम्बर—यह दिगम्बरीपंथके पश्चात् निर्माण किया हुआ जान पड़ता है. इस पंथकी उत्पत्तिके विषयमें दिगम्बर व श्वेताम्बर दोनों जुदी २ कथा कहते हैं. उसमेंसे दिगम्बरपंथकी कथा इसप्रकार है कि,—"उज्जयनीमें चन्द्रगुप्त नामका राजा राज्य करता था. वहां भद्रबाहुस्वामी नामक जैनमुनि फिरते २ भिक्षार्थ आये, उनको एक गृहकेपास पहुंचनेपर एक बालकने कहा कि, 'तुम यहांपर मत रहो, शीघ्र चले जाव; कारण अब यहांपर भीषण दुष्काल पड़नेवाला है. वह १२ वर्षतक रहैगा. फिर तुम्हें कोई भिक्षा नहीं देगा.' भद्रबाहुने अष्टांग निमित्तज्ञानसे सत्य जान करके[१] २४०० शिष्योंमेंसे आधे मुनियोंको वहां रक्खे और अवशेष आधे मुनियोंको लेकर वह दक्षिणकी ओर चले

(१) दीपधूपादि अष्ट द्रव्योंसे सबही दिगम्बरी पूजन करते हैं, जलधारासे स्नान भी कराते हैं. हां! वर्तमानमें कोई २ शुद्ध मार्गी केवल प्रक्षाल करते हैं, परंतु शास्त्रोंकी यह अनुमति नहीं है, कदाचित् आपने ऐसा ही देखा होगा.

अनुवादक.

(१) भद्रबाहूके २४,०० मुनि शिष्य नहीं थे किंतु २४,००० हजार थे. उनको अपने ज्योतिष विचारसे १२ वर्षके अकाल पड़नेका कहकर दक्षिणकी तरफ विहार कर जानेको आदेश दिया परन्तु सब मुनि उनके साथ नहिं गये. आधे अर्थात् १२,००० हजार वहीं रह गये. सो ऐसे दुष्कालमें मुनिधर्म पालनेमें असमर्थ होकर उन्होंने सरल स्वेताम्बरमत चलाया.

गये. यहांपर उस बालकके वचनानुसार यथार्थमें १२ वर्षका दुष्काल पड़कर लोक चटापट मरने लगे. तब भद्रबाहुके १२०० शिष्योंको किसीने भिक्षा नहीं दी, तो उन्हें निरुपाय हो अपनी नग्न स्थिति छोडकर इतर लोगोंके समान वस्त्रधारण कर रोटीपानीका उद्योग करना पड़ा. दुष्कालकी १२ सालें पूरी होनेपर भद्रबाहु वापिस आकर देखते हैं तो अपने शिष्योंको श्वेत वस्त्रग्रहण किये हुए पाया, तब इन्होंने अपना धर्म छोड दिया ऐसा समझकर वे अपने १२०० नग्न शिष्योंके सहित उनसे अलग रहने लगे, श्वेताम्बरियोंके मतसे भद्रबाहुकी मृत्युके पश्चात् ६०९ वर्षमें यह दोनों पंथ अलग हुए. अस्तु. दिगम्बर व श्वेताम्बर इन दोनोंके आचरणोंका भेद ऊपर जगहँ जगहँ दिखलाया ही है. श्वेताम्बरियोंके मन्दिरोंमें हिन्दुओंके तो क्या मुसलमानोंके पीर शरीफतककी मूर्तियां रहती हैं. पूजन करनेको उनके यहां ब्राह्मणका चलन हैं, वे १२ स्वर्ग मानते हैं; उनके गुरु वस्त्रपरिधान करते थाली-पात्रादिकोंमें भोजन करते हैं. वे स्त्रियोंको मोक्ष होना मानते हैं, यज्ञोपवीत नहिं डालते परन्तु पूजनके समय रंगा हुवा सूत व रेशम जनेऊ सरीखा गलेमें डालते हैं. उसे उत्तरासंग कहते हैं.

ढूंढिया जैन. श्वेताम्बरोंमें ही ढूंढिया नामक एक शाखा है. इन लोगोंका उल्लेख ऊपर अनेक जगहँ आया है. इन्हींका मालवामें शेवड़े नाम है. परन्तु ये स्वतः अपनेको साधुमार्गी अथवा मठमार्गी (थानकपंथी) कहते हैं; कारण ये लोक प्रायः मठोंमें रहते हैं. यह पंथ बहुत विचित्र है, ये मूर्ति वगैरह नहीं मानते; अर्थात् इन लोगोंको मन्दिरोंकी आवश्यकता नहीं है. मनोविकारोंका दमन करना यही बड़ा धर्म है, ऐसा वे समझते हैं; और इस धर्मका चिन्तवन यही उसकी मानसपूजा है, तीर्थकरोंके पवित्र आचरणोंका अनुकरण करना ऐसा वह कहते हैं, परन्तु तीर्थकरोंको कुछ विशेष मान देनेकी प्रथा उनमें नहीं है. उनके गुरु शुभ्रवर्णके परन्तु कुछ मैले वस्त्र पहिनते हैं, श्वासोच्छ्वास क्रियामें उष्णश्वाससे वायुकायके जीव न मरें इसलिये मुखपर कपड़ेकी एक पट्टी बांधते हैं व रस्ता चलते पादप्रहारसे जीवजन्तुओंकी प्राणहाणि न होवे इसलिये झाड़नेकेलिये हाथमें एक नर्म-कूच लेकर फिरते हैं, इस कूचको रजोहरण, कहते हैं, इसीके 'कटासन' अथवा 'ओघा' ऐसे भी नाम हैं. ये लोग सारी जिन्दगीमें कभी स्नान नहीं करते; हजामत नहीं कराते; हाथसे केश उखाड़ते हैं. इनका निवास मठोंमें रहता है; इन मठोंको थानक कहते हैं. इस पंथमें शिक्षित लोगोंकी संख्या बहुत ही थोड़ी है, संस्कृत भाषाके जैनधर्मी ग्रन्थोंके समझने योग्य विद्वत्ता शायद एक दोहींके अंगमें होगी; जिन सूत्रोंका गुजरातीमें भाषान्तर हो चुका है उन्हींको घोक २ कर वे अपना निर्वाह करते हैं.

इनमें स्त्रियोंको भी आजन्म ब्रह्मचर्य्यसे रहनेकी आज्ञा है, स्त्रियां भी श्वेत परंतु कुछ मैले कपड़े पहिने व मुखपर पट्टी और हाथमें कूच रखकर द्वार द्वार फिरती हुई नजर आती हैं.

(२) भद्रबाहूके वापिस आनेका उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता. किन्तु वे दक्षिणमें ही श्रवणबेलगुलके पर्वतपर परलोकको प्राप्त हुये ऐसा वहांके शिलालेखोंपरसे विदित होता है.

जातिभेद.

जैन लोग मूलसे जातिभेदके न माननेवाले हैं (१) किसी भी धर्म व जातिके मनुष्यका जैनधर्ममें आना बन सक्ता है. तथापि आज दो अढ़ाई हजार वर्षसे हिन्दू लोगोंके साथ संसर्ग रहनेसे हमारा जाति भेद जैनियोंनें ग्रहणकर लिया है (२) जैनशास्त्रोंमें 'जाति भेदका पालन करो, यह नहीं कहा है, परंतु लोक रूढिसे वह पाला जाता है, 'शास्त्राद्रूढिर्बलीयसी' यह वचन जितना आधुनिक हिन्दुओंको, उतना ही आधुनिक जैनियोंको भी लागू होता है.

---

(१) मनुष्यजातिरेकैव जातिनामोदयोद्भवा।
वृत्तिभेदाहितद्भेदाच्चातुर्विध्यमिहाश्नुते ॥ ४५ ॥
ब्राह्मणा व्रतसंस्कारात्क्षत्रियाः शस्त्रधारणात्।
वणिजोऽर्थार्जनान्न्यायाच्छूद्रान्यग्वृत्तिसंश्रयात् ॥ ४६ ॥

अर्थ—जाति नाम कर्मके उदयसे उत्पन्न हुई मनुष्य जाते एक ही है, परंतु उपजीविकाके (आ जीविकाके) भेदोंसे उसके ४ भेद हैं. व्रत देने व संस्कार करनेके काम करनेवाले ब्राह्मण, शस्त्रधारण करनेवाले क्षत्रिय, न्यायमार्गसे द्रव्योपार्जन करनेवाले वैश्य, और तीनों वर्णोंकी सेवा करनेवाले सूद्र हैं. इस प्रकार चार जाति महापुराणमें कही है:

जातिगोत्रादिकर्माणि शुक्लध्यानस्य हेतवः।
येषु ते स्युस्त्रयो वर्णाः शेषाः शूद्राः प्रकीर्तिताः

अर्थ—शुक्ल ध्यानका कारण उत्तम जाति ही है. उत्तम गोत्र इत्यादि उत्तम कार्य जिसमे है ऐसी ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तीन ही जाति हैं. शेषके वर्णको सूद्र कहेत हैं क्योंकि उनमें उच्चगोत्रत्व उच्चजाति व शुद्धाचरण नहीं होते.

(२) जैनियोंने जातिभेद हिंदुवोंसे लिया है ऐसा नहीं कहना चाहिये किन्तु जैनोंके यहां आदिसे जातिभेद माना गया है. (देखो जिनसेनाचार्यकृत महापुराण)

बौद्धधर्मसे साम्य.

जैनधर्मके विषयमें अभीतक जो कहा गया है उससे उसकी बौद्धधर्मसे बहुत कुछ समानता जान पड़ती है और इतनी ही बातसे जैनधर्म बौद्धधर्मसे निकला, अथवा पहिला दूसरेकी नकल है ऐसा तर्क कई एक पंडितोंने निकाला है. परंतु वह भूलका है, गौतमबुद्धके पहिले तेवीस बुद्ध हो गये व गौतम शाक्य मुनि यह चौवीसवां. इसी प्रकार वर्द्धमान व महावीर इनके भी पहिले तेवीस तीर्थंकर (जिन) हो गये व महावीर चौवीसवें थे. बुद्ध व महावीर दोनों ही काश्यप गोत्री क्षत्रिय थे दोनों ही धर्मोंमें श्रुतिको (वेदको) प्रमाण नहीं मानते व ईश्वरको सृष्टिका कर्तृत्व व चालकत्व नहीं सोंपते; दोनोंहीमें जातिभेद नहीं. दोनोंमें पुरुषोंके बराबर स्त्रियोंका मान है; बौद्धोंके सदृश जैनियोंमें भी श्रावक और यति ऐसे दो वर्ग हैं; दोनोंमें अहिंसातत्त्व प्रधान हैं, बौद्धधर्ममें जैसे बुद्ध, धर्म और संघ इनका त्रिकूट है वैसे जैनियोंमें सम्यग्दर्शन, सम्यक्ज्ञान व सम्यक्चारित्र यह रत्नत्रयी हैं; दोनों धर्मोंको राजाश्रय मिला, और आश्चर्य यह है कि, वह मौर वंशके राजाओंसे ही मिला. बौद्धधर्मका पुरस्कर्त्ता राजा अशोक वैसे ही जैनधर्मका पुरस्कर्त्ता संपदि अर्थात् अशोकका नाती, अशोकका आजा चन्द्रगुप्त यह जैनधर्मी था ऐसा भी कई एकोंका मत है. स्वतः अशोक राजातक मूलमें जैनधर्मी होकर पश्चात् बौद्धधर्मी हुआ ऐसा भी मि. एडवर्ड थॉमस नामके विद्वान पंडितका कहना है. बौद्धधर्मग्रन्थ पाली भाषामें है; वैसे

जैनियोंके अर्धमागधीमें हैं, बौद्धोंने विहार व स्तूप बनवाये व शिलालेख लिखे वैसे जैनियोंने भव्य मन्दिर बनवाये विशालमूर्तियें स्थापित कीं और शिलास्तंभ भी खड़े किये.

दोनोंकी विभिन्नता.

बौद्ध और जैनधर्म इनमें यह साम्य जैसे अनेक बातोंमें स्पष्ट दिखता है, वैसे कुछ थोड़ीसी बातोंमें इन दोनोंमें भिन्नता भी दिखती है. बौद्ध शून्यवादी तो जैन स्याद्वादी हैं, बौद्ध नग्नत्वका निषेध करते; दिगम्बर जैन नग्नताको अंतःशुद्धताकी साक्ष समझते हैं. दोनो धर्मोंमें प्रधान ऐसे अहिंसातत्त्वके विषयमें भी भिन्नता दिखती है. हमारे हाथसे जीवहिंसा न होने पावे इसकेलिये जैनी जितने डरते हैं इतने बौद्ध नहीं डरते. अधिक क्या हर्वार्थ साहिबने अपने Religion of India नामक पुस्तकमें दन्तकथाके आधारसे लिखा है. वह यदि ठीक हो तो स्वतः गौतमबुद्ध सूअरके मांसका यथेच्छ भोजन करनेसे अजीर्ण होकर मरा! यह सुन कर बहुतोंको आश्चर्य होगा. इस दंतकथापर भरोसा न करो तो भी प्रचलित जैन व बौद्ध धर्म इनकी तुलना करनेसे बौद्धधर्मी देशमें मांसाहार अधिकताकेसाथ जारी है यह बातअस्वीकार करते नहीं बनैगी.आप स्वतः हिंसा न करके दूसरेके द्वारा मारेहुए बकरेका मांस खानेमें कुछ हर्ज नहीं है, ऐसे सुभीतेका अहिंसातत्त्व जो बौद्धोंने निकालाथा वह जैनियोंको सर्वथा स्वीकार नहीं. निर्वाण और पाप पुण्यके सम्बन्धमें बौद्धधर्म व जैनधर्ममें अन्तर है. बौद्ध आत्माको नित्य नहीं मानते; जैन मानते हैं. यह आत्मा मायाके भ्रममें पडकर जुदी २ पर्यायोंमें आता है और अन्तमें कर्मबंधोसे मुक्तता पाकर अर्थात् मायाका आवरण दूर कर निर्वाणमें पहुंचता है ऐसी जैनियोंकी श्रद्धा है. निर्वाणआत्माका नाश नहीं किन्तु उसे कर्मबंधसे निर्मुक्तकर अक्षय सुखको प्राप्त करना है: बौद्ध शास्त्रोंमें निर्वाणकी व्याख्या इसप्रकार है.

"न चाभावोऽपि निर्वाणं कुत एवास्य भावना भावाभावविनिर्मुक्तः पदार्थो मोक्षमुच्यते ॥"

इस प्रकारकी है. सारांश बौद्धोंकी दृष्टिसे निर्वाण अर्थात् शून्यता, जैनियोंकी दृष्टिमें निर्वाण सून्यता नहीं यह पहिले बतलाया ही है.

कौन असल व कौन नकल.

जैनधर्म व बौद्ध धर्ममें जो साम्य दिखता है उसपरसे जैनधर्म बौद्धधर्मका अनुकरण है व मूल प्रथमका है अनुकरण पीछेसे हुआ है, ऐसी तर्क कई एक पंडितोंने किया है.एकबार देखने से यह अनुमान ठीक जान पडता है. बौद्धधर्मके सम्बन्धमें अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं; इस धर्मका परिचय सबको होगया है, और तदरिक्त पाश्चात्त्य ग्रन्थकारोंने बौद्धधर्मके इतिहास लिखे हैं; परंतु जैनधर्मके विषयमें अभीतक वैसा कुछ भी नहीं हुआ है. बौद्धधर्म चीन, तिब्बत जापानादि देशोंमें पचलित होनेसे और विशेषकर उसे उन देशोंमें राजाश्रय मिलनेसे उस धर्मके ग्रन्थोंका प्रचार अति शीघ्र हुआ; परंन्तु जैनधर्म साम्प्रत हिन्दुस्थानके बाहर अधिकसा नहीं; और हिंदुस्थानमें भी जिन लोगोंमें वह है वे व्यापार व्यवहारमें व्यापृत होनेसे धर्म ग्रन्थ प्रकाशन सरीखे कृत्यकी तरफ लक्ष देनेकेलिये अवकाश ही नहीं पाते. इस कारण अगणित जैनग्रन्थ

अप्रकाशित पड़े हुए हैं; युरोपियन ग्रन्थकारोंका लक्ष भी अद्यापि इस धर्मकी और इतना खिंचा हुआ नहीं दिखता यह भी इस धर्मविषयमें हम लोगोंके अज्ञानका एक कारण है. हमारे पड़ोसके विषयका परिचय भी हजारों कोसोंके यूरोपियन ग्रन्थकार लिख देवेंगे तब हमें पढ़नेको मिलेगा स्वतः परिचय पानेकी सुधि ही नहीं है। इससे जैनियोंकी समाज जैसी जोरशोरसे उन्नतिमें आना चाहिये वैसी अभीतक नहीं आई. अतएव बौद्धधर्म प्राचीन है अथवा जैनधर्म ? इस प्रश्नके सम्बन्धमें जैसा इकतरफ़ी लोग कहें वैसा ही कानसे सुनकर मान लेनेके सिवाय अन्यमार्ग नहीं था. परन्तु आनन्दका विषय है कि, आजकल जैनी लोगोंमें इतिहाससम्बन्धी जागृति होने लगी है. पिछले जैन परिषद्के अधिवेशनमें जैन ग्रन्थोंका जीर्णोद्धार करनेकेलिये एक बड़े फंडकी स्थापनाका प्रस्ताव हुआ है. प्राचीन मंदिर, मूर्ति, शिलालेख व ग्रन्थोंका मार्मिक परीक्षण व ब्राह्मणधर्म तथा बौद्धधर्मके ग्रन्थोंसे जैन ग्रन्थोंकी तुलना कर देखनेकी सुशिक्षित जैनियोंमें अधिकाधिक चाह दिखने लगी है, उनके प्रयत्नसे जैनधर्मका कालनिर्णय सम्बन्धमें दूसरी ओरके प्रमाण भी आने लगे हैं;

जैनधर्ममें अनास्था.

जैनधर्मकी तरफके प्रमाण.

उनपरसे विचारनेमें बौद्ध धर्मसे किंवा उसके पीछे जैन धर्म निकला है ऐसा नहीं दिखता; किन्तु उलटा जैनधर्म प्रथमका व पीछेसे बौद्धधर्म निकला होगा ऐसा जान पड़ता है. इस सम्बन्धमें हमारे जैनी लेखकोंने निम्नलिखित प्रमाणोंका शोध किया है.

(१) जैनियोंके चौविसवें तीर्थंकर महावीर, गौतमबुद्धके समकालीन थे. प्रोफेसर विद्याभूषण कहते हैं कि, वे बुद्धकी अपेक्षा वयस्क भी थे. मिसेस ऐनी बिझेंट कहती हैं कि, महावीरने ही बुद्धको गुरुउपदेश दिया.

(२) महावीरके शिष्यका नाम गौतमस्वामी व इन्द्रभूति था. वही ज्ञानमार्गमें एक २ सिढ़ी चढ़ा, तब उसे लोग बुद्ध कहने लगे. और इस विषयमें इराणी ग्रन्थका आधार है ऐसा डाक्टर हौग कहते हैं. (Fravardin Yasht-quoted. by Dr. Hoau in the Essay on the Sacred Languaage of the Parsees Bombay. 1862 P. 188

(३) अन्य कितनेकोंका मत है कि, गौतम बुद्ध महावीरका शिष्य नहीं; पिहिताश्रवका था. व पिहिताश्रव यह महावीरके गणधरोंमें मुख्य था.

(४) ललितविस्तर नामक ग्रन्थकी प्रति जो तिब्बतमें उपलब्ध हुई है उसमें गौतमबुद्धका वर्णन करते हुए कहा है कि, बुद्धके वक्षस्थलमें श्रीवत्स, स्वस्तिक, नंद्यावर्त, और बर्धमान ऐसे चार चिह्न थे. इनमेंसे पहिले तीन अर्थात् श्रीवत्स, स्वस्तिक और नंद्यावर्त यह अनुक्रमसे १० वें, ७ वें और ११ वें जैन तीर्थंकरोंके विशिष्ट चिन्ह थे; और अन्तिम वर्धमान यह तो २४ वें तीर्थंकरका नाम था.

(५) कल्पसूत्र, आचाराङ्गसूत्रादि जैनग्रन्थोंमें महावीरको ज्ञातृपुत्र अथवा नातपुत्त कहा हुआ पाया जाता है; ज्ञातृका अपभ्रंश नाडीका अथवा नाटिका बौद्धग्रन्थोंमें मिलता है, जैनियोंका दूसरा प्राचीन नाम निर्ग्रन्थ है. जैनियोंको बौद्धग्रन्थोंमें निग्गंथनत्तपुत्त अर्थात् ज्ञातृका पुत्रका शिष्य निर्ग्रन्थ कहा है, उसी प्रकार नत्तपुत्तका अर्थात् महावीरकी दन्तकथा जैनधर्मकी कई दन्तकथायें डाली हैं; कई टिकाणोंपर श्रावकोंका उल्लेख है. महावग्ग और महापारिनिव्वाणसुत्त इन दो बौद्धग्रन्थोंमें जैनधर्मका उल्लेख है. पार्श्वनाथ अथवा पारसनाथका चातुर्यामधर्म भी कहा है. इसपरसे यह सम्पूर्ण उल्लेख जैनविषयक ही होना चाहिये इसमें कोई सन्देह नहीं होता.

(६) ब्राह्मण ग्रन्थकारोंने व बौद्ध इन दोनों धर्मोंका अपने ग्रन्थोंमें उल्लेख किया है; परंतु एक दूसरेसे निकला ऐसा कहीं भी नहीं कहा, शंकरदिग्विजयमें शंकराचार्यने बौद्धोंसे वाराणसी क्षेत्रमें और उज्जयनीमें जैनियोंसे विवाद किया था ऐसा कहा है, जैन व बौद्धधर्म एक सरीखे होते तो दो बार जुदे २ स्थलोंमें प्रसंगी विवाद करनेकी आवश्यकता नहीं थी, मध्वस्वामीने 'सर्व दर्शन संग्रह' में उस समय प्रचलित दक्षिण प्रान्तके दर्शनोंका विवेचन किया है, उसमें जिसप्रकार बौद्धदर्शन दिया है. उसी प्रकार जैनदर्शन भी लिखा है, 'अद्वैतब्रह्मसिद्धि, नामक ग्रन्थमें बौद्धोंके चार पंथ बतलाये गये हैं. उसमें जैन यह उनमेंका एक था. ऐसा बिल्कुल भी नहीं कहा, वाराहमिहिरने '**शाक्यान् सर्व हितस्य शान्त मनसो नग्नान् ज्निनानां विदुः** अर्थात, बौद्ध लोग शान्त चित्त और सबका कल्याण करनेवाली मूर्तिको भजते हैं और जैन नग्नमूर्तिको. ऐसा कहा है; और बराहमिहिरको जैनधर्मके विषयमें परिचय होना ही चाहिये. कारण उसके साक्षात भाई भद्रबाहु यह जैन थे और ये दोनों एक ही राजाके दरबारमें थे, दोनों ही विद्वान् ज्योतिषी थे. ऐसी दंत कथा कहते हैं कि, उस राजाके पुत्र हुआ तब राजाने बराहमिहिरकृत उसकी जन्मपत्रिका देखी तो उसकी दीर्घ आयुष्यादि बराहमिहिरके वचनोंसे मान्यकर राजाने बड़ा भारी पुत्रोत्सव किया व दरबार भरवाया, उस समय सब सरदार, प्रतिष्ठित, विद्वान व आश्रित एकत्र हुये थे. भद्रबाहु मात्र नहीं आये, यह देख राजाने भद्रबाहुको बुलाकर उनसे

उस दिन दरबारमें न आनेका कारण पूछा तो उन्होंने स्पष्ट रीतिसे कहा कि, आज जन्मोत्सवके दरबारमें आना है व दशदिन पीछे दुःखका समाधान करानेको आना पड़ेगा! दोनों समयके बदले एकदिन ही आपके यहां आनेका मेरा बिचार था. यह भाषण सुनकर राजाको क्रोध आया और उसने भद्रबाहुको कैदमें डाल दिया. परंतु पीछे १० ही दिनमें भद्रबाहुका कहा हुआ अनुभवगोचर हुआ और बराहमिहिरका भविष्य अशुद्ध ठहरा. उस समय राजाने भद्रबाहुको कैदसे मुक्तकर अपने सन्निकट स्थान दिया और बराहमिहिरको निकाल दिया, ऐसी दंतकथा है. सारांश 'जैनी कौन हैं,' यह बराहमिहिर अच्छीतरह जानतेथे. व्यासजीने शारीरिक मीमांसाके दूसरे अध्यायमें बौद्धमत व जैनमतका अलग २ खंडन किया है.

(७) पद्मपुराणमें जैनधर्मके पुरातनत्वको पुष्टीकरण करनेवाली एक कथा ऐसी है:—एकबार सुर और असुरोंमें युद्ध चल रहा था. असुरोंकी जीत होने लगी यह देखकर असुरोंके गुरु शुक्राचार्यकी तपस्या भ्रष्ट करनेके लिये इन्द्रने उसकेपास एक अप्सरा भेजी. उसे देख शुक्राचार्य मोहित हुए. यह अवसर पाकर सुरगुरु बृहस्पतिने उसकी मति और भी अधिक भ्रष्ट करनेकेलिये जैनधर्मका उपदेश किया. ऐसी पौराणिक कथा यद्यपि प्रामाणिक नहीं मानी जा सक्ती; तो भी इसपरसे जैनधर्मके विषयमें लोगोंका सामान्यतः मत किस प्रकारका था वह स्पष्ट जानने योग्य है.

जैनधर्म पहिले. बौद्धधर्म पीछे.

जैनधर्मके प्राचीनत्त्वके सम्बन्धमें जैनग्रन्थकार और भी कई प्रमाण सन्मुख करते हैं. परन्तु यदि उन सबका सांगोपांग बिचार करें तो एक सम्बन्धमें व्याख्यान पूर्ण न हो सकेगा; इसलिये जैनियोंके प्रमाणोंका यहांपर किंचित् नामनिर्देश किया है. परन्तु इतनेपरसे ही जैनधर्म यह बौद्धके पश्चात् प्रस्तुत हुआ होगा ऐसा निश्चित नहीं होता. कोलब्रुकसाहिब सरीखे पंडितोंने भी जैनधर्मका प्राचीनत्व स्वीकार किया है. इतनाही नहीं, किन्तु उलटा बौद्धधर्म जैनधर्मसे निकला हुआ होना चाहिये, ऐसा विधान किया है. मिष्टर एडवर्ड थॉमस् इस विद्वानका भी ऐसाही मत है. अभी निर्दिष्ट किये हुए पंडितने Jainism or the early faith of Asoka नामक ग्रन्थमें इस विषयके जो कितने एक प्रमाण दिये हैं वे सब यदि यहांपर दिये जावें तो बहुत विस्तार हो जावेगा, अतः उनमें से एक दो नमूने यहांपर देता हूं. उसमें कहा है कि, अशोकके प्रपिता चन्द्रगुप्तके समयमें जब बौद्धधर्म कुछ ऊपर सिर निकालने लगा था, तब जैनधर्मके क्षय होनेके चिन्ह दिखने लगे थे. चन्द्रगुप्त स्वतः जैन था.

इस बातको वंशावलीका दृढ़ आधार है. इसके सिवाय चन्द्रगुप्तको १६ स्वप्न हुए थे व उन स्वप्नोंका अर्थ भद्रबाहुने जो किया उसपरसे यह बात स्पष्ट विदित होती है. बुद्धिविलास नामक ग्रन्थमें इन स्वप्नोंका अर्थ दिया है. उसमें कहा है कि,—

चन्द्रगुप्तके स्वप्न.

(१) यह राजा सर्वज्ञान नष्ट होगा. (२) जैनधर्मका क्षय प्रारंभ होगा और इसराजका वंशही भ्रष्ट हो जावेगा. (३) जैनियोंमें नाना पंथ निकलेंगे. (४) आर्य खंडसे जैनज्ञान लुप्तप्राय होवेगा. इ० इ०

इसमें चन्द्रगुप्तका जैनधर्म व अशोकका बौद्धधर्ममें जाना ये दोनों बातें ध्वनित की हैं. चन्द्रगुप्तराजा श्रमण अर्थात् जैन गुरुसे उपदेश लेता था ऐसी मेगस्थनीस (ग्रीक इतिहासकार) की साक्षी है, अबुलफजल नामक फारसी ग्रन्थकारने 'अशोकने काश्मीरमें जैनधर्मका प्रचार किया' ऐसा कहा है. और राजतरङ्गिणी नामक काश्मीरके संस्कृत इतिहासका भी इस विधानको आधार है, उक्त बातें मि० एडवर्ड थॉमस् साहिबने अपने ग्रन्थमें दी हैं. परन्तु ये कहांतक ठीक हैं सो नहीं जान पड़ता. निदान राजतरंगिणीका अन्तिम आधार जो साहिबबहादुरने दिया है, उसपरसे भी उनका अभिप्राय सिद्ध नहीं होता यह मैं कह सक्ता हूं. राजतरङ्गिणीमें अशोकने 'जिनशासनका प्रचार किया' ऐसा कहा है. इस वाक्यके उक्त जिन शब्दपर साहिब बहादुरकी सारी दार मदार दीखती है. परन्तु जिस जगह यह उल्लेख है, उसके पीछेके दशवीस श्लोक पढ़ो तो, वहां चैत्य, विहार आदि केवल बौद्धधर्म सूचक शब्द मिलते हैं. जिनसे कल्हणका उद्देश 'जिनशासन' शब्दसे 'बौद्धधर्म' सूचित करनेका था ऐसा जान पड़ता है. बुद्धको भी 'जिन' ऐसी संज्ञा अमरसिंहसरीखे जैनकोशकारकी दी हुई है. इसके अतिरिक्त राजतरंगिणीलिखित अशोक और प्रसिद्ध बौद्धधर्मी चक्रवर्ती राजा अशोक एकही था. ऐसा कहनेको भी आधार नहीं है.

कलकत्ताके प्रेसीडेन्सी कॉलेजके मुख्य संस्कृताध्यापक और पाली भाषाके पंडित प्रो० सतीशचन्द्र विद्याभूषणका मत इस प्रश्नके सम्बन्धमें पूछा गया था. वे अपने ता० २४ नोवेंबर १९०३ के पत्रमें लिखते हैं कि, अशोक बौद्धधर्म स्वीकार करनेके पूर्व जैनधर्मी था; ऐसा स्पष्टतासे यद्यपि कहीं कहा नहीं हैं तौ भी महावंशनामक बौद्धग्रन्थमें उसकी माता व स्त्रीका जैनियोंसे सम्बन्ध लगता था ऐसा कहा है. अशोक बौद्धधर्म स्वीकार करनेके पहिले अर्थात् अपने बाप बिन्दुसारकी मौजूदगीमें अवंति नगरीका व्हाइसराय व प्रतिनिधि था यह प्रसिद्धही है. अशोककी माता एक श्रेष्ठी (सेठ) की पुत्री थी, और अशोककी स्त्री व सीलोममें बौद्धधर्मका प्रचार करनेको गये हुए महिन्दकी माता अवन्तिके एक श्रेष्ठीकी पुत्री थी. उस समयके श्रेष्ठी अथवा व्यापारी बहुधा जैन थे. इसपरसे अशोक भी जैनधर्मी होगा ऐसा कहनेमें हानि नहीं है.

प्रोफेसर विद्याभूषणका मत.

उपसंहार.

अभीतक जैनियोंसम्बन्धी पाश्चिमात्योंकी व हमारी विचित्र श्रद्धा, उन लोगोंका इतिहास, जैनधर्मके मुख्य २ तत्व, सम्प्रदाय, नीति व आचार, जैनतत्वज्ञान, बौद्धधर्मसे समता व भिन्नता, और जैनधर्मपुरातनत्वविषयक प्रमाण आदि बातोंसम्बन्धी जो विवेचन किया उससे इस धर्ममें सुज्ञोंको आदरणीय जँचने योग्य अनेक बातें हैं ऐसा दीख पड़ेगा. सामान्य लोगोंको भी जैनियोंसे अधिक शिक्षा लेना योग्य है. जैनी लोगोंका भाविकपन श्रद्धा व औदार्य प्रशंसनीय है. उनमें धर्मशिक्षणकी शालयें खोलनेका प्रयत्न चल रहा है, और इस काममें वे लोग केवल मुँहसे बड़बड करनेवाले नहीं हैं. धर्मके लिये जितना चाहिये उतना द्रव्य खर्च करनेको वे तयार हैं, उनकी श्रद्धा दृढ है. अतः उन्हें व्यवहारमें लाभ अधिक होता है इसमें कोई नई बात नहीं है. अहिंसातत्त्व उन्होंनें उपहासास्पद होने योग्य लम्बी[1] मर्यादा तक पहुंचा दिया है, यह बुरा है; तथापि उससे उनमें आस्था कितनी है सो स्पष्ट जानी जाती है, उनकी आस्था, श्रद्धा, औदार्य और धर्मजागृतिको किंचित् नया झुकाव मिलना इष्ट है. संसारमें सुधारणाका जो जंगी जलप्रवाह चल रहा है, उसकी विरुद्ध दिशाको जानेमें बड़ीभारी हानि है; और उसकी अनुकूल दिशामें जाना हितकर होगा, यह तत्व ध्यानमें रखकर हमारे जैनबंधु समाज व धर्म विषयोंको अपनी बुद्धिसे समय २ उन्नति देते जावेंगे तो गतिका मार्ग आजकलके सदृश कुंठित न रहेगा. जैनपरिषदके परिचालकोंने यह तत्व ध्यानमें रखके समाजभरके लोगोंको स्वकर्तव्यसम्बन्धमें जागृति उत्पन्न करनेका प्रारंभ किया है. जैनियोंकी एक समय हिंदुस्थानमें बहुत उन्नतावस्था थी. धर्म, नीति, राजकार्यधुरंधरता, वाङ्मय, समाजोन्नति, आदि बातोंमें उनका समाज इतरजनोंसे बहुत आगे था. प्रत्येक बातोंमें ब्राह्मण व बौद्धोंकी बराबरीके महत्पद उन्होंनें प्राप्त किये थे. संसारमें क्या हो रहा है इस ओर हमारे जैनबंधु लक्ष देकर चलेंगे तो वह महत्पद पुनः प्राप्तकर लेनेमें उन्हें अधिक श्रम नहीं पडेगा. इसी सद्धेतुसे प्रेरित होकर जैन व अमेरिकन लोगोंसे संघट्टन कर आनेके लिये बम्बईके प्रसिद्ध जैनगृहस्थ परलोकवासी मि० वीरचन्द गांधी अमेरिकाको गये थे व वहां उन्होंने जैनधर्मविषयक परिचय करानेका क्रम भी स्थित किया था. अमेरिकामें 'गांधी फिलॉसफिकल सोसायटी' अर्थात् जैनतत्त्वज्ञानका अध्ययन व प्रसार करनेके लिये जो समाज स्थापित हुई वह उन्हींके परिश्रमका फल है. दुर्दैवसे मि. वीरचन्दकी अकाल मृत्यु होनेसे उक्त आरंभ किया हुआ देशकार्य अपूर्ण रह गया है. परंतु उसे पूर्ण करनेको कोई सुशिक्षित जैन तयार होवे तो उसकी कीर्ति चिरायु हो, इसमें सन्देह नहीं है. हिंदुस्थानके लोगोंको अपनी एकदेशीयता छोड़कर अपनी दृष्टिका प्रदेश अधिक विस्तृत करना चाहिये; तबही उनका कल्याण होगा. यह जैनियोंके इतिहाससे सीखने योग्य है. दूसरे विषयकी पूर्ण खोजकर स्वतःकी उ-

[1] ये ठीक नहीं है. देखो टिपणी पृष्ठ ९ की.

सले तुलना कर, अपनेमें जो कुछ न्यूनता हो वह दूसरेके सहाय्यसे पूर्ण कर लेना चाहिये, जबकी 'अपना व पराया बलाबलज्ञान' इस वीसवीं शताब्दिका धर्मशास्त्रसा दिख रहा है, ऐसे समयमें जैन, बौद्ध, खिस्तीय, मुसलमान, आर्यसमाज, ब्रह्मसमाज, आदि सर्व धर्मपंथोंका पारस्परिक परिचय करना कराना व एक दूसरेका अज्ञानतम दूर करना, और नवीन तयार होकर देखनेवाले सामान्य धर्मको (Universal Religion) यथाशक्ति सहायकर मनुष्यजातिके कल्याण करनेके श्रेयका अंशभाक् हो ऐसी प्रार्थना कर मैं इस लेखको पूर्ण करनेकी आज्ञा चाहता हूं.

अनुवादक–नाथूराम प्रेमी.

ॐ

श्रीवीतरागाय नमः

लीजिये ! पढिये ! अपने मित्रोंको भी सुनाइये.

डेढ रुपयेमें ६७ रत्न.

पाठक महाशय! पहिले हमसे ६७ रत्नोंके नाम सुनिये क्यों कि ये रत्न बहुत प्राचीन, प्राणीमात्रको अतिशय हितकारी हैं. इन ६७ रत्नोंकी माला जो महाशय कंठमें धारण करेंगे वे इस लोकमें सुख यशको प्राप्त होकर परभवमें अमित सुखके भागी होंगे.

रत्नोंके नाम.

१ पुण्यपचीसिका कवित्तमय जिसमें स्तुति व उपदेश है, २ शतअष्टोत्तरी जिसमें उत्तमोत्तम सवैया छप्पयछंद और कवित्तोंद्वारा एकसौ तरहके उपदेश दिये गये हैं, ३ द्रव्यसंग्रह शुद्धतापूर्वक मूल कवित्तबंध, जिसमें षट्द्रव्य, नवपदार्थ, पञ्चास्तिकाय रत्नत्रय आदिका वर्णन है, ४ चेतनकर्मचरित्र जिसमें जीव और कर्मोंका युद्ध हुवा है, गुणस्थानोंकी चर्चा व जीव कर्मका वर्णन बहुत ही उत्तम रीतिसे अनेक प्रकारके छंदोंमें है, ५ अक्षरबत्तीसी इसमें ३२ अक्षरोंपर बत्तीस तरहके उपदेश हैं, ६ परमात्मशतक इसका एक २ दोहा लाख २ रुपयोंका है, अनेक दोहे ऐसे हैं कि जिनके अर्थ लगानेमें बडे २ पण्डित सकुचाते हैं. हमने जहांतक बना अर्थ खोल दिये हैं, ७ पूजाष्टक कवित्तोंमें अष्टप्रकारी पूजा), ८ चित्रबंध कविता चित्रोंसहित, ९ प्रश्नोत्तर दोहे इनके अर्थ लगानेमें भी पण्डितोंकी बुद्धि गोते खाने लगती हैं, १० वर्तमान चोवीसी स्तोत्र (कवित्तबंध), ११ वर्तमान वीसी जिनस्तुति, १२ परमात्माकी जयमाल, १३ तीर्थंकर जयमाल, १४ गुरु जयमाल, १५ पार्श्वनाथके छन्द, १६ शिक्षाबन्ध छन्द, १७ परमार्थपदपंक्ति-अनेक प्रकारके पद, १८ गुरुशिष्य प्रश्नोत्तरी, १९ मिथ्यात्वविध्वंशनचतुर्दशी, २० जिनगुणमाला, २१ परमात्मा कड़खा, २२ पञ्चपरमेष्टीका वन्दन, २३ गुणमञ्जरी, २४ लोकक्षेत्रमरजाद, २५ मधुबिन्दुकी चौपई—जिसमें संसारका सब स्वरूप दिखाकर मधुबिन्दुके दृष्टांतमें वैराग्योपदेश दिया गया है, २६ सिद्धचतुर्दशी, २७ निर्वाणकाण्ड भाषा, २८ एकादश गुणस्थानपंथवर्णन, २९ कालाष्टक, ३० उपदेशपचीसी, ३१ नन्दीश्वरजयमाल, ३२ शिवपन्थपचीसी, ३३ बारह भावना, ३४ कर्मबन्धके दश भेद, ३५ सप्तभंगी वाणी, ३६ सुबुद्धिचौवीसी, ३७ अकृत्रिमचैत्यालयकी जयमाला, ३८ पंचरहपात्रोंका भेदवर्णन, ३९ ब्रह्मा ब्रह्म निर्णय, ४० अनित्यपचीसी, ४१ अष्टकर्मकी चौपई, ४२ सुपंथकुपंथपचीसी, ४३ मोहभ्रमाष्टक जिसमें ब्रह्माविष्णुमहेशादि देवोंकी लीला है, ४४ आश्चर्यचतुर्दशी, ४५ रागादिनिर्णयाष्टक, ४६ पुण्यपापजगमूल पचीसी, ४७ बाईस परीसहोंके कवित्त, ४८ मुनिआहारविधि-छियालीसदोषवर्णन, ४९ जिनधर्म पचीसी, ५० अनादिबत्तीसी, ५१ समुद्घातस्वरूप, ५२ मूढाष्टक, ५३ सम्यकपचीसी, ५४ वैराग्यपचीसी, ५५ परमात्माछत्तीसी. ५६ नाटकपचीसी, ५७ उपादान निमित्तसंवाद, ५८ तीर्थंकरजयमाल, ५९ पंचेन्द्रियोंका परस्परसंवाद, ६० ईश्वरनिर्णयपचीसी, ६१ कर्ताअकर्तापचीसी, ६२ दृष्टांतपचीसी, ६३ मनबत्तीसी, ६४ स्वप्नबत्तीसी, ६५ शुकबत्तीसी, ६६ ज्योतिषके कवित्त, ६७ फुटकर कवित्त, पद और ग्रन्थकर्ता नाम—इसप्रकार ६७ ग्रन्थरूपी महामूल्य रत्न हैं.

कहिये! पाठक महाशय कैसे २ उत्तमोत्तम रत्न हैं. इन ही रत्नोंकी भैया भगवतीदासजीने विद्वानोंके कंठमें धारण करने योग्य एक मोहनमाला बनाई (गुंथी) है. जिसका नाम उन्होंने **ब्रह्मविलास** रक्खा है. अनेक महाशय इसे **भगोतीविलास** भी कहते हैं. यह ग्रन्थ दोहे, चौपाई, पद्धरिछन्द. छप्पय, सवैया, कवित्त आदिमें ऐसा उत्तम है कि, इसके प्रत्येक अक्षरसे जिनमतका रहस्य व उत्तमोत्तम उपदेश प्रगट होते हैं. इसको हमने जैनकवि भाई नाथूराम प्रेमीसे शुधवाकर जहांतक हमसे बना शुद्धता पूर्वक छपाकर तैयार किया है. यह ग्रन्थ चिकने कागजोंपर सुन्दर टाइपमें चारोंतरफ बेल लगाकर बहुत ही सुन्दर छपवाया गया है. पृष्ठसंख्या ३०६ है. मूल्य रेशमीन कपड़े और क्याट्रिशकी जिल्द सहित १।।) रु० रक्खा है. वी. पी. में मंगानेसे डांकव्यय ≥) जुदा पड़ैगा. जो महाशय एकसाथ ५ प्रति लेंगे उनको १ प्रति विनामूल्य मिलैगी.

विशेष सुभीता.

पाठक महाशय! हालमें हमने "जैनग्रन्थरत्नाकर" नामका एक बृहत् मासिक पुस्तक निकालना प्रारंभ किया है. जिसमें प्रतिमास जैनमित्र सरीखे (रायल अष्ट पेजी) बडे बडे ८० पृष्ठ अथवा १६ पेजी छोटे छोटे १२० पृष्ठोंका एक अंक (खंड) छपता है. इसके १२ अंकोंका मूल्य डांकव्ययसहित ५) रु. पेशगी भेज देंगे तो यह ब्रह्मविलास ।॥~)। में ही आपके घर पहुंच जायगा. क्योंकि यह जैनग्रन्थरत्नाकरके दो अंकोंमें आया है. इसीप्रकार दश अंकोंमें दूसरे ग्रंथ भी बहुत सस्ते पड़ेंगे.

स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा.

विद्वद्वर्य पं० जयचन्द्रजीकृत मनोहर भाषाटीका और संस्कृत छायासहित.

यह ग्रंथ अतिशय प्राचीन है इसमें बालक, वृद्ध, युवा स्त्री, जैन अजैन सबके पढने सुनने मनन करनेयोग्य निम्नलिखित विषय हैं. परन्तु मुख्यतासे वैराग्यका उपदेश है. प्रथम ही मङ्गलाचरणके पश्चात् १२ भावनाके नाम कहे हैं. फिर १९ गाथामें अनित्यानुप्रेक्षा, ९ गाथामें अशरणानुप्रेक्षा, ४२ गाथामें संसारानुप्रेक्षा-जिसमें चार गतिके दुःख संसारकी विचित्रता, पंचपरावर्त्तनका स्वरूप है ६ गाथामें एकत्वानुप्रेक्षा, ३ गाथामें अन्यत्वानुप्रेक्षा, ५ गाथामें अशुच्यत्वानुप्रेक्षा, ७ गाथामें आस्रवानुप्रेक्षा, ७ गाथामें संवरानुप्रेक्षा, १३ गाथामें निर्जरानुप्रेक्षाका वर्णन है फिर १६८ गाथामें लोकानुप्रेक्षाका वर्णन है. जिसमें-यह लोक अनन्त आकाशमें षट्द्रव्योंका समूह है. पुरुषाकार चौदह राजू ऊंचा घनरूप क्षेत्रफल करनेसे ३४३ राजूका है. जिसमें जीव अजीव द्रव्य भरे हैं. सो प्रथम ही जीवद्रव्यके वर्णनमें अठ्याणवें जीवसमास, पर्याप्त, जीवोंका स्थान, संख्या, अल्पबहुत्व, आयुकायका वर्णन करके अन्य वादियोंके मानेहुये जीवके स्वरूपका खण्डन, अन्तरात्मा, बहिरात्मा, परमात्माका स्वरूप आदिका वर्णन किया है. तत्पश्चात् अजीवका वर्णनहै. जिसमें-पुद्गलद्रव्य, धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाश द्रव्य और कालद्रव्यका वर्णन किया है, द्रव्योंके परस्पर कार्यकारणभाव, अनेकान्तविना कार्यकारण बनते नहीं, कार्यकारण विना द्रव्य काहेका, फिर द्रव्यपर्यायका स्वरूप कहकर समस्त पदार्थोंको जाननेवाले प्रत्यक्ष परोक्षरूप ज्ञानका वर्णन किया है. फिर अनेकांतवस्तुका साधनेवाला श्रुतज्ञान है. श्रुतज्ञानके भेद नय हैं. नय हैं सो वस्तुको अनेक धर्मरूप साधतीं हैं. इसकारण नयोंका स्वरूप कहा है. प्रमाण और नयसे वस्तुको साध मोक्षमार्गका साधन करनेवाले विरले हैं. विषयोंके वशीभूत होनेवाले बहुत हैं इत्यादि कहकर लोकभावनाका कथन पूरा किया है. तत्पश्चात् बोधिदुर्लभभावनाका वर्णन १८ गाथावोंमें किया है जिसमें निगोदसे निकलकर अनेक पर्यायोंका पावना तो कदाचित् सुलभ है परन्तु सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्गका पाना अतिशय दुर्लभ है इत्यादि वर्णन करकें फिर धर्मानुप्रेक्षाका वर्णन १३६ गाथावोंमें किया है. तिनमेंसे ९० गाथावोंमें तो श्रावकाचारका(गृहस्थाचारका) वर्णन है. तिनमेंसे २६ गाथामें अविरत सम्यग्दृष्टिका वर्णन, २ गाथामें दर्शनप्रतिमा, ४१ गाथामें पंचाणुव्रत, तीनगुणव्रत, ४ शिक्षाव्रत इसप्रकार १२ व्रतोंका वर्णन है. फिर २० गाथावोंमें श्रावककी ११ प्रतिमावोंका (११ दरजोंका) स्वरूप है. तत्पश्चात् ४६ गाथावोंमें मुनिधर्मका (यतिधर्मका) वर्णन है. जिसमें रत्नत्रय युक्त मुनि होकर उत्तम क्षमादि दश धर्म पाले तिनका जुदा २ वर्णन है. फिर अहिंसा धर्मकी प्रशंसा करकें धर्मसेवना सो पुण्यफलके अर्थि न सेवना किंतु मोक्षके अर्थ सेवना, शंकादि आठ दूषण धर्ममें नहिं रखना, आठ अंगसहित धर्म सेवना-इत्यादि जुदा २ वर्णन है. फिर धर्मके फलका माहात्म्य वर्णन करकें धर्मानुप्रेक्षा पूर्ण किया है. तत्पश्चात् धर्मानुप्रेक्षाकी चूलिकारूप १२ तपका वर्णन ५१ गाथामें जुदा किया है. इसप्रकार ४९० गाथामें यह ग्रन्थ पूर्ण हुवा है. इस ग्रन्थकी मूल गाथा अतिशय प्रिय और सरल है. तिसपर भी गाथाके नीचे संस्कृतमें पदपदका अनुवाद (छाया) है, फिर वचनिका (भाषाटीका) है. निर्णयसागरकी टाईप और छपाई तो जगत्प्रसिद्ध है. मूल्य रेशमी कपडेकी जिल्दका १॥) रु. कागजकी जिल्दका रु. १।) डांकव्यय जुदा-पडैगा. ये ग्रन्थ बहुतसे छपनेसे पहिले ही विक गये हैं हमारे पास थोडीसी प्रति रहैंगी जिनको चाहिये मँगालेवैं. विलम्ब करैंगे वे पछतावैंगे. पत्ता-पन्नालाल जैन, मैनेजर जैन रत्नाकरकार्यालय पो. गिरगांव, बंबई.

रत्न परीक्षक

जिसमें

चौरासी प्रकार के संगों का वर्णन

जिसको

सर्व साधारण के सुगमता के अर्थ

घासीराम जैनी

सम्पादक जैन गजट ने अनेक पुस्तकों से संग्रहकर

सुदर्शन यंत्रालय मथुरा

में

स्वप्रबंध से मुद्रित कराकर

प्रकाश किया.

RUTAN-PARIK CHUK.

COMPLIED AND PUBLISHED

BY

GHASI RAM JAINY

Editor Jain Gazette

Printed at the

SUDERSHAN PRESS MUTTRA

Price per Copy 4 as. | कीमत ।) डाक महसूल अलग.

प्रथमवार ५०० पुस्तकें

रतन परीक्षक

अर्थात्

चौरासी प्रकार के संगो का वर्णन

(अथ चौरासी संगों के नाम)

हीरा, माणिक, लमनीया, मोती, गोमेदक, पुखराज, मुंगा, पन्ना, नीलम, लालडी, फिरोजा, एमनी, जबरजद, उपल, तुरमली, नरम, सुनेला, धुनेला, कटेला, सितारा, फटिकबिल्लौर, गउदन्ता, तांबडा, लुधीया, मरियम, मकनातीस, सिन्दुरिया, लीली, बैरूज, मरगज, पितोनीया, बांसी, दुरेनजफ, सुलेमानी, आलेमानी, जजेमानी, सिवार, तुरसावा, अहवा, आबरी, लाजवरद, कुदरत, चित्ती, संगेसम, लास, मारवर, दानाफिरंग, कसौटी, दारचना, हकीककुलबहार, हालन, सिजरी, मुबेनजफ, कहरवा, झरना, संगबसरी, दांतला, मकडी, संगीया, गुदडी, कामला, सिफरी, हदीद, हवास, सींगली, टेडी, हकीक, गौरी, सीया, सिमाक, मुसा, पनघन, अमलीया, डूर, तिलीयर, खारा, पायजहर, सिरखडी, जहरमोरा, रवात, सोहन, मक्खी, हजरतयउद, सुरमा, पारस,

(इस प्रकार संग बहुत हैं परन्तु यह ८४ संग जौहरी लोगों में प्रसिद्ध हैं, सब संगों का अंग शीतल होता है लेकिन सोधने से भस्मी करने से अंग बदल जाता है इन चौरासी संगों में से ही पहिले नौ प्रकार के संग नवरत्न कहलाते हैं)

दो० हीरा माणिक लसनियां मोती अरु गोमेद।
पुखराज मुंग पन्ना यथा नीलम यह नव भेद॥

(अब आगे प्रत्येक संग का पृथक २ वर्णन करते हैं)

अथ हीरा विधानम्

॥ चौपाई ॥

दक्षण गोलकुंड के मांही । उत्तम हीरा उपजत तांहीं ॥
आना परना अवर विचारो । बैनानदी आदि मन आरो ॥
पर्वत देस हिमाला होई । उपजत हीरा खानी सोई ॥
कंकरा मिट्टी संगाबिसारी । ले आवत शिक्षा मनजारी ॥
पाय छानती अति जलपावै । कंकर सबज रंग दरसावै ॥
सो निकालमन हर्षित होई । कोराहीरा कहिये सोई ॥
उत्तम गोल कुंडका जानो । अधिक थान अतिनक पछानो ॥
रत्ती एक अधिक सो होई । सो धान रत्ती तक सोई ॥
कपूर कोहनूर जो कहिये । उपजत आहि खान का लहिये ॥

दो० रत्ती दोसि छिआन में । अति उत्तम सो जान ॥
जाके सम दूसर नहीं । निर्मल शुद्ध प्रमान ॥
हैदराबाद नबाब के । जाइ कान को जान ॥
सो भी कछ शोभा धरे । तोले पांच प्रमान ॥
आने परने का सुनो । सो भी उतम होय ॥
रत्ती अधिक विचारिये । सो रत्ती तक सोय ॥

॥ चौपाई ॥

बैनानदी बीच जो होई । उत्तम हीरा निकलत सोई ॥
तोर रुपैया रत्ती जानो । पांच रुपैया तक सो मानो ॥
नई खान अब पैदा होई । केप मुल्क में जानों सोई ॥
पैदा अधिक थान अति जानो । दो हजार रत्ती तक मानो ॥
पैदा अधिक होत अब सोई । रंग जर्द कीमत कम होई ॥
निरदोश दोयरत्ती तक जानो । पांच रुपैयो रत्ती मानो ॥
आगे दसरत्ती तक सोई । कीमत बीस रुपैयाहोई ॥
तोल बीस रत्ती तक जानो । साठ रुपैया रत्ती मानो ॥
चालिस रत्ती तक जो तोल । सौ रुपैया रत्ती मोल ॥

दो० केप मुल्क की खान का । हीरा पीत पिछान ॥
जा प्रकार कीमत बढ़ै । आगे और बिधान ॥
उत्तम हीरा जो कहा । कोरा प्रथम विचार ॥
बने घाट कीमत बढ़ै । सो सब भेद सम्हार ॥
पर्वतिलकड़ी कंवल जहं । तीनों मुख्य विचार ॥
और घाट जिनको कहे । कीमत के अनुसार ॥

॥ चौपाई ॥

पर्वघाट चाहै जब कोई । अंश तोल रहित है सोई ॥
आठ रुपैये रत्ती दीजे । पर्व घाट सुंदर लखलीजे ॥
जो कोउ तिलकड़ि दार बनावें । छे आने तोल ताहि रह जावे ॥
दो० द्वादश नगदी दीजिये । प्रति रत्ती मन धार ॥
मजूरी दे सुंदर सजै । घाट तिलकडीदार ॥

॥ चौपाई ॥

जो को कंवलघाट बनवावै । आने पांच तोल रह जावै ॥
रत्ती बीस रुपैये दीजै । कंवलघाट सुंदर लखि लीजै ॥
जा बिन घाट नेक बिन होई । नामभेद आगे सुन सोई ॥
कुतबी अरु अठ मास विचारो । छे मास पिआला चौरस धारो ॥
अठ मास तुलामी नामा कहिये । गिर्दी सरू सिंघाडा लहिये ॥
त्रिकोण बदामी नामा होई । घाट एकादस आदी सोई ॥
निरदोष घाट कुतबी मन भावै । सवासै रत्ती कीमत पावै ॥
सवाई तोल बढ़ै ज्यों आगै । दूनी कीमत तापर लागै ॥
जो निर्दोष चमक मन भावै । घाट देख कीमत बढ़ जावै ॥
अंग ढंग अरु संग विचारो । चौथा सुंदर रंग निहारो ॥
जामें इह चारों शुभ होई । उत्तम कीमत मानो सोई ॥

(खोटे हीरे की परख)

दो० खोटा पांच प्रकार का । पत्थर जाती सोय ॥

त्यारी में सुंदर सजे । जा बिध हीरा होय ॥

॥ चौपाई ॥

नाम कांसला पत्थर सोई । नर्म तोलमें हलका होई ॥
चमक तेज इसमें कम जानो । जाड़ा हुआ सम हीरे मानो ॥
दूसर नाम तुरमुली कहिये । जरदी माइल मैला लहिये ॥
रेखा में कछु चमक न होई । हासा नाम रूक्ष है सोई ॥
पांणी पुष्क जाहुका जांनो । जड़ा हुआ सम हीरे मानो ॥
तीसर खोट बिलौरी कहिये । चिकनाट तोल में कमती लहिये ॥
लाली जरदी माइल होई । मानो शकल फंग की सोई ॥
ऐसी चमक वज्र में नाहीं । ऐसें कहा ग्रंथ मत माहीं ॥
काच अवर पुखराज बिचारो । त्यारीमें जहखोट सम्हारो ॥
शूद्र जातका हीरा लीजे । खोटा रगड़ परीक्षा कीजे ॥
जेकर रेखा ऊपर आवे । देखत ही खोटा लख पावे ॥

(हीरे की रंगत)

(१) स्वेत (२) सबजी मिश्रित स्वेत (२) कुछ स्वेत कुछ पीत
(४) श्वेत नीलापन लिये हुए (५) श्यांम श्वेत (६)

(हीरा के गुण द्वेश)

चमक तेज निर्मल मन भावे । बिजली वत चमकार दिखावे ॥
सूरज सन्मुख राखे कोई । इंद्र धनुपवत रंगत होई ॥
पानी ऊपर तरता जान । अति उत्तम अति कीमत मान ॥
पांच ऐब आगे सुन सोई । छिद्दा चीर डुग जो होई ॥
कर्क रंगड़ काक पद जान । पांचों अव गुण निंद पिछान ॥
निरदोष वज्र धारण जो करे । निरभय सुख शोभा जस धरे ॥
आगे और परीक्षा कीजे । गर्म दूध वा घृत जल लीजे ॥
हीरा उत्तम तामें पावे । तान काल शीतलता आवे ॥

पांच तत्व जामें सम होई । आगे भेद सुनो अब सोई ॥
पृथिवी अंस अधिक जब जांनो । भारी मोटा ग्रंथिकमानो ॥
जल अंस अधिकता पावे । हीरा निर्मल सुंदर भावे ॥
जब आकाश अंस अति होई । तीक्षणाग्र निर्मल कहु सोई ॥
इंद्र धनुषवत रंग दिखावे । सूर्य तेज विजलीवत भावे ॥
जामें तेज अंश अति जांनो । लाली निर्मल सुंदर मांनो ॥
वात अंशतें सूक्षम होई । तीक्षणाग्र निर्मल कहु सोई ॥
खहुरा चमकदार अति जानो । पांच तत्व का भेद पछांनो ॥
अति उत्तम हीरा सो कहिए । निर्मल शुद्ध श्वेतता लहिऐ ॥
आठ कोंण अथवा छै होई । जल ऊपर तरै परीक्षा सोई ॥
अंधेरी बीच चमकदरसावे । सो अति उत्तम ग्रन्थवतावे ॥
करै परीक्षा धारै कोई । चोर अग्निभय विषहर सोई ॥
भूतादिक दुर्भिक्ष निवारै । बहु विध रक्षा संपत धारै ॥
आगे भेद दोष सुन सोई । भिन्न भिन्न सो वर्णन होई ॥
छिद्रा दोष जाहु में जांनो । चार भेद का सोई पछांनो ॥
लाली गोल चिन्ह जब जाको । विंदू दोष नाम है ताको ॥
एसे दूषण आप लख लहिये । धन अरु धान्य दूरकर कहिये ॥
मध्य पुलाग सुतारा जैसे । आवर्त्त दोष नामा कहु तैसे ॥
नाना विध भयदायक सोई । भ्रमत रहै स्थिरता सब खोई ॥
लाली गोल अधिक जो होई । परिवर्क नाम रोग कर सोई ॥
जोवत लाल यवाकृती कहिए । अती रोग हानी कर लहिए ॥
चीर दोष दहने सुखदाई । वामें निंद ग्रंथ मत गाई ॥
धन आयू हर पीला होई । श्वेत शुद्ध सुख दायक सोई ॥
चीर दोष एसा लख पावे । विन टूटे टूटा दर सावे ॥
त्रास नाम कर कहिए सोई । शस्त्र अग्नि भय दायक होई ॥
चीर दोष फंगवत जाने । छेदा नाम ताहु को मांने ॥
वाहन बंधु नाश कर सोई । कलहा मित्र शत्रु कर होई ॥

मलोन चिन्ह काकपद जैसे । सर्वसनास कर मानो तैसे ॥
जो दल होन टूटे आ होई । जो विन तेज पल धेआ सोई ॥
फूट टूट शृंगागू दिखावे । मध्य मलीन दरिद्रता पावै ॥
रुधिर बिंदुवतछिटक जो होई । शीघ्र विनाश करै फल सोई ॥
जो निरदोष समझ कर ल्यावे । जेवरात में दोष दिखावे ॥
ताको कबहुं न धारन करै । महा निंद त्यागे सुख भरै ॥
तीन कोण कलाहा कर होई । चार कोण भयदायक सोई ॥
पांच कोण मृत्यु कर कहिये । छेइकोण आदि सुख लहिये ॥
नमक हीन सो आपदपावै । जो मलीन सो शोक दिखावै ॥
ऊंचा अरु नीचा जो होई । अति दुख दायक मानो सोई ॥
रंगहीन वा श्याम दिखावे । सो भयदायक खेद जनावे ॥
नीर काक पद छिद्रा जानो । तीनों दोष मृत्यु भय मानो ॥
अष्टांक नाम कोर को गावे । चौरस कुतबी घाट सुहावे ॥
एक कोण टूटा जब होई । सर्वश्व नास कर कहिए सोई ॥
पांच तत्व मिल उत्तपन मांनो । पृथवी अंश अधिकता जानो ॥
वली देहतें उतपन होई । दधीचतें अथवाह कहु सोई ॥
जा प्रकार हीरा जग होई । उत्तम लक्षण धारो सोई ॥
उत्तम हीरा तोला तोल । करोड़ रुपैया ताको मोल ॥

अथ माणिक् विधानम

दो० ब्रह्मा देश अपार है । आभा नगरी जान ॥
पेगू जंगल बीच ही । माणिक खानपछांन ॥

॥ चौपाई ॥

सैलान देश दूसर जो होई । उत्तम माणिक उतपत सोई ॥
शांम देश मशकत जो जानो । कावल अवर हिमालय मानो ॥
जा बिध अवर देस मनधारो । उतपत माणिक तहां विचारो ॥
उंन एक रत्तो ने होई । नौ नाम कहत जग सोई ॥

अधिक एक रत्ती तें जानो । माणिक नाम सोई शुभ मानो ॥
सिंधू रावण गंगा मांही । सिंहल देसी उत्तम ताहीं ॥

॥ माणिक रंगन वर्णन ॥

चार वर्ण माणिक में जानो । छाया षोड़श भेद पछानो ॥
आठ दोश गुण चार विचारो । यह माणिक के रंग सम्हारो ॥
चार वर्ण सो ऐसे जानो । क्षत्री नाम रमानी मानो ॥
सुपेदी सहित सुर्ख मलार । नीम रंग सो विप्र विचार ॥
छाया पीत लाल जो होई । सो कुरु विंद वैश्य है सोई ॥
रंग लाल स्याह फिर जानो । विनोस नाम यह शूद्र पछानो ॥
ऐसे चार वर्ण सब जानो । अब छाया के भेद पछानो ॥
अग्नि अंगार खैखन जानो । अथवा वीर बहोटी मानो ॥
गुंजा अशट नामा होई । सिंदूर पलास पुष्पवत होई ॥
रुधिर कनेर लाखवत जानो । बंधुक पुष्प लोध्र सम मानो ॥
सारस पक्षी कोयल होई । कबूतर चकरा मानो सोई ॥
इतने नेत्रवत भेद पिछान । छाया षोड़स करी प्रमान ॥
आठ दोश आगे सुन सोई । हिना सत्व नामा इक होई ॥
छाया दोय रंग की जानो । बंधु नास फल ताको मानो ॥
दूसर चिरूपत्व सो जान । पंछि पादवत श्याम पछान ॥
ऐसो माणिक धारे कोई । अति हानि कर कहिये सोई ॥
सुपेदी छाइ होत जिसमांही । सो दूधक पशु नाशक ताही ॥
जो टूटे की संका पावे । संभेद नाम भय शास्त्रि दिखावे ॥
सकंग कार जाहु मे होई । कर्कर नामो माणिक सोई ॥
पशु बंध नासक सो जान । भयदायक सुख दूर पछान ॥
असोभन नाम दुग जिस माहीं । अति दुख दायक मानों ताहीं ॥
जामें छिटक नमूवत होई । कोकिल नामो माणिक सोई ॥
धन सुख आयु हरता जान । बदनामी अति रोग पछान ॥

न अरु धोन्य दूर कर सोई । धारन कर माणिक गुण होई ॥
धुरा रंगवत छाया जानों । धूम नाम विजली भय मानों ॥
नव छाया युत मणिक होई । सर्वस्व नाशकर कहिये सोई ॥
दुरंगा होय रंग दरसावे । प्रीति भंगकर गुण प्रघटावे ॥
जो कर्कर सो भुरभुरी दार । कलहाकर गुणताहि विचार ॥
लकीर होय सो चीर कहावे । वा पंछी पद चिन्ह दिखावे ॥
विनास रोग आपद सो करे है । कहे दोष अब गुण सब धर है ॥
ताकर प्रथम परीक्षा करे । निरदोश निश्चय मन धरे ॥

(अथ माणिक परीक्षा)

माणिक एकम तौल मगवावें । सो गुण दूध नीर वा ल्यावें ॥
माणिक बीच ताहुके जानों । दिखावें रंग सो उत्तम मानों ॥
वा चांदी का थाल मगावे । मोती ताके बीच विछावे ॥
माणिक मध्य धरे जब कोई । सब में रंग सो उत्तम होई ॥
अथवा सीसा एक मंगावे । माणिक शीसे मध्य धरावे ॥
प्रभात समे धर सूरज आगे । किर्ण निकस चौगिर्द लागे ॥
छाया देष परीक्षा होई । उत्तम माणिक लीजो सोई ॥
छाया षोडश भेद दिखावे । लाली लाल चुगिर्द छावे ॥
अथवा माणिक लेवे कोई । कमल कलीपर राखो सोई ॥
कमल फूल शीघखिड जावे । सो उत्तम निरदोष कहावे ॥
अंधेरे बीच चमक जो धार । सो उत्तम निरदोष विचार ॥
बाल सूर्य वत आभा होई । सो उत्तम संगृह कर सोई ॥
वंष काति इह नाम कहावे । जंहा होए सुख संपत पावे ॥
शत्रु चोर भय रोग निवारे । जहां एक नवरतन सम्भारे ॥
निरदोष एक माणिक जो होई । और दोष युत मानो सोई ॥
उनको दोष असर नहि करे । उत्तम माणिक जह गुण धरे ॥
जो सिंदूर रंगवत होई । स्यमंतक नाम मणो है सोई ।

अथ फटिक परीक्षा

फटिक माहि पैदा जो जानो। रंग श्याम कीमत कम जांनो॥
सुंदर घाट कद अति होई। रंग चमक विजली वत सोई॥
एसो उत्तम माणिक धारे। निश्चे कर सब दोष निवारे॥
तोल अधिक जिस माणिक मांही। कीमत अधिक होत तिस तांही॥
सुंदर होए चमक नहिं धारे। सो कृत्रिम मन मांहि विचारे॥
जो माणिक विप्रवर्ण का जानो। लाल कमल वत रंग पछांनो॥
मेर अंगारे वत जो होई। विप्र वर्ण का मानो सोई॥
कुंकु बिंद क्षत्री सो जांनो। वीर वहोटी वत सो मानो॥
गुंजा रंग सिंदूर विचारो। वंधूक पुष्प नारंगी धारो॥
अनार दाणे वत रंग होई। क्षत्री वर्ण मान शुभ सोई॥
सौगंधिक वैश्य वर्ण सोजानो। असोक पुष्प साडी वत मानो॥
सौगंधिक लाल कोर पछांन। रंग लाख वत वैश्य प्रमांन॥
नील गंधी नाम शूद्रसो जानो। नील कमल वत रंग पछांनो॥
लोहे के सम रंगित होई। कांती हीन शूद्र है सोई॥

खोटे माणिक वर्णन

उत्तम माणिक जो कहा पद्म राग सो जान॥ अब खोटे वर्णन करो जैसे कृत्रिम मान॥

चौपई॥

पत्थर नाम सेंगली कहिए। कांती हीन किर्मची लहिए॥
सखती में कछु पुष्क पछांनो। जाको माणिक खोटामांनो॥
नर्म नाम पत्थर इक जांन। दूसर खोटा माणिक मांन॥
रंग खुष्क स्याही पर जानो। जरदी लिये तोल कम मांनो॥
नर्मा पत्थर नर्म विचार। माणिक खोटा दोइ प्रकार॥

माणिक कीमत वर्णन

दोहरा

आगे कीमत सो सुनो। माणिक कहा अमोल॥

रत्ती सौ पक्की कहा । तासम लीजो तोल ॥

॥ चौपई ॥

चूनी विश्वे पांच विचारो । रत्ती आना एक सम्हरो ॥
पांच रुपये तक सो होई । आगे दस विश्वे सुनो सोई ॥
त्रै आने रत्ती रो जानो । दस रुपैए तक सो मानो ॥
दश विश्वे सें ऊपर जोई । पंचदश विश्वे तक जो होई ॥
पांच आने सौं रत्ती जानो । रुपैया द्वादस तक सो मानो ॥
चुन्नी रत्ती एक विचारो । कीमत आने आठ मझारो ॥
पंदरा रुपैए तक है सोई । कीमत घाट मथेला होई ॥
आगे घाट तावडा जानो । बारा आने रत्ती मानो ॥
पचास रुपैए रत्ती सोई । जाविध क्रम सें कीमत होई ॥
ज्यों ज्यों बढे सुआई तोल । त्यों त्यों तापर दूना मोल ॥
और भेद आगे इक सोई । उत्तम माणिक सुनिए सोई ॥
संवत वीर विक्रमी कह्यो । सोला से अस्सी तब भयो १६८०
बादशाह दक्षिण दिस जानो । ताने स्योह नाम इक मानो ॥
ताकें पास अमोलक थान । उत्तम माणिक सो पर मान ॥
शाहजहां दिल्ली पत होई । माणिक सुना अमोलक सोई ॥
कर विचार निश्चय मन धारी । माणिक मिलै मोहि इक बारी ॥

॥ दोहरो ॥

॥ शाहजहां दिल्ली पती । बद शाह बल वान ॥
॥ सेना साज समाज लै । ताहि कियो प्रस्थांन ॥
॥ दक्षिन देस अपार है । जीत लियो बल पाय ॥
॥ धन मुख सोभा जीतकै । माणिक लियो छिनाय ॥
॥ शाहजहां मन हर्ष है । ले माणिक बल संग ॥
॥ दिल्ली पुर दाखल भयो । कर कर जंग उमंग ॥

॥ हाथ अंगूठी धारके । परम हर्ष मन पाय ॥
॥ रतन पारखी जेतहो । सो सब लिये बुलाय ॥
॥ कही परीक्षा कीजिए । तोल मोल विस्तार ॥
॥ रतन पारखी सभ मिले । मिले कही संमति धार ॥
॥ रतन पारखी मुख्य इक । राय भगोती दास ॥
॥ श्री मालकौम के वीच ही । तौ उन कियो प्रकास ॥
॥ कही संमती पाय के । चौवी रत्ती तोल ॥
॥ अवर परीक्षा होयगी । माणिक जाहि अमोल ॥
॥ जुदा मुंदरी वीच ही । ताछिन भिंन कराय ॥
॥ चौवी रत्ती सो भयो । विश्वे पांच घटाय ॥
॥ तोल परीक्षा देखके । वादशाह हित जांन ॥
॥ कही हुकम दे ताही छिन । माणिक पूरा मांन ॥
॥ चौवी रत्ती वीच हो । विश्वे पांच प्रमांन ॥
॥ अपना तोल बनाइये । माणिक पूरा जांन ॥
॥ चौवी रत्ती टंक है । एक टंक प्रति जोय ॥
॥ हीन तोल कर दीजिए । माणिक हीन न होय ॥
॥ ताहि तोल कमती भयो । हुकम बात यह जांन ॥
॥ टंक पांच विश्वे घटा । अब तक सोई प्रमान ॥

॥ चौपई ॥

तौ पुनि कीमत जुगत बताई । रजत थाल इक लियो मंगाई
॥ मोती थाल वीच धर वाए । माणिक छोड लाल दरसाए ॥
॥ मोती श्वेत लाल सब जानत । उत्तम माणिक ताहि पछानत ॥
॥ चौवी रत्ती माणिक तोल । करोड रुपैआ ताको मोल ॥
॥ वाद शाह सुन आनंद पायो । ताहि मुंदरी वीच जडायो ॥
॥ तौ पुनिका कल श्वेत मगावे । माणिक उपर ताहि धरावे ॥
॥ कपोत रुधिर का विंदु होई । समांन रंग माणिक शुभ सोई ॥

॥ आपद काल जहुपै आवे । सुरंग रंग माणिक लेजावै ॥
॥ जब सुरंग माणिक में होई । आपद काल दूर कहु सोई ॥
॥ माणिक नेत्रन साथ घसावे । नेत्र रोग निश्चय हट जावे ॥
॥ दृढ माणिक काटे जब कोई । तब नीलम सें काटो सोहोई ॥

इति श्री माणिक विधानम् ॥ २ ॥

॥ अथ लसुनी विधानम ॥

॥ दोहरा ॥

॥ ब्रह्मा देस त्रिचोरीए । सेलांन देस में जान ॥
॥ देस हिमालै होत है । ऊनी जागा मांन ॥

॥ चोपई ॥

॥ पुखराज जहां पैदा जग जानो । उत्तम लसुनी तहां पछांनो ॥
॥ स्याही ऊपर श्वेत पछांनो । रंग वैडनी उत्तम मांनो ॥
॥ मोर कंठ वत उत्तम होई । बांस पत्र वत मांनो सोई ॥
॥ मोर्जार नेत्र वत चमक दिखावे । स्निग्ध तोल निर्मल चमकावे ॥
॥ पांचो गुण आगे सुन सोई । सुगल नाम अति चमकित होई ॥
॥ सुंदर घाट देख मन भावे । धन संतति सुख जस प्रगटावे ॥
॥ जो घन नाम तोल अति जानो । निरोह देह संपत सुख मानो ॥
॥ निर दोष होए अत्यच्छ कहावे । धन सुख शोभा वांछित पावे ॥
॥ रंग ढंग सुंदरता जांने । अभ्यंग नाम शुभ दायक मानें ।
॥ चंद्र कला वत चिन्ह दिखावे । कलिक नाम बहु वृद्धी पावे ॥
॥ पांच दोष आगे सुन सोई । खडुरी कर्कर नामा होई ॥
॥ रूक्ष चमक बिन सो दर सावे । बंधु नास गुण ताको गावे ॥
॥ सर्क नाम दूषित जांनो । कुल नासक दुख दायक मांनो ॥
॥ बिन टूटे संदेह लखावे । त्रास नाम सभ नास करावे ॥
॥ दूसर रंग मध्य में होई । कलंक नाम दुख दायक सोई ॥
॥ मध्य मलीन चमक बिन जांने । देह दोष भय दायक माने ॥

॥ गिगे कान्च सिशु पाल कहावे। इन की खोटी अधिक सुहावे ॥
॥ तोल हीन चमक विन जांने । दूस खोटा फटक पछांने ॥
॥ उत्तम चमक जाहु में होई । दो प्रकार खोटा लख सोई ॥
॥ स्निग्ध लघु कोमलता जांने । सवज रंग की लहर पछांने ॥
॥ उत्तम लसुनी जाविध होई । स्वेत भेद चारो सुन सोई ॥
॥ कणक स्वेत नामा शुभ जांनो । सुवर्ण रंग सवजी पर मांनो ॥
॥ सो चमकारा मध्य दिखावे । धान्न दायक वंद छुडावे ॥
॥ दूसर श्याम श्वेत सो जांनो । जरदी माइल कृश्न पछानो ॥
॥ धूम स्वेत तीसर है सोई । धुर्म रंग दुख दायक होई ॥
॥ हाडि स्वेत चतुर्थ पछानो । छाया श्वेत वद्दल वत मानो ॥
॥ बिना चमक उतम सो नाहीं । ऐसें कहा ग्रंथ मन माहीं ॥
॥ ढाई सूत जाहुमें जानों । उत्तम लसुनी ताहि पछानों ॥
॥ श्वेत लहर नंबू वत होई । सूरत नाम का कहिए सोई ॥
॥ दो या डेढ एक भी जानो । ऐसो सूत चार विध मानो ॥
॥ कणक स्वेत सुंदरता जानो । ढाई सूत युन उत्तम मानो ॥
॥ बहु धन अति संतति सुखदाई । अटल तेजवल सप्रघटाई ॥

इति श्री लसुनी विधानम्

॥ अथ मोती विधानं दोहरा ॥

॥ सर्पसिप्प अरुशिंख यह मुक्ता आठ प्रकार ॥
॥ लिखे आठ विध ग्रंथ में अधिक सिप्प परमांन ॥
॥ खाडी सात समुद्रको मुक्ता उतपत होय ॥
॥ अवस्थान तट सिंधु में वहु विध मानों सोय ॥

॥ चौपाई ॥

॥ प्रथम संगुला दीप विचारो । काहल नाम स्थान मन धारो ॥
॥ मारन लोविसिप्प लिआवै । तिनहूंते मुक्ता फल पावे ॥
॥ सुंदर गोल चमक चिकनाई । अति कीमत उत्तम सुखदाई ॥
॥ चमक हीन वसरे का जांनो । रंगश्वेत सुंदरता मानो ॥

॥ दोहरा ॥

॥ सैलांन जजीरे होत है । जरदी मायल सोय ॥
॥ मगज नांम करकहित है। कीमत कमती होय ॥

॥ चौपई ॥

॥ मसकत का स्याही पर होई । म्यांनि नांम कहि हैं सोई ॥
॥ विरहन का मोती शुभ जानो । सुंदरश्वेत चमक कममानो ॥
॥ जद्दे का चावलिआ कहिए । लंवा रुक्ष चमक विन लहिए ॥
॥ नाम द्वारिका सप्तम होई । स्याही माइल हलका होई ॥
॥ सातों स्थान मुख्य जहां जानो । अवर सिंगुगत अधिक पछांनो
॥ तानो एव जाहु में होई । भिंन भिंन वर्णन सुनसोई ॥
॥ गर्ज नाम दोष इक जांनो । फूट की मानिंद पछांनो ॥
॥ लहर दोष सो दूसर होई । रेखा अति सूखम है सोई ॥
॥ गीडो नाम दोष इक जांना । रेखा चित्र गिर्दि मांनो ॥
॥ चोभा नाम दोष इक होई । ज्यों मसूर कामी तर सोई ॥
॥ कागा वासो दोष पछांनो । श्याम रंग का मोती मांनो ॥
॥ तामेसरी नाम दोष इक होई । ताम्र वर्ण की छाया सोई ॥
॥ सतम चिन्हा दोष विचारो । ऊंचा नीचा भेद सह्मारो ॥

॥ दोहरा ॥

॥ स्वांती मेंसूरजरहे । जितना निर परमन ॥
॥ वदल वूंद के जोग से । मुक्ता आदि पछान ॥
उत्तम सिंहल देस को । श्वेत रंग परिमांन ॥
साफ चमक चिकनाट में । मांनो मोम समान ॥

॥ चौपाई ॥

॥ पार लौकिक लंकादिक मानो । धुवकदार भारा अति जांनो ॥
॥ तांवर परण देस का होई । तांम्र वर्ण का मोती सोई ॥
॥ पारस देशी पीत पछानो । कोवेर देस स्याही पर मांनो ॥
॥ पांडु देस का श्वेत विचारो । फिका चमक हीन मन धारो॥

॥ विराट देस का खहुरा जानो । रंग श्वेत जो भेद पछांनो ॥
॥ रुकमन जात सिप्य इक होई । जैफल सम मुक्ता लख सोई ॥
॥ सुंदर गोल चमक मन भावे । धारन करसभदोष नसावे ॥
॥ चारो वर्ण रंग अनुसार । । पांच तत्व का भेद सम्हार ॥
॥ पृथिवी अंश अधिकता पावे । भारी तोल साफ मन भावे ॥
॥ तेज तत्व जादा जब होई । चमकतेज हलका अति सोई ॥
॥ वात अंश अति कद दिखावे । टूटन का भय शीघ्र जनावे ॥
॥ आकास अंसते हलका होई । चमकस्पर्श में सुंदर सोई ॥
॥ जलका अंश अधिक लख पावे । निर्मल साफ चमक मन भावे
॥ श्वेत रंग जस दायक जानो । पीला अति धन दायक मांनो
॥ मधु वर्ण बुद्धी प्रघटावे । नील वर्ण सौभाग्य दिखावे ॥
॥ चार वर्ण एसें शुभ होई । आठों गुण आगे सुन सोई ॥
॥ सुतारेवत चमकारा मांनो । सुतारत्व नाम मोती शुभ जांनो
॥ सुंदर गोल सु वृत कहावे । दोष रहित स्वछत्व सुहावे ॥
॥ निर्मल मल रहित बखाना । भारी तोल घनत्व पछांना ॥
॥ गंभीर चंद्रवत आभा पावे । सोस्निग्धत्व नाम मन भावे ॥
॥ मनोहर सो सुछाय बखांना । सुंदर साफ स्फुटि तत्वप्रमांना
॥ जा प्रकार आठो शुजांन । धारन कर सुख संतति मान ॥
॥ श्वेत चमक छीवत भासे । किर्ण काच वतकिर्ण प्रकासे ॥
॥ वरीक वेध सुंदरता पावे । सो निर्दोष दोष हर गावे ॥

॥ दोहरा ॥

॥ दस दोष हेक हैं जाहु में । चारों अति बभवान ॥
॥ मध्यम छेद्र बिचाररिऐ। ऐसे भेद पछांन ॥

॥ चोपैई ॥

॥ सिपी को टुगडा दरसावे । शुक्ति लगु दुख कारक गावे ॥
॥ मत्स नेत्र वत चिन्ह जो होई । मीनाक्ष नाम संतत हर सोई ॥

॥ मुगें वत आभा दर सावे ॥ अति रक्त दोष मृत्यू कर गावैं ॥
॥ विना चमक सो जठर पछानो। दरिद्री रोग आपदा मानो ॥
॥ रेखा तीन जु गिर्दे होई । त्रिवृत्त दोष भय दायक सोई ॥
॥ सुख सौभाग्य संपदाह रहे । जाप्रकार निश्चै गुणज रहै ॥
॥ चिपट नाम गोल नही जानो । तिन सूरत वदनामी मानो ॥
॥ त्रिकोण होए सो विश्र कहावे। सुख संपत सोभाग्य नसावे ॥
॥ लंबा सो कृश नाम बखाना । बुद्धि हीन कर गुण पहिचाना॥
॥ टूटा सो कृश पार्श्व कहावे । मन वांछित सब दूर न सावे ॥
॥ ऊन अधिक साफ नहि होई । असोभन दोष रोग कर सोई ॥
॥ जाप्रकार दोष दस जानो । आयू धन सन्तति हरि मानो ॥
॥ कृत्रिम होत भेद सुन सोई। मानो असली माफक होई ॥
॥ ताहि परीक्षा जाविध जानो । प्रभात सूर्यके सनमुखमानो॥

॥ दोहरा ॥

॥ कपडा एक बरीक ले मोती चावल पाय ॥
॥ धीरज कर मरदन करे असली चमक दिखाय ॥
॥ टूटजाय झूठालखो अथवा चमक न होय ॥
॥ जाविध निश्चा कीजिये संगृह करिये सोय ॥

॥ चौपाई ॥

॥ अथवा लूंण मूत्र में पावे । मोती पाय सो गर्म करावे ।
॥ फुनि निकाल मोतीसो लीजे । छिलका धान ताहु मैं दीजे ।
मर्दन करे जिला प्रघटावे । झूठा होय जिला तजिजावे

॥ देहरो ॥

। अथवा मछली पेटमें मोती दूर सराव ॥
॥ गर्म करे जल पयकै । निश्चै प्रघटे आब ॥
॥ कपडे सो मरदन करे । असली चमके सोय ॥
॥ टुट जाय झूठा तऊ । अथवा चमक न होय ॥

॥ लूंण पाय जल संगही । औवे चमक दिखाय ॥
॥ नष्ट होए झूठातझू । एसो मुक्ता भाय ॥
॥ लेमूंके रस बीचही । फाफ दय जब कोय ॥
॥ बेश्रन में सुख होत है । निश्चा मानो सोय ॥

॥ चौपई ॥

॥ साफ सुपेद गोल चिकनाई । चमक छेक छोटा मन भाई ॥
॥ चारों रत्ती दाणा होई । चौपनास रुपैए तक सोई ॥
॥ चित्र आदि छाया जो चार । दर्जे पर कीमत कम जार ॥
॥ म्यांनी मगज नाम जद होई । आने आठ चौकीमत होई ॥
॥ दस रुपैए चौतक जानो । पुरा तनकी कीमत कम जानो ॥
॥ पडदे सातउत्तम पे होई । मगज नाम पांचो सोई ॥
॥ म्यांनी पें दो अथवा तीन । ऐसें पडदे समझ प्रवीन ॥
॥ बनर गरमी सीत विचारो । शीघ्र विगाड होत मन धारो ॥
॥ ईसब गोल मिलाय रखावे । नील वस्त्र में चमक दिखावे ॥
॥ चैत्तर मास वर्ष ऋतु मांही । डुबी मार निकालत तांहीं ॥
॥ सात समन्दर जल के नीचे । रहात सिप्प सो पत्थर बीचे ॥
॥ दोइ मिंट तक जल में आवे।सो सिप्प तक हिर ल्यावे ॥
॥ जाल संग वाले वत सोई । कर्म गतो संग प्रापत होई ॥
॥ क्रांची वंदर घाट विचारो । अति बूका मोती मन धारो ॥
॥ पचास हजार तक ठेका होई। सकार अंगरेजी लेवत सोई ॥
॥ कौर मंडल अल जेनिआ जांनो। सलोन्चप नामा घाट पछानो ॥
॥ मारग रेटा लंका होई । इनका ठेका सुनिए सोई ॥
॥ साडे चार लाख मन धारो । पार्स देस का भिन विचारो ॥
॥ वादशाह पारस को जानो । दोइ लाख तक ठेका मानो ॥
॥ दक्षण वराजलि में होई । मुरशिदा वाद तलाव में सोई ॥
॥ जहांगीर नगर सेत्रा गंज जानो । सिल हट आदि घाट पछांनो ॥

चार रत्ती तक दाणा होई । मटर दाणे सम पीला होई ॥
॥ पुरा तन होए जिला तज जावे । जिलो प्रघट कार यतन बनावे
॥ मुरग और कबूतर होई । आटेसंग खुलावन सोई ॥
॥ पेट चीर कर सो निक सावे । सुंदर आभा चमक दिखावे ॥
॥ बंबै आद ऐसा मत होई । चौ हिसाब पर कीमत होई ॥
॥ विश्वे तोल की रत्ती जानो । चौथी रत्ती टंक पछानो ॥
॥ एकसौ सौ टुकडा होई । सोला बदाम टुकडे के सोई ॥
॥ एक टंक परखो विचारो । तीनसौ तीस जाइ मन धारो ॥
॥ चौ हिसाब के नगमें जानो । नाहि देख भिन्न मन आनो ॥
॥ जाति । उत्तम कीमत होई । चौ हिसाब बिन औरन कोई ॥

॥ इति श्री मोती विधानम् ॥

॥ अथ गोमेद विधानम ॥

॥ दोहरा ॥

॥ गोमेद हिमाले होत है । अर्ब देस की खांन ॥
॥ सिंधु नदी के तीर पर । पैदा अधिक पछांन ॥

॥ चौपई ॥

॥ गोमेद श्वेत या पीत दिखावे । भारी स्निग्ध पुरा तन भावे ॥
॥ कोमल चमक गंभीर पछांन । सो उत्तम गोमेद प्रमान ॥
॥ चारो रंगग्रंथ मत मांही । जरदी माइल सुरखी स्याही ॥
॥ दूसर चिट्टा सुर्ख पछांनो । तीसर जरदी स्याही मानो ॥
॥ चौथी छाया कुडन विचारो । चित्र आदि जह वर्ण सहारो ॥
॥ खोटा कांच फटक का जानो । संग चमक लख भेद पछानो ॥
उत्तम सभ सुख कारक होई । रंग ढंग बिन दुख कर सोई ॥
॥ वज्र माहि गुण दोष विचारे । लासम लोन आदि तज सारे ॥

॥ दोहरा ॥

॥ उत्तम जो गोमेद है । कीमत ताको जान ॥
॥ कंचन दुगना दीजिए । अथवा मुंग प्रमान ॥

॥ चौपई ॥

॥ अथवा कीमत धाट विचारे । कोडी आने आठ सझारे ॥
॥ वीस रुपए कोडी सोई । रंग ढंग शुभ दायक सोई ॥
॥ थोडी चमक तोल कम जानें । पत्थर नर्म निरदोष पछानें ॥
॥ देखतही मन हर्ष दिखावे । सो उत्तम शुभ दायक भावे ॥
॥ यामें ऐव कितने सुन सोई । मकडी जाल वत जाला होई ॥
॥ जिस के भीतर सुई दर सावे । अती निंद निर धनता ल्यावे ॥
॥ करैं परीक्षा उत्तम धारे । धन सुख संनति अधिक विचारे ॥
॥ करि परीक्षा निश्चा होई । संगृहा रत्न करे सभ कोई ॥
॥ कस वट्टी या अग्नी जानो । सांन शब्द सुन निश्चा मानो ॥
॥ सांन शब्द पर नर्म सुनावे । सो उत्तम गोमेद कहावे ॥
॥ नीलम शब्द सुने जब कोई । गज चिंकार वत अतिकर सोई ॥
॥ हीरे का फुनि शब्द विचारे । पवन वेगज्यों अति बल धारे ॥
॥ बंद होय निकस धुंकावे । सांसां सन्न सन्न सुनपावे ॥
॥ जाविध उत्तम शब्द पछाने । कर निश्चा सुख संगृह माने ॥
॥ उत्तम रतन एक जब आवे । सभी रतन का मेल बनावे ॥
॥ ताकर रतन परीक्षा धारे । गृंथ मिनो गुण दोषविचारे ॥
॥ विन विचार संगृह नरक रहे । सुख शोभा तज आपद धरहे ॥

इति श्री गोमेद विधानं ।

॥ अथ पुखराजि विधा नम

॥ दोहरा ॥

॥ पुखराज होत नीलमजहां । माणीक तहां विचार ॥
॥ अभ्रक कोला संग है । हिम गिर सिखर सम्हार ॥

॥ चौपई ॥

॥ प्रभात सूर्य वतआभा जानो । या सुवर्ण कुंदन वत मानो ॥
॥ गुरु देव पीला रंग भावे । उत्तम छाया पीत दिखावे ॥

॥ कौरंड नाम कर कहिए सोई । सामान्य श्वेतछाया संग होई ॥
॥ छाया लाल कषाय कहावे । इंद्र नील सो कृश्न दिखावे ॥
॥ चार वर्ण की छाया जानो । पद्म राग वहु रंग पछांनो ॥
॥ कीमत अरु गुण दोष विचारो । लसुनी के समस भी सम्हारो ॥
॥ उत्तम छाया पीत दिखावे । निर दोष धार मन वांछित पावे ॥
॥ वंध्या पुत्र वती धन मानो । जस आयू सुख संतति जानो ॥
॥ छिटक चीर अरु त्रास दिखावे । रंग विरंग रूक्षता पावे ॥
॥ चमक हीन विन सूरत होई । अति दुख दायक त्यागो सोई ॥
॥ विलोर चमक वत श्वेत दिखावे । वज्र घाट वत आभा पावे ॥
॥ उत्तम घाट तांबड़ा होई । अठ आने रत्ती कीमत सोई ॥
॥ सात रूपेए तक यों जानो । आगे खोटा भेद पछानो ॥

॥ दोहरा ॥

॥ इस के खोटे चार हैं । पत्थर जाती सोय ॥
॥ भिन भिन वर्णन करों । कीमत कमती होय ॥

॥ चौपई ॥

॥ कर्केतक नाम जर्द है सोई । खोटा सुंदर ना सम होई ॥
॥ दूसर जर्द सुनहला जानो । तीसर टोडा नाम पछानो ॥
॥ विरूज नाम भी ताको कहै । रंग ढंग सम खोटा लहै ॥
॥ पुखराज नर्म कच्चा जो होई । चौथा खोट बनावत सोई ॥
॥ करे परीक्षा उत्तम धारे । सुखकारन कीमत ग्रंथ विचारे ॥
॥ पर्व घाट इक कौडी जानो । कीमत आने आठ पछानो ॥
॥ दस रूपेए तक है सोई । कौडी ऊपर कीमत होई ॥

॥ इति श्री पुखराज विधांनं ॥

॥ अथ मूंगा विधानम ॥

चौपई

॥ क्षारसमुंदर बीच विचारो । उत्तपन मूंगा सोई सम्हारो ॥

॥ पश्चम तूंनस सहर अपार । दरआउो बीच मूंगा मन धार ॥
॥ फिरंगस्तान तर्फ सो जांनो । सदांननगृ के पास पछानो ॥

॥ दोहरा ॥

॥ अत्तर हिमाले देसमें । उत्त पत मूंगा जांन ॥
॥ मान सरोवर आदि में । गहरा रंग पछांन ॥

॥ चौपई ॥

॥ जलई में जड निकलत सोई । सावावत आछादित होई ॥
॥ छूरी मार काट कर ल्यावे । बाहिर पत्थर तोल दिखावे ॥
॥ ससा नेत्र वत लाल दिखावे । सुंदर कोमल स्निग्ध सुहावे ॥
॥ वेधन में सुख नरम विचारो । विप्र वर्ण मूंगा मन धारो ॥
॥ सिंदूर अनार पुष्पवत जोई । कनेर रंगवत चमकत सोई ॥
॥ वेधन में अति कठिन दिखावे । सो मूंगा क्षत्री लख पावे ॥
॥ पलास पाटली पुष्प विचारो । स्निग्ध चमक विनवैश्य उम्हारो ॥
॥ लाल कमल वत चमकत होई । क्षुद्र वर्ण का मानो सोई ॥
॥ थोडे दिन तक चमक रखावे । शूद्र नाम मूंगा लख पावे ॥
॥ उत्तम लाल रंग मन धारे । सुंदर कोमल स्निग्ध विचारे ॥
॥ अथवा रंग गुलाबी माने । सो उत्तम मूंगा शुभ जांने ॥
॥ निर दोष होए धारे नर सोई । धन अरु धान्य वृद्धि कर होई ॥
॥ रंग ढंग बिन खहुरा जानें । सो आपद का कारण माने ॥
॥ दूसर रंग छिटक वत होई । त्रास काक पद तजिए सोई ॥
॥ कामल सुंदर रंग विचारे । सो उत्तम विंव रोग निवारे ॥
॥ स्याह रंग मूंगा जो होई । हकीकुलवहर नाम कहु सोई ॥
॥ तसवी सुंदर ताहि बनावे । मूले छत्रनादि मन वांछित पावे ॥
॥ कीटी आदि दोष जो होई । बिना रंग खहुरा लख सोई ॥
॥ विन सूरत मूंगा शुभ नाई । ऐसें कहा ग्रंथ मत माई ॥
॥ वज्र समान दोष गुण जांने । उत्तम लख उत्तम गुणमांने ॥

॥ दोहरा ॥

॥ नव रतन बीच मूंगा कहा । साखा वत पर मांन ॥
॥ अग्न बीच निर्धूम है । ताकर रतन पछांन ॥

॥ चौपई ॥

॥ जैसे जिला उौरपे आवे । तेसे जिला मूंग प्रघटावे ॥
॥ पत्थर जात जिला ज्यो होई । लकडी सांन पर उत्तम सोई ॥
॥ त्योंहि जिला मूंगे को आवे । ताकारन यह संग कहावे ॥
॥ उत्तम सांन अर्क की जानो । अथवा सिंवल अंव पछांनो ॥
॥ इनकी सुंदर सांन वनावे । जिला चमक विजली वन आवे ॥
॥ जो को मूंगा धारन करे । रुधिर दोष आदि सब हरे ॥
॥ हाथीदांत का खोटा होई । जिला तोल में सुंदर सोई ॥
॥ लाख काठ अरु संख विचारो । इनका खोटा मुगं सम्हारो ॥
॥ जिला तोलमें कमतो सोई । रगड परीक्षा सभ की होई ॥
॥ तोला आने आठ विचारो । पचास रुपेए तक मन धारो ॥
॥ ज्यों ज्यों तोल मोल वढ जावे । रंग ढंग लख कीमत पावे ॥

॥ दोहरा ॥

॥ नव रतन बीच यह जानिए । मूंगा मोती दोय ॥
॥ घसने में जलदी दऊ । आवी संज्ञा होय ॥

॥ इति श्री मूंगा विधानं ॥

॥ अथ पन्नो विधानम् ॥

॥ दोहरा ॥

॥ पन्ना अव आगे सुनो । सवजा मर्कत सोय ॥
॥ तुर्किस्तांन समुद्र तट । खांन ताहुकी होय ॥

॥ चौपई ॥

॥ सवजा सवज रंग मन भावे । धांन साखवत जरदी पावे ॥
॥ तोते के गत वत जो होई । पीठ ठना ते की शुभ सोई ॥
॥ मोर पंख वत रंग दिखावे । हलका तोल गंभीर सुहावे ॥

॥ चमका चौकनीयां में होई । मध्य चमक विजली वत सोई ॥
॥ सूर्य किरण से किरण दिखावे । मर्कत महो नाम सो पावे ॥
॥ छाया आठ पांच गुण जानो । वर्ण चार सत दोष पछांनो ॥
॥ होए रूक्षता रोग दिखावे । एक तर्फ तें पीत लखावे ॥
॥ विसफोट नांम करके सो जानो । शास्त्र संगमृत्यु भय मांनो ॥
॥ पत्थर संग दिखावे जवही । अव लाखा दूर करे सो तवही ॥
॥ मलीन होय विछाय कहावे । करे रोग सुख दूर वहावे ॥
॥ अन रंग पूराजिस मांहीं । सोकर्करकुल नासक तांहीं ॥
॥ विन सूरत कांती नहि होई । जठर नांम कर कहिए सोई ॥
॥ दंति जीवका भय प्रघटावे । ओर नेक विष दोष दिषावे ॥
॥ कृष्न वर्णका विंदू होई । मृत्यू कार कहिए सोई ॥
॥ सात दोष यह शास्त्र दिखाए । आगे गुण पांचों मन भाए ॥

॥ दोहरा ॥

॥ निर्मल ल गुरत्व है । स्निग्धत्व तिन पह नांम ॥
॥ अर्जसकत्व सुरंगत्व है । पांचों गुण परमांन ॥

॥ चौपई ॥

॥ गुण संयुत पन्ना जो होई । पाप नास कर कहिए सोई ॥
॥ सर्प आदि विषरोग निवारे । धनधान्य वृद्धि कुलजय शुभ धारे ॥
॥ आगे छाया आठ विचारो । मोर पंख वत आदि सम्भारो ॥
॥ मोर कंठ वा तोता होई । सवज काच सिवाड वत सोई ॥
॥ पीठ ठर्नाने को सो जानो । श्रीह पुष्पन वीन घास वतमानो ॥
॥ जा प्रकार छाया शुभ होई । उत्तम पन्ना कहिए सोई ॥
॥ त्रास दोष विन चमक दिखावे । सुंदर घाट रंग मन भावे ॥
॥ सो अमोल उत्तम है सोई । विष नासक शुभ दायक होई ॥
॥ जो शुभ लक्षण पन्ना धारे । शुभ संतति नौनिध सम्हारे ॥
॥ आगे घाट नाम सभ जानो । भिन्न भिन्न लक्षण पहचानो ॥
॥ नावडा घाट मयेला होई । लंबी मणी गोल मणि सोई ॥

॥ एक रत्ती से कमती जानो । नाम केरकी ताको मानो ॥
॥ गेशत वारा तखती कहिए । तवीजा नाम ढोलना लहिए ॥
॥ खारे दार मणी इक मनो । खोल दारइह जारा जानो ॥
॥ एक टुपल का खोटा सोई । पडदा एक बिलोरी होई ॥
॥ दूसर कमपंनें का जानो । मध्य रंगदे जोड पछानो ॥
॥ ऐसा जोड जाहुका होई । मानो शुभ पन्ना है सोई ॥
॥ करे परीक्षा निश्चा धारो । पंनाकी चिकनाट विचारो ॥
॥ रूक्ष बिलौरी पडदा जानो । मध्य देख जह भेद पछानो ॥
॥ वा उठाय चांदने मांही । टुपल का मध्य देख लखताही ॥
॥ आगे कीमत करो विचार । घाट रंग लख भेद सम्हार ॥
॥ घाट तावडा ऐसा होई । पहल दार सुंदर है सोई ॥
॥ तीन रुपैए रत्ती जानो । तीन सउो रत्ती तक मानो ॥
॥वकाडो विलायत में अति भारो । ताकर कीमत अधिक विचारो ॥
॥चार आने रत्ती सोई ॥ घाट मथैला एसो होई ॥
॥ गोल मणी की कीमत जानो । रुपैए दो रत्ती के मानो ॥
॥ पचास रुपैए रत्ती सोई । गोल्हा कार मणी जो होई ॥
॥ गोसवारा घाट सरू वत जानो । सउो रुपैआ रत्ती मानो ॥
॥ एसें ओर भेद सभ लीजे । घाट चमक लख कीमत दीजें ॥
॥कोरा खड नामा सोकहिए । खांनी घाट गनेरी लहिए ॥
॥ चारो तर्फ सुपेदी होई । नई खान आगे सुन सोई ॥
॥ जर मन देस खांन अब जांनो । पुरातन पंनेवत सो मानो ॥
॥ टोडा मरिज पत्थर होई । चारआने रत्तीकीमत सोई ॥
॥ आठ आने रत्ती तक दीजे । खोटा समझ परीक्षा कीजे ॥
॥ सुच्च साथर गडिए सोई । रेखा देख परीक्षा होई ॥
॥ रगड ताह पर चूंनो लावे । सुच्चा होए जिला प्रघटावे ॥
॥ जो मलीन चमक कम होई । खोटा पंना कहिए सोई ॥

। वस्त्र रेशमी सोई मगावे । पंन्ना ऊपर ताहि घसावे ॥
॥सुच्चा होय जिला अति होई । जिला दूरसझूटा लख सोई ॥
॥ त्रास दोष बिन उत्तम मनो । टूटा होय घाट शुभ जानो ॥
॥ टूटे रतन न धारो कोई । बिन पंने शुभ और न होई॥

॥ इति श्री पन्ना विधानम् ॥

॥ अथ नीलम विधानम ॥

॥ चौपई ॥

॥ सैलोन देस में उतपन जानो । साम देस अरु बह्मा मानो ॥
॥ गैली नाम स्थान इक होई । संगुल द्वीप हिमालय सोई ॥
॥ रावण गंगा उत्तपत जानो । नीलम खांन सात बिध मानो॥
॥ सैलोन देस को उत्तम जांनो । मौर कंठ वत रंग पछानो ॥
॥ अलसी फूलवत मानो सोई । छोटा थान अधिक नहीं होई ॥
॥ साम देश की नीलम जांनो । अति पैदा अति कृश्न पछानो॥
॥ नीलम देस हिमालय होई । सभपे अति उत्तम है सोई ॥
॥ रंग ढंग शुभ संग विचारो । अति पैदो अति श्रेष्ट सह्मारो॥
॥ नीलम रंग एक सम नाहीं । एसें कहा ग्रंथ मत मांही ॥
॥ नील कमल वत रंग विचारो । अथवा नील वस्त्र मन धारो ॥
॥ नल वार भ्रमर वत मानोसोई । मौर पुच्छ वत रंगत होई ॥
॥ श्री कृश्न रंग शिव कंठ सह्मारो । कंठ कोकिला रंगविचारो ॥
। अपरा जिता कृश्न पुष्प वत होई । सिंगुनी रवत मानो सोई ॥
॥ कृश्न नीर वत बुद बुद जैसे । नीलम रंग सुहावत तैसे ॥
॥ इंद्र धनुष जिस मध्य दिखावे । सो नीलम अति उत्तम भावे ॥
॥ सौ गुण अधिक दूध के मांही । रंग दिखावे उत्तम तांही ॥
॥ चार रंग को छाया होई । विप्र वर्ण आदि लख सोई ॥
॥ कोला अभ्रक जहां दिखावे । नीलम खांन तहां लखपावे ॥
॥ मानक अरु पुखराज विचारो । निलम का संजोग सम्हारो ॥

॥ जा नीलम को कंकर ल्यावे । पत्थर सुपेद संग दिखावे ॥
। अभ्रक कोला चमकत सोई । नीला कंकर नीलम होई ॥
। ताहि तोडकर जुदा करावे । नीलमके शुभ घाट बनावे ॥
॥ घाट तावड़ा एसे होई । रहितहि चुहारम कंकर सोई ॥
॥ त्रास दोष आदि जब जानो । ताहि तोड फिर दूर पछानो ॥
॥ निर दोष आदि जब जाने । ताहि तोड फिर दूर पछाने ॥
॥ निरदोषडीलीशुभनीलमहोई । पांच रुपैए तोला सोई ॥
॥ बीस रुपैए तक तोला जान । पंच तोले तक तोल पछान ॥
॥ बीस तोले तक डलो जोहोई । पचास रुपैए तोला सोई ॥
॥ डेड सो तक तोला जानो । कोरा खर नामा सो मानो ॥
॥ जे कर घाट तावड़ा लीजे । बारा आने रत्ती दीजे ॥
॥ सो रत्ती के अंदर होई । बे रुपैए रत्ती तक सोई ॥
॥ तबीत घाट पर ऐसा कीजे । अठ आने रत्ती तापर दीजे ॥
॥ एक रुपैए तक सो होई । घाट तबीत मजूरी सोई ॥
॥ मणि मथैला घाट बनावे । आना रत्ती तापर लावे ॥
॥ चार आने रत्ती तक सोई । मजूरी दे नीलम शुभ होई ॥
॥ आगे भेद पांच गुण जानो । यथा नाम गुण ताहि पछानो ॥
॥ नीलम अधिक तोल दरसावे । गुरुत्व नाम अभिलाखा पावे ॥
॥ रंग ढंग स्निग्धता पाई । स्निग्धत्व नामप्रीति धन दाई ॥
॥ सूर्य किरणसें किरण निकासे । इंद्र धनुष वत सिखा प्रकासे ॥
॥ वर्णाढ्यनामसोनीसम जानो । धन धान्यआदि सुखकारकमानो
॥ फटक सुवर्ण रजत वा सोई । ऐसी चमक दिखावे कोई ॥
॥ पार्श्व वर्ति सो नाम कहावे । धन सुख जसनिरोग तनपावे ॥
॥ आस पास वस्तू में जब ही । रंग दिखावे रंजक तबही ॥
॥ धन संतति सुख कारक सोई । जा प्रकार पांचो गुणहोई ॥
॥ छेइ दोष सो आगे जानो । भिन भिन सो भेद पछानो ॥

॥ अभ्रक वत छाया जो होई । अभ्रक नाम दोष कहु सोई ॥
॥ धन आयू हर वहु दुख दाई । कांती हीन रूक्षता पाई ॥
॥ विन टूटे टूटी दरसावे । त्रास दोप दंतो भय लावे ॥
॥ अनेक रंग नीलम के माही । सोन्नि लक कुल नासक ताही ॥
॥ जो मृद चिन्ह दिखावे जवही । मृद गर्भ दोष मानो तुम तवही ॥
॥ अप जस वहु विध्र रोग दिखावे । दुर्वलता हीनी कर गावे ॥
॥ जो पत्थर संग टुगडा होई । अस्म गर्भ मृत्यु कर सोई ॥
॥ जामें श्वेत विंद दर सावे । विंदु दोष निर्धनता ल्यावे ॥
॥ वदल वितांन वत ऊपर होई । आछा दित दूग्र गैक्षत्ता सोई ॥
॥ उच्चाटन कर सब सुख हर है । निर दोख संगृह सभ करहै ॥
॥ मानक वत गुण दोख पछाने । पद्म राग वत कीमत माने ॥
॥ भ्रमर रंग वत पत्थर जांन । जाही खान ते उतपत मांन ॥
॥ चमक दार सुंदर मन भावे । भ्रामर नाम ताहि जगगावे ॥
॥ जो नीलम लाली संग होई । टिटिभ नाम कर कहिए सोई ॥
॥ प्रसूती कष्ट सीघ्र सोहरहै । उत्तम रक्षा वहु विध्र करहै ॥
॥ घाट तवडा कीमत भावे । एक रुपेआ रत्ती पावे ॥
॥ सौ रुपेए रत्ती सोई । रंग ढंग लख कीमत होई ॥
॥ निर दोष होय धारे नर जन्ही । ऋद्ध सिद्ध आयु धन तवही ॥
॥ सवजी संग सुपेदी होई । खंडत्त होए न धारे कोई ॥
॥ प्रथम परीक्षा जाविध्र करे । स्वप्न देख निश्चा मन धरे ॥
॥ शनी वार रजनी के माही । पवित्र होए शुभ वस्त्र लगाही ॥
॥ नीलम दूध संग ले धोवे । पूजन कर सुगंध्र संग होवे ॥
॥ सीस संग वांधे जव कोई । सयनकरे स्वप्ना लख सोई ॥
॥ शुभा शुभ जैसा स्वप्न विचारे । तव नीलम पर निश्चा धारे ॥
॥ रंग संग निरदोष लखावे । धारे रत्न अधिक सुख पावे ॥
॥ लाल छिटक वा काली होई । त्रास दोष आदि तज सोई ॥

॥ सर्वस्व नास करताहि पछानो। खोटी नीलम ताकी जानो ॥
॥ नीला रंग तोल कम होई। सबजी माइल चमकन सोई॥
॥ दूसर खोट कांच का जाने । खोटी नीलम देख पछाने ॥

॥ इति नीलम विधानम् ॥

॥ दोहरा ॥

॥ नव रत्न कहे जह गृंथ मत। भिंन भिंन परि मांन ॥
॥ निरदोष दोष फल समझके संगृह करे सुजांन ॥

॥ नव रत्नो के स्वामी ॥

॥ चौपैई ॥

॥ मानक सूरज देव विचारो। मोती इंदु भेद सम्हारो ॥
॥ भौम देवको मूंगा जांन। पंने को बिध ईश प्रमान ॥
॥ पुखराज गुरु संज्ञक है सोई। शुक्र देव हीरो हित होई ॥
॥ शनी देव नीलम मन भावे। लसुनी राहू देव सुहावे ॥
॥ गोमेद नाम केतू हित जाने। नव रत्न ईश मत गृंथ बखाने ॥

॥ दोहरा ॥

॥ भुजा सीस वा कंठ में। धारन करे जो कोय ॥
॥ नव गृह दोष न होत है। अति सुखसं पति सोय॥

॥ चौपैई ॥

॥ गोगज बाजी महिसी चार। तन धन नारी सुत हरि सार ॥
॥ नौनिधि नाम जाहुपे होई । सिमरो नाम प्रात उठ सोई ॥

॥ अथ लाल विधानम् ॥

॥ दोहरा ॥

॥ चौवी रत्ती तोल तक। नाम लालडी जांन ॥
॥ होए अधिकसो लाल है। एसे भेद पछांन ॥

॥ चौपाई ॥

॥ पश्चम देस विलायत जानो । सहर बदकसां उतपत मानो ॥

॥ दरेआओ किनारे परवत जान। विजली पडी ताहु परमांन ॥
॥ पर्वत डिगा ताहि कर सोई । लाल लालडी प्रापत होई ॥
॥ तीन हजार वर्ष परिमांन । गुजरे खांन वंद अव जांन ॥
॥ अवर देस ब्रह्मा के जानो । पैदा लाल नर्म सो मानो ॥
॥ साम देस वा दक्षिण होई । देस हिमालय उतपत सोई ॥
॥ उत्तम सहर वदकसां जांन । वदकसीनी लाल नाम पहचांन
॥ चार वर्ण जाके शुभ जानो । आद गुलावी रंग पछांनो ॥
॥ दूसर गुल गुरंग पछांनो । सुर्ख स्याह जरदी पर मानो ॥
॥ तीसर नीम गुलावी कहिये । जरदी लिए चमक कलहिए ॥
॥ मध्य चमकारा इसमें नांही । नाम गुंम कर कहिए तांहीं ॥
॥ चौथा नाम विनौसी होई । स्याही लिए गुलावी सोई ॥
॥ क्षवां आद चार जह जांनो । उत्तम सिफत जोय मन भानौ
॥ विप्र वर्ण ऐसा शुभ होई । अग्नि अंगार खैर वत सोई ॥

॥ दोहरा ॥

॥ शव चराग नामा कहा । विप्र वर्ण का होय ॥
॥ कोहनूर ना पैद है । तैसें समझों सोय ॥
॥ खोटे चार प्रकार के । देख समझिए सांच ॥
॥ टोपस अरु सिंधुरि ओ । तुर सावा अरु कांच ॥

॥ चौपाई ॥

॥ तोफा लाल रोष विन जांनों । क्षत्री अथवा विप्र पिछानों ॥
॥ सौं धारन कर अति सुख होई । दु स्वप्न दूर चाहे सव कोई ॥
॥ धारन कर सुख अधिक दिखावे । संवंधी मनवांछित पावे ॥
॥ रण में विजय होत सुख सोई । सभका प्रिय चाहे सभ कोई
॥ समांन वैश्य वर्ण का जानो । त्यागे शूद्र ताहि सुख मांनो
॥ एव चार आगे सुन सोई । अभ्रक वास छिटक जो होई
॥ गद्दा नाम इक ऐव पछांनो । भीतर से जह पोला मानो

॥ हलका तोल नर्म परमांन । कली सांन पर जिला पछांन
॥ बालक हू की भुजा बंधाने । बाल रोग आदी मिट जावे ॥
॥ मंत्र तंत्र सब दूर विचारे । बिजली का भय शोक निवारे

॥ इति लाल विधानंम् ॥

॥ अथ फीरोजा विधानंम ॥

॥ दोहरा ॥

॥ नैसा पुर इक सहर है । पश्चिम दिसा प्रमान ॥
॥ पैदा उत्तम खान से । अवर हिमाले मान ॥
॥ सिराज देसमें होतहै । नाम फिरोजा सोय ॥
॥ किरमांन देसईरान में । उत्तपत ताकी होय ॥

॥ चौपाई ॥

॥ उत्तम नैसा पुरी पछानो । छाया रंग समानी जांनो ॥
॥ हिमाले अधिक थान दरसावे । ऐबदार कम कीमत पावे ॥
॥ किरमांनी रंगसंग शुभ होई । ढबेदार ऐब इक होई ॥
॥ सिराज देस कम कीमत जान । उत्तम नैसापुरी पछांन ॥
॥ निरदोष समझ धारन जो करे । शस्त्र आदि बिजली भय टरे ॥
॥ जहरी जीव दोष हर होई । भूता दिक भय और न कोई ॥

॥ दोहरा ॥

॥ ऐब चार जाके कहे । समझ शुद्ध मन धार ॥
॥ छिटक छाछिआ मूगिआ । लकीर दोष मिलचार ॥
॥ विना ऐब नैसा पुरी । चौवी रत्ती जांन ॥
॥ कींमत दस्सहाजार है । लिखा शास्त्र पर मांन ॥

॥ चौपई ॥

॥ रंग ढंग शुभ संग विचारो । दस रत्ती तक तोल सम्भारो ॥
॥ कीमत चार हजार विचार । निरदोष देख निश्चा मन धार ॥
॥ रंग ढंग विन सूरत होई । आठ आने तक कीमत सोई ॥

॥ निरदोष होए दस विश्वे जांनो । दो विश्वेतक सोइ पछांनो ॥
॥ दस रुपैए कोडी जांन । चार आंने तक कोडी मांन ॥
॥ इसके खोटे चार विचारो । हाथी दांत काचमन धारो ॥
॥ विलायत सें ढलकर वन आवे । या अस्थी का खोट वनावे ॥
॥ समझ परीक्षा कर सुख होई । संगृह कर सोभा जस सोई ॥

॥ इति फिरोजा विधानं ॥

॥ अथ भीष्मक मणि विधानम् ॥

॥ चौपई ॥

॥ भीष्मक नाम मणी इक जांनो । पैदा मगध देस में मांनो ॥
॥ अवर हिमाले देस प्रमांन । मलयाचल परवत पर जांन ॥
॥ कलिंग देससे उतपत जानो । संग संख वतनर्म पछांनो ॥
॥ ज्यों नवीन हीरा मन भावे । त्यों निर दोष चमक दरसावे ॥
॥ सुवर्ण संग धारे जब कोई । चोर अग्नि भय आदन होई ॥
॥ वृश्चिक सर्प आदि विष टारे । मूसा विस जल सत्रु निवारे ॥
॥ विषधर जीव पास नहिं आवे । विजली आद भयशोक नसावे ॥
॥ रंग सिवाड मेघवत जांनो । कर्कसपीत रंग मन आंनो ॥
॥ विना चमक मैला जो होई । रंग ढंग विन त्यागी सोई ॥
॥ त्रास दोपवा छिटक विचारो । मध्य मलीन त्याग सुख धारो ॥
॥ कीमत देस भेद कर होई । दूर देस का उत्तम सोई ॥
॥ वाल रोग आदी हर जांनो । धारन कर सुख संपत मांनो ॥
॥ जहां पतन उत्तम घर आवे । सभी रतन का मेल वनावे ॥
॥ दोष जरतन धार सुख नाहीं । एसे कहा गृंथ मत मांही ॥
॥ निरदोष देख संगृह नर करे । निश्चै जसधन सोभा धरे ॥

अथ कोहनूर विधानम ।

॥ चौपई ॥

॥ कोह नूर लखपुर जो होई । विप्र वर्ण का मानो सोई ॥
॥जाके सम जग और न जांन । अति उत्तम अति कीमत मांन॥

॥ आदि कर्ण भूपत पै जानो । इकसौ तेरां मासे मांनो ॥
॥ पुनी भूप विक्रम पे आयो । तौ उनकोटथान बनवायो ॥
॥ छब्बीस मासे तोल पछांन । ऊपर रत्ती पांच प्रमांन ॥
॥ पुनि औरंगजेब ढिंग आयो । जाके सम जग और नभायो ॥
॥ आगे सम्वत इसवी जांन । तेरां से दोऊ पर मांन ॥
॥ अलाउलदीन पास तब आयो । उत्तम रतन कोहनूर कहायो ॥
॥ तौ पुनि काबुल बोच विचार । अहमद शाप पास पुनिधार ॥
॥ तौ पुनि ताको पुत्र बिचारो । जलाउलशाह पास मनधारो ॥
॥ आगे सम्वत इसवी जांन । ठारां से तेरां परिमांन ॥
॥ तादिन हीरा लवपुर आयो । रणजीतसिंह के पास शुभायो ॥
॥ रणजीतसिंह पूछा हितजान । जाकी कीमत करो बखान ॥
॥ जलाउल शाह कही सुनसोई । कीमत तेग और न होई ॥
॥ बिना जोर कीमत जगनाही । सुन सरकार हर्ष मनमाही ॥
॥ वर्ष सतत्री लवपुर जांनो । रहा विलायत सो अबमांनो ॥
॥ आगे संवत इसवी जांन । ठारां से पंचास प्रमान ॥
॥ अंग्रेज बहादुर सोलेगए । देख देख मन आनन्दभए ॥
॥ कर विचार निश्चा मनधारी । काटन की तज बीज बिचारी ॥
॥ रोम सर्दम शहर का जांनो । है रोवर सेंगर नाम पछांनो ॥
॥ कारीगर को लिया बुलाई । तौ उन काटन युगति बनाई ॥

॥ दोहरा ॥

॥ छबिस मासे तोलथा । काट बनाया सोय ॥
मंजूरी अस्सी हजार । पंद्रां मासे होय ॥
॥ अति उत्तम अबसौ बना । जाके सम नहिं होय ॥
मलका जी के छत्र में । अति उत्तम अब होय ॥
॥ कोह नूर तापै दहै । काट बनाया सोय ॥
॥ जाके सम दूसर नही । देख हर्ष मन होय ॥

॥ कीमत जाकी तेज है । तेज तेग संग जांन ॥
॥ तेग दिखावे जगत में । सोपावे जस मांन ॥
॥ देग तेग जग जाहुपें । सो भोगे सुख सार ॥
॥ विना तेज भोगे नही । ऐसें लोक विहार ॥

॥ अथ ऐमनी विधानम् ॥

॥ चौपई ॥

॥ पैदा नदी नर्मदा जानो । हकीक साथचा पैदा मानो ॥
॥ गहरा लाल रंग परि मान । उत्तम स्यही लिए पछान ॥
॥ इसके अंदर ऐसा जानों । दरयाइ लहरवत लहर पछांनो ॥
॥ नाम इलाचा सोइ कहावे । पत्थर चिकना सखत दिखावे ॥
॥ असल परीक्षा जाविध होई । कच्चा धागा बांधे कोई ॥
॥ तोफुनि अग्नि मध्य धरावे । जलै न धागा उत्तम गावे ॥
॥ जोनर जाको धारण करे । निश्चै चौर अग्नी भय टरे ॥

॥ दोहरा ॥

॥ उत्तम की कीमत सुनो । दस रत्ती तक तोल ॥
॥ शाह महंमद हर्श मन । दिआ पांच सै मोल ॥

चौपई

॥ दोरत्ती तक दसवा जानो । सौ रुपैआ कीमत मांनो ॥
॥ दो रुपैए तक सो जांन । हकीकी खोटा समझ पछांन ॥

॥ इति ऐमनी विधानम् ॥

(अब आगे और संगों का वर्णन करते हैं)

॥ जबर जद ॥

यह मुसल मानी पसंद है, इसका रंग सवज निर्मल होता है और इस में सूत नहीं पड़ता है—इसको करकेतक भी कहते हैं—यदि यह निर्दोष और छाया पीत होवे और तोल भारी होवे तो उत्तम है और यदि रुधिर के समान लाल रंग का होवे अथवा मधु वर्ण या कमल या चंद्रवत होवे तो यह धन,

यश, आयु कारक है. यह पेगू आदि जंगलों बीच बृह्मा देश या सैलान देश में पैदा होता है—इसके पहरने से सब गृह राजी हैं

॥ उपल ॥

यह नाना प्रकार के रंगों का होता है और इस के ऊपर हर एक रंग को अबर पड़ता है

॥ तुरमली ॥

इसका रंग पांच प्रकार का होता है जान पुखराज की लेकिन हलका नरम

॥ नराम ॥

इसका रंग किरमिची जर्दी ऊपर होता है. तोल में हलका और संग नर्म होता है. इस के नगीने सुंदर माणिक के समान बनते हैं. खोटा माणिक भी बनता है. हिमालय बृह्मा या साम देश के पहाडों में मिलता है

॥ सुनेला ॥

इसका रंग जर्द तोल हलका पैदा विलायत वा पहाड़ों बीच होता है

॥ धुनेला ॥

इसका रंग सोने के धूयें के समान होता है. पैदा पारस देश पहाड़ो बीच होता है

॥ कटेला ॥

इसका रंग ऊदा या जामन के रंग के समान होता है. पैदा विलायत या सैलान देश में होता है

॥ सितारा ॥

बहुत प्रकार के रंग का होता है ऊपर सोने का छींटा

॥ फटिक बिल्लौर ॥

इसका रंग चिट्टा सफेद होता है. इस की पैदाइश मध्यदेश

दिल्ली इलाके अडंगपुर में होती है. इसकी एक किस्म को जिस्मफटक भी कहते हैं इसकी पैदायश हिमालय सिंधल, विंध्याचल में होती है यह अनेक प्रकार का होता है और सब से उत्तम हिमालय का गिना जाता है जो सूर्य किर्ण से आगदेवे नाम सूर्य कांत है चंद्र किरण से अमृत देवे नाम चंद्र कांत है परंतु यह ना पेद है, विंध्याचल का अनार दांणेवत होता हैं जो हिमालय में गंगनीली खान से निकलता है उसका रंग नीला है जहां पद्म राग मिलता है वहां फटक भी मिलता है इस के कितने ही नाम हैं.

जो साफ वे रंग होवे और पानी में छोड़ने से रंग मिलजावे उसको शुक्र जोत कहते हैं. जो लाल होवे और छाया कमलवत होवे उसको राज वर्नक कहते हैं. जो नीली छायादेवे उसको गज मय कहते हैं. जिसके चौगिर्द ब्रह्म सूत्रवत निशान होवे उसको नाम ब्रह्म मय कहा है और जिसका आकाश वत रंग निर्मल होता है उसको तैलाक्य कहते हैं यह सब रंगों को गृहण करता है और सब रत्नों के साथ मिल जाता है इस की एक किस्म दुर नजफ नाम कर के है जो मानिंद बिल्लौर के शुद्ध निर्मल होता है

॥ गज दन्ता ॥

इसका रंग चिट्टा अभर दार नीलापन लिये सुपेदी छाई हुई मानिंद बदली के होता है इसकी पैदाइश विलायत में होती है

॥ तांबड़ा ॥

इसका रंग काले में सुरख होता है इसकी पैदाइश जैपुर के इलाके में होती है

॥ लुधीया ॥

यह मजंट के माफिक लाल होता है

॥ मरियम ॥

इसकी जमीन खाक मिट्टी के रंग कीसी होती है जिसके

ऊपर सुर्ख रंगकी छिटक शोभा देती है तोल में भारी होता है पस्चिम देश के पहाडों की नदियों में मिलता है

॥ मकना तीस ॥

इसको चुंबक कहते हैं इसका रंग काला होता है यह लोहे को खेंचता है बृह्म देश वा ग्वालियर में मिलता है

॥ सिन्दुरिया ॥

इसको रंग सफेद पन लिये गुलाबी होता है यह सांम देश में मिलता है

॥ लीली ॥

यह नीलम को जाति का होता है नीलम से नरम पन और थोडा जर्दी लिये हुए

॥ बेरुज ॥

इसका रंग थोडा सवज अथवा जर्द अथवा नीला होता है पैदा टोडा नाम गांव इलाके जैंपुर में होता है

॥ मरगज ॥

इसका रंग सवज खोटे पंने वत. उत्तम पैदाइश मिसर देश के पहाडों बीच

॥ पितोनीया ॥

इसका रंग सवज के ऊपर सुर्ख छीटा दार होता है. पैदाइश नर्मदा या गुजरात देश में

॥ बांसी ॥

इसको नगौरी या नार नौरी भी कहते हैं इसका रंग गुलाबी सुपेदी लिये या पक्की ईंट वत होता है यह भर्थपुर अलवर जैंपुर और करोली आदि के पहाडों में मिलता है यह इमारत के काम में आता है या रकेबी कटोरें आदि बनाये जाते हैं

॥ दुरेनजफ

यह कच्चे धान के माफिक होता है

॥ सुलेमानी ॥

इसका रंग काला चमकदार होता है ऊपर डोरे चिट्टे होते हैं खम्भात्त देश, विलायत, हिमालय, काबुल और काशमीर आदि देशो में इसकी पैदायश है

॥ आलेमानी ॥

इसका रंग काला भूरा मैलो होता है ऊपर संवत्रत चिटें और डोरे मानिंद जनेऊ के होतेहैं पैदा नर्मदा नदी खंमात्त देश और देश जंबू तोखी नदी बीच त्रिकूटा चल पर्वत में होताहै

॥ जजेमानी ॥

रंग पांश के माफिक ऊपर डोरा जातिसुले मानो की

॥ सिवार ॥

सवज़ ऊपर भूरे रंग की रेखा

॥ तुरमावा ॥

इसका रंग गुलावी है यह जंजीरी विलायत और अलवर के पहाडों बीच मिलता है

॥ अहवा ॥

गुलाबी, ऊपर बडे २ छींटा होते हैं

॥ आबरी ॥

काला पन लिये सोने के माफिक होताहै.पैदाइश नर्मदा के बीच

॥ लाजवर्द ॥

इसका रंग नीला ऊपर सुवर्ण कीसी छिटक शोभा देती हैं यह इलाके नागपुर या पहाडों बीच मिलता है

॥ कुदरत ॥

काला ऊपर सफेद और जर्द दाग होता है

॥ चित्ती ॥

काला ऊपर सोनेका छीटा और सफेद डोरा मलूम होता है

॥ संगे सम ॥

इसकी दो जाति हैं अंगूरी और सफेद.सफेद अच्छा होताहै

॥ लास ॥

यह मारवर की जाति में से है

॥ मारवर ॥

रंग बांश के माफिक लाल और सफेद मिला होने से इस को मकराना कहते है

॥ दहाने फिरंग

इस का रंग सवज होता है, ऊपर रेखा काले रंग की होती है, पैदा फरासीसी देश में. इस देश में इसकी माला बना पहनते हैं. परीक्षा के लिये लोहे के ऊपर नीबूरस डाल कर रगडना चाहिये रंगडने सेरंग तामे याचांदी या सुवर्ण कासा होता है उत्तम सुवर्ण रंग का गिना जाता है

॥ कसौटी

इसका रंग काला स्निग्ध होता है इसके ऊपर उत्तम सुवर्ण की परीक्षा होती है इसकी पैदाइश गंडकी नदी बीच या नर्मदा नदी में या देस जंबू पहाडों बीच है

॥ दार चना ॥

दार चीनी के माफिक इसका रंग होता है मुसलमान इस को तसवीर वनाते हैं

॥ हकीक कुल्कहार ॥

सवज पन के साथ जर्द पन मिला होता है मुसलमान जप की माला वनाते हैं

॥ हालन ॥

रंग गुलाबी मयला और हिलाने से हिलता है

॥ सिजरी ॥

सफेद ऊपर स्याम दरख्त दीखता है

॥ मुवेनजफ ॥

सफेद में बालके माफिक लकीर होती है

॥ कहरवा ॥

रंग पीला जिसका बोरवा माला वनता है इसको कपूर कहते हैं

॥ झरना ॥

यह रंग में मटीया होता है इस में पानी घालने से सब पानी झर जाता है

॥ संग वसरी ॥

इस का रंग खाकी ऊदा माइल होता है नेत्र रोग के वास्ते अति श्रेष्ट है तीन सौ रुपये तक तोला कीमत का होता है. बसर देश में पहाडों बीच मिलता है

॥ दातला ॥

यह जर्द पन लिये सफेद होता है

॥ मकडी ॥

यह सादापन लिये हुए काला होता है, ऊपर से मकडी के जाल के माफिक

॥ संगीया ॥

यह संख के माफिक सफेद होता है

॥ संग गुदडी ॥

इसकी शकल फकीर की गुदडी वत होती है इस के अंदर सब रंगों के टुकडे जडे हुए नजर आते हैं जैसे गुदडी में अनेक रंग शोभा देते हैं, नर्मदा नदी बीच यह पैदा होता है

॥ कामला ॥

इसको रंग चिट्टा चिकनाट, तोल मे भारा, नैपाल देश के पहाडों बीच मिलता है

॥ सिफरी ॥

यह सबज़ पन लिये ओस्मानी होना है

॥ हदीद ॥

इसका रंग भूरा पन लिये स्याह होता है यह वज़न का भारी होता है अक्सर पहाडों में पाया जाता है शुभ दायक होता है मुसल्मान इसकी माला बना जाप करते हैं

॥ हवाम ॥

यह सोना पनलिये सबज़ होता है, दवाई में काम आता है

॥ सींगली ॥

इसका रंग लाल या किर्मची लाखी होता है शांम देश के पहाडों बीच मिलता है

॥ ढेडी

इसका रंग स्याह भूरे रंग ऊपर होता है पैदाइश नर्मदा में होती है

॥ हकीक ॥

इसका रंग लाल, शर्बती, चिट्टा, पीला, गुलाबी या धांनि नीम रंग होता है पैदाइश नर्मदा नदी बीच वा तिव्वत देश में

॥ गौरी ॥

यह अनेक रंगों का होता है ज़ाहिरा १०८ तरह का मालूम होता है पैदा नर्मदा नदी बीच वु हिमालय के नदियों पहाडों में होता है

॥ सीया ॥

रंग काला इसकी नाना प्रकार की मूर्ति बनाई जाती हैं

॥ सिमाक़ ॥

इसका रंग लाल ज़र्द थोडा स्याह मायल होता है ऊपर सफेद ज़र्द गुलाबी छींटा

॥ मूसा ॥

इसका रंग काला चमदार होता हैं, इसकी मूर्ती आदि अक्सर बनाई जाती हैं, पैदाइश इसकी इलाके जैपुर या जंबू देश भद्रवा बीच है

॥ पनघन ॥

इस का रंग निट्टो संग नर्म होता है नर्मदा नदी और हिमालय देश बीच मिलता है

॥ अमलीया ॥

थोडा कालापन लिये गुलाबी होता है इसकी खल बनती हैं

॥ दूर ॥

यह कत्थे के माफिक होता है इसकी खल बनती है

॥ तिलीयर ॥

इसका रंग सबज अथवा काला होता है ऊपर सफेद छींटा होता है पैदा नर्मदा नदी बीच होता हैं इसकी खल बनती हैं

॥ संग स्वारा ॥

यह बीस तरह के रंग का होता है. साफ चिकना चमकदार होता है हिमालय पर्वतों में मिलता है. पत्थर २०० मन तक के निकलते हैं.

॥ पायजहर ॥

यह सफेद पांश के माफिक होता है विष के घाव पर घिस कर लगाने से घाव सूख जाता है

॥ सेलखडी ॥

इस कों संग जराहत भी कहते हैं. इसका रंग मट्टी के माफिक होता है. पैदा उत्तरा खंड पश्चिम मेंहोता हैं इसके अक्सर खिलोने बनाये जाते है जखम पर घिस कर लगाने से जखम भर देता है यह सब से नर्म होता है

॥ जहर मोरा ॥

यह हिमालय देश कशमीर काबुल और तिब्बत में पैदा होता है. इसका रंग थोडा सफेद पन लिये सब्ज़ होता है गुंण इस में यह है कि यह विष दोष दूर करता है

॥ खात ॥

इसका रंग लाल होता है रात्रि में बुख़ार आवे जिसके गले में बांधाने से आराम होता है

॥ सोहन कक्खी॥

यह पत्थर धातु के समान चमक दार होता है तोल में भारी होता है. ऊपर स्वर्ण या चांदी दिखाई देती है. सजलपहाडों बोच मिलती है काबुल और तिब्बत्त में भी पाई जाती है. त्रिकूटाचल पर्वत की कंदरा के बीच जो जल बहता है उस जल में अक्सर मिलती हैं. इसकी दो किस्में हैं एक संग सख्त, दूसरा संग नर्म वज़न में सिंगरफ या हरताल के सदृश होती है

॥ हजारत यहूद ॥

यह सफेद मट्टी के माफिक होता है और पेशाब की बीमारी में फायदा करता है यह हिमालय देश के पहाडों में मिलता है

॥ सुरमा ॥

यह चार वर्णका होता है स्वेत लाल गुलाबी और काला. काबुल आदि पहाडों में वा जंबू देश त्रिकूटाचल पर्वत के नीचे रिआसी गढ के पास पैदा होता है यह सबसे उत्तम अंजन है

॥ पारस ॥

काले लोहे के साथ लगाने से सोना बनता है परंतु यह ना पैद है

॥ टपम ॥

इसका रंग गुलाबी तोल भारा पैदा विलायत या सैलान

देश में होता है

॥ संगपशव ॥

यह दो किस्मका होता है एक मोतिया दूसरा अंगूरी यह चीन देश, दर्या ओक्स और हिमालय में पैदा होता है.

॥ मारमहुरा ॥

इसका रंग काला होता है. ईरान और तिब्बत देश के पहाडों में मिलता है

॥ संगतवा ॥

इसका रंग लाल गेरु के समान होता है. यह रात्रि ज्वरके ताप को दूर करने वाला है, मंगलीक है.

॥ संगसलेट ॥

यह जैपुर अलवर बुंदेल खंड आदि देशों में मिलता है. इस पर लिख कर विद्यार्थी अंक विद्यासांधते हैं

॥ संगमर्मर ॥

इसका रंग चिट्टा चमकदार होता है जैपुर, जोधपुर, अलवर आदि के पहाड़ों में मिलता है.बलदेव गढ़ के पास भी निकलता है परंतु इसका रंग प्याजी होता है. गजभर चौडा गजभर लम्बा और गजभर ऊंचा तोल में ५० मन तक का होता है. जो इलाके अलवर में सोरी नाम जगह में पैदा होना है उसका रंग चिट्टा और ऊपर स्याह धब्बे होते हैं इसको मूर्ती मकानादि बनाई जाती हैं जो अति शोभाय मानहोती हैं.

॥ संग कुरंड ॥

इसका रंग नोम गुलाबी श्रेष्ठ है भूसा धोले रंग का भी होता है लोहे पर जिला इसी से की जाती है पैदा गंडकी नदी बीच होता है पर थोडा

॥ संगतारा ॥

इस पत्थर बीच बहुत चमकदा तारे दिखाई देते हैं इसकी नकलखोटे काच के बने हुए विलायत से आते हैं जो सुन्दर होते हैं

॥ संग ओपल ॥

इसका रंग चिट्टा ऊपर अनेक रंग के तरंग चमकारे शोभते हैं जैसे पानी मे तेल डालने से तरंग शोभा देती है पैदाइश इसकी विलायत में है

॥ संग धेरा ॥

इसका रंग खाकी भूसले रंग ऊपर होता है पैदाइश इलाके दिल्ली में

॥ संग आतिश ॥

इसका रंग गहरा बदामी रंग ऊपर होता है ऊपर अभर खाकी काले जर्द धब्बे दार दो दो रंग दिखाई देते हैं. यह नर्मदा नदी में पैदा होता है. इसके खरल आदि बनाये जाते हैं

॥ भूमिका ॥

सर्व साधारण को विदित किया जाता है कि यह "रत्न परीक्षक" नामी पुस्तक जिसमें ८४ प्रकार के संगों के अतिरिक्त और भी कितने ही प्रकार के संगों का वर्णन है अनेक ग्रंथों और जौहरीयों की सम्मति पूर्वक रचीगई है इस पुस्तक का लाभ इसको आद्योपान्त तक पढ़ने से ही मालूम होसक्ता है।

जौहरीयों के सहारे की लकड़ी तो यह हैई पर नवशिक्षित जौहरीयों को अति ही उपकारी है और जो महाशय संग परीक्षा से बिलकुल अनभिज्ञ हैं उनको भी यह पुस्तक विशेष लाभ कारक है-प्रथमवार हमने इस विषय में एक छोटी सी पुस्तक बनाकर ही अपना उत्साह प्रगट किया है, अब यदि शुभचिन्तक महाशय अनुग्रह की दृष्टी से देखेंगे और ग्राहक होने का उत्साह प्रगट करेंगे तो आगामी इससे भी बड़ी और उपकारी पुस्तक बनाकर आपके भेट की जायगी. यदि इस पुस्तक में कोई भूल होगई हो तो गुण ग्राही महाशय कृपादृष्टी से मुझको सूचित करदें ताकि दूसरीवार के मुद्रित होने में उस भूलकी सफाई करदी जाय ॥ शुभं ॥

पुस्तक मिलने का पता
दफ्तर जैन गजट या मैनेजर
सुदर्शन यन्त्रालय
मथुरा.

सर्वसाधारण का
शुभचिन्तक
घासीराम

THE TRUSTDEED OF

SHETH HIRACHAND GUMANJEE

JAIN BOARDING SCHOOL.

શેઠ હીરાચંદ ગુમાનજીની

જૈન બૉર્ડિંગ સ્કુલનું

ટ્રસ્ટડીડ.

છપાવી પ્રસિદ્ધ કરનાર,

ટ્રસ્ટીઓ.

મુંબઈ:

મેહેર પ્રીંટીંગ વર્કસ, કોટ.

The Trust-deed of Sheth Hirachand Gumanji Jain Boarding School.

Stamp Rs. 200.

Received fees as follows :—
Registration fee Rs. 40-0-0
Copying fee Rs. 6-9-0
(12 Fols.) ———
Total Rs. 46-9-0
M. W. Gadgil,
Sub-Registrar.

Daily No. 6 of 23rd January 1900.

Presented at the Bombay Sub-Registrar office on Tuesday the 23rd January 1900 at 3-15 P.M.

માણેકચંદ હીરાચંદ.
M. W. Gadgil,
Sub-Registrar.

भावार्थ—जैन धर्म में प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव और अन्तिम तीर्थंकर श्री वर्द्धमान अर्थात् श्री महावीर स्वामी को मानते हैं, इसप्रकार चौवीसतीर्थंकर वर्णन किये हैं जो सिद्ध अवस्थामें हैं उनको ऋग्वेद महान्ग्रंथमें नमस्कार किया है।

यजुर्वेद में ऐसा लिखा है।

ओंऋषभपवित्रंपुरुहूतमध्वरं यज्ञेषुनग्नंपरमंमाह संस्तुतंवारंशत्रुंजयंतंपशुरिंद्रमाहुरितिस्वाहा । ओं त्रातारमिदंऋषभंवदंति अमृतारमिन्द्रहवेसुगतं सुपार्श्वमिन्द्रंहवेशक्रमजितं तद्वर्द्धमानपुरुहूतमिंद्रमाहुरितिस्वाहा। ओंस्वस्तिनःइन्द्रोवृद्धश्रवास्वस्तिनः पूषाविश्ववेदाःस्वस्तिनस्तार्क्ष्योअरिष्टनेमिः स्वस्तिनो वृहस्पतिर्दधातु। दीर्घायुस्त्वायवलायुर्वाशुभजातायु ओंरक्षरक्षअरिष्टनेमिस्वाहा ॥

अर्थ—ऋषभदेव पवित्र को और इन्द्ररूपी अध्वर को यज्ञों में नग्न को कर्मरूपी वैरी के जीतने वाले को आ-

हुति देता हूं। रक्षा करने वाले ऋषभदेव और अमृत और सुगत और सुपार्श्व भगवान और अजितनाथ भगवान और वर्द्धमान स्वामी को आहुति देता हूँ। वृद्धश्रवा इन्द्र कल्यान करै और विश्ववेदा सूर्य्य हमें कल्यान करै तथा अरिष्टनेमि भगवान हमें कल्यान करै और बृहस्पति हमारी कल्यान करै। दीर्घायु को और बलको और शुभ मंगल को दे। और हे अरिष्टनेमि महाराज हमारी रक्षा कर।

भावार्थ--श्री ऋषभदेव श्री सुपार्श्व भगवान और अजितनाथ भगवान और वर्द्धमान स्वामी और अरिष्टनेमि भगवान यह सब जैनियों के तीर्थंकर हैं जिनकी मूर्तिजैनी लोग बनाते हैं और भक्ति करते हैं यजुर्वेदके इस सूत्र में नग्न ऐसी प्रशंसा भी इन भगवान की करी है।

भागवत ग्रंथ।

एवमनुशास्यात्मजान्स्वयमनुशिष्टान्नपिलोकानुशासनार्थमहानुभाव परमसुहृद् भगवान् ऋषभाय देशःउपयमशीलानामुपरतकर्म्मणांमहामुनीनांभक्ति ज्ञानवैराग्यलक्षणं। पारमहंस्यंधर्म्ममुपशिक्षमाणः स्वतनयशतज्येष्ठंभगवज्जनपरायणंभरतंधरणिपालनायाभिषिंच्यस्वयं नग्नरावोर्वरितशरीरमात्रपरिग्रह उन्मत्तइवगगनपरिधानप्रकीर्णकेशः आत्मन्यारोपिताहवनीयोब्रह्मावतात्त्रवशाज॥

अर्थ--वह ऋषभदेव भगवान इस प्रकार अपने बेटों को समझा कर उनके बेटे यद्यपि आपही ज्ञानवानहैं तो

भी लोक रीतिके अर्थ समझा कर महात्मा परम मित्र भगवान ऋषभदेव शांति परिणामी नाश कियाहै कर्म जिन्होंने भक्तिवान ज्ञानवान वैरागी महा मुनीश्वरोंको परम हंस धर्म उपदेश देते हुवे और सौ१०० बेटोंमें बड़े मनुष्यों में तत्पर ऐसे भरतको पृथ्वीके पालनेके वास्ते राज्य देकर और आप केवल शरीर मात्र परिग्रह रखकर केश नोंचकर नग्न आत्मामें स्थापन कियाहै ब्रह्म स्वरूप जिन्होंने उन्मत्तकी तुल्य पृथ्वीपर भ्रमण करते संते हमारी रक्षाकरो जिन धर्म जिन गुरू और जिन देव की वडाई हिन्दू शास्त्रों में इसप्रकार की गई है।

भर्तृहरिशतक वैराग्य प्रकरण।

एकोरागिषुराजतेप्रियतमा देहार्द्धधारीहरी। नीरागेषुजितोविमुक्तललनासांगोनयस्मात्परः॥ दुर्वारस्मरवाणपन्नगविषयासक्तमुग्धोजनः। शेषःकामविडंबितोहिविषयान् भोक्तुंनमोक्तुंक्षमः॥

अर्थ--वडी प्यारी गौरी के आधे देह को धारण किये हुवे रागी पुरुषों में एक शिव ही शोभता है और वीतरागियों में ऐसे जिन देव से बढकर और कोई नहीं है जिन्हों ने स्त्रियोंके संग को ही छोडदिया है इन दोनो परम बीतरागी जिन देव से जो भिन्न पुरुष हैं जो कामदेव रूपी विष के चढने से पागल होरहे हैं वह पुरुष न विषयों के छोडने को समर्थ हैं और न भोगने को समर्थ हैं।

भावार्थ--इस में शिव को परम रागी और जिन भग-

वान अर्थात् जैनियों के देवता को परम वीतरागी कहकर प्रशंसा की है और रागअर्थात् विषय भोग की निन्दा की है।

योगवासिष्ठ प्रथम वैराग्य प्रकरण।

नाहंरामोनमेवांछा भावेषुचनमेमनः । शान्ति मास्थातुमिच्छामि चात्मनैवजिनोयथा ॥

अर्थ—रामजी बोले कि न में राम हूं न मेरी कुछ इच्छा है और न मेरा मन पदार्थों में है में केवल यह चाहता हूं जिन देवकी तरह मेरी आत्मा में शान्ति हो

भावार्थ--रामजी ने जिन समान होने की वाञ्छा करी इससे विदित है कि जिन देव अर्थात् जैनियों के देवता-रामजी से पहले और उत्तमोत्तम हैं

दक्षिणामूर्तिसहस्रनाम ग्रन्थ।

शिवउवाच । जैनमार्गरतोजैनी जितक्रोधोजिता मयः ॥

अर्थ--जैन मार्ग में रतिकरने वाला जैनी क्रोध के जीतने वाला और रोगों के जीतने वाला

भावार्थ—यह भगवान के नाम वर्णन किये हैं कि वह जैन मार्ग अर्थात् जैनधर्म पर चल ने वाला है जैनी है

वैशंपायनसहस्रनाम ग्रन्थ।

कालनेमि महावीरःशूरःशौरिर्जिनेश्वरः।

अर्थ—भगवान के नाम इस प्रकार वर्णन किये हैं॥ कालनेमिके मारने वाला, वीर बलवान, कृष्ण और जिनेश्वर।

महिम्नस्तोत्र।

तत्रदर्शनेमुख्यशक्ति रितिचत्वंब्रह्मकर्मेश्वरी।क-

र्त्ताऽर्हन्पुरुषोहरिश्च सविताबुधःशिवस्त्वंगुरुः ॥

अर्थ--यहां दर्शन में मुख्य शक्ति आदि कारणतू है और ब्रह्म भी तू है मायाभी तू है कर्त्ताभी तूहै और अर्हन् भीतूहै और पुरुष हरिसूर्य्य बुध और महादेव भी तूही है ॥

भावार्थ--यहां अर्हन्त तू है ऐसा कहकर भगवान की स्तुति करी ।

हनुमन्नाटक ।

यंशैवाः समुपासतेशिवइतिब्रह्मेतिवेदान्तिनो । बौद्धाबुद्धइति प्रमाणपटवःकर्त्तेतिनैयायिकाः ॥ अर्ह न्नित्यथजैनशासनरताः कर्म्मेतिर्मीमांसकाः । सोयंवो विदधातुवांञ्छितफलं त्रैलोक्यनाथःप्रभुः ॥

अर्थ--जिसको शैव लोग महादेव कहकर उपासना करतेहैं और जिसको वेदान्ति लोग ब्रह्म कहकर और बौद्ध लोग बुद्ध देव कहकर और युक्ति शास्त्रमें चतुर नैयायिक लोग जिसे कर्त्ता कहकर और जैनमत वाले जिसको अर्हन्त कहकर मानतेहैं और मीमांसक जिस्को कर्म रूप वर्णन करतेहैं वह तीनलोक का स्वामी तुम्हारे वांछित फलको देवै ॥

भवानीसहस्त्रनाम ग्रंथ ।

कुंडासनाजगद्धात्रीबुद्धमाताजिनेश्वरी । जिनमाताजिनेंद्राचसारदाहंसवाहिनी ॥

अर्थ--भवानीके नामऐसे वर्णन कियेहैं ॥ कुंडासना,

जगतकी माता, बुद्ध देवकी माता, जिनेश्वरी, जिनदेवकी माता, जिनेंद्रा, सरस्वती, हंस जिसकी सवारीहै ॥
इसही प्रकार गणेश पुराण और व्यास कृत सूत्रमेंभी जैनियोंका वर्णनहै जिससे जैनमतकी प्राचीनता प्रकटहोतीहै

नगरपुराण ।

अकारादिहकारान्तंमूर्द्धाधोरेफसंयुतं । नादबिंदुकलाक्रान्तंचन्द्रमंडल सन्निभं ॥ एतद्देवपरंतत्त्वंयोविजानातिभावतः । संसारबन्धनंछित्वासगच्छेत्परमांगतिम् ॥

अर्थ—आदिमें अकार और अंतमें हकार और ऊपर रकार और नीचे रकार और नाद बिन्दु सहित चन्द्रमा के मंडलके तुल्य ऐसा अर्हं जोशब्दहै यह परम तत्वहै इसको जोकोई यथार्थ रूपसे जानता है वह संसारके बंधन से मुक्तिहोकर परम गतिको पाताहै ॥

भावार्थ--यहां अर्हंत पदकी महिमा वर्णन कीहै ॥

नगरपुराण ।

दशभिर्भोजितैर्विप्रैर्यत्फलंजायतेकृते । मुनिमर्हन्तभक्तस्यतत्फलंजायतेकलौ ॥

अर्थ—सतयुगमें दश ब्राह्मणोंको भोजन देनेसे जोफल होताहै वहही फल कलि युगमें अर्हंतकी भक्ति करने या मुनिको भोजन देनेसे होताहै ॥

मनुस्मृतिग्रंथ ।

कुलादिबीजंसर्वेषांप्रथमोविमलवाहनः।चक्षुष्मान

यशस्वीवाभिचन्द्रोथप्रसेनाजित् ॥ मरूदेवीचनाभि श्चभरतेःकुलसत्तमः । अष्टमोमरूदेव्यांतुनाभेर्जात उरूक्रमः ॥ दर्शयन्वर्त्मवीराणांसुरासुरनमस्कृतः ॥ नीतित्रितयकर्त्तायोयुगादौप्रथमोजिनः ॥

अर्थ—सर्व कुलोंका आदि कारण पहिला विमल बाहननामा और चक्षुष्मान ऐसे नामवाला और अभिचन्द्र और प्रसेन जित् मरुदेवी और नाभि नामवाला औरकुल में श्रेष्ट भरत और आठवां उरूक्रम नामवाला मरुदेवी से नाभिका पुत्र ॥ यह उरूक्रम वीरोंके मार्गको दिखलाता हुवा देवता और दैत्योंसे नमस्कारको पानेवाला औरयुगके आदिमें तीन प्रकारकी नीतिको रचने वाला पहला जिन भगवान हुवा ॥

भावार्थ--यहां विमल वाहनादिक मनु कहेहैं जैनमत में इनको कुलकर कहाहै और यहां युगके आदिमें जो अवतार हुवाहै उसको जिन अर्थात् जैन देवता लिखाहै इस से विदितहै कि जैन धर्म सबसे आदिकाहै ॥

नग्न अवस्थाकी प्रशंसा इसप्रकार अन्य मतके ग्रन्थोंमें और भी की है ॥

प्रभासपुराण ।

भवस्य पश्चिमेभागे वामनेनतपःकृतम् । तेनैव तपसाकृष्टःशिवःप्रत्यक्षतांगतः॥पद्मासनसमासीनः श्याममूर्तिर्दिगम्बरः । नेमिनाथःशिवोथैवं नामचक्रे

ऽस्यवामनः ॥ कलिकालेमहाघोरे सर्वपापप्रणाश नम् । दर्शनात्स्पर्शनादेव कोटियज्ञफलप्रदम् ॥

अर्थ--शिवजी के पश्चिमभाग में वामन ने तप किया था। उस तपके कारण शिवजी वामनको प्रत्यक्ष हुए किस रूपमें प्रत्यक्ष हुवे कि पद्मासन लगाये हुवे श्यामवरण और नग्न तव वामन ने इनका नाम नेमिनाथ रक्खा। यह नाम इस भयंकर कलियुग में सर्व पापोंको नाश करने वाला है और इनके दर्शन वा स्पर्शन से करोड यज्ञ का फल होता है।

भावार्थ--श्रीनेमिनाथ भगवान भी जैनियों के तीर्थंकर हैं और जैनधर्मके ग्रंथों में भी उनका वरण श्याम लिखा है। इस प्रभास पुराण में उनको शिवजीका अवतार और नग्नअवस्था वर्णन करके प्रशंसा की है।

वाराही संहिता।

आजानुलंबबाहुकार्य्यः श्रीवत्सांकंप्रशांतिमूर्तिःजितेंद्रियदिगवासातरुणरूपवान्इद्दशीप्रतिमाकार्य्या ॥

अर्थ--गोड़ेतक लम्बी भुजा और श्री वत्स चिन्ह छाती में शांतिमूर्ति राग दोष रहित नग्न तरुण अवस्था रूपवान ऐसी मूर्ति बनानी चाहिये।

भावार्थ--यहां ऐसीही नग्न मूर्ति बनाने की आज्ञा की है जैसी जैनी लोग बनाते हैं।

ऋग्वेद।

ओंपवित्रंनग्नमुपविप्रसामहेयेषांनग्नाजातिर्येषां वीरा ॥

अर्थ--हमलोग पवित्र पापसे बचाने बाले नग्न देवताओं को प्रसन्न करते हैं जो नग्न रहते हैं और बलवान हैं ।

ऋग्वेद ।

ओंनग्नंसुधीरंदिग्वाससंब्रह्मगर्द्भसनातनंउपैमिवीरंपुरुषमर्हंतमादित्यवर्णंतमसःपुरस्तात्स्वाहा ॥

अर्थ--नग्न धीर बीर दिगम्बर ब्रह्मरूप सनातन अर्हंत आदित्य वर्ण पुरुष की सरण प्राप्त होता हूँ ॥

महाभारत ग्रन्थ ।

आरोहस्वरथंपार्थगांडीवंचकरेकुरूनिर्जितामेदिनीमन्येनिर्ग्रंथायदिसन्मुखे ॥

अर्थ--हे युधिष्ठर रथ में सवार हो और गांडीव धनुष हाथ मेंले । मैं मानता हूं कि जिसके सन्मुख नग्न मुनि आये उसने पृथ्वी जीतली ।

मृगेंद्रपुराण ।

श्रवणोनरगोराजामयूरःकुंजरोबृषःप्रस्थानेचप्रवेशेवासर्वसिद्धिकरामता ॥ पद्मिनीराजहंसश्च निर्ग्रंथाश्चतपोधनाः यंदेशमुपाश्रयंति तत्रदेशेसुखंभवेत् ।

अर्थ--मुनीश्वर, गौ, राजा, मोर, हाथी, बैल, यह चलने के समय तथा प्रवेश के समय सामने आवैं तो शुभ हैं और कमलनी, राजहंस, नग्नमुनि जिस देशमें हों उस देश में सुख हो ।

रात्री को भोजन न करने और विनाछाने पानी न पीने आदिक के विषय में अन्य मतके ग्रंथों में ऐसा लिखा है॥

महाभारत ग्रन्थ ।

मद्यमांसाशनंरात्रौ भोजनंकन्दभक्षणं । येकुर्वंति बृथातेषांतीर्थयात्राजपस्तपः ॥

अर्थ--जो कोई मदिरा पीता है मांस खाता है यारात्री को भोजन करता है या कन्द [धरती के नीचे जो वस्तु पैदा हुई आलू अद्रक मूली गाजरआदिक] खाता है उस पुरुष का तीर्थयात्रा जप तप सब बृथा है ॥

मार्कंडयपुराण ।

अस्तंगतेदिवानाथे अपोरुधिरमुच्यते । अन्नमांस समंप्रोक्तं मार्कंडेयमहार्षिणा ॥

अर्थ--सूरज के अस्त होने के पीछे जल रुधिर समान और अन्न मांस समान कहा है ॥

भारत ग्रन्थ ।

चत्वारोनरकद्वारं प्रथमंरात्रिभोजनं । परऽस्त्रीग मनंचैव संधानानंतकायकं ॥ येरात्रौसर्वदाहारं वर्ज यंतेसुमेधसः । तेषांपक्षोपवासस्य मासमेकेनजायते । नोदकमपिपातव्यं रात्रावत्रयुधिष्टरः । तपस्विनोवि- शेषेण गृहीणांचबिलोकिनां ॥

अर्थ--नरक के चार द्वार हैं प्रथम रात्रि भोजन करना दूसरा परस्त्री गमन तीसरा संधाना खाना चौथा अनंत काय अर्थात् कंद मूल आदिक ऐसी वस्तु खाना जिस में अनंत जीवहों । जो पुरुष एक महीने तक रात्रि भोजन न करे उसको एक पक्ष के उपवास का फल होता है । हे युधि-

ष्ठिर गृहस्थी को और विशेषकर तपस्वीको रात को पानी भी नहीं पीना चाहिये।

मृतेस्वजनमात्रेपि सूतकंजायतेकिल। अस्तंगतेदिवानाथे भोजनंक्रियतेकथं। रक्ताभवंतितोयानि अन्नानिपिशितानिच। रात्रौभोजनसक्तस्यग्रासेनमांसभक्षणं॥ नैवाहूतीनैचस्नानं नश्राद्धदेवतार्चनं। दानंचविहितंरात्रौ भोजनंतुविशेषतः॥ उदंबरंभवेत्मांसं मांसंतोयमवस्त्रकं। चर्म्मबारोभवेत्मांसे मांसेचनिशिभोजनं॥ उलूककाकमार्जारं गृध्रशंबर, शूकराः। अहिवृश्चिकगोधाद्या जायन्तेनिशिभोजनात्॥

अर्थ--जैसे स्वजन के मरण मात्र से सूतक होता है ऐसाही सूर्य अस्त होने के पीछे रात्रि को सूतक होता है इस कारण रात्रिको कैसे भोजन करना उचित है। रात्रि को जल रुधिर समान होजाता है और अन्न मांस के भाव को प्राप्त होता है इस कारण रात्रि विषै भोजन लंपटी को एक ग्रासभी मांसभक्षण समान होजाताहै। रात्रिभोजन करनेवाले पुरुषको आहुति देना स्नान करना श्राद्ध करना देवार्चन करना दान देना व्यर्थ है। उदंवर फल अर्थात् बड़का फल पीपलका फल पीलूका फल गूलरका फल आदिक मांस समान ही हैं।

और रात्रि को भोजन करना भी मांस है। रात्रि को भो-

जन करने से उल्लू कव्वा, बिल्ली, गिद्द, सूवर, सर्प, बीछू, गोहरा, गोह आदिक में जन्म होता है

मद्यमांसासनंरात्रौ भोजनंकंदभक्षणं । भक्षणान्नरकंयांतिवर्ज्जनात्स्वर्गमाप्नुयात् ॥ अज्ञानेनमयादेव कृतंमूलकभक्षणं । तत्पापंयांतुगोविंदंगोविंदंतवकीर्तिनात् ॥ रसोनंगृंजनंचैव पलांडूपिंडमूलकं । मत्स्यामांसंसुराचैव मूलकंचविशेषतः ॥

अर्थ--शराब पीने मांस खाने रातको भोजन करने और कंद भक्षण करने से जीव नरक में जाता है और त्यागने से स्वर्गमें जाताहै ॥ हे गोविन्द मैंने अज्ञान कर मूल अर्थात् मूली गाजर आदिक खाया है वह पाप तुह्मारी कीर्तिसे दूरहो लहसन, गाजर, प्याज़ पिंडालू मूल, मच्छी, मांस, मदिरा और विशेषकर मूलका भक्षण नहीं करना ॥

शिवपुराण ।

यस्मिनग्रहेसदानित्यं मूलकंपाच्यतेजनैः । स्मशानतुल्यतद्वेश्मपितृभिपरिवर्जितं ॥ मूलकेनसमंचान्नंयस्तुभुक्तेनरोधमा । तस्यशुचिर्नविद्येत चंद्रायणशतैरपि ॥ भुक्तंहालाहलंतेनकृतंचाभक्षभक्षणं । वृत्ताकभक्षणंचापिनरोयांतिचरोरवं ॥

अर्थ--जिसके घर नित्यमूल पकाया जाता है उसका

घर विना प्रेतस्मशान तुल्य है ॥ जो मनुष्य मूल के साथ भोजन खाता है उसके एकसौ चंद्रायन व्रत करने से भी पाप दूर नहीं होता है ॥ मांसतुल्य है जिसने अभक्ष भक्षण किया उसने हुलाहल जहर भक्षण किया और जिसने वैंगन खाया वह नर रौरव नरक में जाता है ॥

इति धर्मप्रबोधनी समाप्त.

पुनर्विवाह जैनशास्त्रोक्त नहीं है।

(भाई तिलोकचंद दौलतराम मिरजापूर निवासी लिखित)

मुझको एक मित्रद्वारा जैनपत्रिका, जो लाहोरसे प्रकाशित होती है, उसकी संख्या ३८ माह जौलाई व ३९ माह अगस्तकी दृष्टिगोचर हुई. मालूम होताहै कि संपादक जैनपत्रिकाने पातिव्रत धर्मका मूलोच्छेद करनेको कमर बांधी है और अपने पत्रमें प्रायः सभी स्त्रियोंको व्यभिचारिणी लिखाहै और उनको ऐसे अश्लील वाक्योंका प्रयोग कियाहै कि जिसको पढनेसे लज्जाको लज्जा आती है सम्पादकजीकी दृष्टिमें सभी स्त्रियां व्यभिचारिणी प्रतीत होती हैं, सचहै जिसका जैसा आन्तरिक भाव होताहै उसको वैसाही दीख पडताहै सम्पादकजीने पातिव्रत धर्मको ताखपर रखकर विधवाविवाहके कुछ कल्पित फायदे दिखलाये हैं सो यदि धर्मका त्याग सांसारिक फायदाही देखनाहै तो चोरी करनेमें द्रव्यका फायदाहै, हिंसा करनेमें जिव्हाके स्वादका फायदाहै. वेश्यागमनादिकमेंभी क्षणिक सुखका फायदा है. विवाहकी रीति मेटकर स्वयंवर या और किसी भांतिसे मनुष्य स्त्रीको वर लिया करै तो द्रव्य खर्चेके बचावके फायदेके अतिरिक्त जो विवाहमें मान बडाईकेहेतु अपना सर्व धन खर्च करके ऋणी होकर कष्ट भोगते है उससे बचेंगे ऐसे ऐसे जैन धर्मके प्रतिकूल नर्क ले जानेवालेको बहुतसे फायदे हैं आप एक विधवाविवाहहीके फायदेके लिये क्यों अपना शिर खाली किये देते हैं. ऐसेही ऐसे पतित नीचकर्म करनेसे तो शूद्रकी संज्ञा पडती है और नहीं तो जो जो हड्डी मांस शूद्रोंके होती है वही धार्मिक उत्तम जनोंकेभी होती है।

सम्पादकजी! मेरे लिखनेपर नाराज न हूजिये स्थिरबुद्धि हो जरा गौर कीजिये कि इस घृणित और निंदनीय कार्यकी विधि क्या नवीन क्या प्राचीन किसी आचार्यने नहीं बतलाई है. यदि यह कर्म करने योग्य होता तो अवश्य विधवाविवाहकी विधि शास्त्रोंमें पाई जाती, सो कहीं किसी शास्त्रमें लेशमात्रभी इसकी विधि नहीं हैं क्या पहिले आचार्य आप सरीखेभी नीतिवेत्ता और बुद्धिमान् नहीं थे? एक आपही नीतिमान् पैदाहुए? वही मशलहै कि (हम चुनी दीगरेनेस्त) यदि कहीं इसका प्रमाण होतो प्रगट क्यों नहीं करते? मालूम होताहै कि आपने तलाशकरी जब जैनशास्त्रमें इसकी विधि नहीं पाई तो लाचार होकर यह एक "नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबेच पतिते पतौ। पंच स्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते॥" अन्य मतका श्लोक भोले भाइयोंको धोखा देनेके लिये प्रमाणमें लिखदिया वही कहावत हुई कि "कहींकी ईंट कहींका रोडा, भानमतीने कुनवा जोडा." लेकिन इस श्लोककाभी अर्थ संपादकजीने किसी विद्वानसे निर्णय करके नहीं लिखा, यदि निर्णय किया होता तो ऐसा कभी नहीं लिखते क्योंकि इस श्लोकका अर्थ कुछ औरही है जिसको कि हम प्रमाणपूर्वक भाइयोंके अवलोकनार्थ यहांपर दर्ज करते हैं.

इस श्लोकमें 'पतौ' पद पडाहै वह संपादकजीने पति शब्दके सप्तमीका एक वचन समझाहै लेकिन जो कभी संपादकजीने व्याकरणका स्पर्शभी किया होतातो ऐसा कदापि नहीं लिखते; क्योंकि व्याकरणके "अच्चघेः" इस सूत्रसे इकार उकारसे परैका जो ङि उसके स्थानमें औत् होय और घिके अन्तको अकारादेश होय लेकिन पति शब्दकी "पतिःसमास एव" इस सूत्रसे केवल समासमेंही घि संज्ञा होतीहै केवल पति शब्दकी घि संज्ञा नहीं है इसलिये

पतिशब्दके सप्तमीका एक वचन ' पत्यौ ' बनताहै, तौ क्या यह श्लोक अशुद्धहै? नहीं नहीं! अशुद्ध नहीं है किन्तु यह नञ् समासान्त " अपति " के सप्तमीका एकवचन " अपतौ " है सो पतिते शब्दके आगे अपतौ शब्द आया तब " एङः पदान्तादति " इस सूत्रसे पतितेके एकारको और अपतौके अकारको पूर्वरूप एकादेश होकर " पतितेऽपतौ " ऐसा बनगया, अब यहाँपर यह विचारना चाहिये कि अपति शब्दका क्या अर्थ है ? संपादकजी महाशय ! यहाँपर नञ् समासहै और नञ् समासके दोभेद होते हैं एक पर्युदास और दूसरा प्रसज्यक. पर्युदास उसको कहते हैं जो तद्भिन्न तत्सदृशका ग्रहण करनेवाला होय और प्रसज्यक उसको कहते हैं जो निषेधमात्रका करनेवाला होय सो यहाँपर पर्युदास समासहै इसलिये अपति शब्दका अर्थ पतिभिन्न पतिसदृश हुआ सो पतिभिन्न पति सदृश वही पुरुष होसक्ताहै कि जिसके साथ वाग्दान (सगाई) तो होगया होय लेकिन विवाह नहीं हुआ होय इसलिये इस श्लोकका यह अर्थ है कि कदाचित् वह पुरुष जिसके साथ वाग्दान होगयाहै और विवाह नहीं हुआ है कहींको भागजाय या मरजाय या सन्यासी होजाय या नपुंसक होजाय अथवा किसी पातकीविशेषपनेसे जातिसे पतित करदिया गया होय तो इन पंच आपत अवस्थाओंमें स्त्रीका विवाह दूसरे पुरुषके साथ होना चाहिये अब विचारियेकि प्रथमतो सम्पादक महाशयके वक्तव्यहीका पता नहीं है कि जैन शास्त्रोंमेंसे किन २ को सत्य जिनेन्द्रोक्त स्वतः प्रमाण और किन २ को असत्य अल्पज्ञोक्त (अल्प बुद्धियोंके बनाये हुए) परतः प्रमाण मानते हैं ? जबतक इसका निर्णय न होले तबतक किसी शास्त्रका प्रमाण देनाभी व्यर्थ है और सम्पादकजीका यहभी कथनहै कि पुरुष तो अनेक विवाह करसक्तेहैं तो स्त्रियां क्यों न करैं ? इसका उत्तर यहहै कि जैनशास्त्रोंमें बहुतसे धर्म्म ऐसे लिखे हैं कि स्त्री और पुरुष सबके लिये बराबर कर्त्तव्यहैं. जैसे जप, तप, शम, दम, संयम इत्यादि. और बहुतसे ऐसे धर्म्म लिखे हैं कि पुरुषोंके लिये तो कर्त्तव्यहै और वही स्त्रियोंके लिये निषेधहै जैसे वैराग्य अवस्थामें पुरुषोंके लिये तो दिगंबर वेष (नग्नपना) और स्त्रियोंके अर्थात आर्जिकाओंके लिये एक श्वेत वस्त्रका धारण लिखाहै फिर देखिये कि ज्ञान प्राप्त होनेपर पुरुषतो मोक्षको जाते हैं परन्तु स्त्रियां नहीं जासक्तीं. इससे पुरुष और स्त्रियोंके सब कामोंकी समता करना बड़ी भूल है. न-जाने संपादक जैनपत्रिकाकी कैसी उल्टी समझ होरहीहै और जैनधर्मके प्रतिकूल बहुतासीका टोकरा अपने शिरपर रक्खे हैं.

अजी महाशयजी ! यह संसार असारहै इसमें अपने २ कर्मानुसार कोई हँसताहै. कोई रोताहै. कोई जन्मसेही अन्धा बहिरा दुःखी पैदा होताहै और कोई जन्मसेही आरोग्य सुखी पैदा होताहै. प्रत्यक्ष देखनेमें आताहै कि कितनीही सधवा (सुहागिनी) स्त्रियाँ वेश्या हो जाती हैं अथवा व्यभिचार करती हैं और बहुतसी स्त्रियां ऐसी हैं कि बालपनसेही विधवा हो गई परन्तु आजन्म दूसरे पतिका ध्यानतक न किया; यदि उस विधवाको पति और पुत्रका सुख भाग्यमें बदा होता तो वह विधवाही क्यों होती ? उसको तो पूर्वके दुष्कर्म्मोंका फल भोगनाहै इससे बुद्धिमानोंको चाहिये कि ऐसे दुष्कर्मोंसे बचकर वीतराग प्रतिपादित निर्मल धर्मका आचरण कर जीवनमरणादि रहितहो मोक्षके प्रतिगामी होनेकी चेष्टाकरें. (शेष फिर)

बाबू दौलतरामजैनी—
मिरजापुर.

' ज्ञानसागर ' छापखाना मुम्बई.

(जैनमित्र (सितंबर सन १९००) का क्रोडपत्र)

जैनपत्रिका अंक ३८ और ३९ का युक्तिपूर्वक खंडन.

(जुगुल किशोर जैन सिरसावा निवासी लिखित)

प्यारे पाठको! कलही मेरेपास लाहोरसे अकस्मात् जैनपत्रिकाके दो अंक नम्बरी ३८ व ३९ आये उनको पढा तो चित्तको अत्यंत क्लेश उत्पन्न हुआ. अंक ३८ में उत्तर तथा जैनपत्रिका कार्याध्यक्ष दाताकी बुद्धिपर विशेषतः शोक हुआ. पत्रिकामें इतने असभ्य, अनुचित और उन्मार्गी शब्द हैं कि जिनसे प्रत्येक व्यक्ति (मनुष्य) जिसको थोडीसी भी बुद्धि है भलीभांति उनकी बुद्धि और परिणतिका अनुमान करसक्ता है और कह सक्ता है कि आपने अभी जिन मतका ओल्म भी नहीं पढा और समझा है, यदि ऐसा होता तो कदापि बिना विचारे आंख मूंदकर शब्दोंको न लिखते और अपना असभ्यपना लोगोंपर प्रगट न करते, ऐसे संसारवर्द्धक और उन्नतिमें विघ्नकारक लेखोंको पढकर कौन परोपकारी है जो चुप बैठा रहे और संसारसमुद्रमें डूबते भाइयोंको हस्तावलंबन दे रक्षा न करे! अतः हमको अवश्य इसके निराकरण और सुधारके अर्थ लेखनी उठानी पडी।

अंक ३८ पृष्ठ ३ में जो 'जैनमित्र' का उत्तर लिखा है सो उसमें सिवाय भले आदमियोंको गालियां देने, अयोग्य वचन कहने, और अपनी मनमौजी प्रगट करनेके कोईभी उत्तर नहीं दीख पडता है; जो दृष्टान्त उसमें दिये हैं उनको उलट कर वे अपने ऊपरही लगासक्ते हैं या उनका उत्तर यों होसक्ता है कि—यदि जोंक गायके थनपर लगी दधको छोड रुधिरके पीनेहीमें वा अन्य पशु बुरी वस्तु खानेहीमें गुण समझें और दोष न समझें तो क्या सबको उनका अनुयायी होना चाहिये? नहीं कदापि नहीं; और यह लिखकर तो आप बडे प्रसन्न हुए होंगे कि "यह पत्र अंठ मुंठ एक कौडी......रोक सक्ती है" सो अंठ मुंठका सिद्ध करना तो बहुत बडी बातहै और शक्तिसे बाहिरही मालूम होताहै. परन्तु उनके दृष्टान्तका आशय तो उन्हींकर बाधितहै क्योंकि नई रोशनीवालोंके माने हुए पृथ्वीसे १३ लाख गुणित सूर्यको एक या दो अंगुलियां ढक सक्ती हैं, वा एक महान हस्तीको छोटासा अंकुश वशमें कर देताहै, अथवा एक छोटासा मच्छर आपके सर्व अंगमें पीडा वा आकुलता उपजा सक्ताहै, और एक अग्निका फुलिंगा (चेंका) बडे २ शहरोंको भस्म कर देताहै, और उनका यह लिखना कि "एक जैन मित्र क्या..... बराबर होगा और होना चाहिये" सो यहभी यथार्थ नहीं है क्योंकि उनही जैसे सर्व भाई संकुचित बुद्धि नहीं हैं, सबको अपने हेयादेयका विचारहै, शिष्टाचारको लोप ऐसा निंद्य और घृणितकार्य कर कोईभी अपनेको संसारमें नहीं भ्रमावेगा. और न स्मरण मात्रकर हृदयको सकंप करनेवाले नरकोंके दुःखोंको भोगना चाहेगा, और कुछभी होय यह तो बात हम बहुतही जोरसे कह सक्ते हैं कि एक क्या लाख जैन पत्रिका चली आओ "विधवा विवाह होना चाहिये" इसको कोई सिद्ध नहीं कर सक्ता; बिना मंडन किये और दूसरोंकी युक्तिका खंडन किये पक्षपात कर अपने घरमें जो चाहै कोई मानले, बहुतसे

मनुष्य मांस और मदिराभी तो खाते हैं परन्तु परीक्षावान् तो कभी ग्रहण नहीं करेंगे। जैनमित्रके अंक ६ पृष्ठपर यह वाक्यहै " और निश्चयहै कि वहांकी बिरादरी उनको जातिबाहर करदेगी " जिसपर संपादक पत्रिकाने अतिकोलाहल मचायाहै और बार २ अपनी कानूनकी चक्कीके दुःखोंको तथा जेलखानेकी रोटियोंको स्मरण कियाहै, इससे मालूम होताहै कि न तो उन्होंने जैनमित्रके आशयको समझाहै और न ताजीरात हिन्द (इंडियनपैनैलकोड) की दफे (सैक्शन) ४९९ को साथ तशरीह (एक्सप्लैनेशन) और दसों मुस्तस्नियात (एक्सैप्शन्स) के देखा तथा समझाहै, यदि ऐसा होता तो कदापि वे ऐसा न लिखते और स्वयं दशो जगह ऐसे शब्दों और वाक्योंका प्रयोग न करते, जिनसे वे स्वयंही उस चक्की और रोटियोंके भागी हुए जाते हैं; परन्तु " जैनमित्र " चूंकि जैन जातिका सच्चा मित्रहै इसकारण वह मित्रताही करताहै किसीको चक्की दिखाना वा रोटियां खिलाना नहीं चाहता, और वे क्या जैनमित्रका जैनमित्रपना निकाल सक्ते हैं, बहुतसे दुष्टोंने पहिले मुनियोंको कष्ट दिये सो साधुओंने परोपकार ही किया, अन्तमें दुष्टोंकोही लज्जित होना, दुःख उठाना, और शरण लेना पडा, इसीप्रकार जो कोई विरोधी होंगे, यद्यपि जैनमित्रका कुछ नहीं करसक्ते, परन्तु अन्तमें उनको पछताना पडेगा, और उनका वह वाक्य कोई प्रकार अनुचितभी नहीं दिखाई देता और न ऐसा प्रतीत होताहै क्योंकि यह बात सब जानते हैं कि वहपत्र किसी खास जाती (निजी) नहीं हैं किन्तु मुम्बई की दिगंबर जैनसभाका है, और यह सभा महासभा मथुराकी शाखासभा होनेसे वह पत्रभी कुलभारतवर्षकाहै, और यह बातभी सर्वमान्यहै कि जब अपनी सेनाका कोई हाथी बिगड जावै और अपनीही फौजका घमसान करने लग जाय तो उस हानिके रोकनेके लिये यही उपाय श्रेष्ठ होसक्ताहै कि या तो उसको अपनी सेनासे बाहर निकालदें वा योग्य बंधनोंसे बान्धें, बस यही दशा जातिकी है, यदि जातिमें रहकर कोई पुरुष ऐसा कार्यकरै जो हानिकारक और धर्मके विरुद्धहो और उसी हालतमें उसके जातिमें रहनेसे अन्य मनुष्योंपर उसका बुरा असरपडै और उनकेभी धर्मच्युत और उद्धत होनेकी संभावना (अहतमाल)हो, तो अपने अन्यभाइयोंके हितकेलिये इससे अच्छा और क्या उपाय हो सक्ताहै कि या तो उसको जातिसे पतित कियाजाय, अथवा उसको योग्य दंड दिया जाय, यदि स्वच्छन्द विचरने दिया जाय तो अधिक हानिकी संभावना स्वतः सिद्धहै, ऐसी दशामें यदि सभा जातिके हितकी अभिलाषासे ऐसे अप्रचलित निंद्य और घृणितकार्यके करनेवालोंको दण्ड देनेको कहै सो योग्यही है. देखो दण्डादिक देना कोई नवीन बात नहीं है शास्त्रोक्तहै और यह वाक्यभी उन्होंने स्वयंही कल्पना नहीं कियाहै किन्तु " दोनों जगहोंकी बिरादरी उनसे नाराजहै और उनका भाईभी उनसे जुदा होगयाहै " इत्यादि खबरोंसे निकाला है। और मेरटके लखपती ऐसे वे समझ नहीं हैं जो उनकी चालोंमें आजाय किन्तु महागंभीर स्वयं हेयोपादेयके विचारक और इस महानिंद्यकार्यसे होनेवाले दूषणोंके ज्ञाताहैं। वैसे तो बेटीवालेभी सुयोग्य ज्ञात हुएहैं परन्तु नहीं मालूम किस निमित्तजनित पक्षपातकर अभी उनकी बुद्धि आच्छादित है। अन्य मनुष्योंको झूंठी प्रेरणाकर जो सम्पादकने धमकी दी है सो उससे कोई भय नहीं करता क्योंकि " सांचको क्या आंच ? " और दूसरे महासभा वा मुंबई आदिक प्रांतिकसभाओंके प्रबंधकर्ताभी कोई सामान्य मनुष्य नहीं हैं लखपती और करोड पती हैं।

पृष्ठ ४ पर जो संपादकने उल्लू, बेसमझ, मूर्ख, बेइल्म गधे और बिल्ली इत्यादि शब्दोंका प्रयोग कियाहै सो जो मुन्सिफ उनके लेखको पढैगा तथा जैनमित्रका अंक ४ देखेगा तो वह अवश्य डिगरीतौहीन (डैफैमेशन) कीवहक (हकमें) जैनमित्र के सादिर करेगा। उनके इस लेखसे ज्ञात होताहै कि उन्होंने जैनमित्रके मजमूनहीको नहीं समझा, उनका कथन शिक्षाप्रणाली (तरीक तालीम)के ऊपर था नाकि शिक्षाके; जिसको आप शिक्षाहीमें ले बडे; सचतो यों है कि किसीबातके समझने और खंडन करनेकी शक्तितो है नहीं, वृथाही कोलाहल मचाकर अमन (जातिके आराम, सुख) में विघ्नडालते हैं, और आप स्वयं हीन शक्तिवशात् अनभिज्ञ हो जीवादिक तत्वोंके ज्ञाता पंडितजनोंसे हसद और ईर्षाकर उनकी निंदा और अपनी प्रशंसा करतेहैं सोठीकही है जब बहुतसे मुनि शिथिलाचारी होगये और लोग उन्हे शिथिलाचारी कहनेलगेथे तब उन्होंने शिथिलाचार पोषक सूत्र रचेथे और उनकी सम्प्रदाय बढकर मत होगये और अबतक प्रचलितहैं, इसी प्रकार अब सज्जनोंसे लोग द्वेष बढातेहैं और हीनाचारका उपदेश फैलाते हैं, नहीं मालूम उनका अतरंग आशय क्या है ?

पृष्ठ ५ पर संपादकजीने लिखते समय कुछभी विचार न किया कि हम क्या लिख रहे हैं, और करतेही क्यों स्वयं सर्वज्ञ नहीं सर्वज्ञके ज्ञानकर अनुवासित नहीं; आप लिखते हैं " यानि दुलहनकी बाँह बरके हाथमें पकडा देतेथे इसका नाम विवाह था " इसपर पाठक विचार करसक्ते हैं कि–यदि केवल बाँह पकडनाही विवाह हो और अन्य कोई विधि उसके साथमें न हो और न कुछ उच्चारण किया जाय तो पैदा होनेके समयसे हजारों मनुष्य कन्याकी बाँह पकडते हैं और पकडाई जाती हैं और पूजाके समयोंमेंभी. सो सर्वही विवाह हो जाते ? परन्तु यह नहीं है, इससे इतनाही कहना विवाहके आशयको प्रगट नहीं करता किन्तु अन्य मंत्रादिक सहित विधानभी होता है, स्वयंवरमें जो केवल इतनाही नहीं होताथा कि स्वयं वर चुनलिया और साथ चलदी, किन्तु चुननेके पश्चात् पुनः विधिपूर्वक विवाह होता था, और यह वाक्य तो शायद सम्पादकजी भूलकर अपने प्रतिकूल लिखगये कि " जैनियोंमें उनका **यावज्जीवके** लिये संबंध रखनेके वास्ते पंच परमेष्ठीकी साखी कराई जाती थी " क्योंकि " यावज्जीव " का शब्द उस कालतकका बाचक है जबतक कि–दोनोंकी आयु समाप्त न होजावै, यदि पुरुषके मरनेपर स्त्री अन्यविवाह करै तो सम्बन्ध उनका यावज्जीव न रहा, वह दूसरे मनुष्यकी स्त्री कहलावेगी, यदि वह न करै तो वह उसकी स्त्री कहलायेगी और उसकी जायदाद (प्रॉपर्टी) की भोक्ताहोगी, और एक सामान्य मनुष्यकी भी साखी देनेसे भले आदमी उसका प्रतिपालन करते हैं, फिर पंचपरमेष्ठीकी साखीदे और अनेक मंत्रका विधानकर कौन शुबुद्धि है जो उसके निर्वाहमें त्रुटि करै और मन्त्रोंका प्रभाव न समझै, यद्यपि अग्निको जैनी देवता नहीं मानते हैं और उसकी पूजा करते हैं परन्तु आपको स्मरण होगा कि जब तीर्थंकरादिकका निर्वाण कल्याणक होताहै उससमय इन्द्रादिक उनके शरीरको दग्धकर अग्निकी पूजा तथा प्रदक्षिणा देते हैं. और भस्मको मस्तक पर चढाते हैं, बस उसी अग्निकी यह स्थापनाहै, विधिपूर्वक मंत्रादिकसे हवनादि कर वह-अग्नि पूज्य होजाती है जैसे प्रतिमाजी, सोई जिनसेनाचार्यने आदिपुराणमें वर्णन किया है और उस अग्निको तीन प्रकारसे कुण्डोंमें प्रगटकी है और पूजन भगवान्‌का पाणिग्रहणके बादही नहीं किन्तु मंगलके अर्थ पहिलेभी होताथा और होताहै। यद्यपि कन्यादान उन दानोंमेंसे नहीं हैं जो कि जिनमतमें माने हैं और न इसके करनेसे पुण्य होता है किन्तु पाप जरूर होताहै परन्तु व्यवहारमें देनेकी क्रियाकर इसको रूढित कर लियाहै और जिसप्रकार

कि मुर्देके फूंकनेसे पाप होताहै और धर्म नहीं परन्तु व्यवहारमें उसको करना जरूरी है इसीप्रकार कन्यादानभी व्यवहार मान्य है। फेरोंके विषयमें सम्पादक पत्रिकाने वृथाही कोलाहल किया, क्योंकि सातवीं भाँवरसे संपादक जैनमित्रका ऐसा आशय ज्ञात होताहै कि उन्होंने विवाहसमयकी उस हालतके बोधनार्थ कि जिसके अनंतरही पतिका पूर्ण अधिकार स्त्रीपर होताजाहै, व्यवहार नयकर उपरोक्त शब्दका प्रयोग कियाहै जैसे किसी म्लेच्छ को म्लेच्छभाषाहीमें समझाइये तो समझै अन्यथा नहीं, ऐसे समझानेके वास्ते बालगोपाल प्रसिद्ध शब्दका प्रयोग कियाहै, एडीटर पत्रिकाको पदार्थका स्वरूप निर्णय करनेके लिये निश्चय व्यवहारका स्वरूप जरूर सीखना चाहिये. और कानूनमें सिवाय खास शर्त्तोंके कोई लाजमी नियम नहीं है जिससे वह जायदाद उस मनुष्यके मरनेपर जिसको दीगईथी देनेवाले कीही विरासतमें आजाय, यदि वे ऐसा सर्वथा मानेंगे तो वह यह नहीं कहसकेंगे कि मनुष्यके मरनेपर उसकी जायदादका मालिक उसका पुत्र होताहै जो कि उन्होंने अगली पंक्तियोंमें लिखाहै क्योंकि जिस पितादिकसे उसको मिली उसीको मिलनी चाहिये। और सुसरका संतान उत्पन्न करना इत्यादि जो शब्द लिखे हैं सो बिलकुल वे बिचारे और अकलको रुखसत करके लिखे हैं क्योंकि उनको प्रत्येक कुटुंबीके दर्जे और अधिकारका तमीज नहीं और न विवाह समयके वचनोंके आशयको समझाहै।

अब पत्रिकाकी एक सख्त भ्रांति और गलतीका संशोधन किया जाता है कि—जिसका आश्रय ले वह व्यभिचारको पोषती है और वह देवांगनादि संबंधी कथन है, इससे ज्ञान होता है संपादकने कभी कर्मभूमि, भोगभूमि, और स्वर्गोंका स्वरूप नहीं समझा है इसीसे ऐसा बेसमझे लिखमारा, सच तो यों है कि—पक्षपातकर जिसकी आखें बंद होजाती हैं उसको कुछ नहीं सूझता। अब समझना चाहिये कि शील नाम स्वभावकाहै, और निश्चय नयकर सकल विभावरूप परिमाणहीं कुशीलहै, परन्तु व्यवहारकर अविवेकजनित मैथुन कर्मकानाम कुशीलहै, और याद रखना चाहिये कि प्राणियोंकी प्रवृत्ति अनेक प्रकारकी होतीहै, कहीं भवजनित, कहीं विवेकजनित, कहीं अविवेकजनित, और कहीं जाति स्वभाव कर नियमित; इत्यादि, सो इनका सविस्तर कथन बहुतहै तथापि सामान्य तौर पर यहाँ यह कहना काफी है कि देवों वा नारकियोंके स्वतः अवधिज्ञानका होना, विक्रियाका करना, इत्यादिक भवजनित प्रवृत्ति है. देव लाख चाहते हैं कि हम तप संयम करैं परन्तु नहीं करसक्ते यहही एक भवजनित प्रवृत्तिहै, इसीतरह मैथुन प्रकारभी देवोंके भव जनित हैं और उसके अनेक भेदहैं, कायसे मैथुन केवल प्रथम दोही स्वर्गोंमें हैं, तिसपरभी गर्भाधानादि प्रवृत्ति नहीं, उनके शरीरमें निगोद नहीं: अतः अविवेकजनित न होने आदि अनेक कारणोंसे देवांगना कुशीली नहीं होसक्ती है। बहुरि भोगभूमियोंके युगपत् स्त्रीपुरुषका उपजना, युगपतही छींक तथा जंभाईपूर्वक मरणका होना, शरीरका कपूरवत उडजाना, और असि मसि कृशादि क्लेशकर्मरहित कल्पवृक्षजनित भोगनका भोगना, इत्यादि प्रवृत्ति जातिस्वभाव नियमित है, वेभी तपश्चरणादि नहीं करसक्ते, इनकेभी देवनारकी कीनांई मोक्षके साधनका अभाव है, इसीप्रकार मैथुन प्रकारभी भोगभूमियोंके जातिस्वभाव नियमित है, यदि संपादकजी ज्ञाननेत्रको मूँद भोगभूमि तथा कर्मभूमिकी प्रवृत्ति विषै भेद नहीं समझेंगे तो अवश्य है कि—बहन और भाईका आपसमें विवाहका हुकुम जारी करेंगे और अपने मतसे भ्रष्ट हुए उन पर्यायनिसेभी मोक्षहोना मानेंगे, अरे भाई! आप कर्मभूमिका अन्यसे क्या मिलान करते है यह तो वह वस्तु है जिसकी इच्छा देवभी करते हैं, बहुरि पशुओंमें, तथा माता, बहन, पुत्री

और स्व परदाराका भेदरहित मनुष्योंके विषै मैथुन कर्म अविवेकजनित है और स्वपरदारा भेद विचारपूर्वक निज स्त्रीमात्रसे योग्यकाल, योग्यवय (अवस्था) और योग्य क्षेत्र विषै मैथुनकरना सो विवेकजनित है । अतः विधवा विवाहका करना एक अविवेकजनित प्रवृत्ति है, और कदापि विवेकजनित नहीं होसक्ती है; देखो जो विवेकवंती स्त्रियां हैं वे पुनर्विवाह तो दूरही रहो स्वयं अपना विवाह करनेकोभी एक अविवेकजनित प्रवृत्ति समझती हैं, जिनकी सेंकडों कथा भाइयोंने शास्त्रोंसे सुनीहोंगी । आदिनाथ स्वामीकी ब्राह्मी और सुंदरी दोनों पुत्रियोंने स्वयं विवाहकरनेको अनुचित समझ नहिं किया किन्तु जिनेन्द्री दीक्षा धारणकी श्रीपालकी स्त्री मैनासुंदरीने जो उत्तर अपने पिताको इस प्रश्नका दिया था कि " तुम किसके साथ अपना विवाह चाहती हो " वह किसीसेभी गुप्त न होगा, होनो श्रीपाल चरित्र देखलेवें। यदि यह कार्य विवेकजनित होता तो कदापि श्रीराजमती (राजुल) जिसका कि—पाणिग्रहणभी नहीं हुआथा, नेमनाथके विरक्त होने और विवाह न करनेपर दीक्षा धारण न करती, और " मनभारियो मांग हमारी, मेरे शीलको लागै गारी " इत्यादि आशय लिये हुए शब्द न कहती, जिनको संपादकजीनभी बारहमासे आदिमें स्वीकार कियाहै, इसीप्रकार सेंकडों दृष्टान्त मौजूदहैं जिनमें विवेकियोंने विवाह क्या ? वाग्दान (सगाई)के पश्चात्भी अन्यसे विवाह करनेको व्यभिचार और अविवेकजनित कार्य समझा, देखो पाण्डवोंके लाखामहलमें जलनेकी खबर सुनकर उन कन्याओंने जिनके पिताओंने उनसेही यह कहाथा कि—हम तुह्मारा विवाह पांडवोंसे करेंगे, अन्यसे विवाह करना पिताके कहनेपरभी नहीं चाहा, और दीक्षा धारणपर तत्पर होगई, और स्त्रियांही नहीं किन्तु पुरुषभी ऐसे व्यभिचारी परिणामोंके नथे जो विधवा विवाहको चाहते, किंतु उसकी विरुद्धतामें हदको पहुंचगये थे, जिसका दृष्टांत भाइयोंको हनुमानके पिता पवनंजयकी कथासे ज्ञान हुआ होगा. जिन्होंने अपनी स्त्री अंजनाको विवाह होतेही २२ वर्षतक इस बातपर त्याग रक्खी कि जब विवाहके निकट दिनोंमें उसकी सखी मिश्रकेशीने पवनंजयकी अपेक्षा दूसरे राजाकी प्रशंसाकी तो अंजनाने पूर्ववत् (जैसा कि दूसरी सखीद्वारा पवनंजयकी प्रशंसापर किया था) लज्जाकर नीचा मुख करलिया और कुछ उत्तर नहिं दिया, जिसका आशय पवनंजय द्वारा यह निकाला गया कि इसके शीलमें अंतरहै जो हमारी बुराई कानों सुनी और चुप रही । शोक कि इतनेपर भी नहीं मालूम संपादक पत्रिकाको क्या खब्त सूझा और बाबलगत उठी जो नसेमें यह लिखगये कि पहिले यहांभी विधवा विवाह होताथा, जबसे जैनियोंका राज्य गया और हिन्दुओंका हुआ तबसे जाता रहा । अरे शिथलाचार पोषकों वृथा क्यों जिन धर्म और जातिकोभी कलंक लगाते और अविद्यमान दूषण लगाकर नीच गतिका कर्म बांधते हो, ऐसे पुरुषोंके होनेसे तो यह जाति शून्यही भली है क्योंकि नीतिमेंभी ऐसा आशय प्रगटहै कि " वरं शून्याशाला नच खलुवरो दुष्ट वृषभः, वरं वेश्यापत्नी नपुनरविनीता कुलवधू । वरं वासोरण्ये न पुनरविवेकाधिप पुरे, वरं प्राणत्यागो न पुनरधमानामुपगमः ॥ " ऐसे मिथ्याभाषणको पढकर कौन जैनी है कि जिसपर इन मृषानंदियोंका आशय प्रगट न हो जावै, अवश्यही, और निश्चयहै कि उनके उन्मत्तवत् सत्यपरभी श्रद्धान न रहै । नहीं मालूम इनका विवेक कहाँ गया जो " लाल वस्त्रादि " अनेक मनोकल्पित युक्तियोंसे व्यभिचारको पोषते हैं, शायदहै कि इन्होंने पूर्वोक्त शिथलाचारी मुनियोंका अनुकरण ग्रहण किया हो क्योंकि उन्होंनेभी मांसादिक अभक्ष्यको रोगादिक विषै भक्ष्य स्थापन करनेके लिये वर्द्धमानस्वामी आदिपर दोषारोपणकर युक्ति कीथी; परन्तु हमको भयहै कि कभी विधवाभिलाषियोंको किसी सुशिक्षित और सुशीला विधवा

द्वारा कौए और कुत्तेकी पदवीको प्राप्त हो लज्जित न होना पडे, जैसे कि एक सुशीला स्त्रीने एक कामातुर राजकुमारको यह दोहा कह लज्जित कियाथा.

"दोहा—मैं पियकी जूठन भई, ग्रहण जोग नहिं आन।
जो वह मोकूं चहतहैं, कै कौआ कै स्वान॥"

जब हम जगत्में ऐसी जातियोंकी ओर दृष्टि करतेहैं कि जिनके मतमें इस विधवाविवाह-को कामातुरोंने जायजभी करदियाहै तौ हमको प्रमाण और अनुभव होताहै कि यह कार्य बुरा और निंदनीयहै क्योंकि उनमें जितने उत्तमवंश (आली खान्दान) धारीहैं चाहै उन-के मतमें वह कार्य जायजभी कर दियागयाहो वे उसको महान् हीनाचार निंदनीय और अपने पदके विरुद्ध समझतेहैं, यह सबको प्रगट है देखो ! कहीं २ नीचजातिमें विधवाको दूसरेके घरमें बिठालदेते है परन्तु उसको विवाह नहीं कहते किन्तु धरेजा कहतेहैं क्योंकि विवाहतो स्त्रीका एकहीवार होताहै, जब वह दूसरेके घर बैठालते हैं तब उसको दिनमें न-हिं लेजाते किन्तु रातमें लेजाते हैं और फिरभी जो सदर रास्ता होताहै उस रास्तेसे नहीं ले जाते औरही रास्तेद्वारा लेजाते हैं और वह स्त्री लज्जाके मारे बहुत दिनोंतक औरोंको मुहभी नहीं दिखाती, यदि यह कार्य श्रेष्ठ और उत्तम होताती क्यों सदर रास्ता छोडकर रातमें दू-सरी राहसे लेजाते ? इसकार्यको नीचजातिभी नीच समझती है तो उच्चजाति क्या उच्चसम-झैगी ? कदापि नहीं. अतः इस दृष्टान्तादिकर विशेष विवरण वृथाहै । विवाह समयकी विधि और मंत्रोंके आशयों तथा प्रभावको समझना चाहिये जिसके कारण पितादिक तो क्या स्वयं स्त्रीको अपना वा पुरुषकोभी स्त्रीके पुनर्विवाह करनेका अधिकार नहीं रहताहै,और जो मंत्रके स्वरूप और उसकी शक्तिको नहीं समझते हैं वे पृथ्वीके सर्वही मतोंसे बहिर्मुखहै । और पुरुषके पुनर्विवाहसे यह जरूरी नहीं आसक्ता कि स्त्रीकाभी पुनर्विवाहहो क्योंकि दोनोंके पदस्थ (दरजे) में असमानता सर्व जन मान्यहै और क्यों नहो कर्मने स्वतः असमानता रची है, यथा स्त्री गर्भ और स्तनके विषै दुग्ध धारण करती हैं, पुरुष नहीं; स्त्रीकै वज्र वृषभ नाराच संहनन नहीं, और उसको केवल ज्ञान तथा मुक्तिकी प्राप्ति नहीं हो सक्ती, विपरीत इसके पुरुषको उक्त संहनन तथा केवल ज्ञानादि मुक्तिकी प्राप्ति होती है, दूसरे पुरुषकै पापके नाशनेकी शक्ति अधिकहै, विपरीत इसके स्त्रीमें कम है, और तिस-परभी उसकै मासिकादि धर्मद्वारा सदैव हिंसाकी प्रवृत्ति रहती है; यदि इतनपरभी कोई समानतारूपी मदिराका पान करैगा तो अवश्यहै कि उन्मत्त हो 'एक स्त्रीकै एक कालके-विषै अनेक पति' होनेका हुक्म सादर करैगा और फिर वेश्या और भार्यामें भेद नहीं कर सकैगा तथा अन्य बहुत खराबियां होंगी. ऐसे अज्ञानियोंको भ्रमकी चादर उतार "पति पत्नी" आदि शब्दोंका अर्थ किसीसे समझना चाहिये । और पाठकोंको मालूम रहै कि प-हिले कोई स्त्रियोंके सती होनेका रिवाज नहींथा किन्तु अर्जिका और श्राविका होतीथीं, और यदि कोई होतीभीथी तो बहुत कम जैसे कि अबभी हो जाती है, परन्तु जबरन करना तो थाही नहीं और यह जो कुछभी इसकी अधिकता हुईथी सो मुसल्मानादिकोंके राज्यके समयसे हुईथी, और इसीसमयमें यदि कहीं जबरनभी यह काम होताथा तो प्रायः क्षत्रियोंमें जिनको कि अपने वंशकी मान्यताका अधिक खयाल होताथा और जिनकी लीलाही निराली होतीथी और जिसको भाई इतिहासोंसे अनुभव कर सक्ते हैं, और यह हम जोरसे कह सक्ते हैं कि यदि औसत निकाला जाय तो यह निश्चयहै कि जितना सदाचार इस जैन जातिमें है

उतना और किसीमें नहीं है, और यह इसका एक मोटा सबूतहै कि जैनी शाजनादिर (बहुत कम) जेलकी हवा खाते हैं। विपरीत इसके अन्यजातियोंके मनुष्योंसे जेलखाने भरे रहते हैं और जहां कहीं छिपे छिपाये तीव्र चारित्र मोहके उदयकर विवेक शून्योंमें कुशीलादि असदाचारहै भी तो इससे यह आवश्यकीय नहीं हो सकता कि जिस बुरे कामको कोई अज्ञानताकर किसीकारण विशेषसे छिपे छिपाये डरता हुआ करै और उसमें पापभी समझे तो उसको जायज और खुल्लमखुल्ला करदिया जाय और डर दूरकर अधिक पापकी प्रवृत्तिको अवसर दिया जाय, क्योंकि यह स्वतः सिद्धहै कि जिस कामको कोई बुरा जानता हुआ छिपे छिपाये और डरता हुआ करताहै तो उसको बहुत कम अवसर उस कामके करनेका उसकी अपेक्षा मिलताहै जो कि उसमें दोष नहीं समझता और खुल्लमखुल्ला करताहै और श्रद्धान ठीक होनेसे प्रथमकी निस्वत आशाहै कि वह एकदिन सर्वथा उस कामको छोडदे, विपरीत इसके दूसरेकी निस्वत कष्ट साध्य व असाध्यहै; इससे यह सिद्धहै और पाठकगण विचार कर सक्ते हैं कि विधवाविवाहमें बहुत हानियें और पापहैं, सज्जनोंको तो इसके नामसेही ग्लानि आती हैं।

जिनमतके करणानुयोग अर्थात् भूगोलपर तो संपादकजीका दिमाग बहुतही चक्करमें आया और बहुत घबराये, सो युक्तिही है जितना पात्रहोताहै उतनीही वस्तु उसमें समाती है, यदि एक छोटीसी कुईका मेंडक मानसरोवरका अनुमान करने लगै सो कवहो सक्ताहै, सिवाय इसके कि वह उछल कूदकर स्वयं प्राणान्त होजावै; जब संपादकजीकी बुद्धि अत्यन्त संकोचको प्राप्त होगई और कुछभी बश न चलातो उन्मत्तकीनांई आचार्यों और ऋषिमुनियोंको गालियां और कुवचन कहने तथा उनमें दोषान्वेषण (ऐवजोई) करने लगे और यही स्वभाव खलजनका नीतिमें कहाहै सो किसीकोभी अप्रगट नहीं है, और वे विचारे क्या यदि करोड मनुष्यभी उन जैसे ख्यालके एकत्र हों तोभी उनसाधुओंमें दोषारोपण वा उनके मान्यका खंडन नहीं करसक्ते।

अरे भाई! यदि अंधेको दीपक नहीं दीखै तो दीपकका अभाव नहीं हो जायगा, यदि उनकी नियमित (लिमिटेड) तुच्छ बुद्धि पदार्थोंको जानने न दे तो पदार्थोंका लोप नहीं होजायगा, मालूम होताहै कि संपादकजीने जिनमतके मुख्योपचार कथन, द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक तथा नैगमादिनय तथा सप्तभंगी वाणी और प्रमाण तथा निक्षेपादिकके कथनको छुआतक नहीं और विना इनके समझे जिनमतका रहस्य जानना कष्टसाध्यही नहीं किन्तु असाध्यहै, यदि ऐसा होता तो संपादक पत्रिकाका भ्रम स्वयंही निकलजाता और उनको ऐसा लिखकर अपनी जातिमें लज्जित होना नहीं पडता। अंगके धारी और पाठीमें ज्ञान संबंधी कोई भेद नहीं हैं केवल निसर्गज और अधिगमजका भेदहै, अंतरंग कारण दोनोंके समानहै, बाह्यकारणमें स्वतः परतःका भेदहै, और कुछभीहो यह बात युक्तिशास्त्रसे सिद्धहै और जोरके साथ कही जा सक्ती हैं कि उन आचार्योंकी समान ज्ञानकाधारी आपके भूमंडलपर कोईभी नहीं है। विवाहपद्धतिके रचनेसेही यदि आचार्योंको दूषण लगैतो कदापि प्रथमानुयोगकी प्रवृत्ति नहीं होसक्ती, और फिर उनके जिनेन्द्र देवभी जिनकी दिव्य ध्वनिमें सर्व बातें खिरती हैं दूषणसे अलिप्त नहीं करसके, अतः ऐसे तार्किकोंको नय विभाग अवश्य समझना चाहिये और आशाहै कि जब वे इसको समझ जावेंगे तो स्वयंही वरादिककी योग्य अवस्था तथा सीतादिक संबंधी प्रश्नोंके तो करनेमें समर्थ होजायँगे। आचार्योंको कोई जरूरत नथी कि प्रयो-

जनभूत वातोंको छोडकर अप्रयोजनभूत जो निकटवर्ती ग्रामादिक वा भावी राजादिकोंका हाल नाम तथा नाना प्रकारके कारखानेंके प्रचलित होनेको प्रगटकरते, अथवा जहाँतक प्रयोजन समझा भावी बातोंको प्रगटभी कियाहै जो सबके प्रत्यक्षहैं, उनको कोई एकही काम न था किन्तु सदैव तप ध्यानके विषै लीन रहतेथे; एक धनवान किसी दूसरेको अपना धन न दिखानेसे वा उसके न देखनेसे निर्धन नहीं होसक्ता, इस कारण विना विचारे और विना उनके कार्योंके देखे यह कहना कि उनको ज्ञान नथा, वा कमथा, एक मूढता नहीं तो क्या होसक्तीहै। स्वर्गोंमें कोई जरूरत नहीं कि दर्वाजा खोला वा बंद किया जाय, यह वहां होताहै वहां कर्मभूमि होती है वा जहां चोरचकार वा अन्य किसी प्रकारका भय होताहै, स्वर्गोंमें यह बात नहीं, वहां चोरी तथा दारादिक हरण नहीं है शास्वत रचना है, कभी न्यूनाधिक नहीं हो सक्ती जो जिसके लिये नियमित है उससे हीनाधिक नहीं होसक्ता; यदि कोई स्वयं बनावे तब उसके अच्छे बुरे वा योग्यायोग्यादि संबंधी प्रश्न उठ सक्ते हैं, शाश्वत रचना विषै ऐसे प्रश्न करना वृथाहै, और शाश्वत रचनाभी जहां होती है वहांके लिये योग्यही होती है अ-योग्य नहीं जब देवोंका वैक्रियक शरीर है तो कदापि छोटे मकानादिक योग्य न होते, और उनकी शरीरकी उंचाईका जो कथन है सोभी आपेक्षिक है अन्यथा वैक्रियक शरीरका को-ई एक परिमाण नहीं होसक्ता। हमको भ्रमहै कि— हम संपादकजीकी किसबातको सच समझें, जब कि वे कईवार मोक्षमार्गप्रकाश तथा रत्नकरंड श्रावकाचारादिककी प्रशंसा स्वयं करचुके है, और अब उनके अंतर्गत करणानुयोगका खंडन करते हैं। मानलो कि यद्यपि ह-मको अपनी स्थूल बुद्धिवशात् सूक्ष्म, अंतरित और दूरवर्ती पदार्थोंका पूर्णनिर्णय न होसकै, तथापि हम क्यों वर्तमान भूगोलसंबंधी कथनको इतनाही मानलें जब कि कथन कर्ता स्वयं लिखते हैं कि (आर्टिकादि) सागरोंका हाल हमको मालूम नहीं और जबकि चौतरफा समुद्रोंके पारको कोई प्राप्त नहीं भया, अतः ऐसा जानकरभी मानना केवल अज्ञानका महात्म्य है और आचार्योंके कोई क्या परदे खोलसक्ता है, उनहीके परदे खुलजाते है कि वे कौन हैं और उन-का क्या मतहै? चूंकि ग्रन्थ आचार्योंके बनाये हुये हैं और उनको वे महात्मा अज्ञानी कहचुके हैं, तथा प्रायः कोई ग्रन्थ जिनमतका ऐसा नहीं है जिसमें कुछ न कुछ अंश करणानुयोगका न हो सो इसके विपक्षमें वे मनघडंत खंडन करही रहे हैं, अतः उनके किसी जैन ग्रन्थकी प्र-माणता नहीं, और जिसके जिनमतके ग्रन्थकी प्रमाणता न हो बल्कि उसका जो उलटा बाध-कहो उसको जो कहना चाहिये सो किसीसेभी गुप्त नहीं तथा उन्होंने स्वयंही पृष्ठ ८ पर "ध-न्यहै ईसाई मजहबको" ऐसा कहनेसे तथा अन्य स्थानोंपर "या खुदा तेरी कुदरत" इत्यादि आशय लिये शब्दोंका प्रयोग करनेसे अपने अंतरंग परिणामोंको प्रगट कियाहै, शास्त्रोंको छ-पाने बेचने केवल खरीदनेकी प्रेरणाके वास्ते उनकी प्रशंसा करते रहना और वैसे उनके अंतर्गत लेखोंका खंडन करना, इससे छपानेमें धर्माधर्म विचारका निर्णय पाठकगण स्वयं करसक्ते हैं; यदि कोई महाराजा अपने रत्नोंके भंडारको स्वयं सबको दिखाता न फिरै? न कोई फिरा कर-ताहै तो इससे यह नतीजा निकल सक्ताहै कि उसके पास रत्न नहीं हैं वा झूंठ हैं, इसीप्र-कार यदि जैनी अपने ग्रन्थोंको न छपावें तो यह नतीजा नहिं निकलसक्ता कि उनमें झूंठ बातें हैं, जैनी ग्रन्थोंको छिपाते नहीं जो कोई रोचकहो उनको देख सक्ताहै। हमको भयहै कि कभी थोडे कालमें ऐसी नई रोशनीवालों द्वारा यह हुकुम सादिर न किया जाय कि प्रतिमा-ओंका सांचेमें ढलकर गली बाजारोंमें बिकना, प्रत्येक जैनीका खरीदकर अपने पास रखना और ब्राह्मणादिकी तरह गठरीमें बांध अन्यस्थानको ले जाना इत्यादिमें कोई पाप नहीं है क्यों-

कि जो हेतु छापेके हैं वही इसके होसक्ते हैं, दर्शन करना अवश्यकताओंमेंसे है, विनयाविनयको उन्होंने उठाकर धरही दियाहै। भाइयो! ऐसे दीर्घ संसारियोंसे बचना चाहिये, इनको इसलोक तथा परलोकका भय नहीं है। नहीं मालूम जब कि ये आचार्योंके वचनोंको प्रमाण कहते हैं तो यह कैसे कहसक्ते हैं कि " केवली भगवानके खाश यह लफ्जहैं कि जैसा जमाना देखो वैसा काम करो " क्या केवली भगवान उनसे स्वयं कहने आयेथे, बससिर्फ यह एक वहकानेके लिये केवलीकी ओटहै जिसपरभी उनके लेखोंसे सबको विदितहै कि वेजमाने (काल) की परीक्षा करनी नहीं जानते। यद्यपि हमारी जैन जातिमें विद्याकी कमी है तथापि हमको पूर्ण विश्वासहै कि उनका ज्ञान इतना नहीं घटाहै कि ऐसे मृषा नंदियोंके बहकायेमें आजायं, बहुतसे तो ऐसे पंडित शेषहैं जो बडे २ अन्यमती वादियोंका मुंह फेर सक्ते हैं, विधवाओंका जो कुछ दुःख तथा रांड होना आदिक उन्होंने लिखाहै सो सब ठीकहै; परन्तु अफसोस कि संपादकजीने नीचेही दृष्टिकी ऊंचे नहीं की, उन्नतिको छोड अवनतिहीकी ओर झुके, दुःख मेंटनेका उपाय न बताया परन्तु उलटा नर्कोंके दुःखोंके सन्मुख करनेका उपदेश दिया, हमतो जब संपादककी परोपकारता, धर्मज्ञता, दूरदर्शिता और जातिहितैषिता समझते जब स्त्रियोंका पुनर्विवाह तो दूरही रहो पुरुषोंकोभी पुनर्विवाह न कराने की प्रेरणा करने और शिक्षा देते, कि चूंकि मुनि धर्म तथा गुरु परंपराके लोप होनेसे हमारी जाति महान् हीनदशाको प्राप्त होगई है, और होती जाती है अतः उन भाइयोंको कि जिनकी विवाहित स्त्री मरजाय, एक अवसर मिलताहै कि वे विरक्त हो गृहस्थारंभको त्याग मुनि वा क्षुल्लकादि धर्मको धारण करैं, और अपना तथा अन्यजीवोंका कल्याणकर जिनमतका उद्योत करैं, ऐसे उपदेशसे मुनि वा अर्जिका होनेपर किसी स्त्रीकोभी कोई दुःख न रहता किन्तु दोनों लोकमें परम कल्याण होता और यही समीचीन रीतिहै, जो कुछभी विधवा दुःख मानती हैं वह सब मानना उनका अज्ञान जनितहै, ज्ञानी चूंकि वस्तुका स्वरूप जानताहै इससे उसको दुख नही हुआकरता, ऐसे उपदेशसे जो यश और पुण्यका संचय संपादकजीको होता व अकथनीयहै।

अब आशा है कि यदि सम्पादकजीका हृदय शुद्ध पक्षपात शून्य तथा निर्णयरूप जिनकी बुद्धि है और धर्मके उद्योतको चाहते हैं तो अवश्य इसको पढ़कर अपना भ्रम दूर करेंगे और अपनी पत्रिकामें उस लेखको मिथ्या तथा भूल करार देकर मुनि और अर्जिका तथा श्रावक और श्राविका धर्मकी प्रवृत्तिका उपदेश करेंगे, जितना जोर ऐसे अनर्थ कार्यपर दिया उससे सहस्रों गुणा उसपर जोर देकर इसकी प्रवृत्तिकी और प्रेरणा करेंगे, और इससे न घबरावें कि हमारी बातमें फिर उसके लिखनेमें फर्क आता है क्योंकि जैनियोंके पक्षपात नही हुआ करता, सम्यक्तता उनका मुख्य प्रयोजन होता है, फिर देखें कि कितनी संपादकजीकी कीर्त्ति फैलती है और इसमें क्या बड़प्पन है, शिथलाचारका उपदेश तो कोई दे दे, दातो कोई दे किन्तु चिनताही मुशकिल है। अब यद्यपि मैं इसपर बहुत कुछ लिखना चाहताहूं और प्रत्येक शब्दका बहुत कुछ खंडन कर सक्ताहूं परन्तु लेखके बढ़नेके भयसे तथा ज्ञानवानोंके लिये इतनाही काफी समझनेसे इसको समाप्त करताहूं और भाइयोंसे प्रार्थना करताहूं कि उनको अपने शास्त्रानुसार प्रवर्त्तना चाहिये और कदापि ऐसे दीर्घ संसारियोंके वहकायेमें नहीं आना चाहिये. इत्यलम्

सर्व भाइयोंकाहितैषी.

जुगुल किशोर जैन

सिरसावा (जि० सहारनपुर).